कोरिकी

श्यामनोहर पाण्डेय

लोक महाकाव्य

लोरिकी

(लोरिक और चंदा की लोक-गाथा)

मूलपाठ, भावार्थ, शब्दार्थ तथा टिप्पणियाँ

संग्रहकर्ता, सम्पादक, तथा भूमिका लेखक
डा० श्याममनोहर पाण्डेय,
एम० ए०, डी० फिल्०

साहित्य भवन प्रा० लिमिटेड
जीरो रोड, इलाहाबाद

Lok Mahakavya Loriki

BY

Shyam Manohar Pandey

Istituto Universitario Orientale
NAPOLI, ITALY.

प्रथम संस्करण : १९७९

मूल्य : अस्सी रुपये

श्री गिरीश टंडन द्वारा साहित्य भवन प्रा० लि०, ९३, के० पी० कक्कड़ रोड, इलाहाबाद के लिए प्रकाशित तथा स्टार प्रिंटर्स, २८७ दरियाबाद, इलाहाबाद द्वारा मुद्रित । आवरण सज्जा : इम्पैक्ट; इलाहाबाद ।

Lok Mahakavya Loriki

BY

Shyam Manohar Pandey

Istituto Universitario Orientale
NAPOLI, ITALY.

प्रथम संस्करण : १९७९

मूल्य : अस्सी रुपये

श्री गिरीश टंडन द्वारा साहित्य भवन प्रा० लि०, ९३, के० पी० कक्कड़ रोड, इलाहाबाद के लिए प्रकाशित तथा स्टार प्रिंटर्स, २८७ दरियाबाद, इलाहाबाद द्वारा मुद्रित। आवरण सज्जा : इम्पैक्ट; इलाहाबाद।

प्राक्कथन

लोक महाकाव्य लोरिकी का यह पाठ पाठकों के हाथ में सौंपते हुए मुझे हर्ष है। इस कार्य को प्रारम्भ हुए लगभग बारह वर्ष व्यतीत हो गये। मुझे स्वयं इस कार्य की गुरुता और कठिनाइयों का पहले अनुमान नहीं था। स्वर्गीय डा० माता प्रसाद गुप्त, आचार्य परशुराम चतुर्वेदी, आचार्य बलदेव उपाध्याय, डा० सत्येन्द्र, डा० नामवर सिंह तथा श्री नर्मदेश्वर चतुर्वेदी, के अतिरिक्त प्रोफेसर शार्लोल वादविल, (पेरिस), प्रोफेसर एडवर्ड डीमक (शिकागो तथा प्रोफेसर टी० एन० पाण्डेय (कैलिफोनिया) आदि अनेक विद्वानों ने मुझे प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप में इस कार्य को शीघ्र समाप्त करने की प्रेरणा दी पर समय बीतता ही चला गया।

यह सम्पूर्ण कार्य अब दस खण्डों में प्रकाशित करने की योजना है, क्योंकि इस पाठ के अतिरिक्त मूल पाठों के सात अन्य खण्ड हैं जो अपने आप में पूर्ण हैं। मूल कथा की एक रूपरेखा के अतिरिक्त उनमें कोई अन्य समानता नहीं है। वे भाषा, शब्द, स्वर, छन्द, वर्णन-विस्तार सब में भिन्न हैं। एक ही कथा को लेकर सभी गायकों ने नवीन पाठ प्रस्तुत किये हैं। जैसे एक ही राम कथा अनेक व्यक्तियों के हाथों में आकर अलग-अलग रूप ग्रहण करती चली गयी, उसी प्रकार लोरिक की एक कथा अनेक गायकों के स्वर में अनेक रूपों में मुखर हुई है। इसीलिए केवल एक पाठ प्रस्तुत कर देने से उस महाकाव्य की महत्ता का पूर्ण अनुमान नहीं लगता अतः मुझे यह निश्चय करना पड़ा कि प्रस्तुत बनारस के पाठ की ही भाँति अन्य सात मूल पाठ भी भावार्थ, शब्दार्थ, टिप्पणियाँ तथा संक्षिप्त भूमिका के साथ प्रकाशित किये जायँ। तत्पश्चात् एक खण्ड में व्युत्पत्तिमूलक तुलनात्मक कोश दिया जाय। पूर्वी हिन्दी बोलियों का कोई समग्र विशद् कोश नहीं है। आशा है यह कोश उस बड़े कार्य की पूर्व-पाठिका बन सकेगा। अन्त में एक खण्ड में सम्पूर्ण लोक महाकाव्य का आलोचनात्मक अध्ययन होगा जिसमें महाकाव्य के उद्गम और विकास के साथ-साथ उसके ऐतिहासिक पक्ष का विवेचन भी होगा। प्रस्तुत पाठ की भूमिका में इसीलिए मैंने लोरिकी के इतिहास और भौगोलिक पक्ष पर विचार नहीं किया है।

आशा है जब दस खण्डों में यह कार्य पूर्ण हो जायगा तब केवल लोक साहित्य और विशिष्ट साहित्य के अध्येता ही नहीं बल्कि भाषा विज्ञानी, मानव शास्त्री तथा लोक संगीत के विशेषज्ञ भी इससे लाभ उठा सकेंगे, क्योंकि सभी पाठ टेप पर मेरे पास सुरक्षित हैं और कुल रिकार्डिङ्ग ३¾ की स्पीड पर १५६ घन्टे के लगभग है।

Lok Mahakavya Loriki

BY

Shyam Manohar Pandey

Istituto Universitario Orientale
NAPOLI, ITALY.

प्रथम संस्करण : १९७९ मूल्य : अस्सी रुपये

श्री गिरीश टंडन द्वारा साहित्य भवन प्रा० लि०, ९३, के० पी० कक्कड़ रोड, इलाहाबाद के लिए प्रकाशित तथा स्टार प्रिंटर्स, २८७ दरियाबाद, इलाहाबाद द्वारा मुद्रित। आवरण सज्जा : इम्पैक्ट; इलाहाबाद।

प्राक्कथन

लोक महाकाव्य लोरिकी का यह पाठ पाठकों के हाथ में सौंपते हुए मुझे हर्ष है। इस कार्य को प्रारम्भ हुए लगभग बारह वर्ष व्यतीत हो गये। मुझे स्वयं इस कार्य की गुरुता और कठिनाइयों का पहले अनुमान नहीं था। स्वर्गीय डा० माता प्रसाद गुप्त, आचार्य परशुराम चतुर्वेदी, आचार्य बलदेव उपाध्याय, डा० सत्येन्द्र, डा० नामवर सिंह तथा श्री नर्मदेश्वर चतुर्वेदी, के अतिरिक्त प्रोफेसर शार्लोल वादविल, (पेरिस), प्रोफेसर एडवर्ड डीमक (शिकागो तथा प्रोफेसर टी० एन० पाण्डेय (कैलिफोर्निया) आदि अनेक विद्वानों ने मुझे प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप में इस कार्य को शीघ्र समाप्त करने की प्रेरणा दी पर समय बीतता ही चला गया।

यह सम्पूर्ण कार्य अब दस खण्डों में प्रकाशित करने की योजना है, क्योंकि इस पाठ के अतिरिक्त मूल पाठों के सात अन्य खण्ड हैं जो अपने आप में पूर्ण हैं। मूल कथा की एक रूपरेखा के अतिरिक्त उनमें कोई अन्य समानता नहीं है। वे भाषा, शब्द, स्वर, छन्द, वर्णन-विस्तार सब में भिन्न हैं। एक ही कथा को लेकर सभी गायकों ने नवीन पाठ प्रस्तुत किये हैं। जैसे एक ही राम कथा अनेक व्यक्तियों के हाथों में आकर अलग-अलग रूप ग्रहण करती चली गयी, उसी प्रकार लोरिक की एक कथा अनेक गायकों के स्वर में अनेक रूपों में मुखर हुई है। इसीलिए केवल एक पाठ प्रस्तुत कर देने से इस महाकाव्य की महत्ता का पूर्ण अनुमान नहीं लगता अतः मुझे यह निश्चय करना पड़ा कि प्रस्तुत बनारस के पाठ की ही भाँति अन्य सात मूल पाठ भी भावार्थ, शब्दार्थ, टिप्पणियाँ तथा संक्षिप्त भूमिका के साथ प्रकाशित किये जायँ। तत्पश्चात् एक खण्ड में व्युत्पत्तिमूलक तुलनात्मक कोश दिया जाय। पूर्वी हिन्दी बोलियों का कोई समग्र विशद् कोश नहीं है। आशा है यह कोश उस बड़े कार्य की पूर्व-पीठिका बन सकेगा। अन्त में एक खण्ड में सम्पूर्ण लोक महाकाव्य का आलोचनात्मक अध्ययन होगा जिसमें महाकाव्य के उद्गम और विकास के साथ-साथ उसके ऐतिहासिक पक्ष का विवेचन भी होगा। प्रस्तुत पाठ की भूमिका में इसीलिए मैंने लोरिकी के इतिहास और भौगोलिक पक्ष पर विचार नहीं किया है।

आशा है जब दस खण्डों में यह कार्य पूर्ण हो जायगा तब केवल लोक साहित्य और विशिष्ट साहित्य के अध्येता ही नहीं बल्कि भाषा विज्ञानी, मानव शास्त्री तथा लोक संगीत के विशेषज्ञ भी इससे लाभ उठा सकेंगे, क्योंकि सभी पाठ टेप पर मेरे पास सुरक्षित हैं और कुल रिकार्डिङ्ग ३½ की स्पीड पर १५६ घन्टे के लगभग है।

प्रोफेसर श्यामाचरण दुबे को

विषय-सूची

अध्याय ४, नेउरापुर की लड़ाई (पृष्ठ २६४—३३२)

अध्याय ५, लोरिक की गउरा वापसी (पृष्ठ ३३२—३६२)

अध्याय ६, पिपरी की लड़ाई (पृष्ठ ३५५—३७९)

लोक महाकाव्य लोरिकी*

लोक महाकाव्य लोरिकी का प्रचार-प्रसार लगभग सम्पूर्ण हिन्दी क्षेत्र में है। बिहार में मिथिला से लेकर उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ में इसके गायक अभी जीवित हैं। वे प्रायः अहीर हैं जिनका मुख्य उद्यम दूध का व्यापार और खेती करना है। लोरिकी की कथा केवल लोक-साहित्य की ही कथा नहीं है बल्कि इस कथा पर आधारित साहित्यिक कृतियाँ भी उपलब्ध हैं। चौदहवीं शताब्दी से लेकर बीसवीं शताब्दी तक इस कथा को लेकर साहित्यिक कृतियाँ रची गयीं और उनको काफी ख्याति प्राप्ति हुई। हिन्दी में 'चन्दायन' (१३७९ ई०)[1] तथा 'मैनासत'[2] (१७ वीं शताब्दी) का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। बंगला में दौलत काजी ने 'सती मयना ओ लोर चन्द्रानी'[3] काव्य की रचना सत्तरहवीं शताब्दी में की तथा दक्खिनी में प्रायः उसी समय गव्वासी ने 'मैना सतवन्ती'[4] लिखी। फारसी में हमीद नामक कवि ने इस कथा के आधार पर 'अस्तमतनामा'[5] (१६०७) लिखा। अतः लोरिक की कथा न केवल लोक साहित्य के अध्येता के लिए बल्कि साहित्यिक पाठक के लिए भी महत्वपूर्ण है।

कथानक

प्रस्तुत अध्ययन बनारस के पाठ पर आधारित है जिसकी कथा संक्षेप में दी जा रही है।

"कथानक का नायक लोरिक गउरा का अहीर है जिसको चनवा नामक एक सुन्दरी अपमानित कर देती है और होली के अवसर पर यह ताना देती है कि यदि वीर हो तो बड़े भाई का विवाह करा लाओ और भाभी से होली खेलो। गाँव की बहिन-बेटी पर रंग क्यों फेंकते हो? लोरिक को इससे दुख पहुँचता है और भाई का विवाह कराने के लिए वह कटिबद्ध होता है।

---

* लोरिकी महाकाव्य के विस्तृत अध्ययन के लिए प्रस्तुत पुस्तक के अंग्रेजी संस्करण The Hindi oral epic Loriki की भूमिका देखिये, प्रकाशक, साहित्य भवन प्राइवेट लिमिटेड, इलाहाबाद, सन् १९७९।

१. विस्तृत अध्ययन के लिए देखिये डा० माताप्रसाद गुप्त, **चांदायन**, आगरा १९६७ ई०। श्यामसनोहर पाण्डेय, **'मध्य युगीन प्रेमाख्यान'**, इलाहाबाद, १९६१, पृष्ठ ६१, ६२ तथा **'सूफी काव्य विमर्श'**, आगरा, १९६८, पृ० १ – ३६।

२. **मध्ययुगीन प्रेमाख्यान**, पृष्ठ १०२-१०३।

३. Satyendranath Ghosal, beginning of secular romance in Bengali literature, Santiniketan, 1959, pp. 13-34.

४. मसूद हुसैन खाँ, कदीम उर्दू, हैदराबाद, १९६५, पृष्ठ १ से २२१ तक।

५. इसकी एक प्रति अलीगढ़ विश्वविद्यालय में है।

किन्तु कठिनाई यह है कि भाई जिनका नाम मलसाँवर है भजन-भाव में लीन रहते हैं और विवाह नहीं करना चाहते । लोरिक तथा उसकी माँ खोइलनि तथा अन्य लोग कह कर थक जाते हैं पर मलसाँवर विवाह के लिए तैयार नहीं होते । अन्त में एक मुसहरिन के व्यंग्य करने पर कि मेरा मुसहर उस समय तक खाना नहीं खा सकता जब तक जल छिड़क कर उस रास्ते को पवित्र नहीं कर लिया जाय जिससे एक बाल कुंवार गुजरा हो, वह तैयार हो जाते हैं । पर सँवरू के विवाह करने पर तत्पर हो जाने से ही समस्या का हल नहीं हो जाता । उनकी भावी पत्नी सतिया भी ऐसी है जो भजन-भाव में लीन रहती है और विवाह नहीं करना चाहती । उसके पिता बमरी ने यह प्रण किया है कि "मैं ससुर नहीं कहा जाऊँगा और मेरे लड़के साले नहीं कहे जायेंगे, अन्य देश की लड़कियाँ मेरे देश में आयेंगी पर मेरे देश की लड़कियाँ दूसरे देश में नहीं जायेंगी ।"

अजयी और उसकी पत्नी बिजवा की अगुवाई पर बारात सज कर गउरा से सोहवल जाती है और उसमें अजई धोबी, बाँठा चमार, गुर्जन डोम तथा अन्य अनेक जातियों के लोग सम्मिलित हैं । युद्ध के बीच यह भी सूचना मिलती है कि मुगल, तुर्क, पठान तथा रघुवंशी भी बारात में योद्धा के रूप में वर्तमान हैं । विवाह साधारण नहीं है । इसमें अनेक लड़ाइयाँ बड़े पैमाने पर होती हैं जिनमें शक्ति-बाण और अग्नि बाण प्रयुक्त होते हैं तथा माँ दुर्गा और बनसती भी कार्य करती हैं । सतिया विवाह के पूर्व ब्रह्मा के यहाँ जाती है और उनसे शिकायत करती है कि उन्होंने उसका विवाह कैसे रच दिया और गउरा से सजधज कर बारात क्यों आयी है ? कथा फिर साधारण नहीं रह जाती । सतिया आकाश से धरती पर आने-जाने की क्षमता रखती है । उसकी आज्ञा पर हरदोइया नाग सम्पूर्ण बारात को डस लेता है । दुर्गा सम्पूर्ण बारात को पुन.जीवित करने का उपाय भी बताती हैं और कथा एक मिथक का रूप धारण कर लेती है जिसमें मनुष्य के साथ देवता भी भाग लेते हैं ।

लोरिक का बमरी के पुत्रों, भिम्हली और दसवंत से बड़े भयङ्कर रूप से युद्ध होता है और वे मारे जाते हैं । अन्त में सँवरू और सतिया का विवाह सम्पन्न होता है और बारात गउरा वापस आती है ।

कथा का दूसरा चरण तब प्रारम्भ होता है जब कहानी अगोरी की तरफ बढ़ती है । अगोरी का राजा मोलागत अत्याचारी है, आततायी है, लम्पट है । वह अपने राज्य की लड़कियों की इज्जत लूटने की कोशिश करता है । वहीं जब महर के घर मजरी उत्पन्न हुई तो सोना और चाँदी की वर्षा हुई । मोलागत ने उसके हाथ में तागा बंधवा दिया कि जब वह बड़ी होगी तो वह उसके साथ विवाह करेगा । जब मजरी बड़ी हो जाती है तब उसके पिता को चिन्ता होती है और वह जाति और धर्म की रक्षा के लिए अहीर कुल का लड़का खोजता है पर उसे कहीं योग्य वर नहीं मिलता । उद्विग्न

होकर वह तलवार से मंजरी की हत्या कर देना चाहता है। मंजरी उसे सलाह देती है कि वह गउरा के अहीर लोरिक के पास प्रस्ताव भेजे। लोरिक जातीय सम्मान और एक कन्या के मान की रक्षा के लिए अगोरी विवाह करने चल पड़ता है। वहाँ मोला-गत के सहायक भांट और उसके मानजे निर्मल को युद्ध में पराजित करता है और मंजरी के साथ गउरा वापस आता है। लोरिक अगोरी में एक हाथी को भी मारता है कथा से पता चलता है कि उसकी हथिनी पूर्व जन्म में मंजरी की बहन लगती थी। नये जन्म में उसे मानव से हथिनी बनना पड़ा था।

कहानी का तृतीय मोड़ अधिक दिलचस्प है। जब एक वीर योद्धा अपनी समस्त लड़ाइयों के बाद अब थोड़ा विश्राम करता है। भाई के विवाह के अवसर पर भयङ्कर लड़ाइयाँ तथा अपने विवाह के अवसर पर कठोर संग्राम के बाद वह गउरा में सुख से रहने लगता है और इसी अवधि में पड़ोस की लड़की चनवा से जिसका पहले उल्लेख हो चुका है, उसका प्रेम सम्बन्ध बढ़ने लगता है। विवाहिता के साथ-साथ एक अन्य स्त्री उसके जीवन में आती है और विवश होकर उसे चनवा के साथ हल्दी जाना पड़ता है। हल्दी में उसे जमुनी कलवारिन मिलती है। लोरिक को यहाँ नये प्रकार की विप-त्तियों का सामना करना पड़ता है। उसे यहाँ नौकरी करनी पड़ती है और गाय चराने का कार्य करना पड़ता है, जो एक योद्धा के सम्मान के अनुकूल नहीं है।

किन्तु कुछ ही दिनों बाद उसके शौर्य को नयी चुनौती मिलती है। वह कट्टाह और भयङ्कर घोड़े को अपने वश में करता है और हल्दी से नेउरापुर जाकर सोलह सौ कन्याओं के पतियों को बन्दी जीवन से मुक्त कराता है और उन्हें हल्दी वापस लाता है। हल्दी में ही उसे जग्गू बनजारा से ज्ञात होता है कि इधर चनवा के पिता तथा पड़ोस के अनेक वीरों ने संयुक्त रूप से संवरू पर आक्रमण कर उन्हें मार डाला है। उसकी माँ खोइलनि तथा उसकी पत्नी मंजरी दोनों अत्यन्त विपन्न अवस्था में जीवन काट रही हैं। दूसरे के घर सेविका का कार्य करके उन्हें जीवन-यापन करना पड़ रहा है। परिवार की दारुण अवस्था का संदेश पाकर लोरिक दुखी होता है और चनवा के साथ बोहा वापस आता है। वहाँ से गउरा की स्थिति का पता लगाता है, अपनी पत्नी के सतीत्व की परख करता है, फिर गउरा वापस आता है। उसके अब दो पुत्र हो चुके हैं—मंजरी से भोरिक, चनवा से चन्द्राइत के अतिरिक्त संवरू का एक पुत्र देवाइच भी हैं। सभी मिल कर पड़ोस के पिपरी के देवसी पर आक्रमण कर अपने सारे पशुओं को वापस लेते हैं और अन्य शत्रुओं को पराजित कर सारा धन फिर प्राप्त कर लेते हैं। एक वीर लड़ाकू की यह अन्तिम लड़ाइयाँ हैं जिसमें यह स्पष्ट झलक जाता है कि उसकी शक्ति का क्षय हुआ है। निदान अपने पुत्रों और पत्नियों को सब कुछ सौंप कर वह बेवरा नदी के तट पर झोपड़ी बनवा कर भजन में समय व्यतीत करता है और कुछ दिनों के उपरान्त चिता बनवा कर उसमें अपने को भस्मीभूत कर देता है।

लोरिकी—अहीर जाति का लोक महाकाव्य

लोरिकी मुख्य रूप से अहीर जाति का लोक महाकाव्य है। इसके तीन नाम प्रचलित हैं। मैथिली और मगही क्षेत्र में प्रायः इसको लोरिकायन कहते हैं। भोजपुरी क्षेत्र में लोरिकी और लोरिकायन तथा अवधी क्षेत्र में इसे चनैनी कहते हैं। पहले कहा जा चुका है कि इस महाकाव्य के गायक प्रायः अहीर या यादव हैं। मैंने मिर्जापुर जिले में अगोरी और चोपन के पास का एक पाठ ददई मल्लाह का संग्रहीत किया है पर उनके गुरु भी अहीर थे। कहने का तात्पर्य यह है कि एक संगठित और प्रभावशाली जाति ने अपने इस जातीय गौरव गाथा को जिलाये रखने की भरपूर चेष्टा की है जिसकी वजह से यह काव्य अभी तक लोक-परम्परा में जीवित है; किन्तु अब आधुनिक शिक्षा के प्रचार और प्रसार के कारण नई पीढ़ी नौकरी की ओर प्रवृत्त हो रही है तथा मनोरंजन के आधुनिक साधन विकसित हो गये हैं, अतः लोक महाकाव्य के अभ्यास जैसे श्रम-साध्य कार्य से नये युवक विमुख हो रहे हैं।

नई पीढ़ी के पास अब न तो समय है और न उसके पास कोई प्रेरणा है कि जिसके कारण वह इतने बड़े महाकाव्य को सीखे, अतः युवा-पीढ़ी इस काव्य में उतनी दिलचस्पी नहीं ले रही है। नई शिक्षा से पठन-पाठन का अभ्यास अधिक बढ़ा है, अतः स्मृति में किसी वस्तु को सुरक्षित रखने की प्रवृत्ति भी कम हुई है। यह भी लोक-साहित्य से लोक को दूर हटा रहा है, अतः आशंका है कि कुछ ही वर्षों में लोरिकी जैसे गायन की परम्परा क्षीण होकर नष्ट हो जायगी। लोरिकी के श्रोताओं में भी अधिकांश अहीर लोग ही होते हैं। उत्तर भारत में इन्हें यादव या चौधरी कहा जाता है। इस जाति का सम्बन्ध प्राचीन आभीरों से ही है जिनका कभी सम्पूर्ण भारत में प्रभाव था। आभीर जाति के इतिहास पर शोध-कार्य हुआ है।[1] पर प्रस्तुत लेखक का उद्देश्य केवल लोक महाकाव्य के वर्तमान सन्दर्भ को स्पष्ट करना है।

जहाँ तक मुझे ज्ञात है यह कथा मैथिली, मगही, भोजपुरी, अवधी, छत्तीसगढ़ी आदि क्षेत्रों में ही प्रचलित है। ब्रज तथा अन्य हिन्दी क्षेत्रों में मुझे इसके गायकों की सूचना नहीं मिली। उत्तर प्रदेश में अहीर लोगों के जिस वर्ग ने इस कथा को सुरक्षित रखा है उसमें किढोर और ग्वाल विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। सन् १८९१ की जन-गणना के अनुसार लोरिकी के प्रचार-क्षेत्र में ये ही दो वर्ग अधिक संख्या में थे।

---

१. विस्तृत अध्ययन के लिए देखिए, Suryavanshi (Bhagavan Singh) Abhiras, their history and culture, Baroda, 1962 pp. 119.

विलियम क्रूक[1] के आधार पर इन दो वर्गों की संख्या उत्तर प्रदेश के कुछ प्रमुख जिलों में इस प्रकार थी।

सन् १८९१ में ढिढोर और ग्वालों की संख्या

जिला	ढिढोर	ग्वाल
बनारस	१०५८१	७२५३९
फैजाबाद	३८५६	१३४२१२
इलाहाबाद	२४७	१३८४१३
जौनपुर	१-६६६	१७६८२७
मिर्जापुर	—	१११८२१
बलिया	४०७५३	३३६९९
आजमगढ़	७२५७	२३४५२२
गाजीपुर	३६४४५	१३१९९७
गोंडा	१२४५३	१३३८९१
फतेहपुर	१४२३९	३५३७५
उन्नाव	१९८१८	२३०२५

घोषी, नन्दवंशी तथा यदुवंशियों में मुझे लोरिकी के गायक नहीं मिले। पूर्वी उत्तर प्रदेश तथा बिहार में जहाँ लोरिकी का प्रचार-क्षेत्र है इनकी संख्या बहुत ही कम है।

श्रोताओं में भी इसी वर्ग के लोग अधिक थे। इन सब में लोरिकी महाकाव्य के प्रति एक विशेष प्रेम है और गायन के समय लोरिक की विजय और पराजय के साथ उनकी भावात्मक एकता देखी जा सकती है। लोरिक के युद्ध, शौर्य, उसकी पत्नी मंजरी की विपत्ति तथा अन्य सभी घटनाएँ श्रोताओं के मर्म को छूती हैं। इस अर्थ में लोरिकी एक सच्चा लोक महाकाव्य है जिसका अपने निकटतम श्रोताओं की भावात्मकता के साथ सहज सम्बन्ध जुड़ जाता है। किन्तु इसका अर्थ यह नहीं है कि यादवों के अतिरिक्त अन्य श्रोता महाकाव्य से प्रभावित नहीं होते। किन्तु एक जातीय गौरव की जो अनुभूति गायन सुन कर यादव समुदाय में होती है, वह शायद अन्य जाति के श्रोता नहीं महसूस करते। सम्भवतः सैकड़ों साल से यह महाकाव्य जीवित है, उसका मूल कारण भी यही है कि एक विशेष जाति ने इसको प्रश्रय दिया, संरक्षण दिया और उसके साथ अपना अटूट भावात्मक सम्बन्ध स्थापित रखा। अन्यथा मौखिक परम्परा में जीवित रहने वाला यह काव्य कभी काल-कवलित हो गया होता।

---

१. विस्तृत अध्ययन के लिए देखिये, W. Crook, The tribes and castes of the North-Western provinces and Oudh, Calcutta, 1896, Vol I, PP 49-71.

लोरिकी—अहीर जाति का लोक महाकाव्य

लोरिकी मुख्य रूप से अहीर जाति का लोक महाकाव्य है। इसके तीन नाम प्रचलित हैं। मैथिली और मगही क्षेत्र में प्रायः इसको लोरिकायन कहते हैं। भोजपुरी क्षेत्र में लोरिकी और लोरिकायन तथा अवधी क्षेत्र में इसे चनैनी कहते हैं। पहले कहा जा चुका है कि इस महाकाव्य के गायक प्रायः अहीर या यादव हैं। मैंने मिर्जापुर जिले में अगोरी और बावन के पास का एक [illegible] [illegible] मल्लाह का [illegible] किया है पर उनके गुरु भी अहीर थे। कहने का तात्पर्य यह है कि एक संगठित और प्रभावशाली जाति ने अपने इस [illegible] गौरव गाथा को जिलाये रखने की भरपूर चेष्टा की है जिसकी वजह से यह काव्य अभी तक लोक-परम्परा में जीवित है; किन्तु अब आधुनिक शिक्षा के प्रचार और प्रसार के कारण नई पीढ़ी नौकरी की ओर प्रवृत्त हो रही है तथा मनोरंजन के आधुनिक साधन विकसित हो गये हैं, अतः लोक महाकाव्य के अभ्यास जैसे श्रम-साध्य कार्य से नये युवक विमुख हो रहे हैं।

नई पीढ़ी के पास अब न तो समय है और न उसके पास कोई प्रेरणा है कि जिसके कारण वह इतने बड़े महाकाव्य को सीखे, अतः युवा-पीढ़ी इस काव्य में उतनी दिलचस्पी नहीं ले रही है। नई शिक्षा में पठन-पाठन का अभ्यास अधिक बढ़ा है, अतः स्मृति में किसी वस्तु को सुरक्षित रखने की प्रवृत्ति भी कम हुई है। यह भी लोक-साहित्य से लोक को दूर हटा रहा है, अतः आशंका है कि कुछ ही वर्षों में लोरिकी जैसे गायन की परम्परा क्षीण होकर नष्ट हो जायगी। लोरिकी के श्रोताओं में भी अधिकांश अहीर लोग ही होते हैं। उत्तर भारत में इन्हें यादव या चौधरी कहा जाता है। इस जाति का सम्बन्ध प्राचीन आभीरों से ही है जिनका कभी सम्पूर्ण भारत में प्रभाव था। आभीर जाति के इतिहास पर शोध-कार्य हुआ है।[1] पर प्रस्तुत लेखक का उद्देश्य केवल लोक महाकाव्य के वर्तमान सन्दर्भ को स्पष्ट करना है।

जहाँ तक मुझे ज्ञात है यह कथा मैथिली, मगही, भोजपुरी, अवधी, छत्तीसगढ़ी आदि क्षेत्रों में ही प्रचलित है। ब्रज तथा अन्य हिन्दी क्षेत्रों में मुझे इसके गायकों की सूचना नहीं मिली। उत्तर प्रदेश में अहीर लोगों के जिस वर्ग ने इस कथा को सुरक्षित रखा है उसमें ढिंढोर और ग्वाल विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। सन् १९६१ की जन-गणना के अनुसार लोरिकी के प्रचार-क्षेत्र में ये ही दो वर्ग अधिक संख्या में थे।

१. विस्तृत अध्ययन के लिए देखिए, Suryavanshi (Bhagavan Singh) Abhiras, their history and culture, Baroda, 1962 pp. 119.

विलियम क्रूक[1] के आधार पर इन दो वर्गों की संख्या उत्तर प्रदेश के कुछ प्रमुख जिलों में इस प्रकार थी।

सन् १८९१ में ढिढोर और ग्वालों की संख्या

जिला	ढिढोर	ग्वाल
बनारस	१०५८१	७२५३९
फैजाबाद	३८५६	१३४२१२
इलाहाबाद	२४७	१३८४१३
जौनपुर	१-६६९	१७६८२७
मिर्जापुर	—	१११८२१
बलिया	४०७५३	३३६९९
आजमगढ़	७२५७	२३४५२२
गाजीपुर	३६४४५	१३१९९७
गोंडा	१२४५३	१३३८९१
फतेहपुर	१४२३९	३५३७५
उन्नाव	१९८१८	२३०२५

घोषी, नन्दवंशी तथा यदुवंशियों में मुझे लोरिकी के गायक नहीं मिले। पूर्वी उत्तर प्रदेश तथा बिहार में जहाँ लोरिकी का प्रचार-क्षेत्र है इनकी संख्या बहुत ही कम है।

श्रोताओं में भी इसी वर्ग के लोग अधिक थे। इन सब में लोरिकी महाकाव्य के प्रति एक विशेष प्रेम है और गायन के समय लोरिक की विजय और पराजय के साथ उनकी भावात्मक एकता देखी जा सकती है। लोरिक के युद्ध, शौर्य, उसकी पत्नी मंजरी की विपत्ति तथा अन्य सभी घटनाएँ श्रोताओं के मर्म को छूती हैं। इस अर्थ में लोरिकी एक सच्चा लोक महाकाव्य है जिसका अपने निकटतम श्रोताओं की भावात्मकता के साथ सहज सम्बन्ध जुड़ जाता है। किन्तु इसका अर्थ यह नहीं है कि यादवों के अतिरिक्त अन्य श्रोता महाकाव्य से प्रभावित नहीं होते। किन्तु एक जातीय गौरव की जो अनुभूति गायन सुन कर यादव समुदाय में होती है, वह शायद अन्य जाति के श्रोता नहीं महसूस करते। सम्भवतः सैकड़ों साल से यह महाकाव्य जीवित है, उसका मूल कारण भी यही है कि एक विशेष जाति ने इसको प्रश्रय दिया, संरक्षण दिया और उसके साथ अपना अटूट भावात्मक सम्बन्ध स्थापित रखा। अन्यथा मौखिक परम्परा में जीवित रहने वाला यह काव्य कभी काल-कवलित हो गया होता।

१. विस्तृत अध्ययन के लिए देखिये, W. Crook, The tribes and castes of the North-Western provinces and Oudh, Calcutta, 1896, Vol I, PP 49-71.

लोरिकी—अहीर जाति का लोक महाकाव्य

लोरिकी मुख्य रूप से अहीर जाति का लोक महाकाव्य है । इसके तीन नाम प्रचलित हैं । मैथिली और मगही क्षेत्र में प्रायः इसको लोरिकायन कहते हैं । भोजपुरी क्षेत्र में लोरिकी और लोरिकायन तथा अवधी क्षेत्र में इसे चनैनी कहते हैं । पहले कहा जा चुका है कि इस महाकाव्य के गायक प्रायः अहीर या यादव हैं । मैंने मिर्जापुर जिले में अगोरी और चोपन के पास का एक पाठ रब्बै मल्लाह का संगृहीत किया है पर उनके गुरु भी अहीर थे । कहने का तात्पर्य यह है कि एक संगठित और प्रभावशाली जाति ने अपने इस जातीय गौरव गाथा को जिलाये रखने की भरपूर चेष्टा की है जिसकी वजह से यह काव्य अभी तक लोक-परम्परा में जीवित है; किन्तु अब आधुनिक शिक्षा के प्रचार और प्रसार के कारण नई पीढ़ी नौकरी की ओर प्रवृत्त हो रही है तथा मनोरंजन के आधुनिक साधन विकसित हो गये हैं, अतः लोक महाकाव्य के अभ्यास जैसे श्रम-साध्य कार्य से नये युवक विमुख हो रहे हैं ।

नई पीढ़ी के पास अब न तो समय है और न उसके पास कोई प्रेरणा है कि जिसके कारण वह इतने बड़े महाकाव्य को सीखे, अतः युवा-पीढ़ी इस काव्य में उतनी दिलचस्पी नहीं ले रही है । नई शिक्षा से पठन-पाठन का अभ्यास अधिक बढ़ा है, अतः स्मृति में किसी वस्तु को सुरक्षित रखने की प्रवृत्ति भी कम हुई है । यह भी लोक-साहित्य से लोक को दूर हटा रहा है, अतः आशंका है कि कुछ ही वर्षों में लोरिकी जैसे गायन की परम्परा क्षीण होकर नष्ट हो जायगी । लोरिकी के श्रोताओं में भी अधिकांश अहीर लोग ही होते हैं । उत्तर भारत में इन्हें यादव या घोसी कहा जाता है । इस जाति का सम्बन्ध प्राचीन आभीरों से ही है जिनका कभी सम्पूर्ण भारत में प्रभाव था । आभीर जाति के इतिहास पर शोध-कार्य हुआ है ।[1] पर प्रस्तुत लेखक का उद्देश्य केवल लोक महाकाव्य के वर्तमान सन्दर्भ को स्पष्ट करना है ।

जहाँ तक मुझे ज्ञात है यह कथा मैथिली, मगही, भोजपुरी, अवधी, छत्तीसगढ़ी आदि क्षेत्रों में ही प्रचलित है । ब्रज तथा अन्य हिन्दी क्षेत्रों में मुझे इसके गायकों की सूचना नहीं मिली । उत्तर प्रदेश में अहीर लोगों के जिस वर्ग ने इस कथा को सुरक्षित रखा है उसमें ढिंढोर और ग्वाल विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं । सन् १८९१ की जन-गणना के अनुसार लोरिकी के प्रचार-क्षेत्र में ये ही दो वर्ग अधिक संख्या में थे ।

---

१. विस्तृत अध्ययन के लिए देखिए, Suryavanshi (Bhagavan Singh) Abhiras, their history and culture, Baroda, 1962 pp. 119.

विलियम क्रूक[1] के आधार पर इन दो वर्गों की संख्या उत्तर प्रदेश के कुछ प्रमुख जिलों में इस प्रकार थी ।

सन् १८९१ में ढिंढोर और ग्वालों की संख्या

जिला	ढिंढोर	ग्वाल
बनारस	१०५८१	७२५३९
फैजाबाद	३८५९	१३४२१२
इलाहाबाद	२४७	१३८४१३
जौनपुर	१-६६९	१७६८२७
मिर्जापुर	—	१११८२१
बलिया	४०७५३	३३६९९
आजमगढ़	७२५७	२३४५२२
गाजीपुर	३६४४५	१३१९९७
गोंडा	१२४५३	१३३८९१
फतेहपुर	१४२३९	३५३७५
उन्नाव	१९८१८	१३०२५

घोषी, नन्दवंशी तथा यदुवंशियों में मुझे लोरिकी के गायक नहीं मिले । पूर्वी उत्तर प्रदेश तथा बिहार में जहाँ लोरिकी का प्रचार-क्षेत्र है इनकी संख्या बहुत ही कम है ।

श्रोताओं में भी इसी वर्ग के लोग अधिक थे । इन सब में लोरिकी महाकाव्य के प्रति एक विशेष प्रेम है और गायन के समय लोरिक की विजय और पराजय के साथ उनकी भावात्मक एकता देखी जा सकती है । लोरिक के युद्ध, शौर्य, उसकी पत्नी मंजरी की विपत्ति तथा अन्य सभी घटनाएँ श्रोताओं के मर्म को छूती हैं । इस अर्थ में लोरिकी एक सच्चा लोक महाकाव्य है जिसका अपने निकटतम श्रोताओं की भावात्मकता के साथ सहज सम्बन्ध जुड़ जाता है । किन्तु इसका अर्थ यह नहीं है कि यादवों के अतिरिक्त अन्य श्रोता महाकाव्य से प्रभावित नहीं होते । किन्तु एक जातीय गौरव की जो अनुभूति गायन सुन कर यादव समुदाय में होती है, वह शायद अन्य जाति के श्रोता नहीं महसूस करते । सम्भवतः सैकड़ों साल से यह महाकाव्य जीवित है, उसका मूल कारण भी यही है कि एक विशेष जाति ने इसको प्रश्रय दिया, संरक्षण दिया और उसके साथ अपना अटूट भावात्मक सम्बन्ध स्थापित रखा । अन्यथा मौखिक परम्परा में जीवित रहने वाला यह काव्य कभी काल-कवलित हो गया होता ।

---

१. विस्तृत अध्ययन के लिए देखिये, W. Crook, The tribes and castes of the North-Western provinces and Oudh, Calcutta, 1896, Vol I, PP 49-71.

गायक–परिचय और पृष्ठभूमि

प्रस्तुत लोक महाकाव्य के बनारस के गायक पांचू भगत जाति के यादव है। वह कब पैदा हुये, यह ठीक-ठीक बताना सम्भव नहीं है। लोरिकी के सभी गायक अपनी उम्र अनुमान से बताते हैं। पांचू भगत का कहना है कि सन् १६१६ ई० की बड़ी बाढ़ उन्हें याद है। सन् १६६६ में जब मैंने उनके गाये हुए पाठ की रिकार्डिङ्ग की तो उन्होंने अपनी उम्र ५६ वर्ष बतायी थी। उनका गाँव परानापुर है, डाकखाना चौबेपुर है, परगना कटेहर। बनारस केन्ट से चौबेपुर बस या ट्रेन से जा सकते हैं। चौबेपुर रेलवे स्टेशन से उनका गाँव परानापुर पास पड़ता है। सारनाथ से यह लगभग ६ मील उत्तर है। परानापुर में मुख्यतः यादव (ग्वाल अहीर) बसते हैं पर कोइरी, कहार तथा तेलियों के भी घर हैं। तीन घरों में कायस्थ हैं तथा एक घर भाट का है। गाँव में चमारों की भी बस्ती है। आसपास के गाँवों में ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य सभी बसते हैं। भगत जी के गाँव और उसके आसपास भारत की महत् सांस्कृतिक परम्परा लोक साहित्य के साथ-साथ जीवित है। दोनों परम्पराओं को एक दूसरे से अलग करना कठिन है। भगत जी का गायन रामायण और महाभारत के चरित्रों की स्तुति से प्रारम्भ होता है। लोक और मौखिक परम्परा के इस महाकाव्य में शास्त्रीय परम्पराएँ सुरक्षित हैं।

पाँचू भगत धार्मिक प्रकृति के सरल और प्रसन्नचित्त रहने वाले व्यक्ति हैं। उनके पिता रूप नारायण भगत थे जो भगवती की पूजा दिलवाने तथा कड़ाहा चढ़वाने का कार्य करते थे। पाँचू भगत ५ भाई थे। अन्य चार के नाम बलदेव यादव, रामदेव, दुलार तथा पुरनमासी यादव था। सबकी मृत्यु हो चुकी है। परिवार में पाँचू भगत जो सबसे छोटे थे, पिता की भाँति पूजा-पाठ में संलग्न हुए। उनके परिवार में यह परम्परा चार पुश्तों से चली आ रही है। भगत जी पूजा दिलवाने तथा कड़ाहा चढ़-वाने के लिए गाजीपुर, जौनपुर तथा बलिया तक जा चुके हैं। जब चेचक का प्रकोप होता है तब भगत जी रोगियों की सहायता के लिए जाते हैं। लोगों का विश्वास है कि भगत जी के पूजा करवाने से चेचक की बीमारी चली जाती है। आम लोगों का विश्वास है कि चेचक की बीमारी भगवती के प्रकोप से होती है।

भगत जी के घर पर खेती भी होती है और उसको उनके पुत्र राम जी सम्भा-लते हैं। उनकी उम्र लगभग २६ वर्ष की है। उन्होंने इलाहाबाद बोर्ड के इन्टर मीडि-यट तक की शिक्षा प्राप्त की है। वे थोड़ी-थोड़ी लोरिकी भी गा लेते हैं। परिवार की जीविका मुख्यतः खेती बारी से चलती है। पूजा करवाने तथा गायकी से जो आय होती है वह पूरक है। पांचू भगत अपनी ओर से गायकी के लिए शुल्क या पुरस्कार नहीं

माँगते किन्तु जब किसी विशेष अवसर पर गाते हैं तो किसी न किसी रूप में उन्हें पुरस्कार अवश्य मिलता है ।

प्रायः लोरिकी के गायक यह कहते हैं कि उनके गुरु अमुक थे किन्तु सच बात तो यह है कि गायक प्रायः एक से अधिक व्यक्तियों के सम्पर्क से अपनी कला सीखते हैं । यह बात अवश्य है कि कभी कभी एक प्रमुख गुरु होता है किन्तु अनेक बैठकों, दंगलों तथा समारोहों में गायक जाते हैं और उसमें से ग्राह्य चीजों को लेकर अपने महाकाव्य को सँवारते हैं । पांचू भगत ने मुझे बताया कि उनके गुरु स्वयं कृष्ण भगवान थे । बाद में पता चला कि पन्द्रह-सोलह वर्ष की उम्र में उन्होंने अपने गाँव के अयोध्या नामक व्यक्ति के सम्पर्क में लोरिकी गायन प्रारम्भ किया । दूसरे गायक गाजीपुर के थे जिनके सम्पर्क में गायक ने लोरिकी सीखी । कदाचित उनके पिता रूप नारायण भी लोरिकी गाते थे । गायक की भाषा में शुद्ध बनारस की भोजपुरी नहीं है । बलिया और गाजीपुर की भोजपुरी के व्याकरणिक रूप उनके पाठ में प्राप्त होते हैं अतः सम्भावना है कि गायक का एक गुरु बनारस जिले के पूर्व का अवश्य था । लोरिकी के सभी गायक बार-बार कहते हैं कि बिना दैवी प्रेरणा के इतना बड़ा महाकाव्य नहीं गाया जा सकता । पांचू भगत कृष्ण, दुर्गा और भगवती को यह श्रेय देते हैं । बनसत्ती भगवती की ही एक रूप हैं । परानापुर में बनसत्ती का एक चौरा भी है जहाँ भगत जी पूजा करते हैं । लोरिकी में दुर्गा के साथ-साथ बनसत्ती भी नायक लोरिक को विजय में सहायता करती हैं ।

गायक की किसी पाठशाला में शिक्षा नहीं हुई । उन्हें लिखने या पढ़ने का अवसर नहीं मिला । बचपन में ढोरों की कुछ चरवाही भी की है । लगभग १६ वर्ष की अवस्था में पांचू भगत बिरहा गाने लगे थे । उसके बाद लोरिकी सीखनी प्रारम्भ की । गायक के अपने संचित कोश में अनेक पौराणिक कथाएँ हैं और अपनी बिरहा गायकी में उनका उपयोग भी करते हैं । एक दूसरा महाकाव्य आल्हा से भी गायक का परिचय है और उसकी गायन शैली का कुछ प्रभाव उनकी लोरिकी पर भी है । एक सिद्ध गायक होने के पूर्व गायक ने अनेक स्वरों की साधना की । अभी भी गायक में स्वर परिवर्तन और एक ही छंद को अनेक रूपों में गाने की क्षमता है ।

लोरिकी की परम्परा मौखिक है । इस पर छपी पुस्तकों ने प्रभाव नहीं डाला है । लिखित पाठ परम्परा और मुद्रित पुस्तकों का आदर्श गायक के सामने नहीं रहा । गायक आशुकवि है, परम्परा का प्रसारक है और अपने स्वर तथा लय पर उसका अधिकार है । वह प्राचीन काव्य में अपनी मौलिकता मिलाकर गाता है । आरा (बिहार) के महादेव प्रसाद का लोरिकायन, दूधनाथ पुस्तकालय, कलकत्ता और गायघाट, बनारस से कई खण्डों में सन् १६३८ के आसपास प्रकाशित हुआ था । पर यह लोक-परम्परा के पाठ पर आधारित नहीं है । महादेव प्रसाद ने कथा को लेकर अपनी निजी काव्य-रचना भोजपुरी में की थी । उनकी रचना श्रोताओं के लिए नहीं

उनकी जीविका का साधन भी है पर लोरिकी से कोई गायक अपनी रोजी-रोटी नहीं कमाता ।

यह अवश्य सत्य है कि गायक को अपने समाज में प्रतिष्ठा मिलती है । पांचू भगत को लोरिकी ने अतिरिक्त सामाजिक मान्यता दी है और जातीय राजनीति तथा अपने क्षेत्र की सामान्य राजनीति, मतदाता, क्षेत्रीय विधायक, संसद सदस्य सबको प्रभावित करने की क्षमता गायक में है क्योंकि यादव समाज में गायक को मान्यता एक विशिष्ट-जन के रूप में है । भगत जी अपने जातीय गौरव के गायक हैं । राज्य या कोई श्रीमन्त ऐसे गायकों को आश्रय नहीं देता फिर भी यादव जाति सम्मान देकर ऐसे गायकों की कला की रक्षा करती है जिसमें उसके जातीय नायक लोरिक की सम्पूर्ण गौरव-गाथा निहित है । गायक पैसे से अधिक इस सम्मान को महत्व देते हैं ।

भगत जी की गायकी का कोई विशेष समय नहीं है । लोगों की प्रार्थना पर वह किसी रात को गा सकते हैं । पर गर्मी के दिनों में खलियान में, पुत्र जन्म, विवाह तथा पर्व, ऐसे अवसर हैं जब लोरिकी के गायक विशेष रूप से अपना गायन प्रस्तुत करते हैं । प्रायः पुरुष ही इन गानों में भाग लेते हैं । पर लुक-छिपकर स्त्रियाँ भी सुनती हैं । भगत जी के यहाँ होली के अवसर पर ५ सौ व्यक्ति लोरिकी सुनने आ जाते हैं । गायक गायन प्रारम्भ करने के पूर्व गांजा पीते हैं और गांजा बनाने वाले चेले बीच-बीच में उन्हें गांजा पिलाते रहते हैं । लगभग सभी लोरिकी के गायक गांजा पीते हैं ।

नयी पीढ़ी लोरिकी नहीं सीख रही है और भगत जी को इस बात का दुख है कि अच्छे गायक समाप्त हो रहे हैं । कुछ ही दिनों में लोरिकी के गायन की परम्परा बनारस जिले से समाप्त हो जायगी, यह आशंका भगत जी को है ।

लोक महाकाव्य का श्रोता और उसका प्रभाव

लोक महाकाव्य तथा साहित्यिक महाकाव्य की रचना प्रक्रिया में एक बड़ा अंतर यह है कि लोक महाकाव्य का गायक सदैव अपने श्रोताओं के लिए पाठ प्रस्तुत करता है जब कि साहित्यिक रचनाकार पाठकों के लिए रचना करता है। वह पाठक के सामने प्रत्यक्ष रूप से नहीं होता। लोक महाकाव्य के प्रस्तुतीकरण के समय श्रोता गायक के सामने होता है। श्रोता की रुचि और प्रकृति लोक महाकाव्य के गायक को प्रभावित करती रहती है। श्रोता गायक के समक्ष वर्तमान तो रहता ही है वह उसकी गायकी में स्वर मिलाकर सहयोग भी प्रदान करता है। श्रोताओं में से अनेक व्यक्ति और कभी-कभी सम्पूर्ण लोग, कड़ी के अन्त में गायक के साथ स्वर मिलाते हैं।

लोक महाकाव्य का श्रोता अपनी काव्य परम्पराओं, कथा, वर्णनों, चरित्रों तथा आगामी घटनाओं से परिचित रहता है। वह उनको बार-बार सुनकर भी थकता नहीं है। पुनरावृत्तियाँ उसके आनन्द और रस को फीका नहीं बनातीं। वह प्रस्तुतीकरण की संपूर्णता में जिसमें परम्परा की रक्षा, कवि की मौलिकता, अभिनय, संगीत सब कुछ है, आनन्द प्राप्त करता है। प्रसारण की सम्पूर्ण प्रक्रिया में श्रोताओं की गहरी रुचि, उनकी स्वीकृति और प्रार्थना लोक महाकाव्य को जीवित रखती है। श्रोता भिन्न-भिन्न रूपों में लोक महाकाव्यों को प्रभावित भी करते हैं।

गायक के श्रोता अच्छे हैं, उसके मन के अनुकूल हैं तो वह अपने गायन में वृद्धि करता चलता है। रोचकता के लिए नये प्रसंग जोड़ता है और अपने प्रस्तुतीकरण में अधिक शक्ति और नाटकीयता लाने की कोशिश करता है। गायक परम्परा का वाहक, मौलिक आशुकवि और अभिनेता एवं संगीत-साधक सब कुछ का समन्वय होता है अतः एक महाकाव्य की एक बार की रिकार्डिंग उसके सम्पूर्ण आयामों को प्रकट करने के लिये पर्याप्त नहीं है। श्रोताओं के अनुकूल गायक का पाठ घटता-बढ़ता रहता है और श्रोता उसके स्वर और उसके अभिनय कला को भी शक्तिशाली तथा दुर्बल बनाने की क्षमता रखते हैं। यदि श्रोता के बिना गायक को सुना जाय या उसे गाने को विवश किया जाय तो उसका रंग फीका होता है और वह अपने पाठ के उस अंश को संक्षिप्त कर देता है जो कथा-संघटन का अविभाज्य अंग नहीं है। लोक महाकाव्य का गायक विभिन्न श्रोताओं के समक्ष कैसे भिन्न-भिन्न पाठ प्रस्तुत करता है और उसका प्रस्तुतीकरण और शैली कैसे भिन्न हो जाती है, इसका अध्ययन अधिक गहराई से करने की आवश्यकता है।

साहित्यिक महाकाव्य की एक विशिष्ट शैली होती है जो पाठकों से प्रत्यक्ष रूप से दूर रहकर सजती और संवरती है। लोक महाकाव्य का गायक श्रोताओं के बीच

बैठकर अपनी कला को मांजता है। साहित्यिक महाकाव्यों को लिखित परम्परा अधिक गहराई से प्रभावित करती है जबकि लोक महाकाव्य के श्रोता और रचयिता दोनों अलिखित परम्परा से अधिक प्रभावित होते हैं। यद्यपि यह सच है कि भारत जैसे देश में जहाँ लिखित और मौखिक परम्पराएँ दोनों सशक्त रही हैं दोनों एक दूसरे को किसी न किसी रूप में प्रभावित करती रही हैं, पर लोक महाकाव्य के रचयिता का आदर्श लिखित महाकाव्य का आदर्श नहीं है। उसकी प्रेरणा का संपूर्ण स्रोत मौखिक और अलिखित है।

लिखित साहित्य या शास्त्रीय साहित्य का दाय उसको मौखिक रूप में प्राप्त हो जाता है तो उसे वह ग्रहण कर लेता है। अतः लोक-साहित्य की परख की कसौटी भिन्न है। लिखित साहित्य और परम्पराओं की कसौटी से परिचित आलोचक यदि लोक का सम्पूर्ण परिपार्श्व नहीं जान पाये तो वह रस, छन्द, अलङ्कार की खोज में लोक महा-काव्य की टेक्नीक, शैली, उसकी संस्कृति और उसकी साहित्यिक परम्पराओं को अपनी आँखों से ओझल कर देगा। लोक महाकाव्य की रचना श्रोता के लिए होती है, पाठक के लिये नहीं, और यह श्रोता रचना में योगदान भी करता है, लोक महाकाव्य के संदर्भ में यह बात बहुत ही महत्वपूर्ण है।

—∘o—

लोक महाकाव्य की रचनाप्रक्रिया तथा लोरिकी में सूत्रों की आवृत्तियाँ

(१)

लोक महाकाव्यों की रचना प्रक्रिया में एक विशेषता यह है कि गायक कुछ विशेष सूत्रों को विशेष छन्दों में संजो कर रखते हैं और कुछ विशेष प्रकार का वर्णन प्रस्तुत करने के लिए उनका बार-बार उपयोग करते हैं। उदाहरण के लिये पांचू भगत के प्रस्तुत पाठ में वीरों की वेशभूषा का चित्रण इस प्रकार हुआ है, जिसे सूत्र की संज्ञा दी जा सकती है।

> पेन्हे लागल निरखी जब गलबन में
> एहबन में दोहरी मोर मीचें ले लगाय
> आल्हा गुंजकर जब पनही जे
> आरे बलको गोहबन ले लें रे चढ़ाय
> सात मे परद के बलको देवा ताया
> आरे बलको छतिया ले लें रे बन्हवाय
> बायें त बगल में जो ओढ़न बान्हे
> आरे दहीने धींच के बिजुलिया सांढ़   १/१३

कुछ शब्दों के अन्तर से इस वर्णन की आवृत्ति अनेक बार हुई है। जहाँ-जहाँ वीर लोरिक अपने अस्त्र-शस्त्र से सुसज्जित होता है ये पंक्तियाँ अल्प परिवर्तन के साथ दुहराई जाती हैं। इसी आवृत्ति या सूत्र को गायक दूसरे छन्द में भी निबद्ध कर गाता है किन्तु उसके सूत्र के मूल भाव में बहुत ही कम अन्तर पड़ता है। एक उदाहरण यहाँ पर्याप्त होगा—

> आरे बलको पेन्हे लागल बबुआ निरखिया हो गलबन में
> आरे गोड़वा में दोहरी रे मड़या मीचलस रे लगाय
> आरे एहर सात मे परद क गउवा मे पीतरी कें
> आरे पट्टा छतिया ए बबुआ ले ले हउवे बन्ह रेवा……य
> आरे बलको बायें अलगिया ओढ़नया जो बान्हि रे ले ले
> आरे दाहिने धींचि के रे मड़या बिजुलिया न बलको रे बांढ़   १/४२

दो छन्दों में निबद्ध एक ही प्रकार का वर्णन हमारा ध्यान सहज ही आकृष्ट करता है। एक बार योद्धा की वेशभूषा का जहाँ कहीं भी लोरिकी में वर्णन आता है, लगभग इन्हीं शब्दों में आता है। पांचू भगत के पाठ में वीर लोरिक ही नहीं अजई तथा कई अन्य वीर भी इन्हीं शब्दों में अस्त्र-शस्त्र से सुसज्जित चित्रित किये गये हैं।

लोरिक के मित्र अजई की वेश-भूषा का चित्रण भी लगभग इसी सूत्र में हुआ है ।

एतनी बात जब लोरिक सुन लैं
धोबिया के हुकुमइ देलैं रे लगाय
पेन्हे लागल निरखी जब गलवन में
गोड़वन में दोहरी मोर खींचे लैं तमांच
आल्हा गूँजकर जब पनही धोबी बलको
हइहै एड़वन में ले लैं रे चढ़ाय
मोटका मुंगरवा मोर कांखी में दबावै
आगे-आगे खेदू चलले,
आरे पीछे धोबियैं रेवरले जाय १/३१

इस सूत्र में धोबी को मुंगदर लेकर जाते हुये चित्रित किया गया है । दोनों सूत्रों में समानता बहुत ही स्पष्ट है, यद्यपि लोरिक से सम्बन्धित सूत्र में 'सात पर्तों का तवा' 'ओड़न' तथा 'बिजली का खड्ग' भी है ।

लोरिक और अजई के सदृश उनके शत्रु दसवंत और मिमली भी गले में 'निरखी', पैर में 'दोहरी', और तमांचा लिए हुये चित्रित किये गये हैं । पाँव में जूते तथा पीतल के साथ पर्तों के तवे उनकी छाती पर भी बँधे हुये है

आरे दुनो भाई बंगले में साजे लगलं
आरे पेन्हैं लगे निरखी जब गलवन में
गोड़वन में दोहरी मोर खींचै लें तमांच
आल्हा गूँजकर जब पनही भो
आरे पट्टा एंड़वन ले लै रे चढ़ाय
सात परद के तवा पितरिन के
आरे छतिया पर ले लैं बन्हवाय
पंच-पंच बान पोठिया पर लादे
हथिया के पजरे गइलें रे निअराय १/३५

उपर्युक्त पंक्तियों में 'ओड़न' और 'खड्ग' का चित्रण नहीं है पर शेष सूत्र लगभग पूर्व सूत्रों के सदृश ही हैं । धोबी के पास मुगदर है तो मिमली और दसवंत के पास पाँच-पाँच बाण हैं । पर यह स्पष्ट है कि वीरों के चित्रण के लिए गायक के पास एक निश्चित सूत्र है जिसका यह आवश्यकतानुसार पुनः पुनः उपयोग करता है । पांचू भगत की लोरिकी में इस प्रकार के सूत्रों की विविधता और बहुलता है ।

साहित्यिक महाकाव्यों में इस प्रकार के सूत्रों की पुनरावृत्तियाँ नहीं पायी जातीं । कवि के पास समय होता है और पुनरावृत्तियों से बचने का प्रयास करता है । किन्तु

लोक महाकाव्य का श्रोता और उसका प्रभाव

लोक महाकाव्य तथा साहित्यिक महाकाव्य की रचना प्रक्रिया में एक बड़ा अन्तर यह है कि लोक महाकाव्य का गायक सदैव अपने श्रोताओं के लिए पाठ प्रस्तुत करता है जब कि साहित्यिक रचनाकार पाठकों के लिए रचना करता है। वह पाठक के सामने प्रत्यक्ष रूप से नहीं होता। लोक महाकाव्य के प्रस्तुतीकरण के समय श्रोता गायक के सामने होता है। श्रोता की रुचि और प्रकृति लोक महाकाव्य के गायक को प्रभावित करती रहती है। श्रोता गायक के समक्ष वर्तमान तो रहता ही है वह उसकी गायकी में स्वर मिलाकर सहयोग भी प्रदान करता है। श्रोताओं में से अनेक व्यक्ति और कभी-कभी सम्पूर्ण लोग, कड़ी के अन्त में गायक के साथ स्वर मिलाते हैं।

लोक महाकाव्य का श्रोता अपनी काव्य परम्पराओं, कथा, वर्णनों, चरित्रों तथा आगामी घटनाओं से परिचित रहता है। वह उनको बार-बार सुनकर भी थकता नहीं है। पुनरावृत्तियाँ उसके आनन्द और रस को फीका नहीं बनातीं। वह प्रस्तुतीकरण की संपूर्णता में जिसमें परम्परा की रक्षा, कवि की मौलिकता, अभिनय, संगीत सब कुछ है, आनन्द प्राप्त करता है। प्रसारण की सम्पूर्ण प्रक्रिया में श्रोताओं की गहरी रुचि, उनकी स्वीकृति और प्रशंसा लोक महाकाव्य को जीवित रखती है। श्रोता भिन्न-भिन्न रूपों में लोक महाकाव्यों को प्रभावित भी करते हैं।

गायक के श्रोता अच्छे हैं, उसके मन के अनुकूल हैं तो वह अपने गायन में वृद्धि करता चलता है। रोचकता के लिए नये प्रसंग जोड़ता है और अपने प्रस्तुतीकरण में अधिक शक्ति और नाटकीयता लाने की कोशिश करता है। गायक परम्परा का वाहक, मौलिक आशुकवि और अभिनेता एवं संगीत-साधक सब कुछ का समन्वय होता है अतः एक महाकाव्य की एक बार की रिकार्डिंग उसके सम्पूर्ण आयामों को प्रकट करने के लिये पर्याप्त नहीं है। श्रोताओं के अनुकूल गायक का पाठ घटता-बढ़ता रहता है और श्रोता उसके स्वर और उसके अभिनय कला को भी शक्तिशाली तथा दुर्बल बनाने की क्षमता रखते हैं। यदि श्रोता के बिना गायक को सुना जाय या उसे गाने को विवश किया जाय तो उसका रंग फीका होता है और वह अपने पाठ के उस अंश को संक्षिप्त कर देता है जो कथा-संघटन का अविभाज्य अंग नहीं है। लोक महाकाव्य का गायक विभिन्न श्रोताओं के समक्ष कैसे भिन्न-भिन्न पाठ प्रस्तुत करता है और उसका प्रस्तुतीकरण और शैली कैसे भिन्न हो जाती है, इसका अध्ययन अधिक गहराई से करने की आवश्यकता है।

साहित्यिक महाकाव्य की एक विशिष्ट शैली होती है जो पाठकों से प्रत्यक्ष रूप से दूर रहकर सजती और संवरती है। लोक महाकाव्य का गायक श्रोताओं के बीच

बैठकर अपनी कला को मांजता है। साहित्यिक महाकाव्यों को लिखित परम्परा अधिक गहराई से प्रभावित करती है जबकि लोक महाकाव्य के श्रोता और रचयिता दोनों अलिखित परम्परा से अधिक प्रभावित होते हैं। यद्यपि यह सच है कि भारत जैसे देश में जहाँ लिखित और मौखिक परम्पराएँ दोनों सशक्त रही हैं दोनों एक दूसरे को किसी न किसी रूप में प्रभावित करती रही हैं, पर लोक महाकाव्य के रचयिता का आदर्श लिखित महाकाव्य का आदर्श नहीं है। उसकी प्रेरणा का संपूर्ण स्रोत मौखिक और अलिखित है।

लिखित साहित्य या शास्त्रीय साहित्य का दाय उसको मौखिक रूप में प्राप्त हो जाता है तो उसे वह ग्रहण कर लेता है। अतः लोक-साहित्य की परख की कसौटी भिन्न है। लिखित साहित्य और परम्पराओं की कसौटी से परिचित आलोचक यदि लोक का सम्पूर्ण परिपार्श्व नहीं जान पाये तो वह रस, छन्द, अलङ्कार की खोज में लोक महा-काव्य की टेक्नीक, शैली, उसकी संस्कृति और उसकी साहित्यिक परम्पराओं को अपनी आँखों से ओझल कर देगा। लोक महाकाव्य की रचना श्रोता के लिए होती है, पाठक के लिये नहीं, और यह श्रोता रचना में योगदान भी करता है, लोक महाकाव्य के संदर्भ में यह बात बहुत ही महत्वपूर्ण है।

लोक महाकाव्य की रचनाप्रक्रिया तथा लोरिकी में सूत्रों की आवृत्तियाँ

(१)

लोक महाकाव्यों की रचना प्रक्रिया में एक विशेषता यह है कि गायक कुछ विशेष सूत्रों को विशेष छन्दों में संजो कर रखते हैं और कुछ विशेष प्रकार का वर्णन प्रस्तुत करने के लिए उनका बार-बार उपयोग करते हैं। उदाहरण के लिये पांचू भगत के प्रस्तुत पाठ में वीरों की वेशभूषा का चित्रण इस प्रकार हुआ है, जिसे सूत्र की संज्ञा दी जा सकती है।

> पेन्हे लागल निरखी जब गलबन में
> एहवन में दोहरी मोर मीर्चे ले तमाच
> आल्हा गूंजकर जब पनही जे
> आरे बलको गोड़वन ले लें रे चढ़ाय
> सात मे परद के बलको देखा ताथा
> आरे बलको छतिया ले लें रे बन्हवाय
> बायें त बगल में जो ओढ़न बान्हे
> आरे दहीने धीच के बिजुलिया मांड   १/१३

कुछ शब्दों के अन्तर से इस वर्णन की आवृत्ति अनेक बार हुई है। जहाँ-जहाँ वीर लोरिक अपने अस्त्र-शस्त्र से सुसज्जित होता है ये पंक्तियाँ अल्प परिवर्तन के साथ दुहराई जाती हैं। इसी आवृत्ति या सूत्र को गायक दूसरे छन्द में भी निबद्ध कर गाता है किन्तु उसके सूत्र के मूल भाव में बहुत ही कम अन्तर पड़ता है। एक उदाहरण यहाँ पर्याप्त होगा—

> आरे बलको पेन्हे लागल बबुआ निरखिया हो गलबन में
> आरे गोड़वा में दोहरी रे भइया मीबलस रे तमाच
> आरे एहर सात मे परद क तउवा मे पीतरी के
> आरे पट्टा छतिया ए बबुआ ले ले हउवे बन्ह रेबा⋯⋯य
> आरे बलको बायें बलगिया ओढ़नवा जो बान्हि रे ले ले
> आरे दाहिने धीचि के रे भइया बिजुलिया न बलको रे बांध   १/४२

दो छन्दों में निबद्ध एक ही प्रकार का वर्णन हमारा ध्यान सहज ही आकृष्ट करता है। एक बार योद्धा की वेशभूषा का जहाँ कहीं भी लोरिकी में वर्णन आता है, लगभग इन्हीं शब्दों में आता है। पांचू भगत के पाठ में वीर लोरिक ही नहीं अजई तथा कई अन्य वीर भी इन्हीं शब्दों में अस्त्र-शस्त्र से सुसज्जित चित्रित किये गये हैं।

लोरिक के मित्र अजई की वेश-भूषा का चित्रण भी लगभग इसी सूत्र में हुआ है ।

एतनी बात जब लोरिक सुन लैं
धोबिया के हुकुमइ देलैं रे लगाय
पेन्हे लागल निरखी जब गलवन में
गोड़वन में दोहरी मोर खींचे लैं तमांच
आल्हा गूंजकर जब पनही धोबी बलको
हइहै एड़वन में ले लैं रे चढ़ाय
मोटका मुंगरवा मोर कांखी में दबावै
आगे-आगे खेदू चलले,
आरे पोछे धोबियै रेवरले जाय १/३१

इस सूत्र में धोबी को मुंगदर लेकर जाते हुये चित्रित किया गया है । दोनों सूत्रों में समानता बहुत ही स्पष्ट है, यद्यपि लोरिक से सम्बन्धित सूत्र में 'सात पर्तों का तवा' 'ओड़न' तथा 'बिजली का खड्ग' भी है ।

लोरिक और अजई के सदृश उनके शत्रु दसवंत और मिमली भी गले में 'निरखी', पैर में 'दोहरी', और तमांचा लिए हुये चित्रित किये गये हैं । पाँव में जूते तथा पीतल के साथ पर्तों के तवे उनकी छाती पर भी बँधे हुये है

आरे दुनो भाई बंगले में साजे लगलं
आरे पेन्हैं लगे निरखी जब गलवन में
गोड़वन में दोहरी मोर खींचै लें तमांच
आल्हा गूंजकर जब पनही भो
आरे पट्टा एंड़वन ले लै रे चढ़ाय
सात परद के तवा पितरिन के
आरे छतिया पर ले लैं बन्हवाय
पंच-पंच बान पीठिया पर लादै
हथिया के पजरे गइलैं रे निअराय १/३५

उपर्युक्त पंक्तियों में 'ओड़न' और 'खड्ग' का चित्रण नहीं है पर शेष सूत्र लगभग पूर्व सूत्रों के सदृश ही हैं । धोबी के पास मुगदर है तो मिमली और दसवंत के पास पाँच-पाँच बाण हैं । पर यह स्पष्ट है कि वीरों के चित्रण के लिए गायक के पास एक निश्चित सूत्र है जिसका यह आवश्यकतानुसार पुनः पुनः उपयोग करता है । पांचू भगत की लोरिकी में इस प्रकार के सूत्रों की विविधता और बहुलता है ।

साहित्यिक महाकाव्यों में इस प्रकार के सूत्रों की पुनरावृत्तियाँ नहीं पायी जातीं । कवि के पास समय होता है और पुनरावृत्तियों से बचने का प्रयास करता है । किन्तु

लोक महाकाव्य का गायक कथा को शक्तिशाली बनाने के लिए और अपने कथानक के सम्यक प्रस्तुतीकरण के लिए तथा अपने लिखित चित्रणों की प्रेषणीयता के लिए पुनः पुनः सूत्रों का माध्यम ग्रहण करता है।

एक अन्य सूत्र गायक लोरिक और मलसांवर का परिचय देने के लिए प्रयुक्त करता है। गउरा का धोबी मोहबन में बमरी को चेतावनी देता है कि मैं लोरिक तथा मलसांवर को तैयार कर यहाँ लाऊँगा और मंजिया का विवाह कराऊँगा तथा दमयंत को धाराशायी कराऊँगा। इस प्रसंग में धोबी ने निम्नलिखित सूत्र का उपयोग किया है—

अब हम जात बाड़ी गाँव गउरा में
थाना कनउज की जाला रे (बाजार)
एक बाघिन दू दू डंवरू जनमल
आरे दूनो जनमल दइब कर लाल
एक जने गइया रे बोहे में चरावल
एक जने भूमि के करें लें ठकुराय १/९

लोरिक भी अपना परिचय अनेक स्थलों पर लगभग इसी प्रकार देता है। एक स्थान पर वह कहता है—

बोलत हो अहीर मोर गढ़ गउरा के
आरे जेकर लोरिक रे बघेलवै नाव
गउरे मोर ओतनवा गउरे जो गोतन जे
आरे गउरा जनम भयल रे बुनियाद
टिकई मैं तुनवा के सिरिजल बाड़ी
आरे कोइलनि कोखिया ले लें रे अवतार
एक बाघिन दू दू डंवरू जनमल
आरे दूनो जनमल दइब कर लाल
एक जने गइया रे बोहे में चरवलें
आरे हम, गउरा भूमि के करे ले ठकुराय १/१०

"एक सिंहनी ने दो बच्चे उत्पन्न किये हैं और दोनों देव के लाल हैं। एक बोहा में गाय चराता है, और एक गउरा में ठकुराई करता है," यह बात किंचित् हेर-फेर के साथ सभी सूत्रों में आती है। अल्प परिवर्तन के साथ यह सूत्र अन्यत्र कई बार प्रयुक्त हुआ है। एक उदाहरण और नीचे दिया जा रहा है—

बोलत हो अहीर मोर गढ़ गउरा के
आरे बाबू मनध्या बात हमार
गउरइ ओतन गउरा गोतन

आरे गउरा जनम भयल रे बुनियाद
टिकई बुन कै सिरजल बाड़ी
आरे खोइलनि कोखिया ले लैं रे अवतार
एक बाघिनि दू दू डंवरू जनमल
आरे दुनो जनमल दइव कर लाल
एक जने गइया रे बोहे में चवलैं
हम गउरा घूमि के करैं ले ठकुराय १/१७

गायक ने लोरिक के जन्म-स्थान गउरा का अनेक बार उल्लेख किया है। गउरा में तिरपन बाजार हैं। वहाँ तेली, तमोली, कलवार, रघुवंशी, यदुवंशी ग्वाल सभी रहते हैं। वहाँ घर-घर में अखाड़े हैं, उसके पास में ही बोहा है जहाँ गायों के चरने के लिए चरागाह है। गउरा के वर्णन के लिए जिस सूत्र का उपयोग गायक ने किया है उसे यहाँ दिया जा रहा है।

बारः न पाल गढ़ गउरा सुनिलं आरे तिरपन कनउज के बसै ले बाजार
तेलिया बसल मोरि जाति तमोलीं आरे जतियन के भुजा रे कलवार
जतियन के रघुवंस बसे हैं जेकर निगी भुले ले तरवार
जतियन के जदुवंस बसे हैं अरे गुप्ती नंदन बसै ले गुवाल
घर-घर मोरि अखड़वा बन्हल ले गउरा में
आरे लेजिम घूमैनी भय सांझ बिहान
सात कोसे क बोहा रे गइयन कै
आरे चौउदह कोस में बिड़र के चरगाह
लछमी मय गोड़वन तोरि तोरि बहठं
आरे ब्रह्मा रथ हंकलईं सांझ बिहान १/११

अपने पिता बमरी का पत्र दसवंत को प्राप्त हुआ है, उसमें भी थोड़े परिवर्तन के साथ इस सूत्र का उपयोग किया गया है। दसवंत पिता बमरी का पत्र अपने भाई भिमली को पढ़ कर सुना रहे हैं—

दसवंत बाँचि के मोर घलैं ले सुनाय
बारह पाल गढ़ गउरा लिखलैं
आरे तिरपन कनउज क लिखे लैं बजार
तेलिये लिखल बाड़ें जाति तमोली
आरे जतिया भुजा रे कलवार
जतियन के रघुबंस लिखा है
आरे जेकर निगी रे भुले ले तलवार
जतियन कै जदुबंस लिखा है

आरे गुप्ती नंदन बसें ले गुवाल
घर घर मोरि अगरइया बनल रे गउरा में
आरे लेजिम पुरनी जो मांक बिहान
साता भी कोस के चोहा लिगान भइया
चौदह कोस के बिहुर में नगन बाढी गाय   २/३४

इन सूत्रों का उपयोग अन्यत्र भी हुआ है । अध्याय २-८४ में सोनागन अपने भानजे के पास पत्र लिखता है और उसमें भी इस सूत्र का प्रयोग करता है । छंद में परिवर्तन के साथ यही सूत्र अन्यत्र कई बार प्रयुक्त हुआ है

आरे उनके निकल के मोर पनिया पहर पनवा मोर हउवे धरहवने
आरे पहर आरह रे पनिया गउरा निकाल रे हउवे
आरे पहर नीलिया मोर पानी में समालिया ना नीमान रे हउवें
आरे तिरपन कनउज के रे बबुआ निकान बाड़ें ना रे बज ''
आरे संग में भुजनी हो गइया लिगान बाड़े कल रे बार—
आरे एहर जलिया के भइया जदुबंसी बलको नीमान रे हउवें
आरे गुपती नन्दन रे मोरि गइया बगान बाड़ें ना रे गुर''''

ध्यान देने योग्य है कि गायक ने अपने सूत्र में छंद परिवर्तन होने पर कुछ शब्द बढ़ा दिये हैं । चोहा और उसके विस्तृत चरागाह का प्रसंग कम भी कर दिया है किन्तु सूत्र का मूल भाव अक्षुण्ण है ।

महाकाव्य में एक अन्य सूत्र का भी प्रयोग हुआ है । बारात गउरा से मोहबल जाने की तैयारी कर रही है और उसके खाने के लिए सामान लद रहा है । गायक इन वस्तुओं के चित्रण के लिए सूत्र का उपयोग करता है ।

चाउर लादत जो हउवे बसमतिया
रहर मोर मंगउवे को दर दर दाल
घीउ बैनन के बाबू हो लदवाय दे
आरे तेरपन नियुनन के लदल अचार
आटा में दउदिया बाबू रे लदवाय दे
तेल मसाला धनिया आदि भी
सारी में बरतिया बलको रे सजवा दे   /१३

गायक इस सूत्र को थोड़े से परिवर्तन के साथ अनेक स्थलों पर दुहराता है ।

चाउर भुनल बलको रे बसमतिया
रहर मंगउवे को दर दर दाल
घीउ बैनन के रे कटि गइले
आरे तेपर नेबुलन के कटले आचार

आटा दउदिया रे कटि गइले
नीमक कटल बलको रे चटकार
तेल मसाला धनिया कटि गो
टिक लै मोती रे सगड़ के घाट /१४

इस प्रसंग में उल्लेखनीय है कि प्रथम सूत्र में बारात के जाने का वर्णन है अतः बासमती चावल, दाल, आचार सब कुछ लद रहा है तथा दूसरे में बारात निश्चित स्थान पर पहुँच चुकी है अत: 'लदल' के स्थान पर 'खुलल' हो गया है। 'लदि गौ' के स्थान पर 'कटि गौ' हो गया है। इस प्रकार के शब्दों या एक आध पंक्तियों का सूत्र में परिवर्तन हो जाना एक सामान्य बात है। छन्द को अनुकूल रखने के लिए कुछ शब्दों को जोड़ना और कुछ को घटा देना गायक की सूत्र शैली की विशेषता है।

लोरिकी के एक दूसरे सूत्र में लोरिक के खड्ग और ओड़न का चित्रण है जिसके प्रयोग से सर्वत्र लपट सी फैल जाती है। युद्ध के वर्णन में इस सूत्र का उपयोग बार-बार हुआ है।

दबलसि मुठिया जब ओड़ने के
पोरिसन लवर रे गइल बुमुवाय
झर झर झर झर झरेले चुनरी जं·······
टूटि टूटि गिरने में लागले अंगार
दाबे मुठिया जब बिजुली के
जाके बलको बादर में दरेरा खाय
सोरह से कंटाइन सुमिरं
आरे सोरह से मरी रे मसान
सोरह से दलवा छोहरी सुमिरं
आरे जवन रुवां रे रुवां असवार
ब्रह्माइन बाहवा क सुमिरं
आरे संवरू दादा के रे पूजमान
बायें बनसत्तिया के सुमिरं
आरे दहीने सुमिरै दुरगा माइ १/१३

इसी सूत्र को कुछ परिवर्तन के साथ गायक ने दूसरे छन्द में निबद्ध किया है। वह इस प्रकार है—

आरे बलको दबलसि रे बबुआ मुठियवा रे ओड़ने क····
आरे पोरिसन गइल बाड़े रे मइया लवरियो न बुमु रे वा···य
आरे जहवां झर झर झर झर चुनरियें बलको गिरै रे लागल,
आरे हहहे टूटि टूटि सगड़े गिरै लगल बलको अँगा···र

आरे बलको सोरह से बबुआ सुमिरत बाड़ें क···रे टाइन
आरे सोरह से सुमिरत रे मइया मरियउ ना रे मसान
आरे बायें बनवा सतिया सगड़वा पर सुमिरत रे हउवें
आरे दहीने सुमिरत रे मइया दुरगवा न बलको रे मा···इ   १/४१

उपर्युक्त दो सूत्रों में थोड़ा अन्तर है। पहले में थोड़ा विस्तार है जबकि दूसरे में कुछ संक्षिप्तता है। पर भाव की दृष्टि से दोनों में समानता है। इस सूत्र का प्रयोग गायक ने युद्ध के प्रसंगों में लोरिकी में अनेक बार किया है।

सूत्रों की संख्या लोरिकी में बहुत है। वास्तविकता तो यह है कि लोक महा-काव्य की यह एक मुख्य शैली है। लोक महाकाव्यों के सभी गायक इस सूत्र का उप-योग करते है पर यह कहना कठिन है कि बनारस के प्रस्तुत पाठ के गायक पांचू भगत ने यह शैली कितनी परम्परा से ली है और कितनी उनकी अपनी रचना है। पांचू भगत के गुरु का पाठ मेरे पास नहीं है जिससे यह अनुमान लग सके कि गुरु परम्परा से उन्होंने किन-किन सूत्रों को लिया है, और अपनी रचना उनमें कितनी है। हर गायक यह दावा करता है कि वह हू-बहू अपने गुरु का अनुसरण कर रहा है पर तथ्य यह है कि हर गायक गुरु से सीखी हुई कला में अपनी विशेषताएँ जोड़ता है। एक ही गायक के पाठ को यदि कई बार टेपबद्ध और लिपिबद्ध किया जाय तो उसके पाठ में पर्याप्त अन्तर हो जाता है। लोक महाकाव्य के गायक को सदैव श्रोताओं का सामना करना पड़ता है और उसके पास गाते समय समय की कमी होती है, अतः ये सूत्र उसके लिये सहायक हैं। अपने विशेष कथनों को वह सूत्र शैली में और एक विशिष्ट छन्द शैली में संजोकर रखता है और थोड़े परिवर्तन के साथ उसका अनेक बार उपयोग करता है। लोक महाकाव्य का श्रोता इस प्रकार की पुनरावृत्तियों को कोई दोष नहीं मानता। वह इसको एक विशेषता के रूप में मानता है। इन सूत्रों की शब्दावली प्रायः असाधारण और कुछ जटिल होती है। गायक के इन सूत्रों में प्राचीन शब्द और परम्पराएँ गुंफित रहती हैं।

प्रस्तुत पाठ में नायक के गाँव का चित्रण, वीरों की वेशभूषा, युद्ध, इन सबमें सूत्र शैली विशेष रूप से अपनाई गई है। यह बात भी स्मरणीय है कि एक अध्याय में एक सूत्र का प्रयोग अधिक है तो दूसरे में दूसरे का। साहित्यिक महाकाव्यों में जहाँ एक बार किसी स्थान का वर्णन कर देना पर्याप्त है वहाँ लोक महाकाव्य में उसी को गायक अनेक बार दुहराता है। उदाहरण के लिये लोरिकी की जन्म-भूमि का चित्रण अनेक बार लगभग एक ही प्रकार के सूत्रों में पांचू भगत के पाठ में होता है। छन्द परि-वर्तन या प्रसंगान्तर से कुछ शब्दों में अधिकता या कमी गायक अवश्य कर देता है। यहाँ यह भी स्पष्ट कर देना आवश्यक है कि प्रत्येक गायक अपने पाठ में अलग-अलग सूत्रों का उपयोग करता है। उदाहरण के लिये लोरिकी के बलिया के गायक शिवनाथ चौधरी

के पाठ में नितान्त भिन्न सूत्रों का उपयोग हुआ है। स्पष्टीकरण के लिये कुछ सूत्र नीचे दिये जाते हैं जिन्हें शिवनाथ चौधरी बार-बार गाते हैं।

हां पंचे हिन्दू करि गङ्गा तुरुक करि गोर
मलि कामिनि संग छोड़ तू मोर
अब देवी जेवना दिन करि पूजलियं,
तेवन घरी गइलि नियराय
अब देवी कहि द ऽ कीरति मरदन के
कइसे ई मारथ भइल तईयार

अथवा

आजु पंचे हिन्दू करि गङ्गा तुरुक करि गोर
मलि कामिनि सङ्ग छोड़े तू अ मोरि
अब देवी कहाँ गीति बानी गावत
कहाँ आज दीले परल बीस मोर
जेवना दिनकर पूजलिय,
अब देवी घरी गइलि नियराय
कहि द कीरति मरदनि के।

लोरिक के गाँव की चौहदी गायक ने बलिया जिले में बतायी है और उसके वर्णन के लिए जिस सूत्र का उपयोग किया है, वह इस प्रकार है—

लिखतियाड़ी जे उत्तर मय बहल देवहा
दखिन गंगा दरे ललकार
आरे सुबचन एहर अपनै मइया फटकवा मोर छोड़ि रे दे लें
आरे गउरा के सुधिया पठवा ले ले हउवै सुधि रे यं
आरे बलको धीरे धीरे देखब्या जो गउरा में पहुँचि रे गइलें

लोरिक का सुवचन से पिपरी से गायें वापिस लाने का उपाय पूछना

आरे लोरिक गंउरा कै बहरे भयल हउवै तइरे यं
आरे जाइके सुवच्चन के गोड़े पर जो लोरिक बलको गिरि हो गइलैं
आरे भइया ए तनि मानि जाव्या एठियन बतिया रे हमं
आरे हमरे भइया ए भइया जौ बोहवा में जूझि रे गइलैं
आरे हइहै हमरे पर आइल रे बीरना बिपतियौ जो बरिरे यं
आरे तनी एकन अबके हमके उपइया जौ गउरा में बलको बताई
आरे हमके तनी एक सुबचन भइया
उपइया बलको बताय द्या (पुनरावृत्ति)
आरे कइसे पिपरी से छूटि जइहैं मइया जो गइयौ रे हमं
आरे कवन कवन ए बीरना उपइया न बलको बगाई
आरे बीपत कै बतिया सोचत सोचत मोर दिनवा बीति रे गइलैं
आरे तब तै धीरे धीरे सुबचना लोरिक के समुरेझावैं

सुवचन का नान्हू को जोगी रूप में पिपरी भेजने की सलाह देना

आरे हम धन जात बाड़ीं ए लोरिक गउवां हो पिपरी में
आरे पिपरी के सारा घलब बलकों बहरे कं
आरे नान्हू के जोगी के रूपवा एठियन ना हो बनाय ल्या
आरे भेजि देब्या ए बबुआ पिपरियौ की रे बाजं
आरे नान्हू जाइके जोगिया मै होइके पिपरिया गितिया गावै ना लगिहैं
आरे सरंगी बजाई रे मइया पिपरियौ की रे बाजं
आरे बलको ओहर सारा गइया कठघरा में बन्हवाईं
आरे कलंगी सांड़ तेली के कोल्हू बलको हउवै रे जोतं
आरे हइहै तवन भइया नान्हूँ होइके जोगिया जब
पिपरिया में भेजि रे देब्या
आरे चउमुख गलिया की गलिया भजनिया जौ कइ रे घलिहैं
आरे बलको जहां कोल्हू में कलंगी मैं संड़वा न जोतल रे जालां
आरे ओही दुआरे अपने डेरा बलको लेइहैं ना रे गीरं
आरे बलको अधियै रतिया के नथिया कलंगिया कैं
आरे आगे आगे नन्हूवां रे मइया बलको मोरि चलि हो देइहैं, मोर बलको
कटघरा पर जाइके सारा गइयन कै कटघरवा मोर बलको हटइहैं
आरे गइया आपन कटघरा से पिपरिया में बलको नीकल के
आरे लेके चलि अइहैं बबुआ गउरवा न गुंजरे रं
आरे जेतनी बीतत जौ गउरा में आइल होई
अब काटि देबै ए भइया अ जिनिगिया ना तोहा ऽ ऽ ऽ र [१३२]

नान्हू का योगी रूप में पिपरी जाना

हां ऽऽऽऽ आं ऽऽऽ
सुबचन कहिके अपने पिपरी क लवटि देलें
लोरिक गइलें अपनी पिपरी के री बजार
तब दुरुगा से लोरिक बोलें दसो नहं मैं जोरि के
आरे माता माना बात हमार
एक बात तूं हम्मैं बताय द्या चिन्ता बढ़ल बदन में बाय
कइसे लड़ाई गढ़ पिपरी कै होई
कइसे पिपरी के चलब बजार
एकर भेद बताय द्या, चिन्ता बढ़ल बदन में बाय
माई जबले गउरा में ए मोरि मइया
हरदिया से हम घुमि रे अइलीं
आरे तबले फेरवा में परल बा ए मोरि मइया जिनिगियौ रे हमं
आरे माई अब एक्को अकिलिया करवा न करति रे हउवै
आरे कइसे छूटि जाई ए मावा दुःखवौ रे हमं
आरे दुरुगा धीरे धीरे लोरिक के गउरा में समुरेझावें
आरे हइहै सुनब्या सुनब्या बेटवा फुलरे झरुवा
आरे तनी मनबो बेटवा कहनवां रे हमं
आरे जवन जवन बतिया बबुआ गउरा में हमसे कहा
आरे हइहै काटि देई ए ललवा बिपतियौ रे तोहं
आरे तब धीरे धीरे लोरिक दुरुगा से कहै रे लागल
मोर भाई नान्हूँ के जोगिया रूपवा गउरा बनाय द्या
आरे नान्हूँ जइहैं ए मावा पिपरियौ की रे बजं
आरे इन्हैं सारा जोगी कै असबबवा आ गउरा में देई हो देबू
आरे तब तै दुरुगा माया के सरंगिया गउरा में बनावै रे लागं
आरे माया क कमंडल दुरुगा करति बाड़ैं तइरे यं
आरे हइहै माया क भाई सगरिया हउवै बनवले
आरे माया क झोली रे मइया घलति ना रे बनं
आरे बलको माया क गेरुवा बनवां हउवै बनवले
आरे नन्हुवां के मथवा में दुरुगा भभूतिया देवै रे लागल
आरे खड़ा तिलक रे मोरि मइया दे लै हउवै ना रे लगं
आरे माई गरवा में नान्हू के एहर मै झोलिया लटरेकावै
हथवा में कमंडल नन्हुवां के दे ले हउवै ना रे थम्हं

आरे बलको एहर मैं पितरी क कमंडल हथवा में हउवै थमहवलैं
आरे दुरुगा गढ़ि गढ़ भजनियां नन्हूवां के लगल बतावै
आरे नान्हू से कहलेस बचवा धीरे धीरे सरंगिया तनी बजाय द्या
आरे तोरे सरंगी क तनी एकन बेटवा मैं सुनि लेइत खेलरे वं
आरे तब तै अइसन सरंगिया नन्हुवां लगल बजावै
आरे जेम्मन छत्तिस रे मइया बेधत हउबै बलको रे रं
आरे नान्हुं अइसन भजनियाँ गउरा में गावै रे लागै
आरे बलको चिरिया चुरुमुन रे मइया मोहितवा होइ रे गइलैं
आरे एक मोहित जौ होइ गयल ए बबुआ गउरवै कै हो बाजं
आरे अइसन जोगी नान्हूँ बनल बाड़ै जइसे उत्रल बाड़ैं रे मोरि
म ऽ ऽ ऽ ऽ इया अ दुइजिया कै रे चा ऽ ऽ ऽ न [१३३]

नान्हूँ का पिपरी की गलियों में भजन गाना

आं ऽ ऽ ऽ ऽ हां ऽ ऽ ऽ ऽ हां ऽ ऽ ऽ ऽ
तब दुरुगा नान्हू के जोगी रूप बनाय के पिपरी के भेज दे लैं बजार
जब नान्हू पिपरी में गइलैं
आरे जोगिया की गलिया भजनियां मोर गावै रे लागैं
आरे बलको एइसन भजनिया मोर गलिया में गावत रे हउवैं
आरे पिपरी के लोगवै रे मइया मोहित हउवैं होई रे जं
आरे बलको एइसन हम जोगिया जौ कबहुँ ना बलको रे देखल
आरे जोगी दरसन करै जोग कै आयल बा पिपरियौ की रे बाजं
आरे बलको ओगर मै पिपरी जौ पीछे पीछे घूमै रे लगल
आरे बलको दुआरी दुआरी भजनिया नान्हूँ गावै रे लागं
आरे बलको एहर घूम घूम के नन्हुवां सरंगियो ना लागल बजावै
आरे बलको चउमुख से घूमत घूमत मइया
आरे दूसरे कोनवां पर पहुँचि रे गइलै
आरे जहाँ हइहैं कलंगी मोर संड़वा जो कोल्हुवै मै जोतल रे जालैं
आरे जाइके दुआरी पर नन्हुवा भयल हउवैं तइरे यं
आरे एहर मैं त देखा कोल्हुवौ में संड़वा कलगिया मोर चलति रे हउवैं
आरे भजन सुनि के दुआरी पर मइया भयल हउवैं तइ रे यं
आरे एहर बड़े जोर में कलंगिया मोर कोल्हुवा में घूमै रे लागल
आरे एहर नान्हूँ बइठ के चउतरा असनवा न हउवैं लागवले
आरे भजन गावति हउवै पिपरियौ की रै बाजं

आधी रात तक भजन सुन कर सम्पूर्ण गाँव का सो जाना

आरे नान्हू अइसन अवजिया पिपरिया में देति रे हउवैं
आरे ओगरा गउवां भजनियां जौ रतिया में सूनै रे लागल
आरे जब आधी रात में भजनियां मोर गउले रे हउवैं
आरे तब तै ओगरा गउवां सूतै बलको चलि हो गइलैं
आरे तब तै कलंगी के नथिया तेली के दुअरवा से काटि रे देलं
आरे बलको अंगवा अंगवा जौ नन्हुवां मोर चले हो लागल
आरे गइयन के कटघरवा के पंजरे गयल हउवै निअरे रं
आरे एहर सारी गइया मै छुरी से कटघरा बलको खन्ने रे लागं
आरे नान्हूँ धीरे धीरे गइयन के कटघरवा पैर समुरे झावं
आरे एतना सोरवा ए गऊ पिपरियें में कइ हो देलू
आरे पिपरी सारा जागि जाला मइया पिपरियौ की रे बजं

नान्हूँ का पिपरी में कटघरे से सारी गायो का खोल देना

आरे एहर सारा कटघर वा नन्हुवां मै हउवै हटवले
आरे जब गइया रे मइया फोंफरवा मोर पाइं हो गइलीं
आरे हइहै अगवां अगवां जौ नन्हुबा मोर दउरै रे लागं
आरे एहर सारी गइया बलको पराइल हई रे जं
आरे एहर देवसी रे मइया आ एहर बनछिउलिया में बइठल रे हउवैं
आरे हइहै जोहत बाड़ैं लोरिक कै पंयड़ा संझवौ रे बिहं
आरे तब ले एहर गइया मइया पराइल जाति रे बाड़ीं
आरे एहर अंजोरिया मइया रतिया न उदै रे हउवैं

देवसिया का बाण लेकर पीछा करना और गायों को रोक लेना

आरे एहर देवसी के कनवां में गइलै सबदियौ न रे सुनांय
आरे तब तै भागल भागल देवसी उत्तर कोनवा पर पहुँचि रे गइलैं
आरे ओहर से नन्हुवां से गइया लखेदले बलको रे बं
आरे बलको परि गइल मइया नजरिया रे देवसी कैं
आरे देवसी आपन लेहले बनवां अगनिया कै दउरै रे लागल
आरे नान्हूँ छोड़ि के गइया देवहवा में कूदि रे गइलैं
आरे नदिया मोर उतर गयल मइया देवहवौ जौ ओहि रे पं
आरे भागल भागल गउवां रे मइया गउरवा में पहुँचि रे गइलै
आरे लोरिक के गोड़वा पर बलको गिरत हउवै भहरे रं
आरे सारा गइया ए भइया पिपरिया से लेइ रे आवा

आरे तवन बिचत्रा में सारा गइया देवसिया मोर छेकि रे ले लैं
आरे नाहीं उतर गइलीं देखब्या देवहवो जौ ओही रे पं
आरे जौ फिन पिपरी में घुमाय के ले जाला
नाहीं तौ छुटिहैं रे मोरि म ऽऽऽऽ इया
आ गइया ना रे हमा ऽऽऽऽऽ र [१३४]

घोड़ा मंगर पर सवार होकर लोरिक का पिपरी पर चढ़ाई करना

आं ऽऽऽऽ हां ऽऽऽऽ हां
जब एतनी बात लोरिक मोर सुनलैं
टप दे मंगर घोड़ा कै तबेला गइलैं रे निअराय
जाइके सिकड़ी मां तबेलवै क खोलि दे लें
आरे पकड़ के चोटी मंगर घोड़ा कै ले जाके बंगले कइलैं तइयार
जीन पाखर पीठिया पर रखलैं
आरे मुहें सोनन कै चढ़ावै लै लगाम
साठि साठि मोहर गरदन में छोड़लैं टीका मथवा पं
आरे चउदह कोस में भयल ओजरार
नलवन में घुंघरु बन्हि गइलैं
आरे पोंछियन मूंगवै देलैं रे गोंछवाय
तनलस बाग जब घौड़े कै चढ़ाय के
अपने देखा गढ़ गउरा में
आरे एहर देखा भाई, बान्हि पाग जब रे नरमन कै
जेकर चीर रे नेतर फहराय
साद परद कै तावा पितरिन कै
आरे बलको छतिया ले लैं रे बन्हवाय
सारा असबाब गउरा में चढ़ावैं
आरे बायें बगल में ओड़न
दहिने खींचि के बिजुलिया खांड़
चम चम चम चम चमकै ले चन्द्रमा
चमकन लागै लें माथ लिलार
सोरह सै कंटाइन सुमिरं आरे सोरह सै मरी रे मसान
सोरह सै दल छोहरी मै सुमिरै आरे जवन रुवौं रे रुवां असवार
ब्रह्माइन बोहवा के सुमिरैं आरे जवन संवरू दादा कै पुजमान
गोरया डीह गाइन कर सुमिरैं गोरया उछरै अट्ठारह हाथ
बायें बनसतिया के सुमिरैं दहिने बलको सुमिरे दुरुगा माई

छतीसै कोट के देवता सुमिरैं आरे जवन रुवां रे रुवां असवार
तब नान्हूँ के पजरे बोलावे आरे नान्हूँ मनब्या बात हमार
कउनो घटवा से उतरल रहल्या एकर भेदै देब्या रे बतं
आजु आधो रतिया चढ़ा गढ़ पिपरी
आरे बिहाने लूटबि रे मोरि म ऽ ऽ ऽ इया
आ ढोलिया ना रे बजा ऽ ऽ ऽ य [१३५]

कोल माकर द्वारा खुदवाये गड्ढे में घोड़े का गिर कर अटक जाना तथा बनसत्ती व दुरुगा की सहायता से उसको बाहर निकालना

जब बीर लोरिक गउरा अद्धी रात में घोड़ा आपन कसि कैं,
अंजोरिया रात ठहाठह उड़ल एहर घोड़ा
आपन लात धरती में लात दबलस तीन तीन रे जोजन मेंड़राय
उतर घोड़ा नद्दी मोर उतरलैं तब गढ़ पिपरी में जाके गोइड़ें में चूइ गइलैं
जब घोड़ा पिपरी में चूवल फोन घोड़ा मारै लात धरती में
आरे बलको तीन तीन रे जौजन मेंड़राय
अद्धी रात में घोड़ा मांगर कोलमंकरे के अंगने भयल ले तइयार
जहां गड़बड़ा कोलमाकर खनवावै
आरे एहर कुववै देलैं रे खनवाय
उपरां से टाटी अगंनवैं रखवाय दें
आरे बलको बालू देलैं रे फेंकवाय
एहर मैं सारा असबाव बिछाय देई
ओही में घोड़वा राति में पहुँचल
चारिउ टाप टापी पर देहल घोड़ा मंगर गिर गइलैं
नीचे जाइके अँड़सि गइलैं आरे तब मंगर घोड़ा हहहै
रूवत बाड़ें रे मइया पिपरिया की रे बजं
आरे तब तैं हमरे ए भइया जिनिगिया जौ नाही रे बचिहैं
आरे पिपरी जौं जगि जाला मटियन से बबुआ देई बलको तोपरेवं
आरे लोरिक बायें बनसतिया मांतरियै मोर सुमिरत रे हउवैं
आरे दहिने सुमिरै मइया दुरुगवा आपन रे मं
आरे दुरुगा पहुँचि कै मैं चोंटिया घोड़वा कै धइलैं रे हउवै
आरे बनसत्ती पिछवां से पोंछिया घोड़वा कै हउवै उठवलैं
ली आय के बलको अंगने कररवा पर रे मइया करति हउवैं तइरेयं
आरे एहर कोलमांकर ए बबुआ कीलवा में सुतलरे हउवैं
आरे रानी धीरे धीरे राति में चलत हउवै समुरे इं

आरे हम धन सूतले में समियां सपनवां जौ सूनत रे बाड़ी
आरे कउनो अंगने में मुदई ए मइया भयल हउवें तइरे यं
आरे एहर सारा मै देवतवा कीलवा पर दउरति रे हउवें
आरे इहै सपना ए समियां सुनति हई ए बड़िरे यं
आरे तबले राजा कोलमांकर पिपरिया में बिगड़त रे हउवें
आरे जूठे मुहें सूत गइलू सुतले में गोपिया हई बलको फहिरे रं
आरे चूप मारि के सूतबूं ए गोपिया गउवां रे पिपरी में

लोरिक द्वारा कोल मांकर की गर्दन काटा जाना

आरे तब ले दुरुगा लोरिक के पजरवें गइल हउवें नियरे रं
आरे अब तूं काटि लेबा ए बचवा जो मथवा कोलमाकरे कै
आरे टप दे लोरिक रे मइया बड़े जोर से ललरे कारें
आरे कोल्हमांकर किलवा में बबुआ भयल हउवें तइरे यं
आरे जब घूमि गइल ले मइया खंडिया रे अहीर कै
आरे मथवा कोलमांकर अंगनवा गिरत हउवें भहरे रं
आरे तबते सुरसा डाइन डांकि के मथवा कोलमांकरे कै हउवै उठवले
आरे हइहै धरिया में धरिया मोर घलति बाड़ें ना रे लगं
आरे मुहवां में अमरित चीरि के कोलमांकरे के हउवे पिअवले
आरे एहर किलवा में बबुआ भयल हउवै तइरे यं
आरे तबले दुरुगा बड़े जोर से मइया मोर कीलवा में ललरे कारें
आरे लोरिक कै घुमि गइलें बबुआ बिजुलिया न बलको रे खं
आरे एहर कोलमांकरे के धरिया धरतिया में गिरि हो गइलीं
आरे दुरुगा मथवा उठाई जब हथवा में अपने रे ले लीं
आरे एहर सुरसा डाइन के असनवां अंगवां जौ देबै रे लागं
आरे तबले लोरिक के धीरे धीरे मइया असनवां मोर देइ हो देलं
आरे सुरसा डाइन के दूनों मै लुलुहवा खंड़िया से काटि रे देलें
आंगने में दुरुगा देहलस रे मइया मउरियौं मोर ढेंगरे लं
आरे फुंकलसि जात बाड़ी आरे पिपरी के तड़कल हउवै रे
मोरि म ऽ ऽ ऽ ऽ इया अ बड़ें रिया कै रै बां ऽ ऽ ऽ स [१३६]

पिपरी को भस्म कर लोरिक का घोड़े के साथ गउरा वापस आने की तैयारी

आं ऽ ऽ ऽ ऽ आं ऽ ऽ ऽ ऽ
फूंकि के गढ़ पिपरी तड़कै बड़ेरिया कै बांस
घोड़ा घुमाय के वीर लोरिक चललें गउरा की हो जौ बजार
ले के घोड़वा मोर भगवले जालं

आरे वन छिउली मोर गइलें रे निअराय
जेम्मन देवसी बलको बइठल हउवें
आरे घोड़ा टपिया बजे ले अन्तः काल
देवसी के काने में सबदियै लागि गइलीं
हाली हाली कोने पर गयल ले निअराय
देखलसि घोड़वा मो बीर लोरिक कैं
आरे भइया मनब्या बात हमार
कहवां तू घोड़वा ले ले जाल्या
आवा हमसे कइ लेब्या मो भेट दीदार
बहुत दिन चलत मैं हमरी तोहरी
आवा बलको कइल्या भेंटिया मुलुकाति
भइया आवा समुझउता जंगलवै में होई
आरे लोरिक घोड़वा में देलैं रे घुमाय
जब देवसी के पंजरे पहुँचं
आरे पीटि पीटि सूरती उड़ावति बाय
लोरिक लेके अंगवा हाथ बढ़ावैं
आरे देवसी चांपलै हो अगिन कर बान
जोति के मैं बनवां देवसियै मरलस

देवसी के बाण लगने से लोरिक की जाघें सट जाना

दूनों जघवां लोरिक के सटि गइलै
आरे तब ले मंगर पंजरे गयल बा निअरे राय
थामि के खोपड़वा मै बीर लोरिक कं
आरे मंगर तीनि तीनि रे मोरि मइया जोजनवा हीं मेंड़रे रं
आरे मंगर ऊड़ल ऊड़ल लोरिक के लेके गउरवा में जाइ के चूई रे गइलैं
आरे मंजरी कै चूवल बाड़ें घोड़वा आरे पवनवीं ना रे दुअं
आरे मंजरी मैं पीटि पीटि कै छतिया अत्र गउरा में रूवत रे हउवें
आरे अधजल में डूबि गइलैं रे मोरि मइया आ डोगवीं नारे हमं
आरे हइहै सामी कै मरनियां भइल वा गउरा में गइल बारेमोरि म ऽऽऽ इया
अ बिपतिया निअरे रा ऽ ऽ ऽ ऽ य [१३७]

मंजरी का रुदन

हां ऽ ऽ ऽ आं ऽ ऽ ऽ
एहर बीर लोरिक कै लगल बान देवसी कै मंजरी रुवति अन्तः काल
एहर देवईत चनराईत मेवा करने से लड़ने बलको आवत हउवें

आरे लोरिक के पवनवैं मैं गइलैं रे दुअं
कवने में करनवा दादा बइठल बाड़ा
एहर बलको मंजरी जौ रुवत बाड़ै
आरे गोपी के झर झर बहै जौ नयन से आंस
तब ले भोरिक पजरे मो जाइके खड़ा भइलैं
काहे बदे माई रुवत बाड़ी
तब तैं धीरे धीरे मंजरी समुझावैं
आरे बचवा मनब्या बात हमार
लागल बाड़ैं बनवां तोरे रे बबिले के
दूनो जंघवा एक्कै में सटि गइलैं
आरे बबिलैं मरन गइल रे निअराय
एतनी बात देवाइच सूनैं
आरे बलको जरि के भसम होइ जाय
बोलत बाड़ैं बेटवा जब सतिया कं
आरे भइया मनब्या बात हमार

सतिया के पुत्र देवाइच का देवसी से लड़ने का आग्रह

बढ़ि गयल मनवां जब देवसी कै
आरे हमरे दादा के गाइन के मारैलैं अड़ार
सारा मो गइया देवसिया लूट लैं
आरे गउरा उपर गइल सोर हमार
चला भइया भेंटिया देवसियै से करीं
आरे तनी कइलेईं भेंट मुलकात
कि त देवसी के भइया हमहीं जो मारं
आरे कि त जिनगी दे देबै गहिरवा घाट
एतनी बात जब कहलैं देवाइं
आरे मंजरी मोरि पीटि पीटि के छतिया
अब किलवा में रुवत रे हउवैं
आरे बचवा तोर अउरो रे मोरि मइया
अकिलिया बलको बउरे रं
आरे मंदा बलको हउवै ए ललवा गउरवौ मे रे गियं
आरे बचवा अबहीं बारह बरिसवा के गिदरवा गउरा जनमल रे हउवै
आरे देवसी न छोड़ि ए ललवा ओ जिनिगियौ ना रे तोहं

मंजरी के लड़के भोरिक का तड़प उठना

आरे तबले तड़पति बाड़ैं रे मइया
आरे बेटउवा रे मंजरी कै
आरे माई तोरि गइल बाड़ैं गउरा में
अ अकिलिया जौ मोर बउराय
आरे जबले देवसी के ना मरबै
तबले हम अनकै एक मावा किरियवा जौ बोलत रे बाड़ी
आरे पनिया जौ सूअरि रे मोरि मइया
हम बोलत बाड़ी ना रे हरं
आरे हमके घुटिया हो मावा अ गउरवा बलको देइ हो घलबू
आरे तब तै मंजरी मोरि पीटि पीटि के छतिया
अब कीलवा में रुवत रे हउवै
आरे बचवा तोहरे बाबिले कै गतिया ललवा अब
बलको एठियन बीगर रे गइं
आरे तोहन लोगन कै लैके हम सनतोख करबै
ललवा हम गउरवैं अपने जो गुंजरे रं
आरे तबले एहर धीरे धीरे देवइचा औ मंजरी के समुरे झावैं
आरे बइठा बइठा मावा अपने बलको अ गउवां न गढ़ रे गउरा
आरे हमहन जाति बाड़ी मतरिया अ पिपरियौ की रे बाजं
आरे हमरे दादा के दूनो जंघवा अ एक में बलको सटल देखत रे बाड़ीं
आरे तब ले हमरे बूतवा ना ए मतरिया अ रहल बा नाहीं रे जं
आरे तब ते एहर तीनों मोर गिदरवा अ गउरा में बलको साजै रे लगलैं
आरे एहर मलवा संवरू कै टूटहवा बनवा देवइच बलको लेई हो ले लें
आरे लोरिक एहर बायें मोर ओड़नवा अ भोरिक कै बान्हि हो ले लें
आरे दहीने चापि के बन्हलसि रे मोर मइया
अ बिजुलिया बलको आपन रे खं
आरे एहरवैं सारा जो देवतवा आ गउरा सुमिरत रे हउवैं

तीन छोटे बच्चों का पिपरी पर आक्रमण

आरे तीनो पिपरी कै ए मइया अ चढ़इया बलको कइ हो देलैं
आरे नदिया के पजरे रे मोरि मइया अ गयल हउवैं निअरे रं
आरे नाहीं डोंगवा के कत्तों पतवा अब घटवा में लगत रे हउवैं
आरे तीनों नदिया में पंवर के हो मइया
अब नदिया बलको डांकै रे लगलैं

आरे बीच दरियउवा में तीनों मोर गिदरवा अब नदिया में बूड़ै रे लागं
आरे तब ले दुरुगा धइलै हउवै रे मइया अब रूपवा रे चीलिहया कै
आरे तीनों गिदरन के चंगुल में रे मइया अब लेहले हउवै नारे फंसांथ
आरे तीनों गिदरन के ले जाके बनछिउली के कररवा पर बइरेठावैं
आरे तीनों गिदर आपन आपन कपड़वा अब घटवा पर बदलै रे लागैं
आरे तब तै दुरुगा धीरे-धीरे रे मइया अ घलति बाड़ै समुरे झं
आरे बचवा सोझै मोर देवसिया आ जंगलवा में बलको लवकत रे हउवै
आरे एहर देवाइच चनराइत बीर लोरिक पंजरवां
देवसी के पहुँचि रे गइलैं
आरे बलको देवसी के सोझई रे मोरि मइया
आ नजरिया बलको परि हो गईं
आरे देवसी बड़े जोर से बबुआ अ जंगलवा में बोलत रे हउवै
आरे बचवा कवने मोर करनवा अ जंगलवा में तोनहन टहरत रे हउवा
आरे काहे बदे जंगल जंगल बचवा अ पंयड़िया तोनहन तोरत रे हउवा
आरे एकर तनी एकन देब्या ए मोरे ललवा अब भेदवौ न रे बतं
आरे टप दे बोलति बाड़ै ए यारों अ बेटउवा रे चनवा कैं
आरे बाबू हमहन देवसी से मोर भेंटिया
जंगल करै बलको आयल रे बाड़ीं
आरे जवन देवसी दादा के मरले हउवैं रे मइया
आ अगिनिया कैं बलको रे बं
आरे जउने दादा कैं दूनो बलको जंघवा अब एक में हइहै सटत रे हउवैं
आरे कब देवसी कैं काटि लेबै रे मइया मथवौ मै ललरे क
आरे तब लै धीरे धीरे देवसिया गिदरवन के समुरेझावै
आरे बचवा एक्कैं मोर लड़िकवा अब संवरू के जनमल रे हउवै
आरे एक बेटवा चनवा की कोखिया अ लेहले हउवै तोनहन अवरे तं
आरे एक्कै बेटवा ना रे मोरि मइया तूं मंजरी के जनमल रे हउवा
आरे काहे के जिनिगी देत बाड़ा ए बचवा अ पिपरियौ की रे बाजं
आरे तबले जरति बाड़ैं रे मइया अ बेटउवा रे चनवा कै
आरे बलको जरि जरि के गिदरवा अ भसमवां हउवैं होई रे जं
आरे बिना माथ कटलै अ बनछिउलो में नाहीं छोड़ब रे
मोरि म ऽऽऽ इया अ दमिया ना रे तोहा ऽऽऽ र [१३८]

बारह वर्ष के तीनों बच्चों का देवसी पर आक्रमण

हां ऽऽऽऽ आं ऽऽऽऽ

मंजरी के लड़के भोरिक का तड़प उठना

आरे तबले तड़पति बाड़ैं रे मइया
आरे बेटउवा रे मंजरी कै
आरे माई तोरि गइल बाड़ैं गउरा में
अ अकिलिया जौ मोर बउराय
आरे जबले देवसी के ना मरबै
तबले हम अनकै एक मावा किरियवा जौ बोलत रे बाड़ी
आरे पनिया जौ सूअरि रे मोरि मइया
हम बोलत बाड़ी ना रे हरं
आरे हमके घुटिया हो मावा अ गउरवा बलको देइ हो घलबूं
आरे तब तै मंजरी मोरि पीटि पीटि के छतिया
अब कीलवा में रुवत रे हउवै
आरे बचवा तोहरे बाबिले कै गतिया ललवा अब
बलको एठियन बीगर रे गइं
आरे तोहन लोगन कै लैके हम सनतोख करबै
ललवा हम गउरवैं अपने जो गुंजरे रं
आरे तबले एहर धीरे धीरे देवइचा औ मंजरी के समुरे झावें
आरे बइठा बइठा मावा अपने बलको अ गउवां न गढ़ रे गउरा
आरे हमहन जाति बाड़ी मतरिया अ पिपरियौ की रे बाजं
आरे हमरे दादा के दूनो जंघवा अ एक में बलको सटल देखत रे बाड़ीं
आरे तब ले हमरे बूतवा ना ए मतरिया अ रहल बा नाहीं रे जं
आरे तब ते एहर तीनों मोर गिदरवा अ गउरा में बलको साजै रे लगलैं
आरे एहर मलवा संवरू कै टूटहवा बनवा देवइच बलको लेई हो ले लें
आरे लोरिक एहर बायें मोर ओड़नवा अ भोरिक कै बान्हि हो ले लें
आरे दहीने चापि के बन्हलसि रे मोर मइया
अ बिजुलिया बलको आपन रे खं
आरे एहरवें सारा जो देवतवा आ गउरा सुमिरत रे हउवें

तीन छोटे बच्चों का पिपरी पर आक्रमण

आरे तीनो पिपरी कै ए मइया अ चढ़इया बलको कइ हो देलैं
आरे नदिया के पजरे रे मोरि मइया अ गयल हउवें निअरे रं
आरे नाहीं डोंगवा के कत्तों पतवा अब घटवा में लगत रे हउवें
आरे तीनों नदिया में पंवर के हो मइया
अब नदिया बलको डांकै रे लगलैं

आरे बीच दरियउवा में तीनों मोर गिदरवा अब नदिया में बूड़ें रे लागं
आरे तब ले दुरुगा धइलै हउवै रे मइया अब रूपवा रे चील्हिया कै
आरे तीनों गिदरन के चंगुल में रे मइया अब लेहले हउवै नारे फंसांथ
आरे तीनों गिदरन के ले जाके बनछिउली के कररवा पर बइरेठावैं
आरे तीनों गिदर आपन आपन कपड़वा अब घटवा पर बदलै रे लागैं
आरे तब तै दुरुगा धीरे-धीरे रे मइया अ घलति बाड़ै समुरे झं
आरे बचवा सोझें मोर देवसिया आ जंगलवा में बलको लवकत रे हउवै
आरे एहर देवाइच चनराइत बीर लोरिक पंजरवां
देवसी के पहुँचि रे गइलैं
आरे बलको देवसी के सोझई रे मोरि मइया
आ नजरिया बलको परि हो गई
आरे देवसी बड़े जोर से बबुआ अ जंगलवा में बोलत रे हउवै
आरे बचवा कवने मोर करनवा अ जंगलवा में तोनहन टहरत रे हउवा
आरे काहे बदे जंगल जंगल बचवा अ पंयड़िया तोनहन तोरत रे हउवा
आरे एकर तनी एकन देब्या ए मोरे ललवा अब भेदवौ न रे बतं
आरे टप दे बोलति बाड़ै ए यारों अ बेटउवा रे चनवा कैं
आरे बाबू हमहन देवसी से मोर भेंटिया
जंगल करै बलको आयल रे बाड़ीं
आरे जवन देवसी दादा के मरले हउवैं रे मइया
आ अगिनिया कैं बलको रे बं
आरे जउने दादा कैं दूनो बलको जंघवा अब एक में हइहै सटत रे हउवैं
आरे कब देवसी कैं काटि लेबै रे मइया मथवौ मै ललरे क
आरे तब लै धीरे धीरे देवसिया गिदरवन के समुरेझावै
आरे बचवा एक्कैं मोर लड़िकवा अब संवरू के जनमल रे हउवै
आरे एक बेटवा चनवा का कोखिया अ लेहले हउवै तोनहन अवरे तं
आरे एक्कै बेटवा ना रे मोरि मइया तूं मंजरी के जनमल रे हउवा
आरे काहे के जिनिगी देत बाड़ा ए बचवा अ पिपरियौ का रे बाजं
आरे तबले जरति बाड़ैं रे मइया अ बेटउवा रे चनवा कै
आरे बलको जरि जरि के गिदरवा अ भसमवां हउवैं होई रे जं
आरे बिना माथ कटलै अ बनछिउली में नाहीं छोड़ब रे
मोरि म ऽ ऽ ऽ इया अ दमिया ना रे तोहा ऽ ऽ ऽ र [१३८]

बारह वर्ष के तीनों बच्चों का देवसी पर आक्रमण

हां ऽ ऽ ऽ ऽ आं ऽ ऽ ऽ ऽ

तब तीनों गीद ऽ ऽ र देवसिया से बोलैं
आरे न पीछे गोड़ हटाइब न कादर घलब रे कहाय
कहै करा तूं उबार देवसी ए जंगल में
तनी तोर रे देखीं रे मनुसाय
एतनी बात जब देवसी सूनैं
जेकरे झर झर बहत ही नयन से आंस
देखले से हमके रुवाई आवै
बारह बारह बरिस कै गीदर जब एक्को बान जब हम चढ़ाय के मारि दं
आरे तोहर पता न चली ठेकान
आखिर जिनिगीं तोहार भइया जइहैं
आरे गउरां रोई रे कुटुम पलिवार
माइ मंजरी जो गउरां में रोइहैं
आरे गउरा उपर जाइ सोर तोहार
एतनी बात जब बोलैं गीदं
आरे जेकर चनराइत परल ही नांव
उहो मरम बबुआ जिन जान्या नाहीं कादर में गिनती हमार
सुनिल्या बबुआ बात तनो म्हेरा
राठी कुल कै जनमल बाड़्या आरे राठी कुल में लेला रे अवतार
नाहीं बाबिल कब्बो पीछे हटलैं
आरे नाहीं कादर गयल रे कहाय
तोहरे मन होय तूं भागि जाब्या
आरे जंगल में नाहीं छोड़ब रे देवसिया अ जिनिगिया ना रे तोहा ऽ ऽ र
बार बार देवसिया समुझावै
कि अबहीं से घुमि के गउरा चलि जा
आरे तड़कै बेटवा चनवा कै बाबू करा उबार तोरो देखीं मनुसाय
तनलसि बान अगिनिया कै देवसो
चर चर चर चर धनुहां कइलैं
औरे पर पर करै रे अगिन कर बान
दूनों गोंछवा बनवा कै नइगैं
दूनों गोंछवा बनवा कै नइगैं (पुनरावृत्ति)
आरे जेम्मन धुवां रे गयल उधिराय
एहर बेटवा देखा मल सांवर कै
उहै ले के टुटहवा बान खड़ा भइलैं

तब ले देवसी मरलस अगिन कर बान
बाने से बनवैं ठरकावै दूसरे मों अलंगे में दे लैं रे घुमाय
एहर ललकारत बेटवा संवरू कै आरे देवसी देखु रे अगिन कर बान
पाँच बान देवसियै मारैं आरे पाँचो बान देलैं रे ठरकाय
तब ललकारत बेटवा मल साँवर कैं
आरे जेकर परल रे देवइचा नाँव
बबुआ तूं पंच पंच बनवा मरल्या
आरे तोर देखलैं अगिन कर बान
एक बान तूं हमरो देखं
आरे जेवन लरिका लगी ला तोहार
पिपरे के आड़े में हटि जाब्यां
आरे तब देखा मोर अगिन कर बान
भइया एतनी देवसी जब सुनि कैं
आरे बलको गयल रे घबड़ाय
टप दे देवसिया मोर बोलन लागै
आरे बाबू मनब्या बात हमार करा उबार बलको समने में
काहे बदे पिपरे के आड़े में देता रे हटाय
तब बोलत बेटवा चनवा कैं आरे बाबू मनब्या बात हमार
एदवां बान जौ छुटि मोर जइहैं
आरे तोर पता न लगी रे ठेकान
बनवैं के संगवा तूं उड़ि बलको जाब्या
आरे तब देवसी पिपरवा तर हटि हउवै जात
तब तनलस बान बेटा संवरू कै
चर चर चर चर धनुहां बोलै
पर पर करै लै अगिन कर बान
दूनों गोंछ बनवा कै नइगै
आरे जेम्मन धुआं गयल उधिराय
जोति के बनवा गीदर मरलै
फर जो पीपर पार निकल गइलैं

देवाइच के बाण से देवसी का जल जाना

आरे जाके लागि गइलैं रे मइया देवसिया के
अगिनिया कै रे बान
आरे देवसी खड़ैं रे मोरि माई गयल बाड़ैं नारे झुरं

आरे तीनों गिदरवा पजरवा देवसिया के पहुँचि रे गइलैं
आरे कहलैं हइहै चनराइत चला ए मोरे भइया
घुमि के गउवां न अपने गढ़ रे गउरा
आरे चला दादा के हमहन पीठिया पर लादि के रे मइया
जंगलवा में लेइ रे आई
आरे देवसी कै लेई रे मोरि मइया मथवा हम कटरेवाय
आरे तीनों गीदर रे भाई गउरवा के घूमि रे देलैं
सारे नदिया उतरि गइलैं डोंगा लेके देवहवा जौ ओहि रे पं
आरे तीनों जने जाके लोरिक के गोड़वा पर गिरि हो गइलैं
आरे दादा देवसी के रे मइया जंगलवा में मरले रे बाड़ें
आरे चलि के काटि लेब्या ए दादा मथवां तूं ललरे कं
आरे तब तै धीरे धीरे लोरिक गिदरवन कै समुरेझावैं
आरे न कर जियत होई बेटवा बनवां रे छीउलो में
आरे हइहै काटि लेई ललवा मथवौ रे हमं

लोरिक को लेकर तीनों बच्चों का बनछिउली आना
और देवसी का सिर काटा जाना

आरे तब तीनों गिदरवा लोरिक के पीठिया पर लादि हो ले लै
आरे बनछिउलो के घटवै रे मोरि मइया गयल हउवें निअरे रं
आरे तीनों गिदरवा पेटवै के निचवा हथवा हउवें लगवले
आरे एहर दुरुगा रे माई संगवा में लागल रे हउवै
आरे बलको नदिया खेते रे दुरुगा लगवलसि ओही रे पं
आरे जब तीनों गिदरवा फिर पीठिया पर लादि हो ले लैं
आरे देवसी के पजरें ए मइया गयल हउवें निअरे रं
आरे बलको खड़ा देवसिया पिपरवा तर सूखल रे हउवें
अंखिया के पंयड़े से देवसी के निकसलि रे पर
आरे जब टुकुर टुकुर देवसिया ताकत रे हउवें
आरे तब तै हिलत बाय माई टँगरिया रे अहीरे कै
आरे तबले भोरिक जाइके खंड़िया से लसिया के मारि हो देलं
आरे लोरिक पजरे रे मइया गयल ह निअरे रं
आरे बलको खड़िया से मथवा देवसिया के कटिरेवावै
आरे तीनों गिदर पीठिया पर माई जंगलवा में लदले रे हउवें
नदिया घाटे में रे माई गयल बा निअरे रं
आरे बलको तीनों गिदरवा फिन लेके पंयड़ेरावै

आरे एहर दुरुगा नोचवा जौ हथवा हउवै लगवले
आरे तीनों के उतार देले नदिया देखा मैं ओहि रे पार
आरे लोरिक के फिन तीनों गिदरवा पीठिया पर लदले रे हउवैं
आरे लेके अपने पवनवौं गयल रे दुअं
आरे एहर माई मंजरी के लोरिक किलवा पर गोहरेरावै
आरे मंजरी पजरें रे मइया गइल हउवैं निअरे रं
आरे हम्मैं छुट्टी अब देइ दा गांव गउरा में
भजन करी रे मोरि म ऽ ऽ ऽ ऽ इया अ नदी
बेवरवा के रे कीना ऽ ऽ ऽ ऽ र [१३९]

मंजरी और बच्चों को राज्य सौंपकर लोरिक का बेवरा नदी के तट पर भजन करने जाना

हां ऽ ऽ ऽ आं ऽ ऽ ऽ ऽ
तब बीर लोरिक मंजरी के पजरे बोलाय के
तीनों गिदरन के बोला के
आरे अउरो कुटुम पलिवार पजरे बोला के तब मंजरी से कहलैं
आरे भाई अब हम इहै अन तन धन लेके कनउज के ले लल्या बजार
ले ला बोहा गाइन कै अब हमार भरोसा जिन करा
आरे तब तै मंजरी मारि कै धमकत्रा अ किलवा में रूवै रे लागं
आरे समिया अपने रे मइया देवहवा पर जाति रे हउवै
आरे हमके केकरे रे मोरि मइया लगउले जाल्या बलको रे घं
आरे हमार कइसे ए दिनवां गउरवां में बीति हो जइहैं
अधजल में डुबावत बाड़ा ए समियां डोंगवौं रे हमं
आरे तब तै धीरे-धीरे लोरिक मंजरी के समुरेझावै
आरे मंजरा तीन तीन ललनवा गउरा में जनम रे ले लैं
आरे जवन हमरे समने लोहा गहलसि रे मइया पिपरियो की रे बाजं
आरे मंजरा एहर मैं कुलवा में मइया ललनवा जो जनम रे गइलैं
आरे कुल कै पालन करिहें रे मोरि मइया संझवौ रे बिहं
अब तीनों गिदरवा के गउरा तूं लेइ हो लेबू
आरे बइठल भूंजबू ए रनिया एकवटे में बलको रे रं
आरे लोरिक सारा धनवां अब गउरा कै तजि हो दे लैं
आरे नदी बेवरा पर कूसै कै मइया मड़इया न हउवै लगावैं
आरे कुसवन कै टाटी गिदरवा बलको देहले हउवैं बन्हरे वं
आरे ओनके कुसवा कै सदरी मड़इया में के हउवैं बिछावत

आरे एहर लोरिक के मोर पीठी पर गउरा में लादि हो ले लैं
आरे नदी बेवरा पर गिदरा गयल हउवें निअरे रं
आरे हइहै कूसे के मड़इया नदिया पर बइरे ठावें
आरे भजन करे लागल लोरिक मोर संझवी रे बिहं
आरे जेके छवै महीनवां अ नदिया पर बीति हो गइलें
आरे बलको जेकर मरन रे मइया गइल हउवै निअरे रं

बेवरा नदी के तट पर लोरिक का चिता बना कर अग्नि में भस्म होना

आरे तब तै गिदरन के मइया गउरवा ले बोल रे वावें
आरे बचवा मेवा करने से गिदरवा लकड़ियौ मोर कटरे वावा
आरे हमके चुनि चुनि के चीतवा अब देब्या बलको ना रे लगाय
आरे हमै चीतवा पर गिदरा भसमवा जब होइ रे जइबै
आरे हइहै बनि जाई ए बचवा मुकुतियौ रे हमं
आरे हइहै सारा दिनवां मरै क मोर हउवें बतवले
आरे तब ते एहर गिदर चुनि चुनि के चितवा घटवा में हउवे लगवले
आरे एहर चन्नन के लकड़िया देहलै हउवें झोंकरे वं
आरे जवने दिन मरन रे मइया लोरिक कै जौ होइ रे गइलें
आरे गीदर चितवा त मइया करत हउवें तइरे यं
आरे एहर फुंकलसि रे मइया अगिया रे चीतवा में
आरे बलको जरत नद्दी मोर बेवरवौं के रे किनं

बच्चों का पिपरी से गायों को लौटाना तथा मंजरी का राज्य करना

आरे तीनों गीदरा रे मइया गउरवा के घुमि रे गइलैं
आरे मंजरी रूवत बाड़ै हो मइया गउरवा न गुंजरे रं
आरे,एहर सारी गइया पिपरियै से लवरे टवलं
आरे नान्हू लेके जाके गाइन में मइया भयल हउवें चररे वाह
आरे एहर मंजरी रे मइया गउरा में
बलको जौ देखब्या हो बइठि के
आरे गोपी भूंजति बाड़ै एकवटे में बलको रे रं
आरे एहर सारा बतिया मंजरी कै रुकि रे गइलैं
मंगर बलको घोड़वा तबेलवा में बान्हि हो गइलैं
आरे एहर मंजरी बिपत काटै रे मइया अ संझवौ रे बिहं
आरे एहर लोरिकी ए यारों एठियन खतम रे भइलैं
आरे एहर आँगवा के बबुआ सुनि लेब्या खेल रे वं

आरे गंगा की दूकानी में गोलिया मोर बइठल रे हउवें
आरे भजन होत बाड़ें हो भइया संझवौं रे बिहं
आरे एहर परानापुर गउवां जनमवां हो मोर होई रे गइलैं
आरे पांचू भगत रे मोरि मइया परल हउवै बलको रे नांव
आरे रात दिन भजन करत बाड़ें अ हइहै जपत बाड़ें
म ऽ ऽ ऽ लवा अ संझवा ना रे बि ऽ ऽ ऽ ऽ ऽ हान ऽ ऽ ऽ [१४०]

● ●

समाप्त

भावार्थ, शब्दार्थ
तथा
टिप्पणियाँ

सुमिरन

रामनाम का स्मरण करते हुए गायक कहता है जैसे दूध पीने से शक्ति बढ़ती है, वैसे ही रामनाम के जप से ज्ञान बढ़ता है। लड़की अपने पति के घर बढ़ती है और तर्क से समय बढ़ता है। साँझ और सुबह तुम राम का नाम न छोड़ो। यदि तुम रामनाम भूल गये तो तुम्हारा शरीर मिट्टी में मिल जायगा। रामनाम के जप से पाप का पहाड़ कट जायगा। तुम्हारे संगी-साथी और समवयस्क लोग छूट जायँगे। घर-कुटुम्ब और परिवार छूट जायगा। स्त्री से तुम्हारा सम्बन्ध छूट जायगा और सारा मुल्क और संसार छूट जायगा। अतः ऐ जवानों, रामनाम मत भूलो। राम के संग में रामायण चला गया और अर्जुन के साथ पाँचों वाण चले गये। सहदेव के साथ पोथी और पंचांग चला गया। कौन पंडित वेद और पुराण बांचेगा। भीम के साथ पुरुषत्व चला गया। रावण के साथ अभिमान चला गया। अन्न में उत्तम गेहूँ है और धन में कपिला गाय है। कपड़ों में उत्तम कम्बल है कि धोबी के घर नहीं जाता। लकड़ी में उत्तम अगियार चन्दन (धूप) है और पत्तों में मगही पान है। स्त्रियों में उत्तम सीता जी हैं जिनको पुरुष भगवान मिले।

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—गुन = गुण। गियान = ज्ञान। सजन = पति। तरकिया = तर्क। जिन = मत। अउरु = और। अवघट = कठिन, दुर्गम। मटियैं में = मिट्टी में। तोहार = तुम्हारा। संघी = संगी। समउरिया = समवयस्क। कुटुम = कुटुम्ब। घरुनी = घरनी, पत्नी। नाता = सम्बन्ध। अन = अन्न। नोना = उत्तम। कपिलवा गाय = कपिला गाय, सफेद रंग की गाय। कमरा = कम्बल। कब्बों = कभी। मोला आगि रे चन्नन = अर्थ स्पष्ट नहीं है, संभव है यह मलयागिरि चंदन हो। दूसरी सम्भावना अगियार की है। अगियार वह चंदन है जिससे धूप बनता है। आगि = आग। चन्नन = चंदन। पत्तल = पत्ता। मगहिया = मगह का। ढोली = दो सौ पानों की गड्डी। तिरियन = स्त्रियाँ। पूरुस = पुरुष। सहदेव = महाभारत के पांडु के पांच पुत्रों अर्थात् पांडवों में से एक। ये सबसे छोटे थे और विद्वान थे।

भिम्हल = भीम, पांडवों में से एक। ये युधिष्ठिर से छोटे तथा अर्जुन से बड़े थे। ये अपनी वीरता के लिए प्रसिद्ध थे। सुख में भगवती गाती हैं। युद्ध में दुर्गा माँ गाती हैं। स्वर में सरस्वती गाती हैं जो गायकों की माँ लगती हैं। माँ! जैसे तुमने भ्रमर को स्वर दिया जो बाँस की शाखों पर गाता है, उसी प्रकार तुम गायक को स्वर दो ताकि मैं तुम्हारी कीर्ति नित्य गाऊँ। (१)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—भुगु = सुख, भोग। जुझु = युद्ध। सुखै में = सुर में, स्वर में। सुरसती = सरस्वती। गायन = गायक। माइ = माँ। गर = गला। भँवरा =

भ्रमर । गोंइंजे = गूँजता है । कइन = बाँस की शाखें, छड़ियाँ जो बाँस से निकलती हैं। पोर = गाँठ । किरतिया = कीर्ति ।

सुमिरन के बाद गायक गढ़ गउरा का वर्णन करता है, जिसमें तिरपन बाजार हैं। इसमें तेली, तमोली, मड़भूजे तथा कलवार बसते हैं। इसमें रघुवंशी, यदुवंशी और ग्वाल भी बसते हैं। घर-घर में अखाड़ा है जहाँ सुबह-शाम लेजम घूमता है। वहाँ सात कोस का बोहा है और चौदह कोस का चरागाह है। वहाँ लक्ष्मी का निवास है। ब्रह्मा वहाँ रथ हाँकते हैं। वीर लोरिक का तेग वहाँ से सारे संसार में झंकार कर उठा है। बोहा में सोलह सौ कंटाइन हैं। सोलह सौ मरी हैं और मसान हैं। वहाँ ब्रह्माइन भी हैं जो सँवरू के लिए पूज्य हैं। बायें बनसत्ती हैं और दाहिने माँ दुर्गा हैं। लक्ष्मी वहाँ बैठी हुई हैं अर्थात् वहाँ समृद्धि है। (२)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—बारहनपाल = बारह पल्ले का, बारह पल्लिका या पुरे का । निगी = कमर में । गुवाल = ग्वाल । अखढ़वा = अखाड़ा । लेजिम = लेजम । एक कमान जिसमें लोहे की जंजीर और कटारियाँ रहती हैं। पहलवान व्यायाम के लिए इसे प्रयुक्त करते हैं। बिड़र = दूर-दूर तक फैला हुआ । लछमी = लक्ष्मी । गोड़वन तोरि-तोरि बइठ = लक्ष्मी पैर तोड़कर बैठी हुई हैं। सवंसार = संसार । कंटाइन = चुड़ैल । मरी = एक प्रकार की प्रेतात्मा । मसान = भूत, पिशाच । ब्रम्हाइन = ब्रम्हाणी । गोरयडीह = पशुओं के रहने के स्थान का डीह देवता । बनसतिया = वनस्पति । गोड़वा = पैर । संझवा = सांझ । बिहान = सुबह ।

* *

अध्याय १

मलसांवर का विवाह

भावार्थ—गायक कहता है कि अब आगे की कथा सुनो। गढ़ गउरा का धोबी जिसका नाम अजई है, गढ़ सोहवल में चला गया जहाँ का राजा बमरी है। बमरी के सात बेटे हैं, जो सिंह और बाघ का शिकार करते हैं। कोई सूँस और घड़ियाल पकड़ता है। बमरी का बेटा दसवंत माँ की कोख में दस मास तप चुका है और मिम्हली तेरह मास। दसवंत तथा बमरी के अन्य पुत्र सभी अमर होकर उत्पन्न हुए हैं। बमरी ने यह प्रण कर रखा है "मैं ससुर नहीं

कहा जाऊँगा और न मेरे लड़के साले कहे जायंगे । दूसरे देशों की लड़कियाँ मैं लाऊँगा पर अपने देश की लड़कियों को अन्यत्र नहीं बिबाहूँगा''

गढ़ गउरा का धोबी अजई सोहवल में गाय चरा रहा है और अब उसको वहाँ सात महीने हो चुके हैं। खेदू धोबी की लड़की विजवा वहाँ कपड़ा धो रही है तब गढ़ गउरा का धोबी अजई गायें लेकर घाट पर चला जाता है और धोबिन को देखता है। फिर घाट पर रखे हुए कपड़ों पर गायों को चढ़ा देता है। खेदू धोबी की लड़की विजवा उसे फटकारती है और कहती है कि आज दादा बमरी से कहकर दसवंत भइया से तुम्हारी जान मरवा दूंगी। अजई वहाँ से गायें हटा लेता है। विजवा अपना गट्ठर बाँधती है और बमरी की पुत्री सतिया के किले में पहुँचती है और उदास होकर वहाँ मौन खड़ी हो जाती है। सतिया इसका कारण पूछती है। विजवा उसे बताती है कि आश्चर्य है कि बाहर का एक आदमी आया है जिसने मेरे कपड़ों पर गायें चढ़ा दी हैं और वह व्यंग्यपूर्ण बातें कर रहा है। तुम उसे मना करवा दो नहीं तो सुहवल में उसकी जान चली जायेगी। तब सतिया ने कहा कि ऐ विजवा अगर तुम्हारा विवाह सुहवल में हो जाय तो तुम्हारा भाग्य खुल जायगा। (३)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—अगवां = आगे । गउवाँ = गाँव । दइव = दैव । सिंघी = सिंह । नद्दी = नदी । देवड़ा = एक नदी का नाम । सोंइस = सूँस । घरियार = घड़ियाल । बेटवा = बेटा । परन = प्रण । ससुरा = ससुर । मुलुक = मुल्क, देश । मल = मल्ल, योद्धा । बतिया = बात । मोछिया = मूंछ । जरि के भसम होइ जाय = जलकर भस्म हो गया । सगड़े पर = झील या तालाब के तट पर । बादी = शत्रु । महिन्ना = महीना । चोर = कपड़ा । लगा के ओसारी = आँख फैलाकर । संका = शंका । बड़ियार = भारी । मनसेधू = आदमी, पुरुष । अंखिया फूटलबा = क्या तुम्हारी आँखे फूट गयी हैं । जिनिगिया = जिंदगी । उहवां = वहाँ । डहरावै = घुमा लिया । अलंगे = ओर, तरफ । तिल = क्षण में । दे लै रे पंवार = फेंक दिया (प्रवारण सं०) । बुरुजवा = बुर्ज । मउन = मौन । काहे बदे = किसलिए । अइसन = ऐसा । अनभो = अनुभव । चिकारी बोलत बाय = ठठोली कर रहा है ।

भावार्थ—सती ने विजवा के पिता खेदू से कहा कि ऐ दादा, आप अपनी लड़की विजवा का विवाह मेरे नौकर से कर दीजिए। चोरी-चोरी विवाह कर दीजिए और चोरी-चोरी कन्यादान कर दीजिए तो सोहवल में आपकी मुक्ति हो जायगी। खेदू ने तब सतिया को बताया कि बेटी तुम्हारे पिता ने प्रण किया है कि वे छत्तीस जाति की कन्याओं को कुंवारी रखेंगे। वह श्वसुर नहीं कहलाना चाहते और न चाहते है कि उनके लड़के साले कहे जांय। वह दूसरे देशों की लड़कियाँ लाना चाहते हैं पर अपने देश की लड़कियाँ नहीं देना चाहते। उनका यह प्रण ठन गया है। यदि वह कहीं विजवा के विवाह का समाचार सुन गये तो हमारी जिन्दगी नहीं बचेगी। खेदू भयभीत हैं।

सतिया उन्हें समझा रही है। चोरी से भाँवर घुमा दो। अताल में थुन्हीं होगी, पाताल में मंडप होगा। सोहवल के बाजार में इसे कोई नहीं जानेगा। (४)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—नोकरवा = नौकर। मुगुतिया = मुक्ति। बिटिया = बेटी। करिना = कन्या। कुंवार = अविवाहित। लरिका = लड़का। सार = साला। बाबिल = पिता। भांवर = विवाह के समय की एक रस्म, जिसमें वर-वधू अग्नि के चारों ओर चक्कर लगाते हैं। इन भांवरों के बाद विवाह पूर्ण होता है। अताल = पाताल के साथ आता है इसका शायद कोई खास अर्थ नहीं है। थुन्हीं = स्तंभ, खंभा। मांडो = मंडप। चरवाह = ढोर चराने वाला।

भावार्थ—विजवा का विवाह सम्पन्न हो गया और सेंदू ने अजई से कह दिया कि वह उसके द्वार न आये। सोहवल का सारा बाजार इस बात को जान गया। संपूर्ण सोहवल और अजई में बदी ठन गई। सोहवल के लोगों को घबराहट हुई। बमरी उदास हो गये कि यह कहाँ का पुरुष है, जिसने संपूर्ण सोहवल को परास्त कर दिया है। मुंशियों ने सलाह दी, आप पत्र लिखकर सिलहट से झिमली और दसवंत दोनों पुत्रों को बुला लें, नहीं तो अजई विजेता बनकर गउरा जायगा और शेखी मारेगा। बमरी पत्र लिखते हैं और धावन के हाथ सिलहट भेजते हैं। पत्र पढ़कर दसवंत घबरा गये। तुरंत हाथी पर हौदा कसवा दिया गया और घण्टे लटका दिये गये। दसवंत ने गले में निरखी पहन ली। पैर में दोहरी डाल ली और तमांचा खींच लिया, जूते पहन लिये तथा पगड़ी धारण कर ली और पाँच बाणों को पीठ पर लाद कर दसवंत तथा झिमली दोनों भाई तैयार हुए और हाथी पर सवार होकर सोहवल चले। सोहवल पहुँचकर उन्होंने पिता के पाँव छुए और उनसे सोहवल बुलाने का कारण पूछा। पिता ने कहा कि अपनी पराजय को कल विजय में बदलना है। सारे गाँव में डुग्गी पिट गयी। अजई धोबी के कानों में भी आवाज पहुँची। वह डर गया। शायद मृत्यु निकट आ गयी है। दूसरे दिन अजई के साथ दसवंत तथा झिमली की बदी छिड़ गयी। धोबी ने आज नई चाल खेली। पाँचवे फेरे में उसने दसवंत को थप्पड़ मारा और वहाँ से भाग खड़ा हुआ। दसवंत झिमली को पुकारने लगा, भैया खेत पर हमारी इज्जत चली गयी। (५)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—थुन्हीं = खम्भा। मांडो = मंडप। कोठरी = कमरा। पवन दुआर = पवित्र द्वार। ओगर = सम्पूर्ण। बदिया का गांग = बदी हुई बाजी। ऊड़ंती = कुश्ती का एक पेंच जिसमें खिलाड़ी एक दूसरे की पकड़ को बचाने के लिए पैंतरा करते हैं। गड़ंती = प्रतिरक्षा की पंक्ति। नीगोटा = लंगोट। गांगई देला रे चढ़ाय = हरा दिया। मुंमी = मुंशी। पतिया = पत्र। इलाका = राज्य, क्षेत्र। बगनियाँ = बागीचा। वरियार = जबर्दस्त। दुसमनि = दुश्मन, शत्रु। सेखी हांकी = डींग मारेगा। मउर = मुकुट। मउर लटकि जाई = सिर नीचे हो जायगा। मुदइया = शत्रु,

मुद्दई। बदिया बंखेलले बाड़ै=ऐसी बदी ठानी है। धावन=हरकारा, पत्रवाहक। कुचक्त=कूचे में, रास्ते में। बांचत=पढ़ता है। गोड़े=पैर में। तमांच=एक छोटी बंदूक, तमंचा। आल्हा गूंजकर=सजधज कर। पनही=जूता। एड़वन में=पैरों में। पाग=पगड़ी। फटके=फाटक। मोछ=मूंछ। बाबिल=पिता। डुगिया=डुग्गी। गंगिया मोर दे लै रे उतार=अपनो हारी हुई बाजी बराबर कर दी है। डुगडुइया बाजि गइनीं=डुगडुगी बज गयी। जिनिगिया=जिंदगी। मारत हव सपाटा=अब वह सपाट खींच रहा है। मयदां=मैदान। बदिया क मयल बदान=प्रतियोगिता ठन गयी। धोबी चलल पयंतरे चाल=धोबी पैंतरा चाल चलने लगा। एक फेरा=एक चक्कर। ईजतिया=इज्जत।

भावार्थ—दसवंत फिर धोबी को ललकार रहा है। उसने धोबी को ऐसा ऐड़ा मारा कि उसकी पसली की हड्डी टूट गयी। लोगों ने कहा धोबो मर गया। सभी लोग वहाँ से भाग खड़े हुए और खेदू से जाकर कहा कि अपनी जाति के धोबी को जों दूसरे देश से आया है, खेत से उठा लाओ और छः महीने गुड़-घी खिलाओ, नहीं तो वह सोहवल के बाजार में मर जायगा। आठ पट्ठे मिलकर गये और चारपाई पर लादकर उसको खेदू के घर लाये। कुछ देर के बाद जोर लगाकर अजई धोबी उठा। खेदू ने अजई को छ महीने तक घर रहने के लिए कहा। सातवें महीने में अजई ने चुपके से गौना करा देने के लिए खेदू से कहा। चोरी-चोरी गौना हो गया और विजवा को लेकर अजई कनउज के बाजार में चला। चलने के पूर्व सोहवल में उसने बमरी से भेंट की और कहा कि मैं थाना कनउज में गउरा जा रहा हूँ जहाँ एक सिहनी ने दो बीरों को जन्म दिया है। एक बोहा में गाय चराता है दूसरा ठकुराई करता है। मैं यहाँ उनको एक दिन लेकर आऊँगा। हम लोग मोती सगड़ के घाट पर टिकेंगे तथा सतिया का विवाह करेंगे और दसवंत को मार डालेंगे। (६)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—बाघिनी=सिहनी। डंवरू=पुत्र। ठकुराय=ठकुराई। हनि के एड़ा मारा=जोर से पैर मारा। पजरियाक=बगल का, पसली का। हाड़=हड्डी। चलल पराय=भाग चले। खटिया=चारपाई। एहर=इधर। पट्ठा=पहलवान, मर्द। कन्हवै=कंधे पर। बखरी=घर। दमिया लगवले=गांजा पिया। गयल रे नियराय=निकट आया। दीदार=दर्शन, साक्षात्कार। गहुवर=अच्छी तरह। मुंसी=मुंशी। कायथ=कायस्थ, लिपिक।

भावार्थ—इतनी बात कहकर धोबी भाग खड़ा हुआ। सब लोगों ने बाँस लेकर उसका पीछा किया। रात-दिन चलकर वह थाना कनउज में गउरा पहुँचा और अपने घर रहने लगा। उसने किसी से सम्पर्क नहीं रखा। फिर माघ आया, फागुन आया। लोरिक ने सुना कि धोबी अजई कनउज वापस आया है। उन्होंने मलसाँवर को पत्र लिखा। हमें एक डंफ बाजा भिजवा दीजिए। हम फाग खेलेंगे। मलसांवर ने डंफ भिजवा दिया और पत्र में मना किया कि तीन दिशाओं में वह होली खेले पर कुसुमापुर

के बाजार में न जाय। होली के दिन लोरिक फगुवा खेलने निकला। अजई धोबी को भी बुलवा लिया और उसके गले में डंफ डाल दिया। पिचकारी लेकर सभी संगी-साथी कनउज के बाजार और गलियों में घूमने लगे। पिचकारी छोड़ते हुए वे कुसुमापुर पहुँच गये और गली-गली होली खेलते हुए सहदेव-महदेव के पावन द्वार पर पहुँच गये। वहाँ खिड़की पर चनवा अपनी ननद के साथ बैठी हुई थी। लोरिक ने पिचकारी मारी और चनवा पर रंग पड़ गया। उसने लोरिक को ताना दिया। व्यंग्य कसा 'तुम गाँव की बहिन-बिटिया को नहीं पहचानते, तुमने हमारी चुनरी बिगाड़ दी। अगर तुम गउरा में ऐसे मर्द होते तो भाई की भाँवर घुमवाते और भावज लाकर गढ़ गउरा में फगुआ खेलते। (७)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—खेदे लगलें=खदेड़ने लगे। अन्त:काल=अन्त में। कुचयन में=कूचों में, रास्तों में। मोकाम=मुकाम, ठिकाना। फगुवा=फाग। अड़ार=जानवरों के रहने का स्थान। डफिया=डंफ। ननद भउजाई=ननद-भावज। नजरिया=नजर। बज्जर परो=तुम्हारे ऊपर बज्रपात हो जाय, एक प्रकार का अभिशाप।

भावार्थ—चनवा ने कहा तुम दूसरे के घर पर नजर लगाते हो और दूसरे की स्त्री पर फगुवा खेलते हो। तुम्हें लज्जा नहीं आती। मरने पर संवरू को हल्दी लगेगी। तुम्हारा जीना व्यर्थ है। इतनी बात जब लोरिक ने सुनी तब वह जलकर भस्म हो गया। हाथ की पिचकारी फेंक दी और अजई धोबी के गले का डंफ तोड़ दिया। फिर जाकर अपने बंगले पर दुपट्टा तानकर सो गया और सात दिन तक सोता रह गया। बूढ़ी मां खोइलनि पास गयीं और कहा—बेटा तुम क्यों सो रहे हो? क्या किसी ने तुम्हारे ऊपर ताने कसे है? क्या तुम्हें किसी ने अपमानित किया है या किसी कर्ज देने वाले ने तकाजा किया है? मुझे चिन्ता हो रही है, तुम क्यों सो रहे हो और हिल-डुल नहीं रहे हो। वहां से रोती हुई बुढ़िया बिजवा के पास गयी। बिजवा ने खोइलनि के आने का कारण पूछा। खोइलनि ने लोरिक का हाल बताया कि लोरिक को किसी बात से क्रोध हो गया है और वह अन्न-पानी नहीं ग्रहण कर रहा है। ऐ पतोहू, ऐसा करते सात दिन हो गया है। वह मर जायगा। खोइलनि और बिजवा लोरिक को मनाने चलीं। बंगले पर जाकर लोरिक से दुख का कारण पूछा। बुढ़िया का बेटा रोने लगा और कहने लगा। भउजी तुम मेरी बात मानो। मैं बहुत चिंतित हूँ। उसने होली से लेकर चनवा की फटकार तक सारी कथा कह सुनाई। मैंने सहदेव की पत्नी पर रंग फेंका और रंग चनवा पर पड़ गया। उसने मेरे ऊपर ताने कसे और कहा कि वीर हो तो भाई का विवाह करवाओ। नहीं तो तुम्हारा जन्म व्यर्थ है। तुम कुंए में जाकर गिर जाओ। मैंने शपथ ली है कि जब तक भइया का विवाह न हो जाय मैं गउरा गुजरात में पानी नहीं पीऊँगा। (८)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—नजारा मारत बाड़्या=नजर उठा रहे हो। आन=

अन्य । मेहरी = स्त्री । बिरथा = वृथा, व्यर्थ । गांड़ी = मल द्वार । दुपट्टवै = दुपट्टा । पंजरे = पास में । रेरिया मरले हउवै = ताना दिया है । मेहना = कटूक्ति, अपमान-पूर्ण शब्द, व्यंग्य । करजहरू = कर्ज देने वाला । तकादा = तकाजा । जुमूस = जुंबिश, स्पंदन । भेदवा = भेद । देवर = पति का भाई । कोहायल = क्रोध में, आक्रोश में । किरिया बोललैं = शपथ ली है । सूवरइं बोले लैं हराम = सूअर को हराम बोल दिया अर्थात् शपथ ले ली है । कसम खा ली है । पतोहू = पुत्र वधू । रेवरली जाय = अनुगमन कर रही है । भउजी = भाभी, भाई की पत्नी । खिरकियै पर = खिड़की पर । बिरथ होइ जाइ = व्यर्थ हो जाय । इनार = कुंवा ।

भावार्थ—तब बिजवा ने कहा, तुम्हारी मति मारी गयी है । तुम्हारा ज्ञान मंद हो गया है । लड़की के लिए तुम्हें खोज नहीं करनी है । मेरे स्वामी (अजई) से पूछ लो । वह तुम्हारे मित्र हैं । मलसाँवर के योग्य बमरी की कन्या सतिया है । और उसका बेटा दसवंत तुम्हारे जोड़ का है । मेरे स्वामी अगुवाई करेंगे । सोहवल पर चढ़ाई कर दो और सतिया की भांवर घुमवा दो । सतिया यहाँ आयेगी और मैं जैसे उसका वस्त्र सोहवल में धोती थी वैसे ही यहाँ भी धोऊँगी । सतिया अवर्णनीय है । वह ऐसा भजन करती है कि वह अपने तप से क्षण में ब्रह्मा के द्वार जाती है और क्षण में धरती पर आ जाती है । बिजवा कहती है कि तुम मेरे पति अजई को गायों के अड़ार पर ले जाओ और गायों के साथ उसे ठहराओ । जब वह थक जायगा तो ढाक के पेड़ों के नीचे सो जायगा । तब उसके बाँये बगल में मुक्का मारो, फिर वह सारी कहानी बतायेगा । लोरिक ने ऐसा ही किया । धोबी चार बजे के करीब सो गया । जब उसकी नाक बजने लगी तब लोरिक ने उसे मुक्का मारा । चोट लगने पर उसने अपने पुराने घाव की कहानी बतायी । उसने बमरी और उसके सात पुत्रों के बारे में भी बताया । वे सातो पुत्र देव के लाल हैं । दसवंत के साथ उसकी कैसे लड़ाई हुई यह भी उसने बताया । उसने यह भी बताया कि कैसे मिमली ने उसको जमीन पर पटक दिया और दसवंत ने कैसे उसकी हड्डी तोड़ डाली । (६)

शब्दार्थ और टिप्पणी— अकिल बउरइले = अक्ल पागल हो गयी । गियान = ज्ञान । सामी = स्वामी । जोगे = योग्य । अगुवाई क भात = मध्यस्थ होने का निमंत्रण जिसमें भात खिलाया जाता है । समिया = स्वामी । एहूठियन = इस स्थान पर । काल्ह = कल । अड़ार = जानवरों के रहने का स्थान अट्टाल । सगरों = सभी जगह । ढेकुली = ढाक । टटका = ताजा । थकाई = थकान । नकुला = नाक । पजरिये = बगल में । बदिया बदान = चुनौती । सोझे = सीधे । थपरवा = थप्पड़ । पोंगरवा = पैर ।

भावार्थ—लोरिक और अजई दोनों साथ-साथ कनउज के बाजार गये । धोबी ने वहाँ पहुँचते ही कहा मैं थक गया हूँ । तब लोरिक उसको शराब-घर (कलवारी) में ले गया और दारू पिलाया । जब शराब का नशा तेज हुआ वह कुर्सी से कूद गया और चिल्लाकर लोरिक से कहने लगा । हम अगुवाई करेंगे, सोहवल में चढ़ चलो ।

वहाँ संवरू की भाँति ही सतिया का जन्म हुआ है जैसे तुम्हारा जन्म गउरा में हुआ है वैसे ही दसवंत और भिमली का अवतार हुआ है। यह सुनते ही लोरिक की प्रसन्नता से छाती फूल गयी। उसने धोबी को घर पहुँचाया। उसने अपने किले में आकर भोजन किया, फिर पैर फैलाकर आराम से सो गया। प्रातःकाल जब उस धोबी की नींद खुली, वह सोच में पड़ गया। नशा में मैं अगुवा बन गया पर अब हमारी जिंदगी नहीं बचेगी। वह डगमगाने लगा। लोरिक के बंगले पर जाकर कहने लगा—मैं अगुवाई नहीं करूँगा। वीर लोरिक धोबी के घर पहुँचा। वहाँ धोबी की स्त्री विजवा मिली। लोरिक ने उससे कहा कि अजई ने कल नशे में अगुवाई का वचन दिया और आज वह अपने वचन से टल रहा है। अब कौन अगुवाई करेगा ? विजवा ने पति को झिड़की सुनाई। तुम्हारा जन्म न होता तो अच्छा होता। गउरा में बड़े वीर बनते थे अब जब मर्दों से काम पड़ा तब पैर डगमगाने लगे। तुम अपना वस्त्र मुझे दो और स्वयं बिल्ली बनकर कोने में छिप जाओ। मैं जाकर अगुवाई करूँगी और अगुवाई का भात खाऊँगी। मलसांवर का विवाह कराये बिना मैं वापस नहीं आऊँगी। (१०)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—थकाई = थकान। ठावें = उसी स्थान पर। उसी क्षण। कलवरियाँ = जहाँ देशी शराब बनती है, कलवारी। दारुवे = दारू, शराब। छाती फूलि के भइल गजराज = छाती फूलकर हाथी की भाँति हो गयी अर्थात् उसे बहुत प्रसन्नता हुई। मक्कान = घर। सूते ले टंगरियै फइलाय = पैर फैलाकर सो रहे थे। बखरी = घर। हुँकरिया भरले = स्वीकृति दी, हाँ कहा। दुलहा = प्रिय, पति। पंयड़ा = पथ, रास्ता। हिल्लत बाड़ें टंगरिया तोहार = तुम्हारे पैर हिल रहे हैं। अस-बबवा = असबाब। लुगरिया = साड़ी, स्त्री का वस्त्र।

भावार्थ—तब धोबी क्रोध में चिल्ला उठा। तुम दसवंत का हाल नहीं जानती ! पर बाद में अगुवाई करने के लिए वह उद्यत हो गया। उसने लोरिक को बमरी और उसके सात पुत्रों के बारे में बताया—"बमरी के सात पुत्र देव के लाल हैं। उनमें कोई सिंह को मारता है, कोई शेर मारता है, कोई बाघ मारता है और कोई हुँडार (भेड़िया) का शिकार करता है। कोई बेवरा नदी में कूदता है। कोई डूबकर सूँस और घड़ियाल पकड़ता है। दसवंत गर्भ में दस महीने तक तप चुका है तथा भिमली तेरह महीने तप चुका है। सब अमर होकर उत्पन्न हुए हैं। ब्रह्मा ने उनको पांच बाण दिये हैं। वे अटल हैं। एक बाण के मारने से चौदह कोस तक दावाग्नि फैल जाती है जिससे वृक्ष और पलाश जलने लगते हैं। इनसे सुरसरि के जल में खलबली मच जाती है तथा सूँस और घड़ियाल तक उलटने लगते हैं। धोबी कहता है—"ऐ लोरिक तुम तो एक साधारण व्यक्ति हो। वहाँ निश्चय ही तुम्हारी जिन्दगी नहीं बचेगी।" मैं अगुवाई की स्वीकृति देता हूँ पर मुझे दोष मत देना। लोरिक ने अजई को आश्वासन दिया। इसमें तुम्हारा कोई दोष नहीं होगा। कनउज में घर-घर मंडप गाड़ दिया गया। सबके हाथ

में कंगन बंधवा दिया गया और सबको विवाह के लिए मुकुट पहना दिया गया। सबके पैरों में महावर लगा दिये गये। गढ़ गउरा में इस प्रकार सारी बारात सज गयी पर लोरिक के घर कुछ नहीं हुआ। समस्या थी विवाह के लिए मलसांवर को कैसे तैयार किया जाय। गांगी नाऊ को गायों के अड़ार में भेजा गया। उसने हाथ जोड़कर मलसांवर से बिनती की। उसने कहा आज गउरा दूसरा हो गया है। वहाँ हलचल मची हुई है। घर-घर में मंडप गड़ गया है और सबके हाथों में कंगन बंधवा दिये गये हैं। केवल आप शेष रह गये हैं। आप कनउज चलिये। आपके हाथों में कंगन बंधेगा। मटमंगरा होगा और विवाह सम्पन्न होगा। मलसांवर यह सुनकर क्रुद्ध हुए। मेरा तीन पन बीत गया। चौथा पन बुढ़ापा निकट है। मेरे मुख के दाँत टूट गये। सिर के बाल सफेद हो गये। भजन करते हुए उम्र व्यतीत हो गयी। यह कहते हुए उन्होंने गंगिया को ऐसा मारा कि वह वहाँ से भाग खड़ा हुआ और लोरिक के पास आ गया। उसने लोरिक को बताया कि मलसांवर विवाह का नाम सुनते ही क्रोध में जल उठे और मुझे दो गोजी (डंडा) मारी। यह सुनकर लोरिक की आँखों से झर-झर आँसू गिरने लगे। रोते हुए वह माँ खोइलनि के पास पहुँचे, और कहा कि भइया को बुलवाओ नहीं तो हमारी इज्जत नहीं बचेगी। बुढ़िया माँ गायों के अड़ार पर गयीं और मलसांवर को समझाने का यत्न किया किन्तु सब कुछ व्यर्थ गया। उन्होंने क्रुद्ध होकर कहा, "यदि तुम मेरी माता न होती तो बोहे में तुम्हारा सिर काट देता।"(११)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—मेहना = कटूक्ति, व्यंग्य, ताना। हुँड़ार = भेड़िया। बेवरा = एक नदी का नाम। बन डेढ़वा = दावानल। भरत बाड़ी रे हुँकरिया तोहार = तुम्हें हाँ कह रहा हूँ। माँड़ो = मंडप। गोड़ = पैर। महावर = लाख से तैयार किया जाने वाला एक तरह का गहरा चटकीला लाल रंग जिससे सौभाग्यवती स्त्रियाँ शुभ अवसरों पर अपने पैर चित्रित करती तथा तलुवे रंगती है। बघेला = बाघ की भाँति, शूरमा। मटमंगरा = विवाह के समय की एक रस्म। इसमें वर या वधू के घर की स्त्रियाँ शुभ मुहूर्त पर बाहर से मिट्टी लाती हैं। यह मिट्टी विवाह के अवसर पर प्रयुक्त होती है। संवज = परामर्श, सलाह। पयान = प्रयाण, प्रस्थान। उठल रिसियाय = क्रुद्ध हो उठा। सनकुट = सफेद। पनथ = जीवन का भाग, पन। पंजरे = समीप में ठाँवइ = उसी ठौर पर, तुरंत। बियाह = विवाह। नउवां = नाम। गोजी = डंडा। डगर = रास्ता। उखमज = उत्तेजना, उद्विग्नता। करिना = कन्या।

भावार्थ—बुढ़िया माँ नाराज होकर वहाँ से चली और गउरा आयी। लोरिक उनके पैर पड़ा और उसने बोहा का समाचार पूछा। बुढ़िया ने चिढ़कर कहा—न कहीं से तिलक देने वाले आये, न कोई अगुवा हुआ। कैसे विवाह करने जा रहे हो? गउरा में तुमने उत्तेजना सी फैला दी है। यह बात सुनकर सभी घबरा उठे तथा आपस में सभा परामर्श करने लगे। अब मलसांवर को कौन मनायेगा? तब गुलबी नामक

एक मुसहरिन तैयार हो गयी। सब लोगों ने आज्ञा भी दे दी। उसने एक रोटी बनायी और कपड़े पर उसके टुकड़े रख लिये। हाथ में एक लोटा पानी लिया तथा गायों के अड़ार पर चली। मलसांवर पूजा कर रहे थे। गुलबी उनके सामने जाकर पानी छिड़कने लगी। मलसांवर को उसने बताया कि मेरे मुसहर गुरुमुख हुए हैं और वह किसी का छुवा हुआ नहीं खाते हैं। उन्हीं के लिए मैं पानी छिड़क रही हूँ। वह इधर लकड़ी तोड़ते हैं। इधर से कोई बाल कुँवार लड़का गुजरा होगा जिससे यह मार्ग अशुद्ध हो गया होगा, बिना शुद्धि के मेरे स्वामी भोजन नहीं करेंगे। सँवरू ने घबराकर पूछा तुम कौन-सा वेद जानती हो कि मेरे शरीर को अशुद्ध समझ रही हो। क्या विवाह करने से ही शरीर शुद्ध होता है। गुलबी के पीछे-पीछे मलसांवर कनउज आ गये। लोरिक ने उनका पाँव स्पर्श किया और उनसे क्षमा माँगी। लोरिक ने कहा, मइया, जो कुछ अब तक मैंने कहा है तुमने किया है। एक बार फिर तुम मेरा कहना कर दो, फिर मैं गउरा में तुझसे और कुछ नहीं कहूँगा। (१२)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—खुनसाय के = क्रुद्ध होकर। सउंजा = परामर्श। भसुर = पति का बड़ा भाई, जेठ। छुटिया = छुट्टी। हुकमइ = हुक्म, आज्ञा। सम्हने = सामने। चिरुवा = हथेली, हाथ। मुसहरवा = मुसहर, एक जाति। गुरुमुख भइले = गुरु मंत्र लिया है। बारम कुँवार = बाल कुँवार, बचपन से कुमार। पयड़ां = मार्ग। असुध = अशुद्ध। सरीरिया = शरीर। सुद्धी = शुद्धि। अड़वै = आड़ से, छिपकर। मउर = मुकुट, सिर। जियरा = जीव, प्राण। बिरना = बीर, भाई। एदवां पारी = इस बार।

भावार्थ—तब मलसांवर कहने लगे—ऐ भाई जो बातें तुमने पहले कही थीं मैंने सब पूरी कीं। इस बार भी मैं तुम्हारी बात मान लूँगा, पर भविष्य में मैं फिर कभी तुम्हारा कहना नहीं मानूँगा। तब आँगन में मंडप गड़ गया। चौका तैयार कराया गया। कलश भी बैठा दिया गया। दुबरी पंडित बुलाये गये। गांगी नाऊ भी तैयार हुआ। आँगन में पीढ़ा और चंदन रखा गया। गउरा में मंगलगान प्रारंभ कर दिया गया। सुबह-शाम ढोलकियाँ बजने लगीं। वहाँ इस प्रकार भजन होने लगा कि देवता भी मुग्ध होने लगे। इन्द्र की परियाँ नाचने लगीं। इधर मटमंगरा की रस्म सम्पन्न हुई तब सबकी सवारियाँ सज गयी। मलसांवर भी अपनी सवारी पर बैठ गये। कनउज के छ कहार डोली में लग गये। बारह जोड़े सिंगे बजने लगे। तेरह जोड़े करताल तथा चौदह जोड़े धौंसे भी बजने लगे। बासमती चावल, मूँग की दाल, आटा, घी, अचार, मसाले सब कुछ बारात के लिए लादे गये। फिर बीर लोरिक सजने लगा। गले में वह निरखी तथा पैर में दोहरी पहनने लगा। फिर तमांचा खींचा और पैर में जूते धारण किये। जब उसने ओड़न की मुट्ठी दबाई तब एक परोसे तक लपट उठ गयी जैसे आकाश में चुनरी झरने लगी हो। अंगारे टूट-टूट कर गिरने लगे। उसने बिजली की मुट्ठी दबायी। वह जाकर बादल में टकराने लगी।

लोरिक ने सोलह सौ कंटाइनों (चुड़ैलों), सोरह सौ मरी तथा सोलह सौ छोह-रियों को स्मरण किया जो रोवें-रोवें पर सवार थीं। उसने बोहा के ब्रह्माइन का भी स्मरण किया जिनको संवरू दादा पूजते थे। उसने बनसत्ती तथा दुर्गा माँ का भी स्मरण किया। छत्तीस कोटि देवताओं के साथ लोरिक उद्यत हुआ और बारात तैयार होकर बाजे-गाजे के साथ सोहवल चली।

हरिण और हरिणी जंगल में चर रहे थे। हरिणी हरिण के पास गयी और उसने कहा, चलो हम जान बचाकर भागें अन्यथा हमारी जान इस जंगल में नहीं बचेगी। हरिण ने समझाया कोई शत्रु नहीं आ रहा है। मलसाँवर की बारात जा रही है। हरिणी हंसकर कहती है कि क्या उस बुढ़ऊ का जो रात-दिन माला जपते हैं विवाह होगा ? हरिण उसे समझाता है, कनउज में एक से एक पुरुष उत्पन्न हुए हैं। सबका विवाह सोहवल में सम्पन्न होने वाला है। ऐ हरिणी, मुझे प्रतीत हो रहा है कि दसवंत की मृत्यु होने वाली है और सतिया का विवाह निकट आ रहा है। (१३)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—बीरन = भाई। एदवा = इस बार। चउक = चौका। पुरवाय देलें = जब चौका तैयार करा दिया। असवारी = सवारी, एक प्रकार की पालकी। डँड़िया = डोली, पालकी। सिहवा = फूँक कर बजाया जाने वाला सींग या लोहे की एक तुरही, सिंगा। करताल = लकड़ी, कांसे आदि का बना हुआ एक प्रसिद्ध बाजा जिसका एक-एक जोड़ा हाथ में लेकर बजाते हैं। झाँझ = मंजीरा। धंउसा = धौंसा, बड़ा नगारा, डंका। बसमतिया = बासमती। घीउ = घी। तेपर = उस पर। नेबुलन = नीबू का। पनही = जूता। तवा पितरिन का = पीतल का तवा। ओड़न = एक प्रकार की ढाल। बिजुलिया खांड = बिजली गिराने वाली खड्ग। लवर = लपट। बुमुवाय = फैलने लगी। बादर में दरेरा खाय = बाहर में टक्कर खाने लगा। कंटाइन = चुड़ैल। मरी = एक प्रकार का प्रेतात्मा। रुवां = रोम। छोहरी = लड़की। गोरये डीह = जानवरों के स्थान का डीह देवता। गोर्‌या = गोरू, पशु। बनसतिया = बनसत्ती। वनस्पति = दुर्गा का एक अन्य रूप। मरुवा = युद्ध के समय का एक स्वर। लकड़िया बाजै = स्वर बज रहा है। डीह ठाकुर = डीह बाबा, डीह के देवता। जहाँ कान दीहल बानहि जात = जहाँ कान देना अर्थात् सुनना कठिन हो गया है। बुढ़ऊ = बूढ़ा वृद्ध। बनवा = बान।

भावार्थ—आगे की कथा सुनो। बारात रात-दिन चलने लगी। रास्ते में कहीं-कहीं पड़ाव भी हुए। धोबी सबसे आगे चल रहा था पर जब सोहवल निकट आया वह आगे चलने से इन्कार करने लगा। उसे लग रहा था कि उसकी जिन्दगी नहीं बचेगी। लोगों ने फिर कहा, हमें क्यों यहाँ चढ़ा लाये ? फिर धोबी नेतृत्व करने लगा और बारात बमरी के सोहवल में मोती सगड़ के घाट पहुँची और वहाँ तम्बू गिरा दिये गये। लोरिक ने पंडित दुबरी बाबा से शुभ घड़ी पूछकर अपना तम्बू भी गड़वा दिया। सुर्जन डोम, बंठवा चमार, अजई धोबी देवसी सबके तम्बू पड़ गये। सिवगड़ तथा मलसाँवर के तम्बू

भी डाल दिये गये । खाने-पीने का सारा सामान उतर गया । शाम को खाना बनाने के लिये आग का अहरा जोड़ा गया । इससे चारों ओर धुँवा उठ गया । सतिया ने जब धुँवा देखा तब उसे परेशानी हुई । उसे लगा कि उसके भइया दसवंत का मोती सगड़ पर बंगला फूक दिया गया है । दूसरे दिन प्रातःकाल चार सखियों को आगे कर तथा चार सखियों को पीछे कर सतिया हाथ में टोकरी लटका कर शिव मंदिर में पूजा करने चली । (१४)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—गंडक = रुकावट, बाधा । कुच = कूचा, गली रास्ता । पिछवा बाराति खरलि जाय = पीछे बारात अनुगमन कर रही थी । मोती सगर = स्थान का नाम । पतरवा = पंचांग । साइत = शुभ मुहूर्त । अउसा-धंउसा = धौंसा, नगारा । गाँजल हउए = पूँजी भूत है, एकत्र है । गोड़ = पैर । चाउर = चावल । रहर = अरहर । घीउ बैनन के = नयी ब्याही हुई गाय । अहरा = कंडों के समूह को जोड़कर सुलगाई हुई आग । डलई — डाली, टोकरी ।

भावार्थ—आगे कथा इस प्रकार है । सती जब मोती सगड़ पर आयी, वहाँ स्नान का उपक्रम होने लगा । स्नान कर सती पीताम्बर धारण कर शिवमंदिर में गयी और उनके मस्तक पर जल चढ़ाकर माला फूल चढ़ाया । तब शिव बाबा प्रकट हुए और उन्होंने सती से वरदान माँगने के लिए कहा । सतिया शिव बाबा के समक्ष रो पड़ी और कहने लगी—ऐ बाबा, मैं लाल तम्बू और लाल कनात देख रही हूँ । इस मोती सगड़ पर सुन्दर-सुन्दर पुरुष दिखाई पड़ रहे हैं । ये राही हैं, बटोही हैं या कोई उमराव आया है जिसने खर्चा चुक जाने के कारण यहाँ डेरा डाल दिया है । तब शिव बाबा ने उत्तर दिया कि एक गढ़ गउरा है जहाँ का धोबी यहाँ आया था और विजवा का विवाह कर ले गया था । उसी ने आज अगुवाई की है तथा बारात के साथ यहाँ सगड़ पर टिका हुआ है । हमें ऐसा प्रतीत हो रहा है कि अब दसवंत की मृत्यु निकट आ गयी है । (१५)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—नहान = स्नान । पीतामर = पीताम्बर । डलई = डाली । मंदिल-मंदिर । कपार = मस्तक, सिर । परघट = प्रकट । तमुवा = तम्बू । कनात = कनात, मोटे कपड़े की खड़ी की गयी दीवार । बटोही = राहगीर । उमराव = अमीर, का बहुवचन प्रतिष्ठित धनी व्यक्ति, सरदार । खर्चा = व्यय, खर्च करने का पैसा । रारी = गर्जेगा । सिंगिन = सिंहनी । बार = बाल । कनिया = कन्या ।

भावार्थ—सतिया मंदिर से निकल कर सोहवल के बाजार में आयी । उसके बंगले में चिन्ता छा गयी । भाई की मृत्यु की चिन्ता में वह हरदोइया नाग के यहाँ पहुँची और कहा कि सोहवल में एक आश्चर्यजनक बात हुई है । सगड़ पर एक बारात आयी हुई है । मेरे भाई दसवंत की मृत्यु की आशंका है अतः तुम सगड़ पर जाओ और सारी बारात को डंस कर मृत बना दो । यह सुनकर हरदोइया नाग घबरा गया और कहने लगा मैं इतना पाप नहीं करूँगा । इस पर सतिया जलकर भस्म हो गयी और

उसको धमकाया कि मेरा राज्य छोड़ दो नहीं तो मैं तुम्हारी जान नहीं छोड़ूंगी। अन्ततः हरदोइया नाग बारात को डंसने के लिए तैयार हो गया पर उसने यह भी कहा कि एक बार जब बारात मर जायगी तब उसको जीवित करना सम्भव नहीं होगा। अगर मैं बारात जीवित कर दूँगा तो मेरी मृत्यु हो जायगी। आधी रात को हरदोइया अपने बिल से निकलकर सगड़ पर पहुँचा तथा सुर्जन डोम, बंठवा चमार, अजई धोबी, देवसी, सिवगड़ तथा मलसाँवर सबको डंस लिया। जब वह लोरिक के पास पहुँचा तब देखा कि उसके बांये बनसत्ती देवी तथा दाहिने दुर्गा सोई हुई हैं। जब नाग ने लोरिक को डंसने के लिए फण उठाया तब बनसत्ती ने जगकर लुकाठी से उसका आधा मुँह जला दिया। नाग डर के मारे भाग चला और सतिया से जाकर उसने सभी को डसने की बात बताई तब सतिया ने कहा सबको डंसने से क्या लाभ हुआ जब तुमने वास्तविक शत्रु को छोड़ दिया। (१६)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—अबसोस = अफसोस, दुख। डोंगा = नाव। सबेरवा = सबेरा। डेवढ़िया = डेवढ़ी, देहली। कारजिया = कार्य। डूबि जाइ रे डोंगवा हमार = हमारी नाव डूब जायगी। मुवाइद = मृत बना दो। मानी = बिल जहाँ साँप रहता है। बांबी मुर्दन = मुर्दा का बहुवचन। खेलवाड़ = खेल तमाशा। सूतै लगलैं गोड़ फइलाय = पैर फैलाकर सोने लगे। टप दें = अचानक, जल्दी से। लौकत नाहीं बाय = दिखाई नहीं पड़ रहा है। बारि के लुक्का लगवलसि = जलाकर लुकाठी लगा दी।

भावार्थ – तब हरदोई अपने मांद पर चला गया। इधर सती ने सत के कौवे बनाये और उन्हें सारे बारातियों की आँखें निकाल लेने की आज्ञा दी। कौवे मोती सगड़ पर किनारे-किनारे घूमने लगे। इसी बीच लोरिक की नींद खुल गयी। उसने घूमकर देखा तो सारी बारात मृत पड़ी हुई थी। वह चिंतित हो उठा। यह कैसी विपत्ति आ गयी। लोरिक ढेलों से कौवों को भगाने लगा। सती ने रात को माया के सियार बनाये जो मृतकों का कलेजा निकाल सकें। लोरिक रात में सियार तथा दिन में कौवों को हांकने लगा। इसी प्रकार आठ दिन सगड़ पर व्यतीत हो गये। अन्न के बिना उसका उदर कृश हो गया तथा पानी के बिना उसका मुँह सूख गया। उसकी आँखों से आँसू बहने लगे। उसकी पीठ का भाई मर गया। सारी बारात मर गयी। इधर बाँये बनसत्ती हंस रही हैं और दाहिने दुर्गा हंस रही हैं। दुख सहते-सहते पंद्रह दिन व्यतीत हो गये कि जग्गू बनजारे के लदवाह जो अपने बैलों को लादकर हल्दी जा रहे थे, उधर से निकले। जग्गू बनजारा को मलसांवर ने एक तिलंगी बछड़ा दिया था। लोरिक उसको पहचान गया और जल्दी से उसके पास गया। लदवाह से पूछा—तुमने कहाँ से बैल लादा है और कहाँ जा रहे हो? लदवाह ने उत्तर दिया—मैंने अगोरी में बैल लादे हैं और हल्दी हमारा गंतव्य है। फिर उसने लोरिक से पूछा—तुम्हारा घर कहाँ है? गउरा के अहीर ने जवाब दिया—"मेरा वतन गउरा है, वहीं मैं उत्पन्न हुआ हूँ। टिकई मेरे पिता और खोइलनि माता हैं। हम दो भाई हैं। एक बोहा में गाय चराते हैं तथा मैं ठकुराई करता हूँ। यहाँ मैं भाई का विवाह करने

आया हूँ । यहाँ का राजा बमरी है । उसकी कन्या सतिया है । राजा के दो बेटे दसवंत और मिम्हलों हैं । अभी मेरी उनसे भेंट नहीं हुई है और न अभी तलवारें ही चली है । इसके पहले ही मेरे ऊपर विपत्ति आ गयी है और यहाँ कोई मेरा सहायक नहीं है । यदि तुम सहायता कर दो तो बड़ी नेकी मानूँगा । लदवाह ने क्रुद्ध होकर कहा—सहायता करना मेरे बूते की बात नहीं है । हम तो तेजपात, धनिया हल्दी ले जा रहे हैं । तब लोरिक ने उसके सारे बैलों को तम्बू के खूँटों से बाँध दिया । लदवाह चिंतित हुआ, उसने धावन को एक पत्र दिया । सांड़िनी पर सवार होकर वह अगोरी पहुँचा जहाँ जग्गू बनजारे का दरबार लगा हुआ था । उसने वहाँ जाकर जग्गू से कहा—तुम्हारे सारे बैल तथा सारा धन रोक लिया गया है । (१७)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—सतवा क कउवा = सत का कौवा । सत से बनाया गया कौवा । मनुसन = मनुष्य (बहुबचन) । आरी-आरी = किनारे-किनारे । निदिया = नींद । दउरन लागै = दौड़ने लगा । ढेलवासा = ढेलों का ढेर । चक्का = पत्थर या ढेले का टुकड़ा । लदिया = लाद, कलेजा । मसिया = मांस । पोटरी = पेट । कंवल = कमल, मुख । मइया पीठिया के = पीठ के भाई, अग्रज । सकलई = सभी । पनरह = पंद्रह । अकिलि = अक्ल । बरधी = बैल । तिलंगी बछवा = तिलंगी बछड़ा । हाली हाली = जल्दी जल्दी । लदवाह = बैलों पर सामान लादकर तिजारत के लिए चलने वाले को लदवाह कहते हैं । टिकई बुन = टिकई के बूँद से, टिकई के वीर्य से । सिर जल — सृष्ट, सृजित । कोखिया = कोख में, कुक्ष में । ओतन = वतन, घर । गोतन = गोत्र ? वोतन के साथ पुनरावृत्ति भी हो सकती है । मतंगिया = मतंग (हाथी) की तरह । करिना = कन्या । बताउर = जिसके बारे में बताया गया है । सारन = साले । ना मुंहे पेलि के चलल तलवार = जमकर तलवार नहीं चली । नेकी मानब = कृतज्ञ हूँगा । बरधी = बैल । संडिनी = सांड़िनी । बेरि गइल = रोक लिये गये ।

भावार्थ—जग्गू बनजारा की कचहरी लगी हुई । उन्होंने कहारों को आज्ञा दी और पालकी सजायी गई । उस में जग्गू बैठ गये तथा सोहवल पहुँचकर लदवाहों से मिले । लदवाहों ने उन्हें बताया कि आपका सारा धन लुट गया है, सारे बैल लूट लिये गये हैं । जग्गू ने फाटक पर पहुँच कर लोरिक को आवाज दी । तुम चोर हो, चंडाल हो, या भूत अथवा वैताल हो । मेरे बैलों को लूटते हुए तुम्हें भय नहीं लगा ? जल्दी बताओ नहीं तो सड़क पर बड़ा जुल्म हो जायगा । तब गढ़ गउरा के अहीर ने अपना परिचय दिया । गढ़ गउरा में हम दो भाई लोरिक और मलसांवर पैदा हुए हैं । यहाँ हम भाई का विवाह करने आये हैं और हमारी सारी बारात यहाँ मर गयी है । मलसांवर जग्गू के पुराने दोस्त थे । उन्होंने कहा—तुम्हें मुझे भी बारात के लिए निमंत्रण देना चाहिए था । मेरे मन में तुम्हारे बारे में एक शंका है । तुम्हारे भाई ने मुझे तिलंगी बछड़ा दिया था जो चौदह हाथ चौकड़ी भरता है । यदि तुम उसके साथ चौकड़ी भर सको तब मुझे विश्वास होगा कि तुम लोरिक हो । लोरिक ने बछड़े के

साथ अठारह हाथ चौकड़ी भर दी फिर जग्गू को विश्वास हो गया कि वह लोरिक ही है। उन्होंने लोरिक को सहायता का आश्वासन दिया और लदवाहों को आज्ञा दी कि एक-एक मुर्दे की रखवाली दो-दो लदवाह करें। जग्गू ने उनको हिदायत कर दी कि अगर कौवों ने किसी बाराती की आँखें निकाल लीं तो किसी लदवाह की आँखें वहाँ लगा दी जायंगी। यदि किसी बाराती का कलेजा सियार निकाल लेंगे तो किसी लदवाह का कलेजा उसमें लगा दिया जायगा। भय के मारे लदवाहों ने मुस्तैदी के साथ मुर्दों की रखवाली शुरू की। उन्होंने रात-दिन कौवों और सियारों को भगाना शुरू किया किन्तु कौवे तथा सियार इस प्रकार लगे हुए थे कि लदवाह विकल हो उठे। तब उसमें से एक लदवाह ने सलाह दी की सभी लदवाहों को मुर्दा बनकर सो जाना चाहिए। सबने ऐसा ही किया और जब कौवे तंबू में घुसे तब लदवाहों ने उन्हें पैनों से मारना शुरू किया। उनके पंख टूटने लगे, तब कुछ कौवे भागकर सतिया के पास आये और कहा कि जितने बाराती मरे थे उनसे दुगुने तैयार हो गये हैं। (१८)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—डाँड़ी = पालकी, डोली। छीपल = छिप गयी। गंजलेह = एकत्र कर दिया है। जुलुम = जुल्म। बरियार = बड़ा, शक्तिशाली। विपतिया = विपत्ति। तिलंगिया बछड़ा = तिलंगी बछड़ा। चौकड़ी मारैला = चौकड़ी भरता है। मरलेसि टिकोरी = ललकारा, पुचकार कर उत्साहित किया। टिकोरी मरना = जीभ से आवाज निकालना। अगोरवा द्या = रखवाली करवा दो। ओकरी = उसकी। नवा के = लगाकर। ओसन से = उसमें से। हूंकन से = पैने से, छोटे डंडे से।

भावार्थ—सतिया ने रात में माया से निर्मित सियारों को छोड़ा। सियार मोती सगड़ पर आकर हुवां-हुवां चिल्लाने लगे। तब लदवाह मुर्दा बनने लगे और तम्बू में सोने लगे। जब सारे सियार तम्बू में चले गये तब लदवाहों ने उन्हें पैनों से पीटना शुरू किया। इससे कुछ सियारों के पैर टूट गये। कुछ की लदवाहों ने पूंछ उखाड़ ली। कुछ वहाँ से भाग खड़े हुए और सोहवल पहुँचे। उन्होंने जाकर सतिया को बताया कि जितने मुर्दे पहले थे उनसे दुगुने अब तैयार हो गये हैं। यह सुनकर सतिया घबरा उठी। इधर लोरिक सोता रहा। आठ दिन व्यतीत हो गये तब दुर्गा उसके पास पहुँची और कहा—बेटा, तुम सो रहे हो, तुम्हारी बुद्धि मारी गयी है। जिसकी बारात मर गयी हो वह इस प्रकार टांग फैलाकर निश्चिन्त क्यों सो रहा है? तुम्हारी पीठ के भाई मर गये। तुम्हारी जड़ उखड़ गयी है। यह सुनकर लोरिक उठ बैठा और दुर्गा से कहने लगा। तुमने मुझे अल्हड़ नींद से जगा दिया। मेरा कोई प्रयास काम नहीं कर रहा है। तब दुर्गा ने उसके लिए एक उपाय रचा। उसके लिए माया की सारंगी, माया की कांथरी, कमंडल तथा मृगछाला तैयार किया। माया की झोली बनाई, विभूति तथा तिलक की रचना की। गले में गूदड़ी, कंधे में झोली, काँख में मृगछाला, हाथ में कमंडल तथा सारंगी लेकर लोरिक योगी बन गया और ऐसा भजन गाने लगा कि पक्षी

तक मोहित हो उठे। दुर्गा और बनसत्ती हँसने लगी। दुर्गा ने लोरिक को संकेत किया कि गढ़ सोहवल में चलो। वहाँ पूर्व की तरफ एक कुंवा है। उसमें चार घाट बने हैं। जिस घाट में तुम पैर लटका कर बैठोगे। वहाँ पानी रहेगा। शेष घाटों का पानी सूख जायगा। लोरिक वहाँ गया और अपनी सारंगी बजाने लगा।

इधर दुर्गा सोलह सौ कंटाइन, सोलह सौ मरी और मसान तथा सोलह सौ छोहरियों का दल लेकर चलीं। संवरू दादा की पूज्य देवी ब्रह्माइन तथा गोरयाडीह भी साथ थे जो अठारह हाथ उछल रहे थे। बायें बनसत्ती जा रही थीं और दाहिने माँ दुर्गा चल रही थीं। सोहवल में ताल, पोखर, कुंवा सभी सूखने लगे। कुंडों और घड़ों का पानी भी दुर्गा ने गिरा दिया। प्रातः काल लोगों ने देखा कि सगड़ का सारा पानी सूख गया है। पानी छूने के लिए भी पानी नहीं है। बड़े ताल का भी पानी सूख चुका था। सोहवल की गोपियाँ बंसवाड़ी के इर्द-गिर्द घूमने लगीं पर कहीं पानी नहीं था। सुहवल के पुरुष भी परेशान हो उठे थे। बारह बजे दिन को सभी घर आते हैं और वे संकेत से पूछते हैं कि क्या घड़े में पानी है? गोपियाँ उन्हें बताती हैं कि घर में पानी नहीं है। हमारा धर्म छूट रहा है। सोहवल में भूत, शैतान, अथवा दैत्य आया हुआ है जिसने यहाँ का सारा पानी पी लिया है। सोहवल में अब हमारी मृत्यु हो जायगी। (१६)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—तमुवा में हलि गइलें = तम्बू में प्रवेश कर गये। पोंछ = पूंछ। उपारि ले लें = उखाड़ लिया। सुतल हव टंगरिया फइलाय = टांग फैला कर निश्चित सो रहा है। भइया पीठिया के = पीठ का भाई। उपरि गइलि सोरिया = तुम्हारी जड़ उखड़ गयी। आल्हर = अल्हड़, अलसायी सी। सरंगी = सारंगी। कांवरी = योगियों का थैला, कंथा। भभूती = विभूति, राख। गर में = गले में। गूदरी = गूदड़ी। कान्ह में = कंधे में। कांखी में = कांख में। जेमन = जिसमें। मोहित = मुग्ध। जेमन छतीसो बेधरा बाड़े राग = जिसमें छत्तीसों प्रकार के राग मुखरित हो रहे हैं। उयल दूइज के चाँद = जैसे दूज का चांद उगा हो। इनारा = कुंवा। खनल हउवे = खुदा हुआ है। जेमन = जिसमें। झुराय = सूखा हुआ। पैंडा = रास्ता। ले नें रे गुधियाय = लोरिक सीधे रास्ते पर गया। ईनारे पर = कुंए पर। गोर्या डीह = पशुओं के स्थान के डीह देवता। गाँवों में डीह बाबा भी देवता होते हैं। अनेक गाँवों में डीह बाबा की पूजा होती है। बनसतिया = वनस्पति देवी। ताल सोखेंनी पोखर = ताल और पोखर सोख लिया। गगरिन = घड़े। गयल रे झुराय = सूख गया। भिटवा = भींटा। अरिये आरी = किनारे-किनारे। सान बुझावें = संकेत कर रहे हैं। पानी छुवल जं = चलो आबदस्त लें, चलो पानी छुवें। बंसवाड़ी = जहाँ बासों का झुरमुट लगा होता है। झंखे = चिन्ता कर रही हैं। धरम = धर्म। गोलिया = दल। मूंड़ी = गर्दन। अनुभो = अजीब चीज, अनोखा अनुभव। भूतवा = भूत। सयतान = शैतान। दईत = दैत्य।

भावार्थ—आगे का हाल सुनो। सोहवल का सारा पानी सूख गया। सभी

लोग घबरा उठे। राजा बमरी के किले में खलबली मच गयी। सोलह सौ सखियाँ परामर्श करके बड़े कुंए पर चलीं जहाँ अथाह जल था। सबके हाथ में घड़े और रेशम की डोरियाँ थीं। इसी बीच दुर्गा लोरिक को समझा देती हैं कि यदि ये गोपियाँ कुंवे पर पाँव रख देती हैं तो तुम्हारा धर्म नष्ट हो जायगा। तुम उन्हें जोर से फटकारो ताकि गोपी पर गोपी महरा उठे। घड़े पर घड़े फूट जाँय। लोरिक ने ऐसा ही किया। जब गोपियाँ पास आयीं, लोरिक जोर से गरज उठा। गोपियाँ एक दूसरे पर महरा उठीं। कुंडे पर कुंडे फूटने लगे। तब वे हाथ जोड़कर लोरिक से पूछने लगीं कि ऐ बाबा हम लोगों को बताओ कि सोहवल का पानी क्यों सूख गया है। उसने गोपियों को बताया कि "तुम्हारे सोहवल में बड़ा पाप हुआ है। बमरी के यहाँ छत्तीस जाति की कन्याओं को बचपन से कूंवारा रखा है। उन्होंने प्रण किया है कि मैं श्वसुर नहीं कहलाऊँगा और मेरे लड़के साले नहीं कहे जायंगे। दूसरे देशों की लड़कियाँ लाऊँगा पर अपने देश की कन्याओं का विवाह नहीं होने दूँगा।" उसी पाप से सोहवल का पानी सूख गया है। राजा बमरी की बेटी, जिसका नाम सत मदाइन है, जब सत का लोटा बनायेगी, सत की डोरी बनायेगी और जब सत के साथ आकर मुझे पानी पिलायेगी तब सुहवल में पानी खुल जायगा। सोलह सौ गोपियाँ यह सुनकर राजा बमरी की कचहरी में आयीं और बताया कि सोहवल में बड़ा पाप हुआ है अतः यहाँ का पानी सूख गया है। बड़े कुँए पर एक योगी आये हैं उन्होंने यह बात कही है। जब सती सत के लोटे से तथा सत की रस्सी से योगी को सत के साथ पानी पिलायेगी तब सुहवल का पानी खुलेगा। बमरी घबरा कर सतिया के किले में गये। सतिया ने उसके पैर छुए और उनके आने का कारण पूछा। बमरी ने बताया कि बड़े कुएं पर एक योगी आया है उसको तुम पानी पिला दो। सत का लोटा तथा सत की डोरी लेकर साधु को पानी पिलाओ ताकि सोहवल में पानी वापस आ जाय। यह सुनकर सतिया चिंतित हुई और उसने बमरी को यह बात बतायी कि आपके लिए वह योगी आया है। मेरे लिए वह एक शत्रु है। वह दसवंत भइया को मारेगा और सोहवल में आपकी नौका डूब जायगी। (२०)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—हड़बड़ मच गयल = खलबली मच गयी। सउंजा = सलाह। ओमन से = उसमें से। रेसमें क = रेशम का। घड़िलै = घड़े। तड़कि जा जगते पं = कुंए की जगत पर तड़क जाओ। कुंडा = घड़ा। सराप = श्राप। गिरैनी = गिरीं, गिर पड़ीं। छतिस जाति = छत्तीस जाति। पानी गयल झुराय = पानी सूख गया। गहुअरि = गंभीरता पूर्वक, जमकर। ओनही से = उनसे। बुरुजे पर = बुर्ज पर। आगम = होने वाली बात, भवितव्यता, भविष्य। बाबिल = पिता। काहे बदे = किसलिए। तोरे लेखे = तुम्हारे लिए। मुदई = शत्रु। अधजल में डूबि जाई रे भइया आ डोंगवा ना रे तोहार = मझधार में तुम्हारी नाव डूब जायगी।

भावार्थ – तब राजा बमरी क्रुद्ध होकर बोल उठा। उसकी भुजाएँ लाल-पीली

होने लगीं। उसने सतिया से कहा—तुम्हारे ऊपर वज्रपात हो जाय? दसवंत अमर होकर उत्पन्न हुआ है। उसको ब्रह्मा ने पाँच बाण दिये हैं। एक बाण के मारने से चौदह कोस तक दावानल उठ जाता है और पेड़ रूख जलने लगते हैं। सुरसरि के जल में स्पंदन शुरू हो जाता है जिसमें सूंस और घड़ियाल उलटने लगते हैं। एक शत्रु को कौन कहे वह दो चार शत्रुओं को मार डालेगा। तुम जाकर पानी पिला दो। सतिया पिता के चरणों पर गिर पड़ी और उनकी आज्ञा मान ली। सोलह गोपियों को लेकर वह चल पड़ी। माया से उसने भड़भुजे की लड़की (भुजइन) का सा रूप बनाया, फिर हाथ में लोटा डोर लेकर वह कुंए पर आयी। दुर्गा ने लोरिक को इसके बारे में आगाह किया और कह दिया कि जो गोपी सबके पीछे आ रही है उसके हाथ से पानी पीना। लोरिक ने अन्य गोपियों के हाथ से पानी नहीं पिया और कहा कि जो गोपी सबके पीछे है उसके हाथ का पानी पीऊँगा। सोलह गोपियाँ सतिया के पास गयीं और उसे बताया कि लोरिक तुम्हारा सब हाल जानता है। वह हमारे हाथ का पानी नहीं पीयेगा। सतिया ने फिर अस्सी वर्ष की बुढ़िया कोढ़ी का रूप बनाया। उसके शरीर से मज्जा चू रही थी। हाथ में एक लकड़ी थी। उसके शरीर से दुर्गन्ध फैल रही थी। जब लोरिक ने उसको देखा तब वह चिंतित हुआ। उसने कहा धोबी ने मेरे साथ धोखा किया है। इस प्रकार की मावज मिल रही है। यह विवाह हम नहीं सम्पन्न करायेंगे, भैया भले ही कुंवारे रह जांय। तब दुर्गा ने लोरिक की गर्दन पकड़ ली और कहा कि तुम पानी पी लो। लोरिक नाक दबाकर बैठ गया और सतिया कुंए से पानी निकाल कर पिलाने लगी। उसने माया से निर्मित मज्जा लोरिक के हाथ में छोड़ दिया जिससे वह वहाँ से भाग खड़ा हुआ। दुर्गा ने उसकी गर्दन पकड़ कर उसे संभाला और कहा कि इसके हाथ का पानी पी लो, तब तुम्हारा भाई जीवित हो उठेगा। लोरिक ने जल पीना शुरू किया और दो लोटा पानी पी गया। विवश होकर सती ने अपना रूप बदला और बारह वर्ष की एक कन्या बन गयी। लोरिक प्रसन्न हो उठा। सतिया पानी पिलाती चली गयी और दुर्गा को ऐसा लगा कि सतिया पानी पिला-पिला लोरिक को मार डालेगी अतः उन्होंने उसके पेट में बड़वानल लगा दिया जिसमें सारा पानी जल जाता था। सतिया पानी पिलाते-पिलाते थक गयी फिर उसने कुंए की जगत पर लोटा डोरी फेंक दी और सोहवल जाने लगी। दुर्गा तब लोरिक के पास पहुँच गयी और उससे कहा कि सतिया सोहवल लौटकर जा रही है। तुम्हारी बारात सगरा पर जीवित नहीं हो सकेगी। (२१)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—लालपियर = लालपीला। बजर = वज्र। भुजइन = भड़भूजे की लड़की। डपटि दा = डांट दो। [illegible] = उपाय। ठुब ठुब = ठीक-ठीक। डगर = रास्ता। बिगहा = २० बिस्वा की दूरी। पुरनियं = बुढ़िया। माज = मज्जा। महकति बाय = महक रही है। दगन = धोखा, दगा। जगतिया = कुंए की जगत। अंजुरिया = अंजुलि। घलं बनाय = बना डाला। धींच-धींच = खींच खींचकर।

मुड़िया = गर्दन । बड़वानलवा = बड़वानल । भवरिया ओलि रे अं = भवानी प्रविष्ट हुई हैं । उभ्भंग = व्यक्त, छोड़ा हुआ । आरे बहुवां में पीरा जोगिया गइल बाड़े ना रे उभ्भंग = योगी ने बांह में पीड़ा छोड़ दी है । पजरवा = पास, बगल में ।

भावार्थ—तब लोरिक कुंए की जगत से कूदकर सतिया के पास चला गया और उसे अंकवार में भर लिया । उसकी हड्डियाँ पड़-पड़ाने लगीं । लोरिक ने कहा जब तक तुम मुझे देवर नहीं कहोगी और तुम मेरी भावज नहीं बनोगी, तब तक मैं तुम्हें नहीं छोड़ूंगा । सतिया ने पूछा कि तुम्हारे भाई ने मुझसे कब विवाह किया, तथा कैसे भाँवर घुमायी । तुम सुहाग का ताग-पाट दिखाओ । उसी क्षण मां दुर्गा ने अपनी जांघ काट कर तागपाट प्रस्तुत कर दिया और लोरिक के हाथ में दे दिया । जब सतिया ने ताग-पाट देखा तब उसे परेशानी हुई । उसने फिर लोरिक को देवर कहा और सुझाव दिया कि मैं शिव बाबा की पूजा करने आऊँगी और तुम्हारी बारात जीवित कर दूँगी । लोरिक को इस पर विश्वास नहीं हुआ । लोरिक दुर्गा के साथ शिव मंदिर में आया और शिव बाबा से कहा कि तुमने सारी जिंदगी भावज की पूजा को स्वीकार किया फिर भी सगड़ पर बारात क्यों मर गयी ? यह कहते हुए उन्होंने शिव मंदिर का फाटक तोड़ दिया और शिव बाबा पर जोर से आघात किया । (२२।

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—अंकवार = अंकपाल, हृदय से लगाना । गहुवा = जोर से । सेंदुर = सिंदूर । भउजी = भाई की पत्नी । तागपाट = मंगल सूत्र । सोहगइला = सौभाग्य । अम्मर चीरिया = अमरता प्रदान करने वाला वस्त्र । हलिया = हाल । ओठियन = उस जगह । पुजनिया = पूजा । बिस्सास = विश्वास । बेंवड़वा = डंडा ।

भावार्थ—शिव बाबा को मार कर लोरिक अपने तम्बू में आया और मौन होकर बैठ गया । इधर सतिया चार सखियों को आगे करके तथा चार सखियों को पीछे करके प्रातःकाल शिव बाबा की पूजा के लिए चली । पूजा समाप्त करके सोहवल के बाजार में वापस आयी । दूसरे दिन उसने माया के पाँच सूवर बनाये और अपने हाथ में डंडा लेकर सगड़ पर पहुँची और पुकारा कि सगड़ पर वैद्य आया है किसी को मुर्दा जिलाना है तो हम उसे जिला देंगे । लोरिक वहाँ आया और सतिया के कहने पर सूवर चराने लगा और जब वे भागने लगे तब उन्हें पकड़कर बाँधना शुरू किया । सतिया वन में गयी और छाती पीटकर रोने लगी । "हाय सोहवल में मेरी नाव डूबने लगी । दसवंत भइया की मृत्यु करीब आ गयी है । मैं बमरी दादा को बार-बार मना कर रही थी पर उन्होंने मेरी बात नहीं मानी ।" सतिया अपने सतीत्व का स्मरण करने लगी और उड़कर इन्द्रासन में पहुँची जहाँ ब्रम्हा की कचहरी लगी हुई थी । सतिया ने वहाँ जाकर पूछा कि ऐ ब्रम्हा हमारा कौन सा पाप उदय हुआ है कि मेरे ललाट में तुमने विवाह लिख दिया है । तब ब्रम्हा ने समझाया कि तुम्हारे पिता बमरी ने छत्तीस जाति की कन्याओं का विवाह नहीं होने दिया है । उसी का पाप

सोहवल में उदय हुआ है। अब दसवंत की मृत्यु तथा तुम्हारा विवाह निकट आ गया है। (२३)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी---पछवां = पीछे। असनान = स्नान। कइके = करके। डगर = रास्ता। बिहान = प्रात:काल। सुवर = शूकर। बेंवड़वा = डंडा। बइदा-बइदा = वैद्य वैद्य। मुअल = मृत ओलियाय दें = प्रविष्ट करा दें। बिरई—वृक्ष। लियंई उपार = उखाड़ लूं। वन छिउली = पलाश का वन। घुमुरल = घूम गया। पांचों क गोड़ छनलें = पांचों का पैर पकड़ लिया। मरन = मृत्यु। डोंगवा = डोंगा, नाव। अध जल = आधे जल में, बीच में। धइ धइ छानत बाड़ें = पकड़ पकड़ कर बांध रहे हैं। बेरिया क बेरिया = बार बार। बरजत रहलीं = मना कर रही थीं। छानि देला = बांध लिया। जे ठे ते = जितनी थी उतनीं। एदवां = इस बार। डंड़वा = डंडा। एड़वा = पैर से गइल हु हउवे मेंड़रे राय = मंडराने लगा। मिरितवा = मृत्यु लोक। कनिवा = कन्या।

भावार्थ—तब सतिया कुछ नहीं बोली और उसने ब्रम्हा से कहा—नौ दिन के लिए बादल और घोर वर्षा लिख दो और मोती सगड़ पर तम्बुओं को उलट-पुलट दो। ऐसा ही हुआ। तम्बू उलट पलट गये और सारे मुर्दे पानी पर उतराने लगे। नौ दिन के बाद बादल छंट गये, मूसलाधार वर्षा भी रुक गयी। सतिया हरदोई नाग के गह्वर (मांद) पर गयी और उससे कहा कि जितने बारातियों को तुमने मृत कर दिया है उन सबको जीवित कर दो। नाग क्रुद्ध हो उठा कि यदि मैं बारात को जीवित कर दूंगा तो हमारा शरीर छूट जायगा। तुमने मुझसे पहले कहा था कि भाई का मोह मुझे सता रहा है। मेरा भाई मारा जायगा पर वह मोह कहाँ चला गया? यह रहस्य मुझे बता दो। जाओ तुम अपने बंगले में बैठो। मैं बारात जीवित कर दूंगा। (२४)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—इनरासन = इन्द्रासन। बदरी = बादल। झाटा = मूसलाधार वर्षा। बरतिहा = बाराती। उठल रिसियाय = क्रुद्ध हो उठा। चोला = शरीर। अकिल गइल बउराइ = अक्ल बावली हो गयी। मोहिया = मोह, ममता। भेंटिया = भेंट।

भावार्थ—सतिया हरदोई नाग के गह्वर या बांबी से अपने बंगले पर गयी। आधी रात में हरदोई उठा तथा उसने मर्जन राम, बांठा, धोबी अजई, देवसिया, शिव हरि, सारे बाजे वाले तथा सभी बारातियों का विष उतार लिया। फिर मलसांवर का विष उतारा एवं लोरिक के तम्बू में गया। उसके बाद भागते हुए वह सतिया के बंगले पर गया और कहने लगा कि मेरे ब्रह्मांड पर विष चढ़ गया है, मेरा शरीर छूट जायगा। सती ने अपने सत से दूध बनवाया और उसमें नाग को ठंडा किया। विष उतर जाने के बाद नाग अपने बिल में चला गया। इधर सारी बारात जग गयी। सब लोग दातुन-कुल्ला करके स्नान करने लगे। अजई धोबी भी उठा और लोरिक के

तम्बू में जाकर उसने उससे नाश्ता पानी कराने के लिए कहा। किन्तु वहाँ खाने की सारी चीजें समाप्त हो गयी थीं। लोरिक का वहाँ कोई परिचित नहीं था। अतः उसने धोबी से कहा कि तुम्हारा सोहवल में परिचय है। अगर तुम सगड़ पर खर्चा जुटवा दो तो मैं बहुत कृतज्ञ हूँगा। (२५)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—घूमि के = लौटकर। विख = विष। बजनिहन = बाजा बजाने वाले। बरतिहन = सारे बाराती। बरमांड = ब्रह्मांड। छूट जाला रे चोला हमार = हमारा शरीर छूट जायगा। नादो = नाद। दतुवन = दातून। दतुवन कुल्ला कइके = नित्य क्रिया से निवृत्त होकर। गोहरावै = पुकारने लगा। दाना पानी करा द्या = नाश्ता पानी करा दो। चाउर = चावल। चुकल = समाप्त हो गया। नेबुल = नीबू। आटा गउजइया = गेहूँ और जौ का आटा। नाहीं चिन्हल बाड़ै = परिचित नहीं है। गंजवा दा = एकत्र करा दो, जमा करा दो।

भावार्थ—तब लोरिक से धोबी ने कहा—तुमको कोई नहीं पहचानता अतः तुम गाँव सोहवल में जाओ। मैं तुम्हें उपाय बताता हूँ। लोरिक अपनी निरखी, दोहरी तथा तमांचा धारण कर, एवं तवा (कवच) तथा ओड़न से सुसज्जित होकर सोहवल चला और झिंगई बनिया के द्वार पर पहुँचा। झिंगई गड़गड़ा पी रहा था। उसने लोरिक का सुन्दर स्वरूप देखा और उसे पकड़कर कुर्सी पर बैठाया, फिर पूछा कि तुम कहाँ से चले हो और कहाँ जाओगे? गउरा के अहीर ने उसे बताया—यहाँ से बहुत दूर गउरा है। हम वहाँ से आये हैं और हमारे राजा ने यहाँ सगड़ पर डेरा डाला है। हम लोगों का यहाँ खर्चा चुक गया है इसीलिए मैं यहाँ आया हूँ। तुम सारा सामान लदवा कर ले चलो वहाँ से तुम सोना चांदी लेकर वापस आओगे। उसने सहुआइन से आकर बताया कि सोहवल में ऐसा पुरुष आया है कि मैंने उसके समान दूसरा व्यक्ति नहीं देखा है। वह पूजा करने योग्य है। जब सहुवाइन ने आकर उसे दरवाजे पर देखा और उसकी लोरिक से नजर मिली तो वह गिर पड़ी। (२६)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—होलिया = हुलिया, विवरण। केहुना = कोई नहीं। सूरत = सौंदर्य। बदनिया = शरीर। बरनन = वर्णन। डेवढ़िया = ड्योढ़ी, देहली।

भावार्थ—तब सहुआइन ने कहा—अरे साहु! ऐसा पुरुष तो मैंने किसी देश में नहीं देखा है। वह जितना खर्चा मांगे, लदवा दो। सहुआइन की आज्ञा से चावल, दाल, आटा, नमक, तेल, मसाला; सब कुछ लद गया और तम्बू में पहुँचा दिया गया। इसके बाद धोबी अपना मुंगदर लिये हुए तम्बू से बाहर आया और साहु के निकट आकर कहने लगा। या तो हमारा खर्च राजा बमरी चलावैं या यहाँ की प्रजा चलावे। तुम हमारे सामने से भाग जाओ नहीं तो मैं यहाँ तुम्हारी जिंदगी समाप्त कर दूँगा। (२७)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—सहुआइन = साहू की स्त्री। साव = साहू। हुकुम = हुक्म। पयाम = संदेश, पैगाम। बही = हिसाब किताब की पुस्तक। दुवाइत = दावात। टपदे = शीघ्र। बरधी = बैल। मुंगरवा = मुगदर। पाहुन = दामाद। परजा = प्रजा।

भावार्थ—यहाँ गायक फिर राम का नाम स्मरण करता है और कहता है कि राम के गुणगान से कोटि-कोटि अपराध कट जाते हैं। यहाँ के संगी साथी छूट जायेंगे, कुटुम्ब और परिवार छूट जायगा। इस कलियुग में यदि तुमने राम नाम को भुला दिया तो तुम्हारा शरीर मिट्टी में मिल जायगा। इस सुमिरन के बाद कथा आगे बढ़ती है। चावल, दाल, घी, नींबू, अचार सब कुछ एकत्र हो गया। बारात घी और खिचड़ी खाने लगी। इधर बारह जोड़ी सिंगे तथा चौदह जोड़ी करताल बजने लगे। चौदह जोड़ी धौंसे (नगाड़े) भी बजने लगे। वहाँ कान देना कठिन हो गया है।

इधर राजा बमरी सोहबल में घबरा उठे। ऐसे बाजे सोहबल में कभी नहीं बजे। ऐसे पुरुष सोहबल में कभी नहीं आये। बमरी ने धावन को बुलाया और उसे मोती सगड़ पर भेजा कि पता लगाओ। कहीं राही, बटोही, या कोई उमराव आया है। धावन वहाँ गया। सुर्जन डोम और बोठा के तम्बू को देखते हुए वह धोबी के तम्बू में गया। उसे देखकर धावन घबरा गया। यह वही व्यक्ति था जिसको दसवंत तथा भिमली ने ऐसा पदाघात किया था कि उसकी पसली की हड्डी टूट गयी थी। इसके उपरान्त धावन देवसी और सिवगढ़ के तम्बू पर गया। फिर मलसाँवर के तम्बू के निकट आ गया। मलसाँवर वैसे ही था जैसे राजा बमरी की बेटी सती थी और जिसका नाम मदाइन था। (२८)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—समउरिया = समवयस्क। कुटुम = कुटुंब। घरनी = पत्नी, घरवाली। मुलुक संसार = देश तथा संसार। कलऊ = कलियुग। सूबा = सूबे का प्रशासक। उमराव = रईस। पड़हुआ = पड़ाव डालने वाला। एक दाँई = एक बार। हनि के = जमाकर, जोर से।

भावार्थ—धावन मलसाँवर का तम्बू छोड़कर लोरिक के तम्बू के निकट आया। लोरिक ने उसे जोर से डांटा। तुम चोर हो अथवा चौकस हो? क्या मेरा टूटा हुआ जूता लेने के लिए इस मोती सगड़ पर आये हो। मैं तुम्हारी खाल में भुसा भरवा दूँगा। डरके मारे धावन थर-थर काँपने लगा और कहने लगा जैसे मैं राजा बमरी का धावन हूँ वैसे ही तुम्हारा भी धावन लगूँगा। (२९)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—सोझे = सीधे। दसनह धावन बलको जोरे = दोनों हाथ जोड़कर।

भावार्थ—तब वीर लोरिक धावन (गांगी) को बुलवाता है और अपने बंगले में उसका बाल बनवाता है, स्नान करवाता है फिर कच्छा और पीताम्बर पहनने को देता है और विदाई में उसे सोना देता है। फिर गांगी लोरिक से उसका परिचय पूछता है। लोरिक अपना परिचय देता है कि मैं गउरा का रहने वाला हूँ। मेरे पिता का नाम

टिकई तथा माता का नाम खोइलनि है। वह यह भी बताता है कि हम दो भाई हैं। एक बोहा में गाय चराते हैं और मैं ठकुराई करता हूँ। धोबी अजई ने यहाँ अगुवाई की है। अभी तक मैंने भाई मलसाँवर का विवाह सतिया से नहीं कराया है तथा अभी हम डोली लेकर कनउज नहीं जा सके हैं। ऐ धावन। जाकर तुम कह दो कि बमरी थाली और कपड़ा लेकर आ जायँ और भइया को तिलक चढ़ा जायँ तथा सतिया का विवाह कर दें ताकि हम लोग कनउज चले जांय। धावन यह सुनकर सोहवल चला गया और बमरी की कचहरी में पहुँचा। बमरी ने धावन से समाचार पूछा। उसने बताया—"न तो ये राही हैं और न बटोही हैं। ये उमराव हैं। जो धोबी (अजई) यहाँ बारह वर्ष रह चुका है और दसवंत भइया के मारने से जिसकी पसली टूट गयी थी, उस धोबी ने अगुवाई की है। जितनी बालकन्याएँ सुहवल में हैं। उतने वीर मोती सगड़ पर टिके हुए हैं। एक विचित्र बात सगड़ पर हुई है। दसवंत की अब मृत्यु निकट आ गयी है। (३०)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—कछनी = कच्छा। पीताम्मर = पीताम्बर, पीला वस्त्र। कोखिया = कोख। डांडी = डोली। थरिया = थाली। थनवा = थान का कपड़ा। नाऊ = नापित। जियरा = जीव। बादी = शत्रु, विरोधी।

भावार्थ—बमरी यह सुनते ही क्रुद्ध हो उठा। उसने दो सिपाहियों को अजई धोबी के श्वसुर खेदू धोबी को पकड़ लाने के लिए भेजा ? सिपाही खेदू के द्वार पर गये और उसकी कलाई पकड़ कर उसे बमरी के दरबार में लाये। खेदू पर बमरी बहुत क्रुद्ध हुआ और कहने लगा कि तुम मेरे सामने अपने पाहुन अजई को नहीं लाये तो तुम्हारे बच्चों को मैं कोल्हू में पेरवा दूँगा। घँटे भर की छुट्टी मिली। वह मोती सगड़ के घाट आया। यहाँ धोबी अजई भींटे पर बैठा हुआ था। जब उसने अपने श्वसुर को देखा तब वह डर कर अपने तम्बू में भाग गया और चद्दर तान कर सो गया। खेदू लोरिक के फाटक के पास पहुँचा। लोरिक ने उसे जोर से डाँटा और पूछा तुम चोर हो या चँडाल हो। मैं तुम्हारे शरीर में भूसा भरवा दूँगा। खेदू ने उत्तर दिया—'मैं अपने पाहुन अजई से मिलने आया हूँ। उनकी सास और सरहज ने यह शपथ ली है कि जब तक वे पाहुन को देख न लेंगी तब तक अन्न और जल नहीं ग्रहण करेंगी। मैं भी उनको देखे बिना पानी नहीं पीऊँगा।" लोरिक ने अजई से कहा कि अपने श्वसुर से भेंट कर लो पर धोबी को कँपकपी छूटने लगी और उसे तेज बुखार हो आया। उसने खेदू से न मिलने की इच्छा प्रकट की। पर लोरिक की आज्ञा से वह निरखी, दोहरी, तमंचा तथा मुंगदर आदि लेकर तैयार हो गया और खेदू के किले में पहुँचा। खेदू ने पतोहू को आज्ञा दी कि तुम इन्हें जल्दी खिचड़ी खिला दो। मैं इन्हें राजा बमरी के किले में पहुँचा आऊँ, नहीं तो हमारे सभी प्राणी मारे जायँगे। (३१)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—दुई = दो। धइ लियाव = पकड़ लाओ। कलई = कलाई। गहुवर = जमकर। छुटिया = छुट्टी। सोझे = सीधे। चदरिये = चादर।

कत्तो न = कहीं नहीं । लवकति बाड़े = दिखाई पड़ता है । टुटही = टूटी हुई । पनही = जूता । दीदार = दर्शन । गुड़गुड़िया = कंपकंपी । तिजार = तेज ज्वर । कलइया = कलाई । सीर = सिर । एनकर = इनका, इनकी । कसमखाइ गइलीं = शपथ लेली । सूरत = मुख । बइठका = घर में पुरुषों के बैठने की जगह । पतोहू = पुत्र वधू । ओलियाय देईं = प्रवेश करादूँ । परनिया, = प्राणिजंन ।

भावार्थ – खेदू की पतोहू ने खिचड़ी तैयार की और अजई खाने के लिए बैठ गया । तब उसकी सरहज रोने लगी कि ऐ ननदोई । मेरे पति और बच्चे किले में मारे जायँगे । भला तब उनके माता-पिता कैसे जीवित रहेंगे ? ऐ ननदोई । तुम सोहवल में मारे जाओगे । हाय गउरा में मेरी ननद की नौका डूब जायगी । (३२)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी — बखरी = घर । बइठक = बैठक । पुरुषों के बैठने और आराम करने का स्थान । लरिका परानी = बाल बच्चे । पटवा के अड़वा = पर्दे की ओट में । हलल हउवै = धोबी आगे बढ़ता जा रहा था । टहरे पर = चौके पर, खाने के पीढ़े पर । पटवा = पर्दापट । अड़वा = ओट में । रुवउया = रुदन । ननदोई = ननद । का पति । महतारी = माँ । सेन्हुरवा = सिंदूर, पति । चउकवा = चौकपर । रांड़ = विधवा

भावार्थ—धोबी अजई की दृष्टि गोपी पर पड़ गयी । आंसुओं से उसकी चुनरी भीग गयी थी । अजई ने उससे दुख का कारण पूछा और कहा कि जब इसका भेद बता दोगी तभी मैं भोजन करूँगा । तब गोपी ने कहा दो कौर खिचड़ी खालो । तुम्हें बमरी के किले में कैद किया जायगा । दो कौर खिचड़ी खाकर धोबी उठ गया, खेदू से उसने कहा मैंने जेवनार करली । तब खेदू अजई को दारू की दूकान पर ले गया और उसे इतनी शराब पिलायी कि वह नशे में चूर हो गया और मुंगदर उठाकर गली में भांजने लगा और जोर से चिल्लाने लगा । बमरी से मेरी भेंट करा दो । खेदू बमरी के किले के पास अजई को ले गया । जब उसने किले के फाटक को देखा तब उसका नशा उतर गया । खेदू चुपके से वहाँ से भाग गया तथा अजई कैद कर लिया गया । बमरी ने हुक्म दे दिया कि अजई को मार डाला जाय । उसको पलटन ने चारो तरफ से घेर लिया । किले में लड़ाई छिड़ गयी । अजई अपने मुंगदर के साथ लड़ाई करने लगा और बमरी का सारा दल विकल हो उठा । । बमरी ने उन्हें ललकारा तब पलटन ने ललकारते हुए अजई को घर दबाया । उसका मुशुक चढ़ाकर एक गड्ढे में ढकेल दिया और उसकी छाती पर कोल्हू रखवा दिया । उसके नखों में खपचियाँ ठोकवा दी गयीं । इसी प्रकार सात दिन व्यतीत हो गये । धोबी की आँखों से झर-झर आंसू गिर रहा था । वह कहने लगा— लोरिक क्या तुम मोती सागड़ पर मर गये ? मैं यहाँ संकट में पड़ा हूँ । बनसत्ती देवी के कानों में यह बात पहुँची और लोरिक को यह सूचना दी कि धोबी किले में कैद है । अगर वह सोहवल में मर जायगा तो यहाँ तुम्हारी जड़ उखड़ जायगी । (३३)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—भीजि गइलों = भीग गई। बिसमाद = दुख। ठहरे पर = इसी ठहर पर, इसी स्थान पर। जेवनार = भोजन, न्यौता। कवर = कौर, ग्रास। परैल्या बनखान = कैद होंगे। डोंगा = नाव। उहवां से = वहाँ से। गब दे = जल्दी। नसवा = नशा। नावा रे बनखान = कैद में डाल दो। लोहवन की कोठरी = लोहे का कमरा। चारि अलंगे से पलटनि बीचवे में छेकलं = चारों ओर से पलटन ने अजई धोबी को घेर लिया। जुलुम = जुल्म। पिछही के = पीछे से। तोनहन = तुमलोग। तरहों = नीचे। मुसुकिया = मुसुक। गबड़े = गड्ढा। छतिया = छाती। नहन = नाखून। खपचरिया = खपच्चियाँ। सांसत = विपत्ति। सोरिया = जड़।

भावार्थ—तब लोरिक अपने तम्बू से उठकर मलसांवर के तम्बू में गया और उन्हें बताया कि धोबी बनखान में पड़ा हुआ है। आप सगड़ पर बारात की देखभाल कीजिए। मैं सोहवल के बाजार में जाऊँगा। मलसांवर ने यह सुनकर अपना अग्नि बाण साधा। मैं सोहवाल को फूंक दूंगा और धोबी की रक्षा हो जायगी। पर लोरिक ने उन्हें मना किया, ऐसा करने से भावज सतिया भी जल जायगी। मलसांवर ने बाण रख दिया। लोरिक अपने तम्बू में जाकर अस्त्र-शस्त्र से सुसज्जित हुआ फिर सारे देवी-देवताओं का स्मरण कर बमरी के फाटक पर पहुँचा। उसके पद प्रहार से फाटक टूट कर महरा उठा। देवी दुर्गा धोबी के पास गयीं और माया की ऐसी रचना की कि सभी वहाँ पैर तानकर सो गये। लोरिक ने धोबी को सुझाया कि तुम अपनी छाती फुला कर चौड़ी कर दो ताकि नाल के तीन टुकड़े हो जायं। इसके बाद तुम दाहिने से बायें उलट जाओ ताकि छाती पर से कोल्हू हट जाय। धोबी ने ऐसा ही किया। वह मुक्त हो गया तथा अपने नखों की खपचियों को जमीन में गाड़ कर मोती सगड़ पर आ गया। इधर सवेरा हुआ और सिपाहियों ने जाकर देखा तो गड्ढे में धोबी नहीं था। बमरी का मस्तक नीचे हो गया। उसने पत्र लिखकर सिलहट में धावन को भेजा और अपने दो पुत्रों भिमली और दसवंत को बुलाया। पत्र में लिखा था—बारह पाल का गढ़ गउरा है तथा कनउज के तिरपन बाजार हैं। वहाँ का लोरिक शत्रु बनकर चढ़ आया है। धोबी अजई ने अगुवाई की है। सोहवल में जितनी बाल कन्याएँ हैं उतनी ही संख्या में बारात आयी है। तुम लोग सामना करने के लिए आ जाओ। दसवंत ने पत्र पढ़ा फिर भिमली को भी सुनाया। भिमली सुनकर गरज उठा। पूर्व में मैं पुर पाटन गया, मेरा कोई जोड़ नहीं मिला। दक्षिण देश के पहाड़ों में गया तब भी कोई बराबरी का नहीं मिला। पश्चिम पंजाब में भी कोई समानता नहीं कर सका। उत्तर नेपाल में भी कोई नहीं मिला। इस बार अगर पिता का प्रण टूट गया, तो ऐ भइया, तुम्हें लज्जित होना पड़ेगा। (३४)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—अगिन कर बान = अग्नि बाण। हलल = पार करके। खियाल = ख्याल। सीना = छाती। नार = लोहे की नाल। मेल्हि गइलै = करवट बदल ली। गयल रे ढंगि लाय = लुढ़क गया। नहवा क = नख का। कोल्हुवा = कोल्हू।

खमचार = खप्पचियाँ। गड़वड़ा = गड्ढा। तेकरे = उसके। मउर = मुकुट, मस्तक। पतवा ठेकान = पता ठिकाना। बारह पाल = बारह होने के। अन = अन्न। मतंगिया = हाथी की भाँति। धावन = संदेशवाहक। गठिवावे = संदेशवाहक ने गाँठ में बाँधा। संड़िनी = सांड़िनी। देलें रे दवराय = दौड़ा दिया। गंडक = बाधा, रुकावट। नेतर फइलाय = नेत्र फैलाकर, आँख खोलकर। बिड़र = दूर-दूर फैला हुआ। जोड़ न मिलल = बराबरी का नहीं मिला। कोन = कोना। पिरथमी = पृथ्वी। लग्गन से = अपने डंडों से। अइली थहाय = थाह लिया। मउरिया = मस्तक, मुकुट। बीरना = भाई।

भावार्थ—जितने पट्ठे अखाड़े में एकत्र हुए थे उनसे दसवंत ने कहा—ऐ जवानो, तुम लोग हमेशा सोहवल दिखा देने के लिए कहते थे। आज बारी आ गयी है। कायर व्यक्ति लंगोट छोड़कर भाग खड़े हुए। जो वीर थे वे मैदान में डट गये। दसवंत तथा भिमली ने सिपाहियों को आज्ञा दी कि वे पट्ठों को दानापानी करा दें। हम सब लोगों को सोहवल के बाजार जाना है। भिमली और दसवंत अस्त्र-शस्त्र से सुसज्जित होकर हाथी पर बैठ गये और अपना बिगुल बजा दिया। आगे-आगे पलटन जा रही थी और पीछे से हाथी जा रहे थे। जब सब लोग सिलहट पार करने लगे तो दो सियार आगे से रास्ता काट गये। भिमली को अपशकुन के लक्षण दिखाई पड़ने लगे। दसवंत ने कहा लगता है कि बहिन सतिया काल होकर उत्पन्न हुई हैं। पिता बमरी भी हमारे लिए काल हो गये हैं, ऐ भाई हमारी मृत्यु निकट आ गयी है। (३५)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—जूटल बाड़ें = एकत्र हुए हैं। पारी = बारी, समय। कादर = कायर। जंघिया = जाँघ। निगोटा = लंगोट। गुरवां = शूरमा, वीर। रइन = मोर्चा। अडर = आर्डर, आज्ञा। पट्ठन के = पट्ठों को। दानापानी करा द्या = दानापानी करा दो, जलपान करा दो। हउदा कसवा द्या = हौदा कसवा दो। डाँकन लागे = पार करने लगे। सरहद = सीमा। सोझे = सीधे। असगुन = अपशकुन। कालि होके = काल होकर। जियरवा = प्राण।

भावार्थ—हाथी पर बैठे हुए दसवंत बड़े जोर से तड़का। मैंने ऐसे बहुत से अपशकुन देखे हैं? उन्होंने हाथी को हाँक दिया। सोहवल में उनके पहुँचने की खबर मिल गयी। सोहवल में पहली बार विवाह का नाम सुना गया था अतः गोपियाँ वहाँ उत्साह में घर-घर दौड़ रही थीं। भिमली और दसवंत के आने की सूचना पाकर वे कहने लगीं—हमारे भाग्य फूट गये हैं, अब सारे वर मारे जायेंगे। हमारे जोवन के तीन पंथ व्यतीत हो चुके हैं चौथा पंथ निकट आ गया है। सोहवल में रहते-रहते हमारे दाँत टूट गये, हमारे सिर के बाल सफेद हो गये। (न जाने) बमरी के बेटे कब मारे जायेंगे और हमारा भाग्योदय कब होगा? (३६)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—सबद = शब्द। गहुअर = गंभीर। दउरन लागे =

दौड़ने लगे। दुलहा = वर। फूटि गइल भाग हमार = हमारा भाग्य फूट गया। सनकुट = सफेद। कपरवन के = सिरका। बेलकुल = बिल्कुल। बार = बाल।

भावार्थ—दोनों भाई सोहवल पहुँचे। यहाँ राजा बमरी की पलटन सजी हुई है। दरबार में पहुँचकर दोनों भाइयों ने राजा बमरी के पैर छुए तथा कारण पूछा कि उन्होंने पत्र लिखकर उन्हें क्यों बुलवाया है? तब बमरी ने सारी बातें बतायीं और कहा कि उस धोबी की, जिसकी पसली तुमने तोड़ दी थी, अगुवाई पर यहाँ बारात आयी है। जितनी कन्याएँ यहाँ अविवाहिता हैं उतने ही पुरुष आये हैं। तुम पहले अगुवा को मार डालो फिर अन्य शत्रुओं का संहार करो। दसवंत ने पिता बमरी से कहा कि पहले हम मोती सगड़ पर जाकर यह पता लगा रहे हैं कि कोई सुयोग्य 'सूबा' आया है या सम्बन्ध कायम करने योग्य 'भूपाल' आया है?

दोनों हाथी पर चढ़कर मोती सगड़ चले। धोबी ने जब उनको भींटे पर देखा तो डर कर भाग खड़ा हुआ। अपने तम्बू में जाकर तथा अपनी पीठ पर गद्दा फेंक कर सो गया। फिर दोनों भाई सुर्जन डोम के तम्बू पर पहुँचे। सुर्जन का खंभा (पैर) कदली के पेड़ की भाँति दिखाई पड़ रहा था। उसकी 'मुसुक' खैर की डाल की भाँति थी। उसकी गर्दन पर सेरों धूल दिखाई पड़ रही थी तथा उसका मस्तक चमक रहा था। उसके कानों तक दो-दो फेरों की मूँछे थीं। उसने दोनों भाइयों को डांटकर कहा—तुम लोग चोर हो, चंडाल हो, भूत हो या बैताल हो? आज सूबे से सगड़ पर तुम्हारी भेंट होगी। वह तुम्हारा मस्तक काट लेगा। (३७)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—पतिया = पत्र। मारि घाला ललकार = ललकार कर मार दो। ठांवइ = उसी स्थान पर। जो रै जोग = जोड़ने योग्य। हिताई = सम्बन्ध, रिश्तेदारी। पयान = प्रस्थान। केदरियन = केला। मुसुक = मुश्क, कँधे और कोहनी के बीच का भाग। खयर = एक प्रकार का पेड़ जिसके गोंद से कत्था बनता है। सेरन = सेरों। धूर = धूल। गरदन = गर्दन। लउकै = दिखाई पड़ रहा है। पवन = पबित्र। अइठलें = ऐंठे हुए है। बैताल = वैताल।

भावार्थ—जब सुर्जन ने इस प्रकार की बात कही तब मिमली ने दसवंत को संकेत किया कि वह उसकी जाति पूछें। दसवंत ने सुर्जन से पूछा—भइया, तुम ऐसी बात कर रहे हो, हाथी को सूअर बना रहे हो। तुम्हारी कौन जाति है? सुर्जन ने जवाब दिया—मैं सुर्जन डोम हूँ, मैं कनऊज के बाजार में रहता हूँ। वीर लोरिक के साथ यहाँ बारात करने आया हूँ। गउरा से बहुत लोग आये हैं। बड़े-बड़े लखपति और करोड़पति आये हैं। दसवंत ने सुर्जन से गउरा के बारे में सूचना चाही। सुर्जन ने बताया – गउरा में बारह पुरवे हैं। उसमें कनउज के तिरपन बाजार हैं। उसमें तेली, तमोली, भड़भूजे तथा कलवार रहते हैं। वहाँ रघुवंशी बसते हैं जिनकी कटि में तलवारें लटकती रहती हैं। वहाँ यदुवंशी और ग्वाल भी रहते हैं। घर-घर में वहाँ अखाड़ा है

जहाँ सुबह शाम लेजिम घूमता रहता है। वहाँ सारा गाँव लड़ने वाला है। जब कभी शत्रु से उनका सामना होता है वे उसके मुँह में तलवार घोंप देते हैं। (३८)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—माय = भाई। एइसन बतिया बनेला बतियाय = इस प्रकार की बात कर रहे हो। ओगर = सम्पूर्ण। पेल देहलस = ठोंक दिया, भर दिया।

भावार्थ—वहाँ से दोनों व्यक्तियों ने बांठा चमार के तम्बू की ओर अपने हाथी हाँके। बाँठा अपने तम्बू में अउंसा-धउंसा (गाजे-बाजे) एकत्र कर सो रहा था। उसके तम्बू में सबकी पीली धोतियाँ और सबके मुकुट टंगे हुए थे। भिमली और दसवंत ने देखा सबके हाथों में कंगन बंधे हुए हैं और सबके पैर लाल रंग से रंगे गये हैं। भिमली ने दसवंत से कहा कि मैं सोहवल में अपशकुन देख रहा हूँ। मुझे ऐसा आश्चर्य कभी नहीं दिखाई पड़ा। जितने बाजा बजाने वाले हैं सबके सब मोती सगड़ पर दुलहा बने हुए हैं। इसके बाद दोनों भाई धोबी के तम्बू में पहुँचे। वह भय के मारे काँप रहा था। उन्होंने हाथियों को आगे बढ़ाया तो देखा कि चारों ओर अपशकुन दिखाई पड़ रहे हैं। किसी ने जादू का खेल किया है। आगे बढ़ने पर देवसी का तम्बू आया, फिर सिवहरिया का। सिवहरिया सो रहा था। भिमली ने कहा—मैं तो समझ रहा था यहाँ मनुष्य टिके हुए हैं पर ये तो भूत और शैतान हैं। दोनों भाई फिर संवरू के तम्बू पर गये। भिमली ने संवरू को देखकर कहा-कन्या के योग्य वर दिखाई पड़ रहा है। हमें सोहवल गाँव में लौट जाना चाहिए और बमरी दादा को समझाना चाहिए कि थाली, वस्त्र, कुटुम्ब, नाऊ, ब्राह्मण सबको लेकर सवा मन सोने के साथ मोती सगड़ पर तिलक चढ़ा देना चाहिए। इस प्रकार गउरा में अच्छा सम्बन्ध हो जायगा। आगे जाने पर लोरिक का तम्बू दिखाई पड़ा। घंटे की आवाज सुनते ही वह फाटक पर सावधान हो गया और जोर से आवाज लगायी तुम लोग चोर हो, चंडाल हो, भूत हो या शैतान हो। मैं तुम्हारी खाल में भूसा भरवा दूँगा। दसवंत ने लोरिक को बताया कि हम लोग रास्ता भूल गये हैं। हमने तुम्हारे लाल-लाल तम्बू देखे हैं, उनमें लाल कनातें लगी हैं। इस सगड़ पर सुंदर-सुंदर व्यक्ति दिखाई पड़े अतः हमारे हाथी इधर ही मुड़ गये। भाई, तुम अपना रहस्य बताओ कि इस मोती सगड़ पर क्यों टिके हो? क्या तुम्हारा रास्ता भूल गया है। यदि तुम्हारा खर्च चुक गया है तो तुम्हारे पास हम गाड़ी लदवा कर भेज देंगे। लोरिक ने उत्तर दिया—हमारा खर्चा नहीं चुका है, न हमारा रास्ता ही भूला है धोबी ने अगुवाई की है। हम राजा बमरी की कन्या को विवाहने आये हैं। वह कन्या अत्यन्त सुन्दर है। हम यहाँ बैठे हुए दसवंत की खोज कर रहे हैं। अभी तक हमारी उनसे भेंट नहीं हुई। (३९)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—धउंसा = एक प्रकार का ढोल। अउंसा उसके साथ जुड़ा हुआ है जिसका कोई विशेष अर्थ नहीं प्रतीत होता। गांजिके = एकत्र करके। पियरी = पीली। कंगन = विवाह का सूत्र। असगुन = अपशकुन। कपरे पर = सिर

पर । बजनिहाँ = बाजा बजाने वाले । चौमुख = चारो ओर । धनुवा = धनुष । मानुख = मनुष्य । बेल्कुल = बिलकुल । बुकनिया = पीसा हुआ चूर्ण, लाल रंग जो विवाह के समय पैर में लगाया जाता है । बारि कुँवरवा = बाल कुँवार । बरवा = वर । सोझई = सामने । लवकत हउवैं = दिखाई पड़ रहे हैं । बीड़ना = भाई । बरनिया = वर्ण के, सुन्दर, उपयुक्त । थरिया थान = थाली और वस्त्र । कुटुमवा = कुटुम्ब । पलिरेवं = परिवार का संक्षिप्त रूप गायक ने कर दिया है । घं = घाट को गायक ने संक्षिप्त कर दिया है । हितइया = रिश्तेदारी, सम्बन्ध । छतवा = क्षति के समय, दुख में । हितवा = हित.। सयरेतं = शैतान । खलिया = खाल । चुकल होंइहैं = समाप्त हो गया होगा । गड़िया छकड़वा = छकड़ा गाड़ी । पयंडा = रास्ता । जोहत रे हउवैं = खोज रहे हैं ।

भावार्थ —दसवंत ने वीर लोरिक से पूछा—क्या गउरा से कोई तिलक या तुम लोग सिर्फ धोबी की अगुवाई पर यहाँ चढ़ आये । क्या कोई और भी अगुवा है । तब बुढ़िया खोइलनि के बेटे लोरिक ने कहा—"एक समय की बात है कि राजा बमरी की गाय बहक कर मेरी गायों के अड़ार में चली गयी । उनके बेटा झिगुरी वहाँ आये और मलसांवर के साथ दूध लिट्टी खाकर रहे । फिर सातवें महीने उन्होंने सोहवल आने की इच्छा प्रकट की और कहा कि हमारे तुम्हारे बीच रिश्तेदारी होनी चाहिए । इस पर भइया मलसांवर ने कहा—न मेरी बिटिया है और न बेटा है । हम दो भाई बाल कुँवार हैं । कनउज में कैसे रिश्तेदारी होगी ? झिगुरी ने मलसाँवर से कहा—"जैसे तुम्हारा जन्म गउरा में हुआ है वैसे ही मेरी बहन सतिया का जन्म सोहवल के बाजार में हुआ है । जैसे तुम्हारे भाई लोरिक का जन्म यहाँ हुआ है वैसे ही दसवंत और भिमली उत्पन्न हुए हैं । उन्होंने कहा था कि जाकर बमरी को मनायेंगे नहीं तो खेत पर लोहा लग जायगा और तलवारें निकल पड़ेंगी । जो सोहवल का लोहा जीत लेगा वह विवाह करेगा । सतिया के भाई उस झिगुरी का आज पता नहीं लग रहा है ।

तब भिमली ने दसवंत से कहा—चलिये, दादा बमरी को समझाया जाय । सवा मन सोना, एवं कुटुम्ब-परिवार तथा नाऊ और ब्राह्मण को साथ लेकर मोती सगड़ पर तिलक चढ़ा दिया जाय । दसवंत बमरी के पास गये । बमरी ने दसवंत से सारा हाल पूछा । दसवंत ने उनसे निवेदन किया चलिये मोती सगड़ पर तिलक वरक्षा कर दें, गउरा में अच्छी रिश्तेदारी हो जायगी । बड़े अच्छे सम्बन्धी आये हैं । यह बात सुनते ही बमरी जलभुन उठे और दसवंत को डांट कर कहा—'तुम रोज कहा करते थे कि हमें मर्दों से भेंट करा दो । आज जब मर्दों से भेंट हो गयी तो तुम्हारे पैर कांपने लगे हैं ? (४०)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—अउरो केहू = और कोई । राढ़ी = झगड़ालू, जिद्दी (राटि से) सिहिनी = सिहिनी । बार = बाल, बच्चा । एठियन = इस स्थान पर । समै = समय । बहक के = बहक कर, भूल कर । लिट्टी = आटे की बनायी हुई रोटी जो प्रायः कंडे पर सेंकी जाती है । बारइ = बचपन से । बियाह = विवाह । जीत पाई

लोहा = अगर युद्ध जीत सका। पतवा = पता। कपल = कौल, वचन। कुटुम = कुटुम्ब। हित = सम्बन्धी। मर्द = वीर पुरुष। टंगरिया = पैर।

भावार्थ—इधर दसवंत और बमरी के बीच बातचीत हो रही थी तब दसवंत की पत्नी ने अपनी सेविका को बुलाया और बताया कि मैंने स्वप्न देखा है कि मेरे स्वामी सिलहट से आये हैं। तुम उनसे मेरी भेंट करा दो। सेविका बमरी की कचहरी में गयी और सिपाही को संकेत से बुलाया और कहा कि तुम मेरी दसवंत से मुलाकात करा दो। दसवंत आये और सेविका ने कहा कि रानी बुला रही हैं। दसवंत रानी के पास पहुँचे। वह सोलह सज्जा तथा बत्तीस शृंगार किये हुए थीं। उनके माथे पर टिकुली थी और आँख में काजल था। रानी ने स्वामी की आरती उतारी और सजल नेत्रों से कहा—तुम सिलहट से यहाँ क्यों आये? तुम्हारे प्राण यहाँ नहीं बचेंगे। मैंने जबसे अहीर के आने का समाचार सुना है किले में मेरे पैर काँप रहे हैं। अभी से मेरी बात मान लो। खेत पर लड़ने मत जाओ। मुझे डर लग रहा है। तुमने अभी कल ही तो मेरा गौना कराया है और मुझे इस किले में बैठा दिया है। मेरी फूल की सेज इस किले में लगी रह गयी, तुम नहीं आये। अभी मेरे गौने की साड़ी धूमिल नहीं हुई है और तुम्हारी मृत्यु की बारी आ गयी है। ऐ स्वामी अगर तुम सगड़ पर गये तो तुम्हारी जिन्दगी नहीं बचेगी। (४१)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—लंउड़ी = सेविका। गोहरावैं = पुकारते हैं। संइया = स्वामी। दूतवा = दूत। बुरुजवा = बुर्ज। सनवा = सैन, संकेत। भेंटिया = भेंट। अंगुरी = अंगुली। आड़े से = आड़ से, ओट से। अजीरन = अजीर्ण, कुछ अधिक। मरकहवा = जान मारने वाला। रतनार = लाल। अइबवा = आगमन। टंगरिया = पैर। गवनवा = गौना। कंसिया-कोटिया = कांस कोट में, घास-फूस के घर में (जो जल्दी नष्ट हो जाय)। सेजरिया = सेज। चुनरिया = चुनरी।

भावार्थ—तब दसवंत ने अपनी विवाहिता से कहा। तुम पागल हो गयी हो और तुम्हारी बुद्धि मन्द हो गयी है। हम अमर होकर उत्पन्न हुए हैं। ब्रह्मा ने हमें पांच अमिट बान दिये हैं। एक लोरिक तो क्या हम चार-पांच लोरिकों को मार डालेंगे। उसने पत्नी को मारा और वह जोर से रोने लगी। मैं आदमी की बात नहीं कह रही हूँ। अहीर के साथ भूत और शैतान भी आये हैं। इधर बांये बनसत्ती तथा दाहिने दुर्गा आयी हुई हैं। छत्तीस कोटि के देवताओं का भी आगमन हुआ है। मुझे भय लग रहा है। सोहवल में हमारी नाव डूब जायगी। दसवंत ने बात नहीं मानी। दोनों भाई सवार होकर सगड़ पर पहुँचे। लोरिक ने संवरू को पुकारा कि आपका शत्रु आ गया है। लोरिक दसवंत को देखने लगे। दसवंत ने खेत पर हाथी को बैठाया और स्वयं जमीन पर उतर गया तथा ललकारने लगा। जो वीर लड़ाकू हो, अब मैदान में आ जाय। यह सुनते ही धोबी डर के मारे भाग खड़ा हुआ और लोरिक के तम्बू में जाकर दरी ओढ़ कर सो गया। लोरिक उसको बारात के इन्तजाम का कार्य सौंप कर स्वयं लड़ने के लिए तैयार हुआ।

उसने संवरू को सूचित कर दिया कि मैदान में शत्रु आ डटा है। आप सगड़ पर बारात को संभालिये। फिर अस्त्र-शस्त्र से सुसज्जित होकर तथा सभी देवताओं का स्मरण कर लोरिक कूद पड़ा। दसवंत की नजर उस पर पड़ी। उसकी आँखों से झर कर आँसू टपक पड़े। विवाहिता ने जो कुछ मुझसे किले में कहा था, वह निकट दिखाई पड़ रहा है ? (४२)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—अकिल = अक्ल। बउरायल = पागल। मंदा = मंद। गियान = ज्ञान। मारिनाइब = मार डालूंगा। छतिसइकोटि के देवतवा = छत्तीस कोटि के देवता। वलमुवा = बालम, प्रिय पति। डरिया = डर। बरजल मान जात्या = मना किया हुआ मान जाते। हाली-हाली = जल्दी-जल्दी। गोहरावै = पुकारे, पुकारता है। ओसरियो ना रे लगं = टकटकी लगा कर। लुकि रे गइलैं = छिप गये। पट्ठा = पहलवान, बहादुर। लड़वइया = लड़ने वाला। हलि हो गइलैं = प्रवेश कर गये। टंगरियै = टांग, पैर। इंतजामवै = इंतजाम, प्रबन्ध। दुसमनवा = दुश्मन। अलंगिया = बगल में, तरफ। बियही = विवाहिता। हमरे अंखियन = हमारी आँखों के सामने।

भावार्थ—लोरिक खेत पर तेजी से दौड़ रहा है और दुर्गा उसके पीछे दौड़ रही हैं। लोरिक दसवंत के पास पहुँच गया तथा दुर्गा ने ऐसा थप्पड़ मारा कि दसवंत की आँखों के सामने अंधेरा छा गया। वह रो रहा था। मेरी मृत्यु निकट आ गयी है पर शीघ्र उसने अपना मुंह पोंछा और लोरिक से कहने लगा—तुम कनउज लौट जाओ नहीं तो तुम्हारे घर का दीपक बुझ जायगा। तुम्हारी मृत्यु पर गोपी रात दिन रोयेगी। तब लोरिक ने उसे जवाब दिया—हमारे लिए कोई रोने वाला नहीं हैं। मैं जब छोटा था तभी माँ बाप मर गये। हम दो भाई गउरा में उत्पन्न हुए हैं। एक का तीन पंथ (पन) व्यतीत हो गया है। उनका दांत टूट गया है और सिर के बाल सफेद हो गये हैं। मैं कनउज के बाजार कदापि वापस नहीं जाऊँगा। मैं यहाँ तुम्हारा पुरुषत्व देखना चाहता हूँ। दसवंत यह सुन कर क्रुद्ध हुआ और उसने अग्नि बाण साधा। जब उसने तान कर अपना बाण फेंका बनसत्ती ने दुर्गा से कहा कि दसवंत को पकड़ लो और उसका मस्तक काट लो। बनसत्ती और दुर्गा दोनों बाण से लिपट गयीं और उसको रगड़ कर उड़ा दिया। फिर चारों ओर गहरा अंधकार छा गया। दुर्गा ने दसवंत को ऐसा थप्पड़ मारा कि उसकी आँखों के सामने अंधेरा छा गया। उसको ऐसा प्रतीत हुआ कि शत्रु मारा गया है। उसने ललकारा कि जो भी वीर शेष है, आकर लड़ें। धोबी के पास यह आवाज पहुँची तो वह डर गया। उसने बीर सांवर के तम्बू में जाकर कहा कि सगड़ पर लोरिक मार डाले गये हैं। तुम अपना डेरा यहाँ से हटा लो। विवाह के फेर में न पड़ो अन्यथा तुम्हारी जान यहाँ नहीं बचेगी। मलसांवर ने कहा मेरी पीठ का भाई मारा गया है। मैं कैसे गउरा भाग चलूं ? तुम्हारी बुद्धि मारी गयी है। सारे देश में हमारी हँसी होगी। लोग कहेंगे कि स्त्री के चक्कर में भाई मारा गया। जैसे मेरा भाई इस सगड़ पर मारा गया वैसे ही मैं भी इस सगड़ पर मारा जाऊँगा। (४३)

लोहा = अगर युद्ध जीत सका । पतवा = पता । कपल = कौल, वचन । कुटुम = कुटुम्ब । हित = सम्बन्धी । मर्द = वीर पुरुष । टंगरिया = पैर ।

भावार्थ—इधर दसवंत और बमरी के बीच बातचीत हो रही थी तब दसवंत की पत्नी ने अपनी सेविका को बुलाया और बताया कि मैंने स्वप्न देखा है कि मेरे स्वामी सिलहट से आये हैं । तुम उनसे मेरी भेंट करा दो । सेविका बमरी की कचहरी में गयी और सिपाही को संकेत से बुलाया और कहा कि तुम मेरी दसवंत से मुलाकात करा दो । दसवंत आये और सेविका ने कहा कि रानी बुला रही हैं । दसवंत रानी के पास पहुँचे । वह सोलह सज्जा तथा बत्तीस श्रृंगार किये हुए थीं । उनके माथे पर टिकुली थी और आँख में काजल था । रानी ने स्वामी की आरती उतारी और सजल नेत्रों से कहा—तुम सिलहट से यहाँ क्यों आये ? तुम्हारे प्राण यहाँ नहीं बचेंगे । मैंने जबसे अहीर के आने का समाचार सुना है किले में मेरे पैर कांप रहे हैं । अभी से मेरी बात मान लो । खेत पर लड़ने मत जाओ । मुझे डर लग रहा है । तुमने अभी कल ही तो मेरा गौना कराया है और मुझे इस किले में बैठा दिया है । मेरी फूल की सेज इस किले में लगी रह गयी, तुम नहीं आये । अभी मेरे गौने की साड़ी धूमिल नहीं हुई है और तुम्हारी मृत्यु की बारी आ गयी है । ऐ स्वामी अगर तुम सगड़ पर गये तो तुम्हारी जिन्दगी नहीं बचेगी । (४१)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—लंउड़ी = सेविका । गोहरावैं = पुकारते हैं । संइया = स्वामी । दूतवा = दूत । बुरुजवा = बुर्ज । सनवा = सैन, संकेत । भेंटिया = भेंट । अंगुरी = अंगुली । आड़े से = आड़ से, ओट से । अजीरन = अजीर्ण, कुछ अधिक । मरकहवा = जान मारने वाला । रतनार = लाल । अइबवा = आगमन । टंगरिया = पैर । गवनवा = गौना । कंसिया-कोटिया = कांस कोट में, घास-फूस के घर में (जो जल्दी नष्ट हो जाय) । सेजरिया = सेज । चुनरिया = चुनरी ।

भावार्थ – तब दसवंत ने अपनी विवाहिता से कहा । तुम पागल हो गयी हो और तुम्हारी बुद्धि मन्द हो गयी है । हम अमर होकर उत्पन्न हुए हैं । ब्रह्मा ने हमें पांच अमिट बान दिये हैं । एक लोरिक तो क्या हम चार-पांच लोरिकों को मार डालेंगे । उसने पत्नी को मारा और वह जोर से रोने लगी । मैं आदमी की बात नहीं कह रही हूँ । अहीर के साथ भूत और शैतान भी आये हैं । इधर बांये बनसत्ती तथा दाहिने दुर्गा आयी हुई हैं । छत्तीस कोटि के देवताओं का भी आगमन हुआ है । मुझे भय लग रहा है । सोहवल में हमारी नाव डूब जायगी । दसवंत ने बात नहीं मानी । दोनों भाई सवार होकर सगड़ पर पहुँचे । लोरिक ने संवरू को पुकारा कि आपका शत्रु आ गया है । लोरिक दसवंत को देखने लगे । दसवंत ने खेत पर हाथी को बैठाया और स्वयं जमीन पर उतर गया तथा ललकारने लगा । जो वीर लड़ाकू हो, अब मैदान में आ जाय । यह सुनते ही धोबी डर के मारे भाग खड़ा हुआ और लोरिक के तम्बू में जाकर दरी ओढ़ कर सो गया । लोरिक उसको बारात के इन्तजाम का कार्य सौंप कर स्वयं लड़ने के लिए तैयार हुआ ।

उसने संवरू को सूचित कर दिया कि मैदान में शत्रु आ डटा है। आप सगड़ पर बारात को संभालिये। फिर अस्त्र-शस्त्र से सुजज्जित होकर तथा सभी देवताओं का स्मरण कर लोरिक कूद पड़ा। दसवंत की नजर उस पर पड़ी। उसकी आँखों से झर कर आँसू टपक पड़े। विवाहिता ने जो कुछ मुझसे किले में कहा था, वह निकट दिखाई पड़ रहा है? (४२)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—अकिल = अक्ल। बउरायल = पागल। मंदा = मंद। गियान = ज्ञान। मारिनाइब = मार डालूंगा। छतिसइकोटि के देवतवा = छत्तीस कोटि के देवता। बलमुवा = बालम, प्रिय पति। डरिया = डर। बरजल मान जात्या = मना किया हुआ मान जाते। हाली-हाली = जल्दी-जल्दी। गोहरावै = पुकारे, पुकारता है। ओसरियो ना रे लगं = टकटकी लगा कर। लुकि रे गइलैं = छिप गये। पट्ठा = पहलवान, बहादुर। लड़वइया = लड़ने वाला। हलि हो गइलैं = प्रवेश कर गये। टंगरियैं = टांग, पैर। इंतजामवै = इंतजाम, प्रबन्ध। दुसमनवा = दुश्मन। अलंगिया = बगल में, तरफ। बियही = विवाहिता। हमरे अंखियन = हमारी आँखों के सामने।

भावार्थ—लोरिक खेत पर तेजी से दौड़ रहा है और दुर्गा उसके पीछे दौड़ रही हैं। लोरिक दसवंत के पास पहुँच गया तथा दुर्गा ने ऐसा थप्पड़ मारा कि दसवंत की आँखों के सामने अंधेरा छा गया। वह रो रहा था। मेरी मृत्यु निकट आ गयी है पर शीघ्र उसने अपना मुंह पोंछा और लोरिक से कहने लगा—तुम कनउज लौट जाओ नहीं तो तुम्हारे घर का दीपक बुझ जायगा। तुम्हारी मृत्यु पर गोपी रात दिन रोयेगी। तब लोरिक ने उसे जवाब दिया—हमारे लिए कोई रोने वाला नहीं हैं। मैं जब छोटा था तभी माँ बाप मर गये। हम दो भाई गउरा में उत्पन्न हुए हैं। एक का तीन पंथ (पन) व्यतीत हो गया है। उनका दाँत टूट गया है और सिर के बाल सफेद हो गये हैं। मैं कनउज के बाजार कदापि वापस नहीं जाऊँगा। मैं यहाँ तुम्हारा पुरुषत्व देखना चाहता हूँ। दसवंत यह सुन कर क्रुद्ध हुआ और उसने अग्नि बाण साधा। जब उसने तान कर अपना बाण फेंका बनसत्ती ने दुर्गा से कहा कि दसवंत को पकड़ लो और उसका मस्तक काट लो। बनसत्ती और दुर्गा दोनों बाण से लिपट गयीं और उसको रगड़ कर उड़ा दिया। फिर चारों ओर गहरा अंधकार छा गया। दुर्गा ने दसवंत को ऐसा थप्पड़ मारा कि उसकी आँखों के सामने अंधेरा छा गया। उसको ऐसा प्रतीत हुआ कि शत्रु मारा गया है। उसने ललकारा कि जो भी वीर शेष है, आकर लड़ें। धोबी के पास यह आवाज पहुँची तो वह डर गया। उसने बीर सांवर के तम्बू में जाकर कहा कि सगड़ पर लोरिक मार डाले गये हैं। तुम अपना डेरा यहाँ से हटा लो। विवाह के फेर में न पड़ो अन्यथा तुम्हारी जान यहाँ नहीं बचेगी। मलसांवर ने कहा मेरी पीठ का भाई मारा गया है। मैं कैसे गउरा भाग चलूं? तुम्हारी बुद्धि मारी गयी है। सारे देश में हमारी हँसी होगी। लोग कहेंगे कि स्त्री के चक्कर में भाई मारा गया। जैसे मेरा भाई इस सगड़ पर मारा गया वैसे ही मैं भी इस सगड़ पर मारा जाऊँगा। (४३)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—थप्पी = थप्पड़ । उवार पार = आर पार । ललवा = लाल, पुत्र । दिया = दीपक, चिराग । सेंदुर = सिंदूर, पति के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है । एठियें = इसी स्थान पर । रुवइया = रोने वाला । गवइया = गाने वाला । बाप मतारी = माँ बाप । टूवर = अनाथ, माता पिता से रहित । बरधे में = बचपन से । उबार = उपाय । मनुसात = पुरुषत्व, वीरता । धनुहां = धनुष । गोछवां = बाण का अग्रिम भाग । वनवां = वन । अन्हिार = अंधकार । कोइला = कोयला । कोइला अन्हि-यार = कोयले की भाँति अंधकार । थपिया = थाप, थप्पड़ । बांचल = शेष हो । दउरै = दौड़े । डेरवा = डेरा । लड़े बदे = लड़ने के लिये । फेर में = चक्कर में । पीठिया क भयवा = पीठ का भाई । मेहनवा मारे लागों = निंदा करने लगेगा । मेहरी = स्त्री, पत्नी । करनवा = कारण से ।

भावार्थ—दुर्गा ने सगड़ पर पूर्वा हवा के बजाय पछुवा हवा चला दी और वहाँ पर प्रकाश हो उठा । लोरिक को देख कर दसवंत झंखने लगा । दुर्गा ने लोरिक को संकेत किया और उसने ओड़न की मुट्ठी दबाई जिससे परोसों तक लहर फैल गयी । चुनरी की भाँति ज्वाला फूट पड़ी तथा अंगारे गिरने लगे । लोरिक ने अपनी तलवार दसवंत की गर्दन पर चलायी जिससे वह धरती पर गिर पड़ा पर वह जीवित बच निकला । उसने लोरिक पर ज्योति बाण चलाया जिससे लोरिक गिर पड़ा और पलटा खाने लगा । इधर दुर्गा के आंचल से अग्नि फूट पड़ी । चौदह कोस तक दावाग्नि फैल गयी तथा पेड़ पत्ते सुलगने लगे । सुरसरि के जल में खलबली मच गयी तथा उसमें सूंस तथा घड़ियाल उलटने लगे । दुर्गा लोरिक को हाथ में उठा कर सुरसरि के पास गयीं पर वहाँ पानी खौल रहा था । लोरिक को लेकर वह पाताल में गयीं और दूध की नदी में उसको शीतल किया तथा उसके मुँह में अमृत डाला । लोरिक उठ बैठा । उसने दोनों हाथ जोड़ कर दुर्गा से कहा—मइया को जल जाने दो । हम कनउज चलेंगे । दसवंत ने ऐसा बाण मारा है कि अब सगड़ पर हमारी जिन्दगी नहीं बचेगी । दुर्गा यह बात सुनते ही जल उठीं । उन्होंने लोरिक को फटकारा । तुम्हारे ऊपर वज्रपात हो जाय । तुम रोज कहते थे कि किसी वीर से भेंट करा दो अब किसी वीर पुरुष से भेंट हुई है तो तुम्हारे पैर कांप रहे हैं । क्या सरलता से तुम किसी को भाभी कहोगे ? क्या सहज में तुम कनउज में फगुवा खेलोगे ? अब चलो तुम्हारा अवसर आ गया है । पर लोरिक डर गया था । उसने कनउज भागने की इच्छा प्रकट की । वह दसवंत के सामने नहीं जाना चाहता था । दुर्गा ने उसको डाँट कर कहा—तुम अकेले गउरा गुजरात भाग जाओ । (४४)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—पुरुवा = पूर्व से चलने वाली हवा । पछुवा = पश्चिम से चलने वाली हवा । ओजरार = उजियार । झंखै लगलैं = झंखने लगा, अफसोस करने लगा । समाइल = प्रवेश कर गया । परास = पलाश, पत्ता । ओसरी = अवसर । परिया = बारी । खांड = खड्ग । बदनक = शरीर का । अगिन

कर बान = अग्नि बाण। धनुहा = धनुष । गोंछ = अग्रिम भाग। नइगै = टेढ़ा हो गया। गयल उधियाय = उड़ गया। जोति बान = ज्योति बाण। कलटा = पलटा। खोइंछा = आंचल। दुधवन क = दूध का। अमिरित = अमृत। राड़ी = जिद्दी, हठी। खउलति बाड़ैं = खोलता है। करेजवा = कलेजा। बजर क घात = बज्रापात। कउन्नो = कोई या किसी। सहजै = सरलता से। ओसरी = अवसर। परोसा = सिर तक।

भावार्थ—दुर्गा ने लोरिक को समझाया कि हम सात बहिनें मृत्युलोक में आयीं। कोई गया बस गया, कोई गजाधर, कोई प्रयाग और कोई पर्वत पर बस गया जिनकी पूजा संसार करने लगा। किसी ने केवट के संग जाकर उसकी नाव को खे-खे कर पार लगाया। किसी ने ब्राह्मण के पास जाकर उसको पत्रा (पञ्चाङ्ग) पढ़ने में सहायता की। हम दोनों को कोई सहारा नहीं मिला तो गायों के झुण्ड में आ गये। तुम्हारे भाई मलसांवर सो रहे थे, मैंने उन्हें जगाया। मुझे भूख लगी थी। उन्होंने मुझे सोने के गिलास में दूध पिलाया। जब पेट नहीं भरा तब संवरू ने बहंगी का दूध पत्तों में पिलवाया। फिर खीर खिलाया। फिर जब उससे भी पेट नहीं भरा तब उन्होंने कहा—मुझे ऐसा देवता नहीं चाहिए। मुझसे इतनी पूजा नहीं दी जायेगी। उन्होंने यह कहकर मुझे तुम्हारे पास भेजा कि तुम हमारा पेट भर दोगे। (४५)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—मिरुते में = मृत्यु लोक में। नइया = नाव। पतरा = पत्रा, पंचाङ्ग। अलम = अवलम्ब, सहारा। बैनन = गाय। बहङ्गी = काँवर।

भावार्थ—दुर्गा ने कहा—तभी से हमने तुम्हारा साथ पकड़ा है। मलसांवर ने पक्की चौखंडी बनवायी। सोने की मूर्ति बैठवाई। अर्घा बनवाया तथा कुण्डा खुदवाया दूध, घी से पूजा करवाया। तब भी हमारा पेट नहीं भरा। तब मैं तुम्हारा सत अजमाने लगी। तुमने अपनी दाहिनी जांघा फाड़ दी। मैंने अघाकर रक्त पिया और तभी मैंने कहा था कि जहाँ तुम्हारा पसीना गिरेगा वहाँ मैं रक्त दूँगी। तुम इस लड़ाई में क्यों डर रहे हो? मैंने तुम्हें गायों के बीच बरदान दिया है। तुम्हारे पैर क्यों कांप रहे हैं। तुम सगड़ पर चलो तुम्हारी विजय का अवसर आ गया है। दुर्गा पाताल से उसे मीटे पर ले गयीं और कहा कि तुम दसवंत का मस्तक काट लो तथा सतिया का बाल पकड़ कर भाँवर घुमा लो। दुर्गा स्वयं ब्रह्मा के पास दसवंत का कागज लेने चलीं। उसको अमरत्व का वरदान मिला था। अतः लोरिक उसको मार नहीं सकता था। दुर्गा ब्रह्मा के समीप पहुँची और उनको यह खबर मिली कि दुर्गा आयी हुई हैं तो ब्रह्माइन ने उनके स्वागत की तैयारी की। ब्रह्मा डर रहे थे कि कहीं दुर्गा हमारा इन्द्रासन न फूँक दें। दुर्गा ने ब्रह्माइन का हाथ तोड़ दिया फिर उनका गला पकड़ लिया और कहा कि गउरा में मेरे दो सेवक हैं। वे दोनों सगड़ पर मर गये हैं। तुम दसवंत का कागज दे दो नहीं मैं तुम्हारा इन्द्रासन फूँक दूँगी। (४६)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—चउरी = देवी या देवता का चबूतरा। मूरत = मूर्ति।

बहंगी = कांवर । सकला = समिधा । पसीना दुरी = पसीना गिरेगा । रुधिल = रुधिर, रक्त । ओसरिया = अवसर । एदवां का पारी = इस बार । झोंटा = बाल । गुड़लू = रेखा, वृत्त । बादी = वैरी, शत्रु । चउका देली रे पुरवाय = चौक पुरवा दिया । चन्नन = चन्दन । कोठरिया = कमरा । कलाई = कलाई, हाथ । लमहूरे = दूरी पर ।

भावार्थ—ब्रह्माइन ने कहा कि यह मेरा काम नहीं है । ब्रह्मा की कचहरी में जाइये । दुर्गा ब्रह्मा की कचहरी में पहुँची । डर के मारे सारे देवता वहाँ से भाग गये । दुर्गा ने ब्रह्मा से दसवंत का कागज मांगा और उनको धमकाया कि कागज दो नहीं तो तुम्हारी कोठरी फूंक दूँगी । ब्रह्मा ने उनको चुनौती दी । फिर क्या था । दुर्गा ने ज्योति बाण मारा । सर्वत्र अग्नि फैल गयी । ब्रह्मा इन्द्र के पास गये तथा उन्हें आज्ञा दी कि अग्नि बुझाने के लिए वर्षा कर दो । उन्होंने मेघनाद को आज्ञा दी । दुर्गा ने उनके सेवक को पकड़ लिया और उसको मृत्युलोक में फेंक दिया शेष लोग डर गये । उन्होंने दुर्गा की बात मान ली और घी बरसाना शुरू किया । आग और तेज हो गयी । ब्रह्मा ने दसवंत का कागज छिपा दिया और कहा कि दसवंत को अमरता का वरदान मिला है उसका कागज देने योग्य नहीं है । दुर्गा चक्कर में पड़ गयी और समाधि लगाकर बैठ गयीं तब उन्हें ज्ञात हुआ कि ब्रह्मा ने अपने चूनड़ के नीचे कागज दबा रखा है । दुर्गा ने जबर्दस्ती वहाँ से कागज ले लिया । ब्रह्मा ने उन्हें चेतावनी दी कि बाद में कोई बात हो तो तुम मुझे दोष मत लगाना । जब पहली बार दसवंत का माथा कटेगा वह गया, गजाधर जायेगा । उसके बाद त्रिवेणी जायगा । पाँच बार उसका मस्तक कटेगा । फिर छठी बार वह मेरे पास आकर रोयेगा । जब सातवीं बार सिर कटेगा और रक्त की एक भी बूंद वहाँ गिरेगी तब अनेक अमर (देवता) वहाँ तैयार हो जायँगे । उस समय तुम्हारी अक्ल काम नहीं करेगी । दुर्गा ने उत्तर दिया कि हमारे साथ छत्तीस कोटि के देवता आये हुये हैं । सातवीं बार वनसत्ती गर्दन अपने हाथ में लेंगी और मैं उसे सोहवल में फेंक दूँगी । गर्दन बमरी के आँगन में जाकर गिरेगी । (४७)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—बजल अयाज = जब आवाज आयी । गुदरी = गुदड़ी । कोठरिया = कोठरी । बाँड़ = बाण । बरखा = वर्षा । मिरित संसार = मृत्युलोक । मूसरन = मूसल की भाँति मोटा । बंबुयाय = तेज हो जाय । आदि सकति = आदि शक्ति, दुर्गा । बेकल = विकल । पलथिया लगाय = पल्थी मारकर । साँसा = श्वांस । दोसवा = दोष । इनरवापुर = इन्द्रपुरी । बेनिया = त्रिवेणी (प्रयाग) । टोप = बूंद ।

भावार्थ— दुर्गा कागज लेकर इन्द्रासन से पहुँची । मारिक अपने तम्बू में पहुँचा । धोबी प्रसन्नता में अठारह हाथ उछलने लगा । जब दसवंत को यह बात मालूम हो गयी कि कागज आ गया है तो विवाहिता की बात उसे याद आ गयी । वह चिंतित हो उठा । इधर दसवंत की पत्नी अपने किले में सेविका को बुलाने लगी । उसने यह स्वप्न देख लिया था कि दुर्गा उसके पति के अमरत्व का कागज पा गयी हैं । इधर छत्तीस जाति की कन्याएँ आँचर-पसार कर सोहवल में मनौती कर रही है । हमारा तीन पंथ

व्यतीत हो गया है अब चौथा पन बीत रहा है। वे रो-रोकर मना रही हैं कि बमरी का बेटा कब मरेगा और हमारा भाग्य कब खुलेगा ? सभी ब्रह्मा से प्रार्थना कर रही हैं और अपना सत मना रही हैं। इसी बीच दुर्गा ने लोरिक को पुकारा। लोरिक अपनी वेश-भूषा में सज्जित हो गया। सारे देवी-देवता उसके पीछे दौड़ने लगे। दसवंत ने लोरिक को देखते ही रुदन आरम्भ कर दिया। मेरी बहन काल बनकर उत्पन्न हुई है। दुर्गा दसवंत का कागज लेकर लोरिक के पास खड़ी हो गयीं। लोरिक ने ओड़न की मुट्ठी दबायी। इससे चारों ओर अग्नि फैल गयी। दसवंत ने पलक खोली तो देखा कि दुर्गा खेत पर उसके अमरत्व का कागज फाड़ रही हैं। लोरिक की तलवार दसवंत की गर्दन पर गिर गयी। उसका धड़ जमीन पर लोटने लगा तथा उसका सिर स्वर्ग में मंडराने लगा। गया, गजाधर, त्रिवेणी, सर्वत्र मस्तक दौड़ने लगा फिर वह धड़ पर आकर बैठ गया। उसने फिर अपना अग्नि बाण तान लिया जिससे पृथ्वी डगमगाने लगी। ऊपर ब्रह्मा का कैलाश हिलने लगा। धोबी का तम्बू भी हिल उठा। वह खेत पर चीखने लगा। दसवंत ने ज्योति बाण मारा जो जाकर लोरिक को लगा। लोरिक धरती पर गिर पड़ा। दुर्गा खेत पर चिंतित हो उठीं। (४८)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—इनरासन = इन्द्रासन। हड़बड़ = खलबली। परिया = पारी। उछरै = उछल रहा है। रोवइया = रुदन। जंघवई = जांघ में। सराप = अभिशाप। असबबवा = असबाब, सामान। बदन्हइयाँ = बदन पर। बहिनियां = बहन। जियरवा = जीव। असनवां = आसन। पलकिया = पलक। मउर = सिर, मस्तक, मुकुट। चिघरत बाड़े = चिंघाड़ रहा है।

भावार्थ—दुर्गा आग बुझाते हुये लोरिक के पास गयीं। उसे हाथ में उठाकर सुरसरि के तीर ले गयीं एवं ठन्डे पानी में उसको लेकर कूद गयीं। उसे ठन्डा किया, फिर अमृत पिलाया। लोरिक उठकर बैठ गया तथा विवाह किये बिना कनउज चलने के लिए कहने लगा। दसवंत की मार से उसका कलेजा खौलने लगा था। दुर्गा ने उसे प्रोत्साहन दिया और कहा कि तुम्हारे पैर क्यों कांप रहे हैं। छत्तीस कोटि के देवता तथा मैं सहायक हूँ फिर भी तुम भयभीत हो रहे हो। लोरिक भींटे पर कूद गया तथा उसने दसवंत का सिर काट लिया परन्तु फिर वह उसके धड़ से जुट गया। उसने लोरिक को ऐसा ज्योति बाण मारा कि वह तीन-तीन बार पलटने लगा।

दुर्गा ने फिर उसे सुरसरि के तट पर ले जाकर ठन्डा किया और अमृत पिलाया। लोरिक कायरता दिखाने लगा तब धोबी ने ललकारा और उसने दसवंत का मस्तक छठी बार काट लिया। उसका मस्तक ब्रह्मा के पास गया और कहने लगा—मैंने मृत्युलोक में इतना भजन किया कि तुमने प्रसन्न होकर हमें पाँच बान दिये। मुझे अमर बनाया, फिर क्यों मेरा सिर कटवा दिया। ब्रह्मा ने कहा कि मैंने इसलिए तुम्हें अमर बनाया था तथा इसलिए तुम्हें पाँच बाण दिये थे कि तुम जाकर मृत्युलोक में सबका उपकार करोगे। वह तुमसे नहीं हुआ। तुम्हारे पिता का अभिमान बढ़ गया है।

बहंगी = काँवर । सकला = समिधा । पसीना दुरी = पसीना गिरेगा । रुधिल = रुधिर, रक्त । ओसरिया = अवसर । एदवां का पारी = इस बार । झोंटा = बाल । गुड़लू = रेखा, वृत्त । बादी = वैरी, शत्रु । चउका देली रे पुरवाय = चौक पुरवा दिया । चन्नन = चन्दन । कोठरिया = कमरा । कलाई = कलाई, हाथ । लमहुरे = दूरी पर ।

भावार्थ—ब्रह्माइन ने कहा कि यह मेरा काम नहीं है । ब्रह्मा की कचहरी में जाइये । दुर्गा ब्रह्मा की कचहरी में पहुँची । डर के मारे सारे देवता वहाँ से भाग गये । दुर्गा ने ब्रह्मा से दसवंत का कागज मांगा और उनको धमकाया कि कागज दो नहीं तो तुम्हारी कोठरी फूंक दूँगी । ब्रह्मा ने उनको चुनौती दी । फिर क्या था । दुर्गा ने ज्योति बाण मारा । सर्वत्र अग्नि फैल गयी । ब्रह्मा इन्द्र के पास गये तथा उन्हें आज्ञा दी कि अग्नि बुझाने के लिए वर्षा कर दो । उन्होंने मेघनाद को आज्ञा दी । दुर्गा ने उनके सेवक को पकड़ लिया और उसको मृत्युलोक में फेंक दिया शेष लोग डर गये । उन्होंने दुर्गा की बात मान ली और घी बरसाना शुरू किया । आग और तेज हो गयी । ब्रह्मा ने दसवंत का कागज छिपा दिया और कहा कि दसवंत को अमरता का वरदान मिला है उसका कागज देने योग्य नहीं है । दुर्गा चक्कर में पड़ गयी और समाधि लगाकर बैठ गयीं तब उन्हें ज्ञात हुआ कि ब्रह्मा ने अपने चूतड़ के नीचे कागज दबा रखा है । दुर्गा ने जबर्दस्ती वहाँ से कागज ले लिया । ब्रह्मा ने उन्हें चेतावनी दी कि बाद में कोई बात हो तो तुम मुझे दोष मत लगाना । जब पहली बार दसवंत का माथा कटेगा वह गया, गजाधर जायेगा । उसके बाद त्रिवेणी जायगा । पाँच बार उसका मस्तक कटेगा । फिर छठी बार वह मेरे पास आकर रोयेगा । जब सातवीं बार सिर कटेगा और रक्त की एक भी बूंद वहाँ गिरेगी तब अनेक अमर (देवता) वहाँ तैयार हो जायँगे । उस समय तुम्हारी अक्ल काम नहीं करेगी । दुर्गा ने उत्तर दिया कि हमारे साथ छत्तीस कोटि के देवता आये हुये हैं । सातवीं बार वनसत्ती गर्दन अपने हाथ में लेंगी और मैं उसे सोहवल में फेंक दूँगी । गर्दन बमरी के आँगन में जाकर गिरेगी । (४७)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—बजल अयाज = जब आवाज आयी । गुदरी = गुदड़ी । कोठरिया = कोठरी । बाँड़ = बाण । बरखा = वर्षा । मिरित संसार = मृत्युलोक । मूसरन = मूसल की भाँति मोटा । बंबुयाय = तेज हो जाय । आदि सकति = आदि शक्ति, दुर्गा । बेकल = विकल । पलथिया लगाय = पल्थी मारकर । साँसा = श्वांस । दोसवा = दोष । इनरवापुर = इन्द्रपुरी । बेनिया = त्रिवेणी (पयाग) । ठोप = बूँद ।

भावार्थ—दुर्गा कागज लेकर इन्द्रासन से पहुँची । मारिक अपने तम्बू में पहुँचा । धोबी प्रसन्नता में अठारह हाथ उछलने लगा । जब दसवंत को यह बात मालूम हो गयी कि कागज आ गया है तो विवाहिता की बात उसे याद आ गयी । वह चिंतित हो उठा । इधर दसवंत की पत्नी अपने किले में सेविका को बुलाने लगी । उसने यह स्वप्न देख लिया था कि दुर्गा उसके पति के अमरत्व का कागज पा गयी हैं । इधर छत्तीस जाति की कन्याएं आंचर-पसार कर सोहवल में मनौती कर रही हैं । हमारा तीन पंच

व्यतीत हो गया है अब चौथा पन बीत रहा है। वे रो-रोकर मना रही हैं कि बमरी का बेटा कब मरेगा और हमारा भाग्य कब खुलेगा ? सभी ब्रह्मा से प्रार्थना कर रही हैं और अपना सत मना रही हैं। इसी बीच दुर्गा ने लोरिक को पुकारा। लोरिक अपनी वेश-भूषा में सज्जित हो गया। सारे देवी-देवता उसके पीछे दौड़ने लगे। दसवंत ने लोरिक को देखते ही रुदन आरम्भ कर दिया। मेरी बहन काल बनकर उत्पन्न हुई है। दुर्गा दसवंत का कागज लेकर लोरिक के पास खड़ी हो गयीं। लोरिक ने ओड़न की मुट्ठी दबायी। इससे चारों ओर अग्नि फैल गयी। दसवंत ने पलक खोली तो देखा कि दुर्गा खेत पर उसके अमरत्व का कागज फाड़ रही हैं। लोरिक की तलवार दसवंत की गर्दन पर गिर गयी। उसका धड़ जमीन पर लोटने लगा तथा उसका सिर स्वर्ग में मंडराने लगा। गया, गजाधर, त्रिवेणी, सर्वत्र मस्तक दौड़ने लगा फिर वह धड़ पर आकर बैठ गया। उसने फिर अपना अग्नि बाण तान लिया जिससे पृथ्वी डगमगाने लगी। ऊपर ब्रह्मा का कैलाश हिलने लगा। धोबी का तम्बू भी हिल उठा। वह खेत पर चीखने लगा। दसवंत ने ज्योति बाण मारा जो जाकर लोरिक को लगा। लोरिक धरती पर गिर पड़ा। दुर्गा खेत पर चिंतित हो उठीं। (४८)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—इनरासन = इन्द्रासन। हड़बड़ = खलबली। परिया = पारी। उछरै = उछल रहा है। रोवइया = रुदन। जंघवई = जांघ में। सराप = अभिशाप। असबबवा = असबाब, सामान। बदन्हइयाँ = बदन पर। बहिनियां = बहन। जियरवा = जीव। असनवां = आसन। पलकिया = पलक। मउर = सिर, मस्तक, मुकुट। चिघरत बाड़े = चिघाड़ रहा है।

भावार्थ—दुर्गा आग बुझाते हुये लोरिक के पास गयीं। उसे हाथ में उठाकर सुरसरि के तीर ले गयीं एवं ठन्डे पानी में उसको लेकर कूद गयीं। उसे ठन्डा किया, फिर अमृत पिलाया। लोरिक उठकर बैठ गया तथा विवाह किये बिना कनउज चलने के लिए कहने लगा। दसवंत की मार से उसका कलेजा खौलने लगा था। दुर्गा ने उसे प्रोत्साहन दिया और कहा कि तुम्हारे पैर क्यों कांप रहे हैं। छत्तीस कोटि के देवता तथा मैं सहायक हूँ फिर भी तुम भयभीत हो रहे हो। लोरिक भींटे पर कूद गया तथा उसने दसवंत का सिर काट लिया परन्तु फिर वह उसके धड़ से जुट गया। उसने लोरिक को ऐसा ज्योति बाण मारा कि वह तीन-तीन बार पलटने लगा।

दुर्गा ने फिर उसे सुरसरि के तट पर ले जाकर ठन्डा किया और अमृत पिलाया। लोरिक कायरता दिखाने लगा तब धोबी ने ललकारा और उसने दसवंत का मस्तक छठी बार काट लिया। उसका मस्तक ब्रह्मा के पास गया और कहने लगा—मैंने मृत्युलोक में इतना भजन किया कि तुमने प्रसन्न होकर हमें पाँच बान दिये। मुझे अमर बनाया, फिर क्यों मेरा सिर कटवा दिया। ब्रह्मा ने कहा कि मैंने इसलिए तुम्हें अमर बनाया था तथा इसलिए तुम्हें पाँच बाण दिये थे कि तुम जाकर मृत्युलोक में सबका उपकार करोगे। वह तुमसे नहीं हुआ। तुम्हारे पिता का अभिमान बढ़ गया है।

उन्होंने छत्तीस जाति की कन्याओं को कुंवारा रखा है। वह आँचल खोलकर मना रही हैं कि बमरी का बेटा कब मरेगा तथा हमारा भाग्य कब खुलेगा ? उसी के पाप से ऐ दसवंत तुम्हारी मृत्यु निकट आ गयी है। (४६)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—कूदल = कूद गयीं। करेजवा = कलेजा। कोखिया = कोख। परघट = प्रकट। तालइ = ताल। खोंइछा = आंचल। दबरि के = दौड़कर। खंड़िया = खड्ग। कलमिया = कलम। काहे बदे = किसलिए। एठियन = यहाँ। माग = भाग्य। बाबिल = पिता।

भावार्थ इन्द्रासन से सिर फिर धड़ पर आ गया। दसवंत फिर अग्नि बाण लेकर खड़ा हो गया। सातवीं बार में मल दसवंत का बाण समाप्त हो गया तब उसने शक्तिबाण चलाना शुरू किया। शक्ति बाण लगते ही लोरिक घबरा उठा। दसवंत को मारना कठिन हो रहा था। जब उसने शक्ति बाण मारा, लोरिक की आँख पर पर्दा पड़ गया। उसको इधर-उधर दिखाई नहीं पड़ रहा था वह दुर्गा को पुकारने लगा। मेरी बारी कब आयेगी। मैं विकल हो उठा हूँ। दुर्गा लोरिक को समझा रही हैं। अरे बेटा, जब सातवां दिन आयेगा, तब बारह बजे के आस-पास तुम्हारी बारी आयेगी। दसवंत अपना ज्योति बान मारता था तथा दुर्गा उसको निरस्त कर देती थीं। जब सातवां दिन आ गया, दुर्गा ने सोरह सौ चुड़ैलों तथा सोलह सौ मरियों को बुलाया। सबका मुँह खुल गया और सबको दुर्गा ने ऊपर देखने के लिए कहा। उनको यह भी चेतावनी दे दी कि जिसकी तरफ धरती पर खून गिरेगा मैं उसका मस्तक काट लूंगी। बारह बजे का समय आया तब दुर्गा ने लोरिक को ललकारा और बताया कि तुम्हारा अवसर आ गया है। उसने अपना खोड़न साधकर मारा जिससे सर्वत्र लपट फैल गयी। वीर लोरिक ने अपना खड्ग चलाया तथा दसवंत भहरा कर गिर पड़ा। उसका आधा सिर आकाश में घूमने लगा। उसके रक्त का एक भी बूंद गिर रहा था तो देवता उसे पीते जाते थे। मस्तक पूर्व, दक्षिण, पश्चिम फिर उत्तर गया। देवता भी उधर ही भागे जा रहे थे। मस्तक घूमकर फिर बीच में आया। उसके धरती पर पहुँचते ही दुर्गा ने जोर से पैर मारा। फिर वह आकाश में मंडराने लगा। नीचे आते ही बनसती ने उसे लोक लिया। सारे देवता वहाँ जुट गये और उसका सारा रक्त खींच लिया। दुर्गा ने फिर उस मस्तक को बमरी के आंगन में फेंक दिया। जब दसवंत का सिर आंगन में गिर गया, सारा कुटुम्ब और परिवार रोने लगा। उसकी विवाहिता ने अपने पति दसवंत का सिर पहचाना और रोना-पीटना शुरू किया। ऐ स्वामी, मैं तुम्हें किले में मना कर रही थी पर तुम नहीं माने। तुम मारे गये। सोहबल में मेरी जड़ उखड़ गयी। मेरी ननद काल होकर उत्पन्न हो गयी है। मेरी गौने की चुनरी अभी धूमिल नहीं हुई है। हाय, मेरी नाव आधे जल में डूब गयी। उधर सतिया अपना बुर्ज छोड़कर सगड़ पर पहुँची और लोरिक से कहा कि तुमने सगड़ पर अच्छा काम नहीं किया है। खैर,

तुम मेरी एक बात मानो । जब मेरे भाई की पत्नी अपने पति दसवंत का शव लेकर चिता में जलने लगे उससे वर माँगना कि जैसे तुम्हारे पति सोहवल में उत्पन्न हुये वैसे ही मेरे पुत्र उत्पन्न हो । (५०)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी— छटकल = हट गया । माथ = मस्तक, सिर । इनरासन = इन्द्रासन । धर = धड़ । सतई = सातवीं । दीहल = दिया हुआ । घींचि = खींचकर । घड़-घड़ = जल्दी-जल्दी । ताल बजावैं = ताली बजा रहा है । लड़तई = लड़ते हुये । जियर = प्राण । उवार = आर-पार । अभला में = आस-पास । दीन = दिन । बवाय = खुलवाकर । उधर = ऊपर । तकावैं = दिखवावैं । सरग = आकाश । मउर = सिर । ठोप = बूँद । लुँडक-लुंड = भुंड के भुंड । परायल जाय = भाग रहे हैं । रुधिलवा = रुधिर । लोकलस = लोक लिया । बतीसो = दाँत की बतीसी । बरजत रहली = मना कर रही थी । ऊपर जाला = उखड़ रहा है । सोरिया = जड़ । गवनेक = गौने का । चुनरिया = चुनरी । घूमिलवा = घूमिल, मैली । सइयां = स्वामी । पपिया = पापी । डोंगवउ = डोंगा, नाव । रुवइया = रुदन । अंगुरी = अंगुली । सनवां = संकेत । वीरना = भाई । चीतवा = चीता । दसो नहवां जोरि रे दीहा = दोनों हाथ जोड़ देना, (दसों नहों को जोड़ देना) । भउजी = भावज । सराप = श्राप । दरियैं = पास । भसमवा = भस्म । गउरवा गुजरात = गउरा गुजरात ।

भावार्थ—ऐ देवर, ऐसा वरदान माँग लेना । सतिया यह कहकर सोहवल बाजार में भाग गयी । इधर गोपी रोते-रोते सगड़ पर पहुँची । वहाँ बन के पत्ते खड़-खड़ाकर गिरने लगे । वह मेवाकरन बगीचे से चन्दन की लकड़ी कटवाने लगी तथा चुन-चुनकर चिता बनवाने लगी । फिर शव को चिता पर रख दिया । लोरिक वहाँ आ पहुँचे । गोपी ने उसे जोर से डाँटा और कहा कि हमारे सामने से तुम भाग जाओ तुमने मेरे पति को मार डाला है । लोरिक ने अपना मस्तक नीचे कर लिया । अन्त में गोपी ने उससे वरदान माँगने के लिए कहा लोरिक ने वरदान माँगा—जैसे सोहवल में तुम्हारे पति का जन्म हुआ था वैसे गउरा गुजरात में मेरे पुत्र उत्पन्न हो । गोपी ने चिता पर रो-रोकर वह वरदान दे दिया और अपने सत का स्मरण कर चिता में बैठ गयी । चिता जल उठी । उसने सतिया को अभिशाप दिया जैसे सोहवल में मेरे पति का हरण हुआ उसी प्रकार गायों के अड़ार बोहा में तुम्हारे पति हरे जायंगे । (५१)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—मंगनवा = माँग, वरदान । मांग लीह = माँग लेना । पतया = पत्ते । खहराय = खड़खड़ा कर, आवाज करके । बनबा = वन । चन्नन = चन्दन । चितवइ = चिता पर । घालति बाड़ें न रे लगाय = लगा रही है । घालति बाड़े = डाल रही है । घालति का प्रयोग हिन्दी डालने सदृश है जैसे ओकरा के मारि घाला = उसको मार डालो । लसिया = लाश । घुड़कति हउवै = घुड़क रही है ।

हट जो = हट जाओ । आगि = अग्नि, आग । ध ध बरे रे लागल = धू धू करके जलने लगा । हरजाई = ले लिया जायगा, प्राण हर लिया जायगा ।

भावार्थ—इधर बमरी का परिवार रोने लगा । मिम्हली भी मुहबल में रोने लगा और कहने लगा कि बड़ा भारी जुल्म हुआ । छत्तीस जाति की कन्याएँ प्रसन्न हुईं कि हमारा भाग्य खुल गया । मिम्हली पिता बमरी के पास जा कर पैर पर गिर पड़ा । और कहने लगा—दादा मेरी बात मानो । थाली और वस्त्र लेकर मोती सगड़ पर चलो तथा सतिया का तिलक चढ़ा दो । अन्यथा भइया का जीवन मोती सगड़ पर चला गया, मुझे भी वे मोती सगड़ पर नहीं छोड़ेंगे । बमरी क्रोध में जल उठे । फटकार कर कहा—तुमने मेरे कुल में कलंक लगा दिया । भइया दसवंत मारे गये तुम यह मुझे बता रहे हो ! मिम्हली ने मन में समझ लिया कि दादा को अक्ल मारी गयी है । यह तैयार होकर हाथी के पास आया उस पर सवार होकर मोती सगड़ पर जाने लगा । पत्नी ने मना किया । इतने अमर थे दसवंत, वह भी मारे गये । तुम्हारी बुद्धि क्यों मन्द हो गयी है ? तुम लड़ने मत जाओ और सिलहट के बाजार भाग जाओ । मिम्हली यह सुनकर आँसू बरसाने लगा । कहने लगा—पिता का प्रण है । वह टूटने वाला नहीं है । वह लड़ाई के बिना नहीं मानेंगे । यह कहते हुए उसने मोती सगड़ की ओर हाथी को हाँक दिया । धोबी ने मिम्हली को देख कर लोरिक को पुकारा । मिम्हली ने इसी बीच ललकारा—जो भी वीर हो सामने आ जाय । लोरिक यह सुन कर मल सांवर के पास गये और उनसे बारात की देख-भाल करने के लिए कहा । स्वयं भीटे से कूद कर मिम्हली के पास गये । मिम्हली रो पड़ा । पत्नी की बात उसे याद आयी । उसने बहन को धिक्कारा । बहन मेरे लिए काल है । वह अपने जीवन के लिए झंख रहा था, और कह रहा था कि मैंने दादा बमरी को बार-बार मना किया किन्तु उन्होंने मेरा कहना नहीं माना । रोते हुए उसने लोरिक को ललकारा और कहा तुमने मेरे भाई को मार डाला । अतः तुम्हारा उत्साह बढ़ गया है । तुम अपना डेरा-डण्डा उठा कर गउरा गुजरात भाग जाओ नहीं तो मैं तेरा सिर काट लूँगा । (५२)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—जुलुम = जुल्म । मगन = मग्न । एड़िया आगि लागि जो लागल = एड़ी में जो आग लगी । चुरुकी = शिखा । लवर = लपट । नुंगुवाय = धधकने लगा । तब बमरी के .... नुंगुवाय = बमरी के सिर से पैर तक आग लग गयी अर्थात् वह क्रुद्ध हो उठे । कुलवा में दगिया = कुल में दाग । लमहरे = दूर । गयल बउराय = पागल हो गया । भसुर = पति का बड़ा भाई । दमिया = दम, प्राण । एठियन से = यहाँ से । परन = प्रण । जीन = मत । गोहराया = पुकारा । लड़वइया = लड़ने वाला । तोहई = तुम्हीं । कलवा = काल । दउरि दउरि = दौड़ दौड़ ।

भावार्थ—लोरिक गरज उठा—मिम्हली तुम सुनो और राजा बमरी को समझा दो । थाली, वस्त्र, कुटुम्ब, परिवार, नाऊ, ब्राह्मण सबको लेकर वह तिलक चढ़ा दें और सतिया का विवाह कर दें ताकि हम लोग कनउज लौट जायँ पर मिम्हली

ने उस पर अग्नि बाण प्रहार कर दिया। लोरिक भहरा कर धरती पर गिर गया। दुर्गा के आंचल में आग लग गयी। उन्होंने उसे बुझाया फिर लोरिक को ठण्डा करके उसे अमृत पिलाया। लोरिक दुर्गा के चरणों में गिर पड़ा और कहने लगा—माँ, मैं गउरा भाग रहा हूँ। नहीं तो यहाँ हमारे प्राण नहीं बचेंगे। दुर्गा ने आश्वासन दिया। इस बार चलो—तुम्हारी बारी आयी है। लोरिक ने कहा, इस बार विजय नहीं हुई तो मैं अवश्य गउरा-गुजरात भाग जाऊँगा। (५३)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—तड़कल = गरज उठा। उबार = वार, प्रहार। मनुसाय = वीरता, पौरुष। कुरेध = क्रोध। मारे त कुरेध = क्रोध के मारे। खोंइछी = आंचल। हउवै वुनवले = बुझाया है।

भावार्थ—दुर्गा ने लोरिक को समझाया। चलो तुम्हारा अवसर आ गया है। पाँच बाण भिम्हली को मिले थे। एक बाण छूट चुका है। पाँचवें बाण के समय तुम उसका मस्तक काट लोगे। लोरिक सगड़ पर पहुँचा। धोबी ने उसे प्रोत्साहन दिया—भिम्हली का सिर काट लो। लोरिक भींटे पर कूद पड़ा। भिम्हली ने तान कर उसे बाण मारा। दुर्गा ने उस बाण को धरती में दबा दिया। सगड़ पर अन्धकार छा गया। फिर उन्होंने भिम्हली को ऐसा थप्पड़ मारा कि उसके सामने अन्धकार छा गया। उसे कुछ भी दिखाई नहीं पड़ रहा था। भिम्हली ने ललकारा कि सगड़ पर लोरिक मारा गया है और जो भी लड़ने वाले हों मैदान में आ जायँ। (५४)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—हो पउले = प्राप्त किया है। दन देने = जल्दी से। बेरियै कै बेरियै = बार-बार। अन्हियार = अन्धकार।

भावार्थ—जब बारात तक यह आवाज पहुँची सभी लोग घबरा गये। क्या खेत पर लोरिक मारे गये? भिम्हली ललकार रहा है। धोबी सगड़ पर छाती पीट-पीट कर रो रहा है। क्या हमारी मृत्यु निकट आ गयी? शीघ्र ही सगड़ पर प्रकाश हो गया। भिम्हली ने लोरिक को देखा। वह रो पड़ा। हाय, मेरी मृत्यु निकट आ गयी है? उसकी आवाज किले में पहुँची। भिम्हली की पत्नी रो उठी। स्वामी तुमने यहाँ मुझे किले बैठा दिया और स्वयं इलाके पर सिलहट चले गये। हाय, आज पति की मृत्यु हो जायगी तथा अघजल में मेरा डोंगा डूब जायगा। (५५)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—पुरवा ले पच्छिम लवकारे = पुरवा हवा पश्चिम की ओर चलने लगी। ओजियार = उज्ज्वल, उजियार, प्रकाश। खहरेराय = खड़क कर। अकनत हउवै = विकल हो रही है। इलकवा = इलाका।

भावार्थ—तब लोरिक ने बड़े जोर से ललकारा। भिम्हली ने फिर उसे ज्योति बाण मारा जिससे चौदह कोस में दावानल फैल गया तथा पेड़ पत्ते जलने लगे। सुरसरि का पानी भी खौलने लगा जिसमें सूंस और घड़ियाल उलटने लगे। आहत लोरिक को दुर्गा ने ठण्डे पानी में शीतल किया फिर अमृत पिलाया। अब भिम्हली के तीन

बाण समाप्त हो गए थे। उसकी पत्नी सेविका के पास गयी तथा रो-रो कर कहने लगी। अब चौथा बाण भी समाप्त हो गया। पाँचवाँ बाण भी टूट जायेगा। मेरे स्वामी खेत पर मारे जायेंगे। (५६)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी— मनसेधुई = पौरुष । बनडेढ़वा = दावानल, वन की अग्नि । रुखवो = पेड़ । परास = पलाश, पत्ते । सोटंस = सँस । घरियार = घड़ियाल । चरनिया = चरण । ओसरिया = अवसर । बेरियें के बेरियें = बार बार । बियहिया = विवाहिता । लउँडी = सेविका । बलमुवा = बालम, पति । समिया = स्वामी ।

भावार्थ—लोरिक ने उसे ललकारा—तुम्हारे पास सड़े गले बाण हैं जिन्हें लेकर तुम खेत पर आये हो। भिम्हली यह सुन कर क्रुद्ध हुआ और इस बार फिर उसने अग्नि बाण से लोरिक को आहत किया। दुर्गा ने फिर उसको सुरसरि तट पर ले जा कर ठण्डा किया और अमृत पिलाया। लोरिक घबरा उठा था। दुर्गा ने उसका साहस बँधाया। भिम्हली ने अपना अन्तिम प्रहार किया जिससे पृथ्वी डगमगाने लगी। ब्रह्मा का कैलाश भी काँप उठा पर दुर्गा ने उस बाण को निरस्त्र कर दिया और उसे धरती में दबा दिया। लोरिक ने अपना खड्ग साधा और उसके प्रहार करते ही भिम्हली का धड़ जमीन पर गिर पड़ा। उसका सिर स्वर्ग में मंडराने लगा। देवताओं ने उसका रक्त खींच लिया। दुर्गा ने उसके मस्तक को उठा कर बमरी के आँगन में फेंक दिया। उसकी पत्नी विलाप करने लगी। (५७)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—सरल पाकल = सड़ा गला। ताकेला = देख रहा था। जेंम्मन = जिसमें। परिया = पारी। जिवनवा कइ रे काल = प्राण के लिए काल स्वरूप। सेन्हुरवा = सिंदूर, पति।

भावार्थ—गोपी ने रोते हुए अपने स्वामी का सिर हाथ में उठा लिया। जब वह उसे लेकर चलने लगी तब बमरी की बेटी सतिया भी रोने लगी। हाय, हमारा भाई मार डाला गया। इधर गोपी ने चंदन की चिता सजायी। लोरिक उसके पास पहुँचा और उससे क्षमा माँगी। गोपी ने उसे फटकारा—तुमने मेरे पति को मार डाला है और मेरी नाव डुबा दी है। लोरिक नत मस्तक हो गया। गोपी ने अपने सत का स्मरण किया। लोरिक को आयुष्मान होने का आशीर्वाद दिया। फिर यह भी कहा—मेरी ननद का सुहवल में विवाह हो रहा है पर जैसे सुहवल में मेरी नाव डूब गयी वैसे ही ननद की नाव गायों के अहार में डूब जायगी। (५८)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—'आँसू' को संक्षिप्त कर गायक ने 'अं' कर दिया है। यह गायक की सामान्य प्रवृत्ति है। ढुरकति बाय = ढुलक रहा है। कसूरवा = अपराध, कसर। का दो = न जाने क्या। बूतवा = बूते में। बूतवा रहल नहीं जाय = इसको सँभालना हमारे बूते के बाहर है। मारें जौं कुरेध में = क्रोध के मारे। परगट = प्रकट।

भावार्थ--सोहवल हड़बड़ी मच गयी। बड़ा जुल्म हो गया। राजा बमरी ने कचहरी में अपना बिगुल बजाया जिससे सारी पलटन तैयार हो गयी। सभी पंक्तिबद्ध खड़े हो गये। काट खाने वाली (कटहिया) घोड़ी भी सज गयी। हाथियों पर हौदे कस गये। ऊँट भी तैयार कर दिये गये। सारी पलटन सज कर मोती सगड़ पर आ गयी। धोबी डर गया पर लोरिक ने उसे ढाढ़स दिया। वह स्वयं निरखो, दोहरी, तमंचा, जूते, तथा पीतल के तवों से लैश होकर निकल पड़ा। उसके साथ दुर्गा और बनसत्ती के अतिरिक्त देवी देवता भी थे। बारह सौ मंगलैत (मुगल), तेरह सौ तुर्क, पठान तथा सोलह सौ रघुवंशी भी जा रहे हैं जिनके कटि में तलवारें झूल रही हैं। लड़ाई छिड़ गयी और लोरिक की तलवारें निकल पड़ीं और कटे हुए सिरों की माला सी तैयार हो गयी। लाशों की ढेर लग गयी। गिद्ध और गिद्धनियाँ सभी प्रसन्न हो उठे। सारी पलटन के मारे जाने की खबर सुनकर बमरी छाती पीट कर रोने लगे। सतिया भी रो उठी। ब्रह्मा की बात उसे याद आयी। बमरी के सिर पर पाप चढ़ गया है। हमारे भाई मारे जा चुके हैं। (५९)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—हड़ बड़=खलबली। मारू=एक राग जो युद्ध के समय गाया और बजाया जाता है। लोहवन=लोहा। कोठरी=कमरा। असबबइ= असबाब, सज्जा। कतर क कतरइ=कतार की कतार। घोड़िया=घोड़ी। कटहिया= काटने वाली। गोल=दल। उटवन कै टाटी लगि गईलीं=ऊँटों की लीद पड़ गयी। खाई देलें रे भरवाय=खाई भरवा दी गई। नीज=खास। कटकिया=कटक, सेना पलटन। मंगलइत=मंगलैत, मुगल ? । तुरुक=तुर्क। खपड़वा=खपड़ा। हननन हननन=तेजी से। तरारा खाय=धराशायी हो रहा है। मलवा=माला। लसियन =लाश। खरिहं=खलियान। गिधिनी गिधवा गावति बाड़ैं छकछूमै=गिद्ध और गिद्धनियाँ प्रसन्नता से झूम रही हैं। गावति बाड़ैं वेदवउ रे पुरं=वेद पुराण गा रहे हैं अर्थात् प्रसन्नता के स्वर अलाप रहे हैं। कपारे=सिर पर। पपउ=पाप। असरेवार= सवार।

भावार्थ—सारी पलटन मारी गयी। दुर्गा लोरिक को लेकर सगड़ के घाट चली। धोबी ने लोरिक से कहा—सोहवल के बाजार चलिये और सतिया का केश पकड़ कर मड़या की भाँवर घुमा दीजिये। लोरिक ने उसे मना किया और कहा कि हमें सोहवल के बाजार में चलना चाहिये और बमरी से पूछ लेना चाहिए। धोबी आगे चला तथा लोरिक पीछे हुआ। जब दोनों सोहवल पहुँचे तो शोर मच गया। फाटक से पहरेदार भाग खड़े हुए। लोरिक सीधे बमरी की कचहरी में पहुँच गया। बमरी अपनी कुर्सी से महरा उठा। (६०)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—झोंटवा=झोंटा, बाल। हलवा=हल्ला, शोर। पराइल=भागती हुई। पहरुदार=पहरेदार। चलल बाड़ैं पराय=भाग चले। कुरुसिया=कुर्सी। महराय=महरा कर।

भावार्थ—राजा बमरी कुर्सी से गिर पड़े। मुंशी और दीवान भाग चले। लोरिक ने बमरी से कहा बाबा सुनो। हमारी बात मानो। अकाल में थूनी तथा पाताल में मंडप गड़वा दो तथा सतिया की भांवरें घुमा दो। हम उसे कनउज के बाजार में जायंगे। यह सुनकर बमरी अत्यन्त क्रुद्ध हुये और कहा—हमारे सामने से हट जाओ नहीं तो मैं तुम्हारी जान मार डालूंगा। धोबी ने दौड़कर बमरी को पकड़ लिया, फिर मुसकु चढ़ाया और उसकी छाती पर कोल्हू रखवा दिया। बमरी रो उठे। लोरिक तुमने मेरे पुत्रों को मार डाला। मेरी जिन्दगी भी तुम सोहवल में अब खतम कर रहे हो। मैं सतिया का विवाह कर दूंगा। सोहवल में मंडप गड़वा दूंगा। लोरिक दौड़कर बमरी के पास गये और उसका कोल्हू छाती से हटा दिया। सोहवल में विवाह की तैयारी होने लगी। मूसल की पूजा होने लगी। कलश रखवा दिया गया तथा मंगलाचार होने लगा। घर-घर में ढोलक बजने लगा। सोहवल की बारह सौ कुंवारी कन्यायें प्रसन्न हो उठीं। अच्छा हुआ कि बमरी के लड़के मर गये। हमारा भाग्य खुल गया। कल प्रातःकाल डोलियाँ गउरा गुजरात जायंगी। (६१)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—मुनुसी = मुंशी। देवान = दीवान। पराय = भागकर। घमकल = घमक कर, घमकते हुये। चुरकी = शिखा। जियरा खउलति बाटे हमार = हमारा प्राण खौल रहा है, हमें क्रोध आ रहा है। धवर के = दौड़कर। मुसुकिया = मुश्क, कंधे और कोहनी के बीच का भाग। बाड़ें ढोंगराय = लुढ़का दिया। मड़वउ = मंडप। मुंसरवा = मूसल। कलसा = कलश। सुगया = शुक, सुग्गा। ढोलकिया = ढोलक। बारी कुंवरवा = बाल कुंवार। काल्ह = कल। बिहाने = प्रातः। डोलों = पालकी।

भावार्थ—सोहवल में घर-घर मंडप गड़ गया तथा विवाह का आयोजन होने लगा। बमरी ने अपने घर में भी मंडप गड़वा दिया। मलसांवर के विवाह की तैयारी होने लगी। बांठा ने अपना बाजा बजाना शुरू किया। जितने बाल कुंवार लड़के थे उनके सिर पर मुकुट बँधवा दिया गया। सबके माथे पर तिलक लग गया। द्वार-द्वार पर बारात लग गयी और परछन शुरू हो गयी। कन्यादान करने के लिए बमरी ने उपवास कर रखा था। विवाह का मुहूर्त आ गया। दुबरी बाबा आँगन में विवाह कराने चले। विवाह होने लगा और इन्द्र की परियाँ प्रसन्न हो उठीं और आगे आकाश में आकर मंडराने लगीं। फूलों की वर्षा प्रारम्भ हो गयी। सभी देवता प्रसन्न हो गये। सतिया ने ऐसा तप किया था कि वह क्षण में स्वर्ग जा सकती थी। वह ब्रह्मा के द्वार पर गयी कि तुमने अच्छा कार्य नहीं किया। तुमने सोहवल में ऐसी रचना क्यों की ? मेरे भाइयों को क्यों हर लिया ? ब्रह्मा ने समझाया-बमरी पागल हो गये थे। छत्तीस जाति की कन्याओं को उन्होंने कुँवारी रखा। सोहवल में उसी का पाप लगा हुआ है। सतिया इन्द्रासन से धरती पर आयी। बमरी ने चौके पर बैठकर कन्यादान दिया। झिंगुरी ने लावा परछा। वह रो-रोकर कहने लगे—ऐ दादा, तुमने हमारी बात नहीं

मानी। मेरे वीर-भाई मारे गये। सोहवल में हमारी जड़ें उखड़ गयीं। कल प्रातःकाल सतिया की विदाई कर दो कि वह गउरा गुजरात चली जाय। (६२)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—साइत = मूहूर्त। डीह ठाकुर = डीह के देवता। बीयहुती = विवाह का। बरतिहा = बाराती। परछन = प्रदक्षिणा। लावा परीछे बदे = लावा की रस्म अदा करने के लिए। इन्दरक परिया = इन्द्र की परियाँ। खुसी = खुशी। फुलयन = फूल। दुअरिया = द्वार पर। इनरासन = इन्द्रासन। चउकवा = चौक। अँसिया = आँसू। बरजत रहलीं = मना करती रही। बलवंतया = शक्तिशाली, बलवंत।

भावार्थ—संध्या को विवाह हुआ तथा प्रातःकाल पालकी तैयार हुई। विवाह सम्पन्न होने के बाद मलसांवर की पालकी सोहवल के बाजार में गयी फिर बमरी के किले पर गयी। सतिया की सारी सखियाँ वहाँ आ पहुँची। छत्तीस जाति की कन्याओं को पालकी भी तैयार हो गयी। सतिया अपनी माँ से गले लगकर रो पड़ी। उनके रोने से सोहवल में वन के पत्ते खड़खड़ाकर गिरने लगे। सतिया कहने लगी—मेरा विवाह बहुत दूर हो गया है फिर कैसे भेंट होगी? सतिया ने माँ से विदाई माँगी जिसको वह अपने साथ गउरा बाजार ले जा सके। माँ ने कहा—क्या बिदाई दूँ। सोहवल में तो मेरा सर्वनाश हो गया। दसवंत और भिम्हली मार डाले गये। सतिया ने नवलखा हार माँगा। माँ ने गले का नौ लखा हार उसे दे दिया। तब नाईन ने सतिया को पालकी पर बैठाया। सतिया शिव मन्दिर में गयी और रोने लगी—तुम्हारा साथ छूट रहा है अब भेंट न होगी। मैं तुम्हारी पूजा नहीं कर सकूँगी। शिव बाबा ने प्रकट होकर वर माँगने के लिए कहा—सतिया ने वर माँगा कि सुबह शाम जब मैं तुम्हारा भजन करूँ, तुम दर्शन देना। शिव बाबा ने वरदान दिया। सतिया अपनी पालकी में बैठ गयी। छत्तीस जाति की कन्याएँ भी साथ चलीं। गउरा के लिए प्रस्थान हुआ। रास्ते में कहीं पड़ाव नहीं पड़ा। जब सतिया की पालकी बोहे में गायों के अड़ार पर पहुँच गयी तब मलसांवर ने कहा—बिना पूजा किये मैं गउरा गुजरात की ओर नहीं बढ़ूँगा। (६३)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—सिर सिहोर = सिर में सिंदूर। ओगर = सम्पूर्ण। डँड़िया फनल = पालकी चली। गरवा = गला। सोर = जड़। नवलखवा हार = नवलखा हार। नाउन = नाइन। सहेलर = सहेली। ढूरत = ढलकती है। कंहार = पालकी ढोने वाले। पुजनवा = पूजन। कूच की लकड़ी = कूच का बाजा। मोकाम = मुकाम, पड़ाव।

भावार्थ—बोहा में डोली रुक गयी। मलसांवर की आज्ञा से बहँगी में प्रचुर घी आ गया। पंडितों और पुजारियों को बुलवाकर हवन करवाया जाने लगा। बहँगी से घी, हविष्य तथा दूध का अर्घ्य दिया गया पर दुर्गा का पेट नहीं भरा। फिर बड़ा

यज्ञ किया गया तब दुर्गा प्रसन्न हुई। उसके बाद सतिया की डोली उठी तथा बुढ़ खोइलनि के द्वार पर पहुँची। खोइलनि का सारा परिवार वहाँ जुट गया। धोबी अजयी की पत्नी विजवा भी वहाँ पहुँची। उसने कहा ऐ सती—मैंने सोहवल में बहुत दिन तक तुम्हारे कपड़े धोये हैं तथा साथ में भजन किया है। कुछ दिन और तुम्हारे कपड़े धोऊँगी और हमारा जीवन सफल हो जायगा। सतिया ने रो-रोकर कहा—सोहवल में ऐसा अनुभव कभी नहीं हुआ। जाने सोहवल में कौन सी कमाई चूक गयी कि वहाँ सर्वनाश हो गया। फिर सतिया की डोली किले में पहुँच गयी।

[इस प्रसंग का अन्त हो चुकने पर गायक अपना परिचय देता है। मेरा शहर बनारस है जहाँ बाबा विश्वनाथ जी बसते हैं। चौबेपुर में मुकाम हुआ है। गंगाराम की मिठाई की दूकान में गायन हो रहा है। थाना चौबेपुर में लेखनी लिखी जा रही है। आज पाँचू भगत गंगा के द्वार पर गाना गा रहे हैं।] (६४)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—डाँड़ी = डोली, सवारी। अडर = आर्डर, आज्ञा। बहँगी = काँवर। गइयन क = गायों का। सकला = हविष्य। अरघा = अर्घ्य। जगिया = यज्ञ। गरवा = गला। बीरना = भाई। वजरवा = वज्र। चीरिया = कपड़ा। सुफलवा = सफल। कहनवाँ = कहना। अनभो = अनुभव। ऐसी घटना जो पहले नहीं हो (अन + भो) पवनवा के दुवार = पवित्र द्वार।

मलसाँवर का विवाह समाप्त।

अध्याय २

लोरिक का विवाह

भावार्थ—अब अगोरी की कथा सुनो। अगोरी का राजा मोलागत था। वहाँ एक दूसरा राजा मोलागत तैयार हुआ। महर की एक बिटिया उत्पन्न हुई। उसका नाम दावन मंजरी रखा गया। उसके उत्पन्न होते समय सवा घड़ी सोना और चाँदी की वर्षा हुई। नोनवा दायी बुलायी गयी। उसने मंजरी का नाल काटा। महरी ने सोने का हंसुवा बिदायी में दिया। राजा मोलागत कचहरी से निकल कर फाटक पर जा रहे थे तो नोनवा दिखाई पड़ी। मोलागत ने उसे बुलाया और पूछा—यह चटक पीले रंग की पीली साड़ी की बिदायी किसने दी है तथा यह सोने का हंसुवा किसने दिया है। नोनवा ने बताया कि महर के यहाँ लड़की अवतरित हुई है। उसका नाम दावन मंजरी है। उसके

उत्पन्न होने पर सवा घड़ी सोना और चाँदी की वर्षा हुई है। मोलागत ने हाथी पर चढ़कर सिपाहियों के साथ महर के द्वार पर जाकर कहा कि मैं मंजरी के हाथ में धागा बंधवा देता हूँ। जब वह विवाह के योग्य हो जायगी तब मैं उसके साथ भांवरें घुमा लूंगा। महरिन ने मधुरता से जवाब दिया, राजा हमारी बात मानो। अगर इस समय मंजरी को ले जाओगे और माँ का दूध पिलाओगे तो वह तुम्हारी मानजी होगी और पत्नी का दूध पिलाओगे तो तुम्हारी लड़की हो जायगी। मुझे इसको पालने दो। जब वह बड़ी हो जायगी, मैं उसके लिए दूसरा वर नहीं खोजूंगी। मंजरी के साथ तुम्हारा विवाह कर दूंगी और मेरा धर्म बच जायगा। यह सुनकर मोलागत लज्जित हुआ। वहाँ से हाथी घुमाकर अपने द्वार आया। महरिन रो पड़ी। मेरा धर्म कैसे बचेगा? इज्जत कैसे बचेगी? हाय राम! मेरी विपत्ति कौन काटेगा? उसकी रुलाई सुनकर बनके पत्ते खरमरा कर गिरने लगे। (६५)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—ओहर = उधर। गोइयां = युग्म, जोड़ा। घरी = घड़ी। सोनवा = सोना। चानी = चाँदी। आई = दाई। नरवा = नाल। बरही = बरही की रस्म जो बारहवें दिन पर होता है। छठिया = छठे दिन की रस्म। गहवर = चटख, गहरा। जोग = योग्य। सउरी = सौर गृह। रस में = मधुरता से। बखत = समय। भैने = मानजी। वर = दुल्हा धरमउ = धर्म। इजतिया = इज्जत। अइसन = इस प्रकार।

भावार्थ—जब मंजरी बारह वर्ष की हो गई तो राजा महर उसके लिए वर खोजने लगे। सवा मन तिलक लेकर पूर्व देश में पुरपाटन गये पर वर नहीं मिला। दक्खिन देश के पहाड़ों की ओर गये पर उधर भी घर वर नहीं मिला। पश्चिम पंजाब गये, वहाँ भी वर नहीं मिला। राजा महर घर आये तथा चिंतित हो गये—हमारा धर्म बिगड़ गया, हमारा धर्म लुट जायगा। मंजरी काल होकर उत्पन्न हुई है। उन्होंने तलवार लेकर बंगले की ओर प्रस्थान किया—मंजरी को मार डालूं। मंजरी छत से नीचे आयी और पिता के चरणों पर गिर पड़ी। पिता जी, किसकी मृत्यु निकट आयी है? तुमने म्यान से तलवार खींच ली है। उन्होंने बताया—तुम्हारे लिए हर जगह पर वर खोजा पर कहीं वर नहीं मिला। हमारी इज्जत लुट गयी। तुम काल होकर पैदा हुई हो? मंजरी ने बताया तुम गढ़ गउरा जाओ। बारह पाल में गढ़ गउरा बसा है तथा वहाँ तिरपन बाजार है। तुम वहाँ मेरा तिलक भेज दो। वहाँ सात कोस का बोहा है। चौदह कोस का चरागाह है जहाँ गायें चरती रहती हैं। ऐ बाबुल! तुम वहाँ तिलक भेज दो। मेरे ससुर का नाम मलसांवर है, ससुर का नाम टिकईत है। मैं स्वामी का नाम नहीं जानती। तुम वहाँ तिलक भेज दोगे तो वह अगोरी आयेगा, मोलागत को मार डालेगा और तुम्हारा धर्म बच जायगा। (६६)

शब्दार्थ—बरिस = वर्ष। तीलक = तिलक। मियनियाँ = म्यान। दुआरी = द्वार। ठियन = स्थान। बाबिल = बाबुल, पिता। मुदई = शत्रु।

भावार्थ—जब महर ने इतनी बात सुनी, उन्होंने नाऊ और ब्राह्मण को बुलाया। फिर शिवचन्द को बुलाकर कहा—तुम सवा मन सोना लेकर तथा थाली और वस्त्र लेकर अगोरी के बाजार में जाओ। वहाँ वादी के अनुकूल वादी मिलेगा। समधी के योग्य समधी मिलेगा तब हमारा धर्म बच जायगा। वे मुहूर्त निकलवा कर चले तथा कनऊज पहुँचे। तीनों लोरिक के बंगले पर उपस्थित हुए। लोरिक वहाँ गहरी नींद में सो रहा था। शिवचन्द की खांसी सुनकर वह जग गया तथा पूछने लगा—भइया तुम्हारा वतन कहाँ है? तुम्हारे पिता कौन हैं? शिवचन्द ने कहा—अगोरी मेरा वतन है। अगोरी में ही मैं उत्पन्न हुआ हूँ। सवा मन तिलक लेकर मैं कनऊज के बाजार आया हूँ। लोरिक अपनी माँ खोइलनि के पास गये और यह आश्चर्यजनक बात बतायी कि तिलक देने वाले आये हैं। तुम तिलक स्वीकार कर लो। यह सुनकर वह हंस पड़ीं। उन्होंने जल्दी से गांगी को बुलाया और उसको दुबरी पंडित के दरवाजे पर भेजा। पंडित बाबा आये। लोरिक ने उनका पांव स्पर्श किया। उन्होंने जयजयकार किया। खोइलनि ने कम्बल बिछाया तथा पंडित जी को बैठाया। लोरिक का तिलक सम्पन्न हो गया। उसके बाद दावत हुई। छप्पन प्रकार के भोजन बने। नाऊ, ब्राह्मण, सबने भोजन किया फिर दुबरी पंडित ने लग्न शोधकर बताया। शिवचन्द ने कहा—बारात के लिए गउरा में अच्छे पट्ठों को सजाना। बारह जोड़ी सिंघा तथा तेरह जोड़ी करताल ले लेना। चौदह जोड़ी धौंसा भी लेना। अगोरी में मोलागत दूज के चाँद की भाँति उगा हुआ है। उसके मुकाबले का कोई शत्रु नहीं है। उसकी टक्कर में कोई नहीं आ सकता। (६७)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—नउवा = नाऊ। बामन = ब्राह्मण। साइत = मुहूर्त। वदिया = वादी, शत्रु। धावन लागें = दौड़ने लगे। मोकाम = मुकाम, पड़ाव। हलल जायं = पार करते जा रहे हैं। मसहरी = एक प्रकार की चारपाई। गदवा = गद्दा। जुमुस = जुंबिश, कंप, गति। खोखे लगलें = खांसने लगे। बुनकें = बूंद से, वीर्य से। सिरजल बाड़या = सृजित हुए। कोखिया = कुक्ष। ओतन गोतन = गोतन ओतन (वतन) एक युग्म लगता है गोतन का यहाँ कोई विशेष अर्थ नहीं प्रतीत होता। बताउर = बताया हुआ। तिलक हरू = तिलक चढ़ाने वाले। माया = माँ। करजिया = कर्ज। बलावा = निमंत्रण, बुलावा। तिलकिया = तिलक। टकहया = टका, पैसा। कांखी = कांख में। पतरइ = पत्रा, पंचाङ्ग। कम्मल = कंबल। चउक = चौका। चउक पुरवावें = पूजा के लिए चौक तैयार करवा रहे हैं। पूजा के लिए जो चौक तैयार किया जाता है उसको चौक पुरना करते हैं। चाअन = चन्दन। पीढ़वा = पीढ़ा। कलसा = कलश छपनो मोर बनल परकार = छप्पन प्रकार का भोजन बना। परकार = प्रकार। लग-निया = लग्न। पठवा = पट्ठा। उवल रे दुइज कर चान = दूज का चाँद उगा हुआ है अर्थात् वह दूज के चाँद की भाँति है। उवल = उगा हुआ। चान = चंद्रमा। अइसन = इस प्रकार। पठवा = पट्ठा, वीर। टकरे आई = टक्कर में आयेगा। ना कोई रहे रेखिया उठान = कोई मूंछ नहीं उठा सकता था। रेख आना = नयी मूंछ निकलना।

भावार्थ—तब शिवचन्द ने लोरिक को समझाया कि बुड्ढे लोगों की आवश्यकता नहीं है। ऐसे लोगों को लाना है जिनमें तरुणाई का जोर है और जिनकी माताएं अच्छी हैं। लोरिक ने उत्तर तो नहीं दिया पर अपने मन में कहा—पिता बूढ़ कूवे को कैसे छोड़ा जा सकता है ? शिवचन्द तिलक चढ़ाकर चले गये। लोरिक की चिन्ता बढ़ गयी। मलसांवर के पास उन्होंने गायों के अड़ार पर गांगी के हाथ पत्र भेजा। मलसांवर पत्र पाकर दुखी हुए और उनकी आँखों से झर-झर आँसू गिरने लगे। हमें बोहा में खबर क्यों नहीं दी गयी। इस प्रकार गउरा में क्यों तिलक ठान लिया ? गांगी ने उन्हें समझाया कि भइया असमंजस में पड़ गये थे। मलसांवर ने पत्र लिखा कि तुम पट्ठों को तैयार करो। यदि गउरा में अन्न या धन की कमी होगी तब हम गाड़ी में लदवाकर भेज देंगे। बारात लेकर अगोरी में चढ़ चलो। गांगी ने लोरिक को यह पत्र दिया। वह रोने लगा। हाय, मेरे ऊपर बड़ा अभियोग लग गया है। यदि भैया से मैंने पूछ लिया होता तो धर्म बच गया होता। (६८)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—मतारी = माँ। जायल = उत्पन्न किया हुआ। बूढ़ठेल = बूढ़े पुराने। सोचिया = चिंता, सोच। ओढ़ कार = विघ्न, असमंजस। आफतिया = आफत, विपत्ति। अनवां = अन्न। धनवां = धन। छकड़वा = गाड़ी, छकड़ा। पतिया = पत्र। बांचै लागल = पढ़ने लगा। अंसिया = आँसू। इजलमवै = इल्जाम, अभियोग। धरमवां = धर्म।

शब्दार्थ—यहाँ गउरा में लोरिक स्वयंबर रचने लगा। सबको निमंत्रण गया। छत्तीस जाति के लोगों को सूचना भेजी गयी। जोड़ी, करताल, तथा धउंसा सब बज उठे। लोरिक की माँ मंगल गान करने लगी। मटमंगरा हुआ। कंगन बांधा गया। संवरू बोहा से कनऊज आये। बारात का सारा सामान लद गया। बासमती चावल, मूँग की दाल, घी, तम्बू, कनात सभी चीजें लाद ली गयीं। लोरिक ने अपने पिता को भी एक झंपोली में बन्द कर रख लिया। यद्यपि शिवचन्द ने बूढ़ों को लाने से मना किया था पर परामर्श कौन देता ? बारात का सारा प्रबन्ध पूर्ण हो गया। मलसांवर की पालकी सज गयी। धोबी अजई ने भी अपना साज सजाया। लोरिक ने दुर्गा, बनसत्ती, तथा अन्य देवताओं का स्मरण किया। बाजे-गाजे की तुमुल आवाज गूँज उठी और संपूर्ण बारात तैयार हो गयी। इधर हरिण और हरिणी के कानों में यह आवाज पहुँची। हरिणी रो पड़ी। ऐसा बाजा बज रहा है कि लगता है कि ऐ हरिण तुम्हारे प्राण चले जायँगे। हमें दूसरे जंगल में भाग चलना चाहिए। हरिण ने हरिणी को समझाया—अगोरी में मोलागत मारे जायँगे तथा मंजरी का डोला गउरा गुजरात आयेगा। (६९)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—सियंवर = स्वयंवर। भीउली = भींट + ली = ऊँची जमीन। नेवतै = निमंत्रित। बेलकुल = बिल्कुल। तेली = तेल निकालने और बेचने वाली वैश्यों की एक जाति। तमोली = तबोली, पानवाला। धउंसवा = धौंसा। मतरिया

ावे = कान। मटमंगरा = मटमंगरा विवाह के पहले की एक रीति जिसमें
दिन पर वर या वधू के घर की स्त्रियाँ अन्य स्त्रियों के साथ गाँव के बाहर
ा जाती हैं और मिट्टी लाती हैं जिसका उपयोग विवाह में अनुष्ठान के
है। बयनवनक = गायों का। झंपोलवा = झंपोली। दंतजमवा =
ागरवा = शृंगार। सिहवा = सिहा, एक प्रकार का बाजा।

ार्थ—आगे का हाल सुनो - लोरिक की बारात सज गयी। मलसांवर की
र हो गयी तथा कनऊज में परछन होने लगी। सखियाँ मंगलगान करने
क की भी परिछन हुई। सजकर बारात चल पड़ी। आगे मलसांवर तथा
की डोली चली। बायें बनसत्ती तथा दाहिने दुर्गा हैं। सोलह सौ कंटाइन
हरियाँ भी साथ चल रही हैं। संवरू दादा की पूज्य ब्रह्माइन भी साथ में
ाति के युवक चले जिनमें तरुणाई का जोर था। दिन रात चलकर सभी
और थाना अगोरी के बाजार में सगड़ पर अपना डेरा डाला। दुबरी पंडित
ातायी। सुर्जन डोम, बांठा, धोबी अजई सबका तंबू गिरा। देवसी का तम्बू
में नौ-नौ कुतिया बैठी हुई हैं। सिवचन्द, मलसांवर, लोरिक सबने तम्बू
वहाँ मलसांवर कुश की चटाई बिछाकर सुबह शाम पूजा करने लगे।
ा हुई। यदि राजा मोलागत को खबर मिलेगी तो डोला नहीं जाने देगा।
न्द को भेजा कि जाकर बारात को कह दें कि बाजा बजाना हितकर नहीं
चन्द लोरिक के पास गये और कहा—तुम इस प्रकार बाजा बजा रहे हो
जायगा। अगोरी में इस सगड़ पर हमारी इज्जत चली जायगी। (७०)

तथा टिप्पणी—परछन = परि + अर्चन, एक विशेष प्रकार की आरती जो
य की जाती है। लाव लस्कर = लाव लश्कर। डगरिया = डगर, रास्ता।
का। टाटी = टट्टी, आसनी, चटाई। डेरवा = डेरा। बाजी बजावति बाड़
ा रहे हो। इजतिया = इज्जत।

र्थ—शिवचन्द अगोरी आ गये। इधर लोरिक बांठा के पास पहुँचे और
ह जोड़ी सिंहा, तेरह जोड़ी करताल तथा चौदह जोड़ी धौंसा बजा दो।
मारू राग बजाया, फिर जुझार बजाया, उसके बाद फिर विवाह के समय
ायी। महर इससे चिंतित हुए और अगोरी में पत्र लिखने लगे। धावन
रिक के पास पहुँचा। उसमें लिखा था तीन सौ साठ पोर का बांस हमारे
ा से मंगवा दो ताकि हम उसे अगोरी में गाड़ दें और स्वयं वर करें।
े के पास गये और पत्र का सार उनको बताया। कुँवे ने कहा कि देवहा
ओ और वहाँ जोर से पैर मारो। जब कगार गिरने लगे तब तीन सौ
एक कुश उखाड़ लेना और उसे अगोरी में भिजवा देना। इससे तुम्हारा
हो जायगा और भांवरें घूम जायँगी।

शब्दार्थ तथा टिप्पणी — लकड़ी धलैंले बजाय = लकड़ी से धौंसे या बैंड पर जो स्वर बजाया जाता है उसे लकड़ी कहते है। युद्ध के समय का चित्र है अतः मारू तथा जूझार लकड़ी बजाने की बात कही गयी है। बियहुती लकड़ी = विवाह के समय पर बजाया जाने वाला स्वर। पोरै के = गांठ का। झंपोला = पेटिका। देवहा के तीरे = देवहा नदी के तट पर। कररवां = करार पर, तट पर। हनि के = जोर से। कूसै = कुश। उपार लेब्या = उखाड़ लेना। भंवरवा = भाँवर।

भावार्थ—लोरिक जब देवहा के किनारे गये तब उन्होंने कगार पर जोर से पैर मारा। कगार टूटकर गिर पड़ा। उन्होंने ३६० पोंरों का कुश उखाड़ा फिर वहाँ से वह झंपोले के पास आ गये। गांगी उस कुश को लेकर अगोरी के बाजार गया और उसे उसने महर को सौंप दिया। महर को तब विश्वास हो गया कि लोरिक शत्रु से लड़ने योग्य है। फिर उन्होंने एक पत्र लिखकर सगड़ पर भेजा कि गढ़ गउरा से कुंवा मंगवा दो। उस कुएँ के पानी से कलश भरवा दूँ तथा मंजरी का भांवर घूमा दूँ। अगोरी के कुंवों का पानी सूख गया है। कैसे पानी भरवाऊँ ? पत्र पढ़ते हुये लोरिक झंपोले के पास पहुँचे और बूढ़ कूबे से कहा कि इस बार महर ने बड़ा गूढ़ पत्र लिखा है। गढ़ गउरा से कुंवा कैसे आयेगा ? उन्होंने समझाया कि पत्र लिख दो कि महर मेरे साथ सूखा कुंवा गउरा भेज दें। यह लिखकर उन्होंने गांगी के हाथ पत्र भिजवा दिया। मेहर विचारने लगे वीर आकर सगड़ के घाट पर टिके हुये हैं। महर के आंगन में बांस गड़ने लगे तथा मंजरी का कंगन बांधा जाने लगा। जब द्वार पूजा का मुहूर्त आ गया तब बाजे-गाजे की तुमुल ध्वनि हो उठी। लोरिक की पालकी सज गयी तथा महर के द्वार पर पहुँची। परछन के बाद बारात जनवासे लौट गयी। विवाह का मुहूर्त आ गया। छः छः कहांर पालकी लेकर महर के द्वार पर पहुँच गये। लोरिक आँगन में पहुँचे तथा विवाह सम्पन्न हुआ। बारात सगड़ पर विदा हुई। मलसांवर भी वापस आ गये। आधी रात हो गयी तब मंजरी मंडप पकड़कर रोने लगी। कल प्रातःकाल अगोरी से विदायी हो जायगी। राजा मोलागत हमारी डाँड़ी छीन लेगा। मेरी माँग में सिंदूर पड़ चुका है और मैं किसी की पत्नी हो चुकी हूँ। मंजरी का रुदन लोरिक के कानों में पहुँचा। सोचने लगा किसी का बेटा अगोरी में मारा गया है या किसी की सखी-सहेली छूट रही है जिसके कारण वह रो रही है। आज अगोरी में कौन सी अजीब बात हो गयी है कि गोपो रो रही है। (७२)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी — करार = कगार। पोर = गांठ। गन्नत-गन्नत = गिनते-गिनते। केशुवाक = किस चीज का। अवगुड़वा = गूढ़। अचरज = आश्चर्य। झूरै = सूखा हुआ। बंसवै = बाँस। दूअर पूजवा = द्वार पूजा। बरनेत = वर। पहरवा = पहरा। मड़वा = मंडप। सेन्हुरवा = सिंदूर। कोट = किला। टूवर = अनाथ। बजं = बाजार का संक्षिप्त रूप। अनभो = अजीब चीज, अचंभा।

भावार्थ—जब सगड़ पर लोरिक को रुदन की ध्वनि सुनाई पड़ी, वह घबरा गया। वह वहाँ घूम-घूमकर पहरा देने लगा फिर गांगी के तम्बू में गया और उसे जगाया। उसने लोरिक को डांटा—पैसा तो टका मिला है। खाना मिला नहीं। फिर आधी रात को जगाने चले हो। लोरिक ने उसे आश्वासन दिया। जब विवाह कर अगोरी से चलेंगे हम तुम्हारे लिये असरफी और सोने की कोठरी खोल देंगे। तुम क्यों चिन्ता करते हो? फिर गांगी को बताया कोई गोपी आधी रात को आंगन में रो रही है। इसका पता लगाओ। गांगी डर गया और कहने लगा अगर वहाँ जाऊँगा तो कोई जान से मार डालेगा। लोरिक ने समझाया—नाऊ, तुम्हारी बुद्धि ज्ञान से भरी हुई है। तुम अगोरी जाकर पता लगाओ। गांगी किले पर गया—और वहाँ फाटक पर बैठे हुये दो सिपाहियों ने उसे फटकारा—तुम चोर हो? चंडाल हो? भूत हो? बैताल हो? इतनी रात कहाँ जा रहे हो? गांगी ने बात बतायी। लोरिक के भात में अधिक नमक पड़ गया था। उसका तालू सूख गया है। मोती सगड़ के सारे कुएँ सूख गये हैं। मैं कलश का पानी लेने जा रहा हूँ। अन्यथा गउरा का अहीर मर जायगा और मंजरी विधवा हो जायगी। यह सुनकर सिपाहियों ने फाटक खोल दिया। वह पहले फाटक से दूसरे फाटक पर गया, वहाँ बाघ और सिंह अंकित थे? गांगी डर कर वहाँ से भाग गया। सिपाही ने उसे समझाया कि सिंह पत्थर के हैं। गांगी ने उन्हें स्पर्श करके देखा। फिर वह आगे बढ़ा। तीसरे फाटक पर एक ओर बूढ़ बूबे तथा दूसरी ओर मलसांवर अंकित थे। गांगी मंडप में पहुँचा जहाँ मंजरी रो रही थी। उसके पांव में महावर लगे थे। हाथ में कंगन था। गहरी पीली साड़ी थी। माथ में सिंदूर था। मंजरी की दृष्टि गांगी पर पड़ी और वह भाग खड़ी हुई। अनूपी के पास गयी तथा उसे सारा हाल बताया। अनूपी गांगी के पास गयी तथा उसकी कलाई पकड़ कर घसीटने लगी और उसे ले जाकर मांड़ में पटक दिया फिर उसे अपने हाथों से पीटने लगी। वह रो-रोकर कहने लगा—ऐ भावज मंजरी, मैं यहीं मर जाऊँगा और पूजा लूँगा। तुम्हारा सारा कुटुम्ब और परिवार निन्दा करेगा। मंजरी के कहने पर गांगी को गड्ढे से बाहर निकाला गया और कुंडों के पानी से नहलाया गया। फिर पीताम्बर, कछनी, तथा और चीजें उसे पहनने के लिए दी गयीं। अनूपी ने उससे मंडप में आने का कारण पूछा? क्या गउरा का अहीर मर गया! क्या मंजरी चौके पर ही विधवा हो गयी? गांगी ने बताया कि सगड़ का पानी गंदा हो गया है। कुएँ सूख गये हैं अतः मैं कलश का पानी लेने आया हूँ। अन्यथा गउरा का अहीर मर जायगा और मंजरी रांड़ हो जायगी। अनूपी गांगी को मंजरी के कोठे पर ले गयी। मंजरी ने उसे पानी और शर्बत पिलाया। सोना, चांदी दिया और कहा कि मोती सगड़ पर जाकर अहीर से कह दो कि इसी समय आकर यहाँ ससुराल कर जांय। गांगी दौड़कर सगड़ पर आ गया। उसने लोरिक को डांटा और कहा तुम रात में मेरी जान मरवा दोगे। मैं अगोरी में मर जाता, फिर बड़ा चौका होता! (७२)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—अधेला = आधा पैसा। पइसा = पैसा। असरफी = अशरफी। लीहा गठियाय = गांठ में बांध लेना। करनवा = कारण से। निआई की रात = न्याय की रात, निर्णायक रात। बुधिय = बुद्धि। पयाम = प्रस्थान। चटर-चटर बोलत = चट-चट बोल रही है। तारू = तालू। ढबइल = गंदा। अद्धी = आधी। रांड़ = विधवा। हुँड़ार = भेड़िया। बनउरी लिखल हउवै = पत्थर अंकित किये गये हैं। टूवत हउवैं = छू रहे हैं। मंड़वा = मंडप। व्योपार = व्यापार, कार्य। निंगी = नग्न। उघार = खुला हुआ। घिसरउले = घसीटते हुये। मांड़ = भात बनाने के बाद जो पानी निकाला जाता है उसे मांड़ कहते हैं। ठेंगलाय = ढुलका दिया। पूजवइवै = पूजा लूंगा। मेहना = निंदा। गड़बड़ा = गड्ढा। कछनी = कच्छा। कादौ = शायद। सोरिऔ = जड़। तरोतर = तुरन्त, शीघ्र। सरबत = शर्बत। डांक के = चिल्लाकर। चउकवा = चौका।

भावार्थ—गांगी ने बड़े जोर से लोरिक से कहा—आधी रात में तुमने मुझे अगोरी भेजा। मेरी जिन्दगी चली जाती। लोरिक ने गांगी से पूछा—आधी रात को कौन अगोरी में रो रहा था? गांगी ने बताया कि मंजरी मंडप का बांस पकड़कर रो रही थी। उसने मुझसे कहा है कि गढ़ गउरा का अहीर आकर ससुराल कर जाय। लोरिक यह सुनकर क्रुद्ध हुआ। भइया संवरू जगेंगे, धोबी जगेगा। सारी बारात जगेगी और मेरी खोज करेगी। तुम्हें आधी रात में भेजते हुये लज्जा नहीं आती। गांगी ने कहा—ससुराल कर लो फिर गउरा जाना संभव नहीं होगा। लोरिक अपने अस्त्र-शस्त्र से लैश होकर, तवा छाती पर बांधकर तथा खड्ग एवं ओढ़न लेकर अगोरी के लिए रवाना हुआ। सिपाही किले पर बैठे हुये थे। उन्होंने कुछ भी नहीं कहा—लोरिक ने अन्दर जाकर देखा पत्थर का शेर तथा बाघ अंकित था। आगे मलसांवर और सतिया अंकित थी। एक ड्योढ़ी के नीचे धोबी की पत्नी बिजवा भी नग्न अंकित थी। लोरिक जलकर भस्म हो गया। वह आंगन में पहुँचा और उसने कुंडे का पानी ढरका दिया। सारी गोपियां उठकर आंगन में टहलने लगीं। वे अनूपी के पास पहुँची और कहने लगी—अहीर आंगन में आ गया है। गोपी मंजरी अपनी कोठरी से आ गयी और उसने लोरिक की कलाई पकड़ ली। अन्य गोपियाँ एकत्र होकर वहाँ मंगल गान करने लगीं। फिर दूब और अछत (चावल) लेकर लोरिक को चूमने लगीं। उन्होंने मंजरी की स्तुति की और कहा कि मंजरी अगोरी में देवता के सदृश उत्पन्न हुई है। उसका यहाँ अवतार हुआ है। (७४)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—मुवल = मरा हुआ। मंड़वा = मंडप। सेन्हुर = सिंदूर। अउर = और। ससुरार = ससुराल। खोजिया = खोज। गोहराई = गोहरायेंगे, पुकारेंगे। लजात = लज्जित। बेवरा = विवरण। केरुवा = केला। सिकटी = कंकड़। बीनि कें = चुनकर। झोलरा = झोला। पीतरी क = पीतल का। घबरे रं = घबड़ाय। भक से = अचानक, एकाएक। उजियार = प्रकाशित। डाँकि रे गइलै = पार कर गये।

निंगी = नंगा । लीखल हउवै = अंकित की गयी है । नेवतहरी = नेवता करने वाले । ढरकवलं = ढुलका दिया । सनेसवा = संदेश । कलइया = कलाई । मंगलवो रे चं = मंगलाचार । दूब = दुर्वा । चउरा = चावल । चूमन बाड़ीं = चूम रही हैं । चुकावन कर रही हैं । यह एक रीति है जो मंगलोत्सव के समय स्त्रियाँ करती हैं । खोंइछवा = आँचल में ।

भावार्थ—इधर वीर लोरिक सिर लटका कर बैठा हुआ है और सारी गोपियाँ चिन्ता में पड़ गयी हैं । लोरिक किसी की ओर नहीं देख रहा है । गोपियाँ उसे खोद रही हैं पर वह स्थिर बैठा हुआ है, जैसे बबूल का वृक्ष आँगन में बैठा हुआ हो । गोपियाँ बुला रही हैं पर वह मौन है । गोपियाँ उसको हिला रही हैं पर वह निस्पंद है । वे आपस में कहने लगीं—मजरी का भाग्य फूट गया है । उसे गूँगा और बहरा पति मिल गया है वैसे देखने में तो वह सुन्दर है । महरिन फिर से रोने लगी । मैं अपनी बेटी की बिदायी नहीं करूँगी । गले में घड़ा बाँध कर मजरी के साथ मैं कुएँ में गिर जाऊँगी । अनूपी ने उन्हें सन्तोष दिलाया और कहा कि हम इन्हें बुलवायेंगे । अनूपी पैर में घुँघरू बाँध कर नाचने लगी और ताल भरने लगी । उसका नृत्य ऐसा सुन्दर था कि धरती और आकाश सभी मोहित हो गये किन्तु गउरा का अहीर अप्रभावित रहा । महरिन छाती पीट कर रोने लगी और कहने लगी कि ऐ शिवचन्द तुम मेरी बेटी को पानी में डुबा आये । तब शिवचन्द ने लोरिक पर व्यंग्य किया कि इनकी माता ओखली का अन्न और भूसी बटोरती है और उसकी रोटी खाती है । इन्होंने जलती हुई रोटी खा ली थी अतः बचपन से ही इनका कण्ठ रुद्ध हो गया है । तब अहीर लोरिक बोल उठा—तुमने बूढ़ी कन्या से मेरा विवाह करा दिया और अब सगड़ पर पानी खोज कर मेरे लिए शत्रु तैयार कर रहे हो । (७५)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—मउर = मस्तक । लटकाय = लटका कर । खुदुक्का मारैं = खोद रही हैं । खुत्था = सूखा पेड़ । आपुस में = आपस में । बहिर = बधिर । गगरी = घड़ा । दईब = देव । छतिया = छाती । कजरवा = काजल । मरकहवा = जीव मारने वाला । रतरे नं = रतनार, चमकदार । घुघुरवा = घुँघरू । तं = ताल । तोरति बाड़ें = तोड़ रही है । नचिया = नाच । मोहितवा = मुग्ध । कयरे न = कैलाश । अजगुत = अयुक्त, अनुचित । सूरतवै = आकृति । पनिया में बोरि अइल्या = पानी में डुबा आये । दुअरी = द्वार पर । हरवाहिया = हलवाही, हल चलाने का काम । कन्ना = अन्न का दाना । खुदिये = भूसी । जरती = जलती हुई । कंठा = कंठ । रून्हनवें = रुद्ध । करिनवां = कन्या । सगरवां = सगड़ पर । मुदई = शत्रु ।

भावार्थ—लोरिक की बातें सुन कर सारी गोपियाँ हँसने लगी और कहने लगीं हम लोग इतनी देर से बुलवा रहे थे पर तुम जरा भी नहीं बोले अब किस बात पर तुम्हें गोली सी लग गयी । कैसे तुम बोलने लगे । आंगन में अब प्रसन्नता छा गयी है । अनूपी ने तोसक-तकिया लगा कर सेज तैयार कर दी और लोरिक को सुला दिया ।

तब मञ्जरी ने अपने सत का स्मरण किया। उसने सत का थाल सजाया, सत का दीपक जलाया तथा सत के फूल बनाये, फिर आरती की। उसके बाद रोने लगी। कल मेरी डोली जिरउल पर जायगी और वहाँ मेरे पति मारे जायेंगे। मेरी नाव अध-जल में डूब जायगी। इसी बीच लोरिक की नींद खुल गयी। उसने मञ्जरी की कलाई पकड़ कर कहा—तुम्हारे ऊपर कौन सी विपत्ति आ गयी है कि तू रो रही थी। क्या सङ्गी, साथी, समवयस्क, गाँव तथा परिवार छूटने का दुख है ? तुम्हें क्या चिन्ता है ? तब गोपी ने उसे रो-रो कर बताया कि जिस दिन मेरा जन्म हुआ, मोलागत ने सौर ग्रह में मेरे हाथ में धागा बँधवाया था। मैं तुम्हारी प्रथम विवाहिता हूँ। कल जिरउल पर तुम्हारी जान चली जायगी और अगोरी में मेरी नाव डूब जायगी। (७६)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—एतनी बेर ले = इतने समय तक। कइसन बात तोके गोली लगि गइल = कौन सी ऐसी बात हुई कि तुम्हारे हृदय में गोली सी बिध गयी। खुसिहाली = प्रसन्नता। तोसक = बिछाने का गद्दा। चुनि-चुनि = चुन चुन कर। नकुला = नाक। मोटके = मोटका। सतवा = सत। मतरिया = माता। सरिरिया = शरीर। सहं(ग) = सहायक। रसिया = रस, क्रीड़ा, आमोद। निदिया = नींद। रतिया = रात। समउरिया = सम व्यस्क। कुटुम = कुटुम्ब। सइंया = स्वामी। सउरी = सौर ग्रह। जियवा = जीव, प्राण।

भावार्थ—जब लोरिक ने यह बात सुनी उसने गोपी को यह ताड़ना दी और कहा—तुम मुझसे इस प्रकार बात मत करो। तुम क्यों रो रही हो ? मेरे भाई साँवर, कुटुम्ब, परिवार, धोबी सभी लोग सो रहे हैं। सभी सुन कर निन्दा करेंगे। हमने एक वार सोहवल में राजा बमरी के उन सात पुत्रों को मार डाला जो दैवी प्राणि थे और जो सिंह और बाघ को मार डालते थे। वे सूंस और घड़ियाल को पकड़ लेते थे। मैं कल निर्मल को भी मार डालूंगा। मञ्जरी ने कहा तुम चाहे मुझे जितना भरोसा दिलाओ, मैं इस किले में भयभीत हूँ। कल जिरउल पर मेरी डोली छीन ली जायगी। अतः मेरी बात मान जाओ और गउरा गुजरात लौट जाओ। मुझसे सुन्दर स्त्री तुम्हें कुसुमापुर में खोज रही हैं। तुम जाकर वहाँ आनन्द करो। मुझ जैसे नारकीय जीवन के लिए यहाँ तुम्हारी जान चली जायगी। तुम्हारा कुटुम्ब और परिवार रो उठेगा। तुम्हारे भाई भी गायों के अड़ार में रोयेंगे। लोरिक ने तब मञ्जरी को समझाया—तुम मृत्यु को सरल न समझो। ऐ गोपी हम पीछे पैर नहीं हटायेंगे, न भाग कर गउरा गुजरात जायेंगे। या तो मेरे प्राण जिरउल पर जायेंगे या मैं गउरा गुजरात जाऊंगा। जब तक मेरा जीवन रहेगा मैं जिरउल पर तुम्हारी डांड़ी नही छोड़ूंगा। (७७)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—बजर परो = तुम्हारे ऊपर वज्रपात हो जाय। गढ़वै = गढ़। धान = प्रहार, चोट। निअइयैं की रात = न्याय की रात, निर्णायक रात। समउरिया = सम वयस्क। मतंगिया = मतङ्ग की भाँति, हाथी की भाँति। काहे

बदे = किस लिए। नदी बेउरा = बेउरा नदी । डाँड़ी = डोली । निरम्मर = निर्मल, मोलागत का भानजा जो बड़ा वीर था। लोरिक ने उसे लड़ाई में मार डाला। भरोसवा = भरोसा । टंगरियाँ = पैर । कलियाँ = फल । जिरउल = गांव की सीमा? छोरल जइहैं = छीनी जायगी। बियहिया कुसुमापुर-जोहत रे हउवै = विवाहिता तुम्हें कुसुमापुर में खोज रही है। चनवा (चंदा) की ओर सकेत किया गया है। जोहत हउवै = खोज कर रही है। मजा = आनन्द । नरकी जियरा = नारकीय प्राण। समिया = स्वामी । नाहीं पीछवा रे गोड़वा रे हटइबैं = पीछे पैर नहीं हटाऊँगा। की त = या तो। दम बचल रही = जब तक साँस रहेगी।

भावार्थ—वीर लोरिक ने मंजरी से पूछा, तुम मुझे बताओ बिदाई में क्या-क्या मिलेगा? मइया को क्या बिदायी मिलेगी और दादा को क्या बिदायी मिलेगी? मंजरी ने समझाया कि तुम आँगन में रूठकर बैठना। तुम्हें चाहे जितना पैसा दिया जाय स्वीकार मत करना। जब शिवचंद मामा आँगन में आ जाँय और कहें कि कुछ माँग करो तो उनसे जिरउल पर लड़ने के लिए ढाल माँगना तथा अपने भाई मलसाँवर से कहना कि वह आगे तथा पीछे वाली गाय न स्वीकार करें। मध्य वाली गाय चुनकर ले लें और गउरा चले जाँय। बाबिल बूढ़ कूबे दुशाला बिछा दें और जितना दहेज मिले वह लेकर कनउज के बाजार के लिए प्रस्थान कर जाँय। प्रातः काल होते-होते लोरिक मोती सगड़ पर आ गये। इधर सारी बारात जग गयी। गाँगी पंखा झलने लगा। धोबी गड़ बुटवल का तम्बाकू जहानाबादी चिलम में रखकर पीने लगा। मलसाँवर हाथ में माला लेकर भजन करने लगे। तड़के ही अगोरी से राजा महर ने यह पत्र लिखकर भेजा—संध्या समय तुमने विवाह किया। प्रातः काल ही मंजरी की डोली ले जाओ। ऐसा मुहूर्त निकला है। वीर लोरिक ने पत्र पढ़ा और उसे बूढ़ कूबे के पास ले गया। उन्होंने सलाह दी, छः कँहारों को भेज दो तथा बाँठा के द्वारा बाजा बजवा दो। कँहार गये और मंजरी की पालकी सज गयी। उसने माँ से बिदायी माँगी। नान्हू भइया को हमारे पास भेज दो। माँ ने इस बात को स्वीकार कर लिया। मंजरी ने फिर सखियों से बिदायी माँगी। एक सखी ने नवलखा हार निकालकर दे दिया। फिर मंजरी ने मामा शिवचन्द से अनूपी को बिदायी में ली। अन्त में वह पिता के पास गयी तथा पिता ने उसे गाड़ी भर सोना लदवा दिया ताकि मंजरी सारी जिन्दगी बैठे हुये खा सके। (७८)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—बिदायी = बिदायी के समय की भेंट। सुधि = सुधि, याद। बीरनै के = भाई का। दउलति = दौलत । बटुवा = एक प्रकार का थैला। मझिली = मध्य वाली, बीच वाली। लीहै बराय = चुन लेना। दुसाला = दुशाला, चादर। दइजा = दहेज। बान्हि के = बाँधकर। गढ़ बुटवल = यह स्थान कहाँ है अभी इसकी जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी है। जहानाबाद = एक स्थान का नाम। यह स्थान कहाँ था इस पर खोज की आवश्यकता बनी हुई है। पाती = पत्र । सेवला = श्वेत

पट, सफेद वस्त्र, चादर । इसकी व्युत्पत्ति शैवाल से भी हो सकती है। यह एक प्रकार की घास है जो नदी के किनारे उगती है। यहाँ अर्थ घास की चटाई आदि भी सम्भव है। सेन्हुर = सिन्दूर । भोरवा = प्रातःकाल । साइत = मुहूर्त । अइसन = ऐसा । फनाय = फंदाकर । हुकुमइ = हुक्म, आज्ञा । चउके से = चौके से । मंगनवा = माँग । डाँड़ी = डोली । सुधिया = सुधि, स्मृति । मावा = माँ । कुकुरा = कुत्ता । मनुई = आदमी, मनुष्य । धइलस = पकड़ लिया । छकड़ा = शकट, बोझा ढोने की गाड़ी ।

भावार्थ—नाइन ने मंजरी को डोली में बैठाया तथा डोली जिरउल पर लायी गयी। इधर लोरिक आंगन में आया तथा सखियाँ मंगलगान करने लगीं। लोरिक वहाँ मस्तक झुकाये मौन बैठा रहा। सब लोगों ने लोरिक को मनाने की कोशिश की पर लोरिक ने किसी की ओर नहीं देखा। शिवचन्द मनाने आये और कहा जो कुछ मांगों मैं दूँगा। लोरिक ने कहा—ऐ बाबा, तुम बटुवा मुझे दे दो ताकि जिरउल पर मैं सुबह-शाम खिचड़ी बना सकूं। इसके अतिरिक्त तुम मुझे ओड़न दे दो ताकि मैं युद्ध कर सकूँ। लोरिक की विदायी हो गयी। मलसांवर ने दो दांत वाली गाय ले ली। बूढ़ कूबे अपने झंपोले से बाहर आ गये। अगोरी में विदायी देते-देते लोक थक गये थे। उन्होंने बूढ़ कूबे के सिर पर भूसा रख दिया। वह गउरा के लिए प्रस्थान कर गये। मंजरी की डाँड़ी जिरउल पर पहुँची। इधर उसके पिता महर भागते हुये मोलागत की कचहरी में पहुँचे और कहा कि जिस मंजरी के हाथ तुमने धांगा बँधवाया था उसके लिए मैंने एक दुर्बल सम्बन्धी खोज लिया है और उसका विवाह कर दिया है। कन्यादान कर देने से मेरा जीवन सुफल हो गया। तुम जाकर उसकी डोली छीन लो और मंजरी के साथ सुख-विलास करो। यह कहकर वह अपने किले में भाग आये। मोलागत घबरा उठा। मैं गउरा के अहीर को कब मारूँगा। वह किले में रोने लगा। मुंशी, दीवान, तथा सभी कचहरी घबरा गयी। उन्होंने कहा—मोलागत के सिर पर पाप चढ़ गया है। गाँव की बहन-बिटियाँ को यह नहीं पहचान रहा है। इसकी मृत्यु निकट आ गयी है। मोलागत ने भांट को पत्र लिखा—मैं तुम्हें आधा राज्य दे दूँगा। तुम बरमपुर में पान खाना। धावन पत्र लेकर भटउल गया। भाँटिन से पूछा—भांट कहाँ है? उसने बताया कि मेवाकरन में अखाड़े में वह लड़ रहा है। धावन ने जाकर वहाँ पत्र दिया। पत्र में गउरा के अहीर से लड़ने की बात लिखी गयी थी। मोलागत ने लिखा था कि गउरा के अहीर ने चढ़ाई कर दी है। ऐ भांट, तुम अहीर को मार डालो। तुम्हें अगोरी में राजतिलक कर दूंगा। भांट प्रसन्न हो उठा। हमारा भाग्य खुल गया। अब राजा कहलाने का समय आ गया है। मैं एकछत्र राज्य करूँगा। उसकी पत्नी भाटिन पत्र पढ़कर रो पड़ी। उसने कहा—मैं अहीर का मर्म जानती हूँ। उसने बमरी के सात पुत्रों को मार डाला था। तुम उससे पार नहीं पाओगे। उसके साथ सोलह सौ कंटाइन, सोलह सौ मरी और मसान हैं। जिस समय तुम दुर्गा के सामने पड़ जाओगे तुम्हारी जान नहीं बचेगी। भांट ने डांट दिया। तुम स्त्री की जाति हो। भटउल में बैठो। मैं अगोरी में जाकर अहीर का मस्तक काट रहा हूँ। (७६)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी - ताकत बाड़ें = देख रहे हैं । मंगनवा = माँग । बटुवा = खाना बनाने का एक बर्तन बटुला । अदंत = पशु जिसका दांत न निकला हो। वरंद = वरदान का संक्षिप्त रूप । बियं = बियान, बछड़ा देने का समय । बरा के = चुनकर । भूसवला = जहाँ भूसा रखा जाता है वह स्थान । गंजल हउवे = जहाँ भूसा एकत्र कर रखा गया हैं । कोलिया = खेत, मैदान । खोपवा = खोप, बाँस की बनायी गयी एक झोपड़ी जहाँ गल्ला रखा जाता है । कपार = सिर । बगलिया = बगल में । बरमपुर = एक स्थान का नाम । कचरे = कुचलना । मघइया पान = मगही पान। अरगन देखै परगन तो रै रे लागल = बड़ी तेजी से जाने लगा । दुअं = द्वार, (दुआर)। अखढ़वा = अखाड़ा । सिरिया बाड़ झुकवले = सिर झुकाया, प्रणाम किया । ओमन = उसमें । रजवा = राज । दउलतिया = दौलत । मारि नंवते = मार डालते । तलिया हउवे बजवले = ताली बजायी है । भूंजब = भोग करूँगा । एकवटे = एकछत्र, अकेला। घूरिया = धूल । सेरन = सेर का बहुवचन सेरों । पउवन = पाँव भर । बखरिया = बखरी । भीतिये = दीवार से । धकवा = धक्का । चुल्हनिया = चूल्हा । बेंवतत = कात रहा है । दरुरवा = दारू । गोजिया = डंडा । मरमियो = मर्म । एठियन = यहाँ ।

भावार्थ— आँगन में भांट उछलने लगा और धड़ाधड़ ताली बजाने लगा । वहाँ से निकलकर वह भंटउली में गया और कहने लगा कि आज एक कोठी में गोजई बँटेगी। सब लोंग अपनी टोकरी लेकर पहुँचे तथा उसे भर-भर कर घर आये । भांट ने मुरैठा बाँधा तथा उलला ? डंडा धारण किया फिर हाथ में लोटा लिया तथा अगोरी का रास्ता नापा । मोलागत की कचहरी में पहुँचकर सलामी दी फिर उनसे अगोरी का हाल पूछा । मोलागत ने बताया कि महर की बेटी को मैंने सौर में धागा बांधा था । एक अहीर ने गउरा से आकर उसका विवाह कर लिया है । उसने जिरउल पर उसकी डोली रखी है । तुम उसको जाकर छीन लो तो अगोरी का राज्य लिख दूंगा । तुम एक-छत्र राज्य करना । भांट ने जिरउल का रास्ता पूछा । धावन ने उसकी सहायता की। भांट ने जिरउल के मैदान में पहले लोरिकी को देखा फिर वह मंजरी की डोली के पास पहुँचा । मंजरी ने उसे पहचान लिया कि वह तो रंपा भांट है । मंजरी ने लोरिक से कहा कि इसको नेग दे दो पर भांट डांड़ी के उत्तर-दक्षिण घूमने लगा। उसको इधर-उधर घूमते देख कर लोरिक ने पूछा—तुम किसलिए इस प्रकार घूम रहे हो ? क्या तुम्हारा रास्ता भूल गया है ? क्या कुछ खो गया है ? तुम सूबा हो ? उम-राव हो ? चोर हो या चंडाल हो ? किस घात में लगे हुए हो ? क्या तुम डोली को लूटना चाहते हो ? फिर लोरिक से भांट ने पूछना शुरू किया । तुम्हारा वतन कहाँ है । तुम कहाँ उत्पन्न हुए हो ? किसलिए जिरउल पर टिके हो ? तब लोरिक ने अपना परिचय दिया और बताया कि मैंने मंजरी से विवाह किया है और यहाँ मोला-गत की तलाश में हूँ । उसने मेरी डोली रोकवा दी है । भांट इस पर गरज पड़ा । तुम खतरी की बेटी सोना सुहागिन को ले लो या शिवबचन की बेटी अनूपी को ले लो ।

चाहो तो तुम्हें सोने, चाँदी की गाड़ी लदवा दूँ। तुम कनउज भाग जाओ। अन्यथा खेत पर तुम्हारे प्राण चले जायँगे। ज्यों ही लोरिक ने इतनी बात सुनी वह जल कर भस्म हो गया। (८०)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—भूंजब = भोगूगा। एकवटे = एकछत्र, अकेला। कोठिला = कोषागार, कोठरी जहाँ अनाज रखा जाता है। गोजई = जौ, गेहूँ का मिश्रण। दउरी = टोकरी। मुरायठ = मुरेठा, पगड़ी, साफा। कान ओन्हाय = कान ढँक कर। सउरी = सौर गृह। खेतान = खेत। खेताड़ = खेत। लड़कवन्ही = लड़की। चीन्ह के = पहचान कर। सुरतिया = आकृति। नेग जोग = दक्षिणा या पुरस्कार जो सम्बन्धियों या पवनियों को दिया जाता है। हिरायल = खो गया है। घात पेंचि लगा-वत बाड़या = दाँव पेंच लगा रहे हो, षडयन्त्र कर रहे हो।

भावार्थ—भांट ने कहा—बाबू हमारी बात मानो जिस बात के लिए तुम भूखे हो मैं जिरउल पर सब कुछ दूँगा। लोरिक ने तब उत्तर दिया—मेरे आगे-पीछे कोई रोने गाने वाला नहीं है। तुम एक काम करो तो मैं यह डोली नहीं ले जाऊँगा। गढ़ गउरा में मेरी टूटी झोपड़ी है। उसमें दीमक लगे हुए हैं। सरयू का किनारा है केले और गोजे नष्ट हो गये हैं। तुम मुझे एक बोझ गोजा दे दो। मैं उसे कनउज ले जाऊँगा और गढ़ गउरा में अपनी झोपड़ी छाऊँगा। एक बुढ़िया माँ जीवित है मैं उसको आदरपूर्वक खिलाऊँगा। भांट प्रसन्नता से उछलने लगा। वह नदी के पास पहुँचा तथा केले का पेड़ काट-काट कर गोजा (गवाजन) बनाने लगा। फिर बोझ लेकर लोरिक के पास पहुँचा और कहने लगा तुम्हारे लिए गोजे का बोझा आ गया। तुम उसे लेकर कनउज जाओ। लोरिक ने जल्दी से पगड़ी बाँधी तथा बोझ के पास चला गया। एक ओर से उसे भांट उठाने लगा तथा दूसरी ओर से लोरिक। दोनों बोझ को छाती तक लाये और दोनों एक दूसरे को ढकेलने लगे। यहाँ तक कि लोरिक उसे दो-दो बिस्वे तक ढकेल ले गया। जब वह थक कर हाँफने लगा तब बोझा छोड़ कर भाग खड़ा हुआ। दूसरों बार फिर वह आया पर लोरिक की छाती से ऊपर घंटों तक बोझ नहीं उठा सका। फिर वह अलग हट गया और कहने लगा—ऐ गउरा के अहीर ! तुम डांड़ी छोड़ कर गउरा चले जाओ नहीं तो मैं तुम्हारी जान मार डालूँगा। लोरिक यह बात सुन कर क्रोधित हो उठा और गोजा उठाकर भांट को ऐसा मारा कि वह भहरा कर गिर पड़ा। उसकी पसली की हड्डी टूट गयी। इस बीच मंजरी डोली से बाहर आ गयी और कहने लगी कि अगर तुम भांट को मार डालोगे तो वह गउरा में तुम्हारा पूजमान बन जायगा और तुमसे सुबह शाम पूजा लेगा। लोरिक और मंजरी की बातचीत के मध्य भांट को मौका मिला और वह वहाँ से भाग खड़ा हुआ। रास्ते में सब लोग उस पर हँस रहे थे। लोरिक ने उसको ऐसा मारा था कि उसका दाँत टूट गया था और उसके मुँह से रुधिर प्रवाहित हो रहा था। गाँव के पास भाटिन ने जब उसे देखा तब उसे हँसी आ गयी। उसने पूछा तुम्हारी जान कैसे बच

गयी। मांट ने बताया कि मीठी बात करते-करते उसने मेरे मुँह में एक घूसा दिया फिर उसने गोजे से मारा। मैं धरती पर गिर पड़ा। तब उसने जोर से मुझे पदाघात किया। मेरे दो दाँत टूट गये। यदि मंजरी न होती तो मेरे प्राण चले गये होते। (८१)।

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—नइखन = नहीं है। मड़इया = मड़ई, झोपड़ी। देवंका = दीमक। भूखल = भूखा। केरुवा = केला। गोजवा = गोजा, केले का कटा हुआ पेड़ गोजा, गजावन। सरजू = सरयू नदी। मान के = आदर के साथ। पगरिया = पगड़ी। बोझवा = बोझ। अलंगे = बगल, अंग। बिस्सा = बिस्वा। लमहरे = लम्बा। महराय = महरा कर। पजरिया = बगल। सेंहूर = सिन्दूर। जुलुम = जुलम। रुदिलवा = रुधिर रक्त। गंउवा के गोंइड़े = गाँव के पास। धंगी = ढीठ। हूँचा = घूसा।

भावार्थ—मांट मंटउल में भाग गया। मोलागत को इससे चिन्ता हुई। उसने धावन को बुलाया फिर जिरउल भेजा। वहाँ लोरिक बैठा हुआ था। उसने धावन का परिचय पूछा। धावन ने बताया मैं मोलागत का संदेशवाहक हूँ और रंपा मांट के बारे में जानकारी प्राप्त करना चाहता हूँ। लोरिक ने उसे बताया कि वह अपना नेग लेकर वापस चला गया है। धावन ने जाकर मोलागत को बताया कि घूस का जमाना आ गया है। मांट घूस लेकर भाग आया है। जिरउल पर कोई लड़ने वाला नहीं है। सोना चाँदी लेकर मांट मंटउल भाग गया है। मोलागत ने मुंशी और दीवान से परामर्श लेकर भंवरानन्द हाथी को दारू पिला कर तथा अफीम खिलाकर अगोरी भेज दिया कि वह लोरिक को मार डाले। भंवरानन्द हाथी को देखकर मंजरी विक्षिप्त सी हो गयी। हाथ ने अपने सूँड़ में लोरिक को पकड़कर धरती पर पटक दिया और उसकी छाती पर पैर रख कर हुमचने लगा। किन्तु बायीं तरफ बनसती तथा दाहिनी ओर दुर्गा ने हाथी को पकड़ लिया। उन्होंने हाथी के चारों पैर पकड़ कर बाँध लिये। अपने को छुड़ाने के लिए हाथी जोर लगाते लगाते परेशान हो गया। लोरिक वहां सोया हुआ था। हाथी छाती पर से उतर गया था। तब तक उसका नशा भी उतर गया था। वह सोचते हुए चला जा रहा था कि जाकर किले में राजा को खबर दूँ कि तुम्हारा शत्रु लोरिक मर चुका है। इतने में लोरिक उठ बैठा और जोर से ललकारने लगा कि ऐ हाथी तुम अगोरी के बाजार में क्यों भाग रहे हो? (८२)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—सेतार = सेत। रंपा = मांट का नाम। गहुवर = जम कर, गम्भीरता से। घूसहा = घूस लेने वाला। जमाना = युग। उपइया = उपाय। भंवरानन्द = एक हाथी का नाम। माठी = भट्ठी जिसमें शराब बनायी जाती है। दारू = शराब। सीकड़ = शृंखला। कचिया = कच्चा। पकिया = पक्का। नजरिया = नजर। लड़िकवन्ही = लड़की। भेदवा = भेद। ईत = यह तो। मातल = उन्मत्त, पागल। हुमचत बाय = हुमच रहा है। पर लें = पर से। नसा = नशा। रजवा = राजा को।

भावार्थ—जिरउल से हाथी के अगोरी लौट आने पर मोलागत को प्रसन्नता हुई। उसने हाथी से जिरउल का हाल पूछा। हाथी ने जवाब दिया कि मैंने लोरिक को घन्टों तक दबा रखा था। वह सोता रहा। अतः मैंने सोचा वह मर गका है। जब मैं अगोरी यह खबर देने के लिए चलने लगा तब वह उठ कर ललकारने लगा तब डर के मारे मेरे पैर काँपने लगे।

इधर दुर्गा ब्रह्मा के यहाँ जाकर भंवरानन्द हाथी का कागज ले आयीं। उसके बिना हाथी की मृत्यु नहीं हो सकती थी। मोलागत ने बारह भट्ठी का दारू पिलाकर तथा अफीम खिलाकर फिर हाथी की शृंखला खोल दी। हाथी जिरउल पर गया और उसने अपने सूँड़ में लोरिक को पकड़ कर उसे पटक दिया पर दुर्गा और बनसत्ती ने फिर सहायता की। लोरिक ने खड्ग का प्रहार किया और वह चिघाड़ते हुये धरती पर गिर गया। यह आवाज राजा मोलागत के किले में पहुँची। उसने धावन को जिरउल पर भेजा, न जाने क्यों हायी जिरउल पर चिघाड़ रहा है। धावन ने जाकर देखा तो पहाड़ की भाँति हाथी धरती पर लोट रहा है। राजा मोलागत को जाकर उसने यह सूचना दी। राजा मोलागत ने करनी के पास जाकर उसके पति भंवरानन्द के मरने की खबर दी। करनी भागकर जिरउल पर गयी और लोरिक के पास खड़ी हो गयी। मञ्जरी ने लोरिक को बताया कि करनी पूर्व जन्म की मेरी बहन है। वह डोली के बाहर आ गयी और करनी को समझाया कि तुम पूर्व जन्म में मेरी बहन थी। तुम्हारा कर्म बिगड़ गया अतः तुम्हें हथिनी बनना पड़ा। अगर तुमने मेरे स्वामी को मारा तो तुम्हें नर्क मिलेगा।

हथिनी ने कहा—तुमने मेरे साथ धोखा किया है और मेरे पति को मरवा डाला है। मञ्जरी के बहुत समझाने पर हथिनी अगोरी लौटने लगी। दुर्गा ने इसी बीच लोरिक को समझाया कि वह हथिनी का सूँड़ काट ले। दुर्गा ने हथिनी का सूँड़ पकड़ लिया और लोरिक ने उसको अपनी तलवार से काट डाला। जब हथिनी सूँड़ रहित होकर अगोरी में गयी तब मोलागत घबरा उठा। मञ्जरी की डांड़ी नहीं मिलेगी। अब मेरी नौका डूब जायेगी। (८३)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—हथवा = हाथी (पु०)। खुसिहाली = प्रसन्नता, खुशी। ठाँवे = तुरन्त। ओलियाय = छोड़कर। हिमतवै = हिम्मत, साहस। डरन = डर के। बारह भट्ठी = शराब चुवाने के लिए बनायी गयी भट्ठी जिसमें बारह अंगीठियाँ हों। दरुरवा = दारू, शराब। सीकड़ = जंजीर, शृंखला। छटकवलै = खोल दिया। डंड़िया = डोली। पंजरवा = बगल में। बउराइल = पागल। ओहरवा = उधर। धरतियउ = धरती पर। टपिया = पैरों का टाप। हुमुचत = दबाकर हुमच रहा है। घात = दाव। घात बइठी नाहीं = दाव नहीं लगेगा। कगदवा = कागज। पोंकरत बाड़ै = चिघाड़ रहा है। पहड़वा मतिन = पहाड़ की भाँति। ठिन = स्थान। ओहरवा मारि के = सतं

स्मरण करके। ननवा = नाते से, सम्बन्ध से। पदवन में = पद में। कमइया = कमाई, कर्म। तोहं = तुम्हारा। तोहके कुमे ए रानी नरक हाइ रे गं = ...। धाखबन = धोखा। सेन्हुरवो = सिंदूर। टापि दे = शीघ्र।

भावार्थ—राजा मोलागत कचहरी में सिर लटकाकर बैठ गया। मुंशी दीवान ने उससे पूछा—क्यों उदास होकर बैठो हो? बिना लड़ाई किये डोली नहीं मिलेगी। तुम थाना अगोरी से विजयपुर पत्र लिखो तथा अपने भानजे निरम्मर को बुलवा लो। वह अमर होकर उत्पन्न हुआ है। ब्रह्मा ने उसको पाँच अमिट बाण दिये हैं। मोलागत ने यह बात सुनी और पत्र लिखा कि गढ़ गउरा का शत्रु चढ़ आया है। तुम विजयपुर में अन्न खाओ तथा आकर अगोरी में पानी पीओ (शीघ्रता करो) धावन संड़िनी पर सवार होकर गया और निरम्मर की माँ के हाथ में पत्र दिया। वह पत्र पढ़कर रोने लगी—। मेरे एक ही पुत्र है। वह अगोरी में मर जायगा तथा विजयपुर में मेरा सर्वनाश हो जायगा। (८४)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—मनवां = मन। पाती = पत्र। भयने = भानजा। सेवटले जाला = समेटने लगा। सेंवटली न जाय = समेटी नहीं जा सकी। असरेवं = असवार, सवार। ईत = यह तो। मतरिया = माँ। बज्जर = वज्र। सोरिया = जड़।

भावार्थ—तब धावन ने कुनुपी से पूछा कि निर्मल कहां गये हैं? कुनुपी ने बताया कि वह लोह गाजर में गौना कराने गये हैं। धावन ने इतना सुनते ही अपनी संड़िनी पर लोह गाजर के लिए प्रस्थान किया। उधर से निर्मल वापस आ रहा था। दोनों की भेंट रास्ते में हो गयी। निर्मल ने धावन को देखकर उसे जय-जयकार किया। धावन ने मोलागत का पत्र निर्मल को दे दिया। पत्र पढ़कर उसने उसे धोड़ी में बांध दिया। उसकी पत्नी ने पूछा—कैसा पत्र है? उसके कानों में भनक पड़ गयी थी। उसने निर्मल को बताया मैंने भी कुछ गउरा के बारे में सुना है। मेरे पाँव काँप रहे हैं। मैं अहीर का मर्म जानती हूँ। तुम्हारी जान नहीं बच पायेगी। (८५)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—कुनुपी = निर्मल की माँ। लोह गाजर = एक स्थान का नाम। सिरिया = सिर। पयान = प्रस्थान। कनवों रे ओन्हे = कान लगाकर। सनवा = संकेत। पंइड़िया = रास्ता।

भावार्थ—गोपी ने इस प्रकार समझाया फिर वह पत्र अपने हाथ में लेकर पढ़ने लगी। पढ़ते-पढ़ते उसकी आँखों से आँसू प्रवाहित हो रहे थे। उसने कहा—ऐ स्वामी, तुमने व्यर्थ मेरा गौना करवाया। तुम व्यर्थ मुझे विजयपुर ले जा रहे हो। तुम अभी मुझे नैहर पहुँचा दो। लोह गाजर में मैंने गउरा के अहीर को देखा है। अब तुम्हारी जान नहीं बचेगी। अहीर के साथ सोलह सौ कंटाइन, मरी और मसान हैं। दाहिने दुर्गा तथा बाँये बनसत्ती हैं। जब तुम अहीर के सामने पड़ जाओगे तुम्हारे प्राणों की रक्षा नहीं हो सकेगी। (८६)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—लागल बांचै = पढ़ने लगी। नाहक = व्यर्थ। नइहरवै = नैहर, माँ बाप के यहाँ। सुरतियौ = आकृति। समिया = स्वामी। जँयड़वा = जन्म लेने वाले, उत्पन्न। चउकवा = चौक। सनमुख = सामने, सम्मुख। कोटिउ = किसी प्रकार, कोटि उपाय करने पर भी।

भावार्थ—तब राजा निर्मल तड़क उठा—ऐ गोपी तुम्हारे ऊपर वज्रपात हो जाय। तुम ऐसी बात कर रही हो कि मुझसे सहा नहीं जा रहा है। मैं अमर होकर उत्पन्न हुआ हूँ। मैंने अमरता का भात खाया है। ब्रह्मा ने मुझे पाँच बाण दिये हैं जो अमिट हैं। मेरे एक बाण से चौदह कोस तक दावानल फैल जाता है। सुरसरि का पानी खौलने लगता है तथा सूंस और घड़ियाल उलटने लगते हैं। एक लोरिक तो क्या मैं दो चार लोरिकों को मार डालूँगा। निर्मल की पत्नी छाती पीटकर रोने लगी। मैं अहीर के मर्म को जानती हूँ। एक बार सोहवल में चढ़ गया था तथा उसने राजा बमरी के सात अमर बेटों को मार डाला था। तुम अभी मेरी बात मान लो। तुम डोली लेकर विजयपुर चलो। दो-चार, दस दिन अपने किले में रहो तब अगोरी में लड़ने जाना। निर्मल बड़े जोर से बोलने लगा—चलो मैं तुम्हारी डोली विजयपुर पहुँचाता हूँ। वह रोती रही। स्वामी मैं तुम्हें बार-बार मना कर रही हूँ। तुम थाना अगोरी चलना चाहते हो तो चलो। मैं भी चलूँगी। जब तुम्हारी अच्छी गति होगी तब मैं भी तुम्हारे साथ सती हो जाऊँगी। (८७)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—तरकल = तड़प उठा। तोहके = तुझे। बान = बाण। मारिनाइब = मार डालूंगा। मारि के धमकवा = धमाका मार कर, छाती पीट-पीटकर। बेटउवा = पुत्र, बेटा। सिंहिया = सिंह। सेरवा = शेर। बघवै = बाघ। हुँड''''''
''हुँड़ार का संक्षिप्त रूप, भेड़िया। अमरवा = अमर। कोटिउ = कभी भी, कोटि उपाय करने पर भी। जिनिगियौ = जिन्दगी। पंयड़वौ में = रास्ते में। भरोसवा = भरोसा। तनिकौ = जरा भी। घबड़े रं = घबराया हुआ। चूनरी धूमिल नाहीं भइली = चूनरी धूमिल नहीं हुई है। मरन = मृत्यु। पारी = बारी, समय। बेरियाँ की बेरियाँ = बार-बार। कहनवौं = कथन। हमरो = हमारा। नीके गति = अच्छी गति। यहाँ सद्गति की ओर संकेत है अर्थात् जब तुम्हारी मृत्यु हुई। सतिया = सती।

भावार्थ—तब निर्मल ने कहारों को समझाया। गोपी की डोली लेकर तुम विजयपुर चलो। मैं अगोरी जाऊँगा। यह कहकर वह अपनी पौनी घोड़ी पर सवार हो गया। जब कहाँर चलने लगे, गोपी ने उनसे कहा—तुम लोग मेरी डोली भी अगोरी में ले चलो। मैं तुम लोगों को सोने की दो दो मुहरें दूँगी। कहाँर निर्मल के पीछे-पीछे डोली अगोरी ले चले। निर्मल अगोरी में मोलागत की कचहरी में पहुँच गया और उसने अभिवादन के बाद पूछा, मुझे आपने क्यों बुलाया है? क्यों पत्र भेजा है? मोलागत ने सारी कहानी बतायी। कैसे मञ्जरी के पैदा होने पर सोना-चांदी बरसा और कैसे मैंने सौर में धागा बंधवाया। कैसे राजा महर ने उसका चोरी-चोरी विवाह सम्पन्न

करवाया। ऐ भानजे ! वह अहीर डोली के साथ जिरउल पर टिका हुआ है। तुम उसको कब मारोगे और कब उसकी डोली लूटकर किले में लाकर रख दोगे। (८८)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—कहार = एक जाति जो डोली ढोने का कार्य करती है। तोहन लोगन = तुम लोग। पवनी = पौनी घोड़ी। मोहर = सोने का सिक्का, मुहर। असवार = सवार। सोनवन = सोना। ले लें पोंछियाय = पीछा किया। पछवा = पीछे। रेवर ले जाय = पीछे-पीछे चली। करिना = कन्या। दगनक मार = धोखा। सेवटल = समेटा हुआ।

भावार्थ—तब निर्मल ने राजा मोलागत से कहा कि मैं जिरउल पर जाकर पता लगा रहा हूँ कि कैसा व्यक्ति आकर टिका हुआ है। तुम्हारे जोवन का तीसरा भाग व्यतीत हो चुका है। चौथापन आ गया है। मृत्यु निकट है। मुँह के दांत टूट चुके हैं। सिर का बाल सफेद हो चुका है। तुम कैसी बात कर रहे हो ? तुम किसी की स्त्री छीन रहे हो। तुम्हें तो कुंए में जाकर गिर जाना चाहिये। फिर निर्मल जिरउल पर चला। लोरिक ने उसे देखा तो मंजरी के पास गया और उससे पूछा कि कौन मनुष्य आया है ? गोपी ने निर्मल को ओट से देखा तब वह छाती पीटकर रोने लगी। तुम्हें डोली छोड़कर यहाँ से भाग जाना चाहिये। भैत पर यह अमर व्यक्ति आया है। तुम्हारे प्राण अब नहीं बचेंगे। लोरिक भी रो पड़ा और कहने लगा। तुम किसलिए जिरउल पर भयभीत हो रही हो ? मञ्जरी ने अपने सत का सुमिरन प्रारम्भ किया। इधर संवरू दादा ने गायों के अड़ार में यह स्वप्न देखा कि जिरउल पर विपत्ति आ गयी है। उन्होंने बोहे से तानकर विषबाण मारा। वह बाण जाकर मञ्जरी के इर्द-गिर्द घूमने लगा। लोरिक ने निर्मल को देखा और पूछा—तुम राही हो ? बटोही हो ? सूबा हो या उमराव हो ? निर्मल ने जवाब दिया, मैं अगोरी से आ रहा हूँ। मैंने सुना है गउरा का अहीर आया है। मैं उससे भेंट, मुलाकात करने आया हूँ। तुम किसलिए जिरउल पर टिके हुये हो ? क्या तुम्हारी डोली किसी ने रोकवा ली है ? तुम अपना भेद जल्दी से बताओ—मुझे चिन्ता हो रही है। लोरिक ने बताया कि विवाह करने के लिए मैं अगोरी आया। यहाँ के राजा मोलागत ने डोली रोकवा ली है। वह गाँव की बहन, बिटिया को नहीं पहचानता। मैं यहाँ उसकी प्रतीक्षा कर रहा हूँ। बिजयपुर से कब अमर निर्मल आयेगा तथा यहाँ लोहा लगेगा। कब वह अमर मरेगा और कब मेरी डोली गउरा गुजरात पहुँचेगी। (८९)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—मम्मा = मामा। पतवा = पता। भेंपाल = भूपाल, राजा। जोरन जोग = जोड़ने योग्य। हितइया = सम्बन्ध। पनथिया = पंथ, अवस्था। दंतवा = दांत। सनकुट = सफेद। कपरवा = सिर। अनके = दूसरे का। जननवा = जनाना, स्त्री। इनार = कुंआ। असवार = सवार। भेतार = भैत। मनुसवा = मनुष्य। घोड़िया = घोड़ी। अहरवा = ओट में। धमकवा = चोट। मारि धमकवा छतिया में =

छाती पीट-पीटकर। बनवां = वन। पतवा = पत्ता। खहराय = खड़-खड़ाकर। अरियां अरियां = किनारे-किनारे। सूतले में = सोने में। सपनवा = स्वप्न। बिसबनवा = विष बाण। पजरवां = पास। धइले = पकड़कर। काहे वदे = किसलिए। अपने मनवा = अपने मन से। डेरवा देहले हउवा = तुमने डेरा दिया है। भेदवा = भेद, रहस्य। सरीरियौ = शरीर। बं = बड़ियार को गायक ने संक्षिप्त कर दिया है। जबर्दस्त। करेवदे = करने के लिए। दइबा = दैव। उपफर परै = नष्ट हो जाय। जोहत = खोजत। लोहवा = लोहा। लगिजाइ लोहवा = लड़ाई छिड़ जायगी। डांड़ी लग जाइ = डोली लग जायगी, पहुँच जायगी।

भावार्थ—तब निर्मल कहने लगा। मैं अगोरी जाकर अपने मामा को समझाऊँगा। तुम उनसे मित्रता कर लो और अगोरी चले जाओ। निर्मल घोड़ी पर बैठकर मोलागत की कचहरी में गये और उनसे कहा – तुम मेरी बात मानो। बड़ा भारी अपशकुन हो रहा है। तुम अहीर से मित्रता कर लो। यह सुनकर मोलागत क्रुद्ध हो उठा। तुम अमर होकर उत्पन्न हुये हो। ब्रह्मा ने तुम्हें पाँच बाण दिये हैं। आज जब किसी मर्द से काम पड़ा है तो तुम्हारे पैर डगमगा रहे हैं। तुम्हारा जीवन व्यर्थ है। तुम जाकर साड़ी पहन लो तथा कोने में जाकर बिल्ली की भाँति बैठ जाओ। जब निर्मल ने यह सुना तो उसकी आँखों से झर-झर आँसू गिरने लगा। इधर निर्मल की पत्नी को सेविका ने बताया कि तुम्हारा पति मारा जायगा। सेविका निर्मल को उसकी पत्नी की कोठरी में ले गयी। उसकी पत्नी पैर पकड़कर रोने लगी। तुम खेत में लड़ने मत जाओ। तुम्हारी जान नहीं बचेगी और अधजल में मेरी नाव डूब जायगी। निर्मल ने कहा तुम अगोरी में बैठी रहो, मैं लड़ने जाऊंगा। रानी ने छाती पीटा और कहा कि बूढ़े पर पाप चढ़ गया है। अगोरी में पाप नाच रहा है। तुम जिरउल पर मारे जाओगे। विजयपुर में तुम्हारा सर्वनाश हो जायगा। (६०)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—घन = प्रिय, सौभाग्य से पूर्ण। मिताई = मित्रता। छुटिया = छुट्टी। घुट्रुकै = घुड़क रहा है, बज रहा है। महराय = महराकर। अड़गुड़ = गड़बड़ी। असगुन = अपशकुन। कोखिया = कोख। मरदे से = मर्द से। टंगरिया = पैर। जनाना = स्त्री। बिलार = बिल्ली। लंउड़ी = सेविका। एदवां पारी = इस बार। अंगुरी = अंगुली। सनवा = संकेत, इशारा। बलमुवा = स्वामी। थपरवा = थप्पड़। छतिया में = छाती में। बूढ़वा = बूढ़ा। कपारे पर = सिर पर। प वां = पाप। पाप नाचत = पाप नाच रहा हैं। तोहऊँ = तुम भी।

भावार्थ—गोपी को समझाकर निर्मल अपने किले से निकला तथा मोलागत की कचहरी में आकर कहने लगा तुम मेरी बात नहीं मानते हो। मैं जिरउल पर लड़ने जा रहा हूँ। मैं गढ़ गउरा के अहीर को मार डालूंगा। तुम मञ्जरी के साथ सुख-विलास करना। इतनी बात सुनकर मोलागत की छाती फूल गयी। अपनी घोड़ी पर सवार होकर अपने पाँच बाणों के साथ वह लड़ाई करने चला। वहाँ ऊपर गिद्ध मंडरा

रहे थे । गिद्धनी गिद्ध से कह रही है कि ऐसा मांस हम लोगों ने पहले कभी नहीं खाया है । अमर व्यक्ति का मांस पहली बार हम लोग खायेंगे । लोरिक ने निर्मल को जिरउल पर आते हुये देखा । उसने जाकर मंजरी से कहा कि जो व्यक्ति घोड़ी पर आया था वह फिर जिरउल पर आया है । मञ्जरी छाती पीट-पीटकर रोने लगी । स्वामी, अब तुम्हारी मृत्यु निकट आ गयी है । मेरे नारकीय जीवन के लिए तुम्हारा प्राण जा रहा है। तुम मेरी डोली जिरउल पर छोड़कर गउरा गुजरात चले जाओ । लोरिक ने मंजरी को समझाया तुम चुप्पी साध कर डोली में बैठो और मेरा पौरुष देखो । निर्मल ने बड़े जोर से लोरिक को ललकारा—या तो तुम मुझसे लड़ाई करो या डोली छोड़ कर गउरा गुजरात भाग जाओ । लोरिक निरखी, तमांचा, तवा, खड़ग सब कुछ पहन कर आ डटा । अन्य देवी, देवताओं के अतिरिक्त दुर्गा और बनसत्ती भी उसके साथ थीं निर्मल उसको देख कर भयभीत हो गया । कहने लगा—मेरी विवाहिता ने जो कुछ कहा था सामने आ गया । वहाँ जिरउल पर सारे देवता नाच रहे थे । निर्मल ने अपना अग्नि बाण ताना जिससे धरती डगमगाने लगी । ब्रह्मा का कैलाश भी हिल उठा । मंजरी जिरउल पर छाती पीट-पीट कर रोने लगी । हाय, मेरे स्वामी की मृत्यु निकट आ गयी । (६१)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—बरजल = वर्जित किये हुए को । पंच पंच = पाँच पाँच । गिधवा = गिद्ध । गिधनी = गिद्धिनी । ओइसन ओइसन = वैसा वैसा । मंसिया = मांस । बरनिया = रंग का, वर्ण का । गीध = गिद्ध । अवरेतं = उत्पन्न, अवतार हो जायेगा । वेकले रं = विकल । मनुरे सं = मनुसात को गायक ने यहाँ संक्षिप्त कर दिया है, पौरुष । खतिरी = क्षत्रिय, वीर । बियही = विवाहिता, पत्नी । मुलरे कं = मुलाकात । उवरवा = वार, युद्ध । कयरे लं = कैलाश ।

भावार्थ—निर्मल ने ज्योति बाण मारा जिससे लोरिक तीन बार उलट गया । दुर्गा के आँचल में आग फूट गयी । उन्होंने आग बुझा दी । लोरिक को गुरसरि के तट पर लाकर जुड़वाया फिर अमृत पिलाया । दुर्गा ने कहा शीघ्र जिरउल पर चलो नहीं तो तुम्हारी डोली लुट जायगी । पर लोरिक का साहस घट गया था । दुर्गा के प्रोत्साहन पर फिर मैदान में आ डटा । मंजरी वहाँ अपने सतीत्व का स्मरण कर रही थी । लोरिक को इससे शक्ति मिल रही थी । निर्मल रोने लगा । मैंने मामा को बार-बार मना किया । उसकी पत्नी छाती पीट-पीट कर रो रही थी । दुर्गा लोरिक की सहायता के लिए दौड़ रही थीं । निर्मल का एक बाण समाप्त हो गया था । चार बाण अभी शेष थे । पर निर्मल की पत्नी कह रही थी । प्रिय की मृत्यु आ गयी । अगोरी में मेरा विध्वंश हो गया । (६२)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—धनुहा = धनुष । गयल उधियाय = उड़ गया । अग्नि बाण = वह बाण जिसमें से अग्नि की ज्वाला प्रकट हो । ज्योति बाण = वह बाण जिससे ज्योति प्रकट हो । जुड़वाने = ठण्डा कर रहा है । उपरल = उखड़ गया ।

हिम्मति = हिम्मत, साहस । अंचरवा = आंचल । उवल को हइये = उदित हुए, उगे हुए । सुरजइं = सूर्य । अलंगे = तरफ, और । गयल सेराय = ठण्डा हो गया । सनमुख = सम्मुख । लउके = दिखाई पड़ा । अगसर = अक्सर, अकेला । सतवा खींचि खींचि मारत हउवे = अपने सतीत्व को पुकार रही है । जंघवा = जंघे में । पूजवा = पूजा । सहं = सहायता, यहाँ गायक ने संक्षिप्तीकरण किया है । अरियां अरियां = किनारे-किनारे । सामी = स्वामी । दुलहा = पति ।

भावार्थ—इधर गोपी किले में रो रही थी । वहाँ लोरिक ने निर्मल को ललकारा । ऐ पट्ठे ! तुम ऐसे टूटे हुए बाण को लेकर आये हो जिसका कोइ प्रभाव नहीं हैं । यह अग्नि बाण नहीं प्रतीत होता । तुम बाण चलाओ । मैं तुम्हारा पौरुष देखूं । निर्मल ने फिर ज्योति बाण मारा जिससे आकाश में धुंवा छा गया । बाण आकाश में जाकर फिर नीचे आ गया । लोरिक को फिर बाण लग गया और वह भहरा कर गिर गया । दुर्गा उठा कर उसे सुरसरि के तट पर ले गयीं तथा ठण्डे पानी से उसे शीतल किया फिर अमृत पिलाया । लोरिक ने फिर ललकारा । इस बार निर्मल ने ऐसा बाण मारा कि नीचे पृथ्वी और ऊपर उसका कैलाश हिलने लगा । तब बनसत्तों ने दुर्गा से कहा—इस बार अमर निर्मल का बाण पकड़ लो नहीं तो बड़ा जुल्म हो जायगा । दुर्गा ने बाण को पकड़ लिया और उसे रगड़ कर धरती में दबा दिया । वहाँ सर्वत्र कोयला सा अंधकार छा गया । इधर निर्मल को कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था । दुर्गा ब्रह्मा की कचहरी में पहुँची । जब ब्रह्माइन को यह खबर मिली उन्होंने चौका पुरवाया और दुर्गा को बैठने के लिए पीढ़ा दिया । दुर्गा ने पीढ़ा उठाकर ब्रह्माइन को मारा । ब्रह्माइन धरती पर गिर पड़ीं । उन्होंने उठकर दुर्गा का पैर पकड़ा और पूछा मेरा अपराध क्या है ? दुर्गा ने बताया मेरा सेवक मर रहा है । मंजरी की इज्जत लुट रही है । मैंने उसकी पूजा ली है । तुम जल्दी से निर्मल की अमरता का कागज दे दो, नहीं तो मैं तुम्हारी कोठरी फूंक दूँगी । यदि आज लोरिक जिरउल पर मारा गया तो मैं तुम्हारा इन्द्रासन मिट्टी में मिला दूँगी । (६३)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—ओसरी = अवसर । टूटहा = टूटा हुआ । बनवाँ = बाण । मनुसात = पौरुष । गोंछवा = धनुष का छोर । नइगै = झुक गआ । अकासे = आकाश में । गगने में = गगन में, आकाश में । हथवा = हाथ । तीरवाँ = तट । सरल पाकल = जीर्ण-शीर्ण, सड़ा पका । कयलास = कैलाश । भीजे लागल = मलने लगीं । ओदवां = वहाँ । नहीं सूझत बाय = दिखायी नहीं पड़ रहा है । थपिया = थाप । बचवा = बच्चा । अलंगिया = ओर, तरफ । सरगवा = आकाश । पठरे वं = पठवाय । हउवे पठर वं = पठा दिया है । चउकवा हई पुरवउले = चौक पुरवा दिया है । दुवारी = द्वार । तइरे यं = तैयार । खुनुसिया = क्रोध में । भहरे रं = भहरा कर । पजरियन = बगल का । बीगर जाला = बिगड़ जायगा । पूजवा = पूजा । दिआय दा = दिला दो, दिला दीजिए । माटी में देवो मिलाय = मिट्टी में मिला दूँगी, नष्ट कर दूँगी ।

रहे थे। गिद्धनी गिद्ध से कह रही है कि ऐसा मांस हम लोगों ने पहले कभी नहीं खाया है। अमर व्यक्ति का मांस पहली बार हम लोग खायेंगे। लोरिक ने निर्मल को जिरउल पर आते हुये देखा। उसने जाकर मंजरी से कहा कि जो व्यक्ति घोड़ी पर आया था वह फिर जिरउल पर आया है। मञ्जरी छाती पीट-पीटकर रोने लगी। स्वामी, अब तुम्हारी मृत्यु निकट आ गयी है। मेरे नारकीय जीवन के लिए तुम्हारा प्राण जा रहा है। तुम मेरी डोली जिरउल पर छोड़कर गउरा गुजरात चले जाओ। लोरिक ने मंजरी को समझाया तुम चुप्पी साध कर डोली में बैठो और मेरा पौरुष देखो। निर्मल ने बड़े जोर से लोरिक को ललकारा—या तो तुम मुझसे लड़ाई करो या डोली छोड़ कर गउरा गुजरात भाग जाओ। लोरिक निरखी, तमांचा, तवा, खड़ग सब कुछ पहन कर आ डटा। अन्य देवी, देवताओं के अतिरिक्त दुर्गा और बनसत्ती भी उसके साथ थीं निर्मल उसको देख कर भयभीत हो गया। कहने लगा—मेरी विवाहिता ने जो कुछ कहा था सामने आ गया। वहाँ जिरउल पर सारे देवता नाच रहे थे। निर्मल ने अपना अग्नि बाण ताना जिससे धरती डगमगाने लगी। ब्रह्मा का कैलाश भी हिल उठा। मंजरी जिरउल पर छाती पीट-पीट कर रोने लगी। हाय, मेरे स्वामी की मृत्यु निकट आ गयी। (६१)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—बरजल=वर्जित किये हुए को। पंच पंच=पाँच पाँच। गिधवा=गिद्ध। गिधनी=गिद्धिनी। ओइसन ओइसन=वैसा वैसा। मंसिया =मांस। बरनिया=रंग का, वर्ण का। गीध=गिद्ध। अवरेत=उत्पन्न, अवतार हो जायेगा। वेकले रं=विकल। मनुरे सं=मनुसात को गायक ने यहाँ संक्षिप्त कर दिया है, पौरुष। खतिरी=क्षत्रिय, वीर। बियही=विवाहिता, पत्नी। मुलरे कं= मुलाकात। उवरवा=वार, युद्ध। कयरे लं=कैलाश।

भावार्थ—निर्मल ने ज्योति बाण मारा जिससे लोरिक तीन बार उलट गया। दुर्गा के आँचल में आग फूट गयी। उन्होंने आग बुझा दी। लोरिक को गुरसरि के तट पर लाकर जुड़वाया फिर अमृत पिलाया। दुर्गा ने कहा शीघ्र जिरउल पर चलो नहीं तो तुम्हारी डोली लुट जायगी। पर लोरिक का साहस घट गया था। दुर्गा के प्रोत्साहन पर फिर मैदान में आ डटा। मंजरी वहाँ अपने सतीत्व का स्मरण कर रही थी। लोरिक को इससे शक्ति मिल रही थी। निर्मल रोने लगा। मैंने मामा को बार-बार मना किया। उसकी पत्नी छाती पीट-पीट कर रो रही थी। दुर्गा लोरिक की सहायता के लिए दौड़ रही थीं। निर्मल का एक बाण समाप्त हो गया था। चार बाण अभी शेष थे। पर निर्मल की पत्नी कह रही थी। प्रिय की मृत्यु आ गयी। अगोरी में मेरा विध्वंश हो गया। (६२)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—धनुहा=धनुष। गयल उधियाय=उड़ गया। अग्नि बाण=वह बाण जिसमें से अग्नि की ज्वाला प्रकट हो। ज्योति बाण=वह बाण जिससे ज्योति प्रकट हो। जुड़वाने=ठण्डा कर रहा है। उपरल=उखड़ गया।

हिम्मति = हिम्मत, साहस । अंचरवा = आंचल । उवल को हइये = उदित हुए, उगे हुए । सुरजइं = सूर्य । अलंगे = तरफ, और । गयल सेराय = ठण्डा हो गया । सनमुख = सम्मुख । लउके = दिखाई पड़ा । अगसर = अक्सर, अकेला । सतवा खींचि खींचि मारत हउवै = अपने सतीत्व को पुकार रही है । जंघवा = जंघे में । पूजवा = पूजा । सहं = सहायता, यहाँ गायक ने संक्षिप्तीकरण किया है । अरियां अरियां = किनारे-किनारे । सामी = स्वामी । दुलहा = पति ।

भावार्थ—इधर गोपी किले में रो रही थी । वहाँ लोरिक ने निर्मल को ललकारा । ऐ पट्ठे ! तुम ऐसे टूटे हुए बाण को लेकर आये हो जिसका कोइ प्रभाव नहीं हैं । यह अग्नि बाण नहीं प्रतीत होता । तुम बाण चलाओ । मैं तुम्हारा पौरुष देखू ं । निर्मल ने फिर ज्योति बाण मारा जिससे आकाश में धुंवा छा गया । बाण आकाश में जाकर फिर नीचे आ गया । लोरिक को फिर बाण लग गया और वह महरा कर गिर गया । दुर्गा उठा कर उसे सुरसरि के तट पर ले गयीं तथा ठण्डे पानी से उसे शीतल किया फिर अमृत पिलाया । लोरिक ने फिर ललकारा । इस बार निर्मल ने ऐसा बाण मारा कि नींचे पृथ्वी और ऊपर उसका कैलाश हिलने लगा । तब बनसत्ती ने दुर्गा से कहा—इस बार अमर निर्मल का बाण पकड़ लो नहीं तो बड़ा जुल्म हो जायगा । दुर्गा ने बाण को पकड़ लिया और उसे रगड़ कर धरती में दबा दिया । वहाँ सर्वत्र कोयला सा अंधकार छा गया । इधर निर्मल को कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था । दुर्गा ब्रह्मा की कचहरी में पहुँची । जब ब्रह्माइन को यह खबर मिली उन्होंने चौका पुरवाया और दुर्गा को बैठने के लिए पीढ़ा दिया । दुर्गा ने पीढ़ा उठाकर ब्रह्माइन को मारा । ब्रह्माइन धरती पर गिर पड़ीं । उन्होंने उठकर दुर्गा का पैर पकड़ा और पूछा मेरा अपराध क्या है ? दुर्गा ने बताया मेरा सेवक मर रहा है । मंजरी की इज्जत लुट रही है । मैंने उसकी पूजा ली है । तुम जल्दी से निर्मल की अमरता का कागज दे दो, नहीं तो मैं तुम्हारी कोठरी फूंक दूंगी । यदि आज लोरिक जिरउल पर मारा गया तो मैं तुम्हारा इन्द्रासन मिट्टी में मिला दूंगी । (६३)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—ओसरी = अवसर । टूटहा = टूटा हुआ । बनवाँ = बाण । मनुसात = पौरुष । गोंछवा = धनुष का छोर । नइगै = झुक गआ । अकासे = आकाश में । गगने में = गगन में, आकाश में । हथवा = हाथ । तीरधाँ = तट । सरल पाकल = जीर्ण-शीर्ण, सड़ा पका । कयलास = कैलाश । मीजे लागल = मलने लगीं । ओदवां = वहाँ । नहीं सूझत बाय = दिखायी नहीं पड़ रहा है । थपिया = थाप । बचवा = बच्चा । अलंगिया = ओर, तरफ । सरगवा = आकाश । पठरे वं = पठवाय । हउवे पठर वं = पठा दिया है । चउकवा हई पुरवउले = चौक पुरवा दिया है । दुवारी = द्वार । तइरे यं = तैयार । खुनुसिया = क्रोध में । महरे रं = महरा कर । पजरियन = बगल का । बीगर जाला = बिगड़ जायगा । पूजवा = पूजा । दिआय दा = दिला दो, दिला दीजिए । माटी में देबो मिलाय = मिट्टी में मिला दूंगी, नष्ट कर दूंगी ।

भावार्थ—ब्रह्माइन ने कहा यह कार्य मुझसे नहीं होगा। ब्रह्मा के द्वार पर जाइये। दुर्गा ब्रह्मा के पास पहुँची। वह गुदड़ी तान कर सो रहे थे। ब्रह्मा ने दुर्गा से इन्द्रासन में आने का कारण पूछा। दुर्गा ने कहा जल्दी निर्मल की अमरता का कागज दे दो ताकि मैं जिरउल पर जाऊँ। अन्यथा मैं तुम्हारी कोठा फूँक दूँगी। ब्रह्मा क्रुद्ध हुए। उन्होंने कहा—निर्मल अमर होकर उत्पन्न हुआ है। उसको मैंने पाँच बाण दिये हैं। ये बाण अटल हैं। वह इस बार ऐसा बाण मारेगा कि तुम घबरा उठोगी। ब्रह्मा ने कागज देने से इन्कार कर दिया तब दुर्गा क्रुद्ध हो उठीं और उनकी कोठरी पर शक्ति बाण चला दिया। ब्रह्मा ने मेघनाथ से वर्षा करने के लिए कहा। दुर्गा मेघनाथ के सेवकों के पास गयीं और कहा कि तुमने अगर जल की वर्षा की तो मैं तुम्हें मृत्यु-लोक में फेंक दूँगी। तुम्हारा पता ठिकाना नहीं लगेगा। मेघनाथ के सेवकों ने घी की वर्षा शुरू कर दी। फलस्वरूप अग्नि तीव्र हो उठी। ब्रह्मा घबरा गये। एक अमर के लिए सम्पूर्ण संसार भस्म हो जायगा। ब्रह्मा दुर्गा के पाँव पर गिर पड़े और निर्मल का कागज उन्हें देने का वचन दे दिया। दुर्गा वहाँ से कागज लेकर चलीं। ब्रह्मा ने कहा जब निर्मल का मस्तक कटेगा न जाने कितने अमर देवता और तैयार हो जायेंगे। दुर्गा ने ब्रह्मा को बताया कि हमारे पास तैंतीस कोटि के देवता हैं। निर्मल के मस्तक से जितना रक्त गिरेगा सभी देवता उसको पी जायेंगे। मैं मस्तक को अगोरी में फेंक दूँगी। वह मोलागत के आँगन में जाकर गिरेगा। (४)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—ठावें = तुरन्त। कहलिया = कहा हुआ, कथन। दुआर = द्वार। गुदरिया = गुदड़ी। मिरित = मृत्यु। मिरित ससार = मृत्यु लोक। कोपल बाड़ँ = कुपित हुई, क्रुद्ध हुई। सकतिया = शक्ति बाण। बुताय = बुझ जाय। घीउवन घी का। चउमुख = चारों तरफ। ताकिहैं = देखेंगे।

भावार्थ—निर्मल का कागज लेकर दुर्गा लोरिक के पास जिरउल पर पहुँच गयीं। वहाँ जबर्दस्त धुँआ उड़ रहा था। दुर्गा ने पूर्व से पछुवा हवा चला दी तथा जिरउल पर प्रकाश हो गया। सामने वीर लोरिक दिखाई पड़ रहा है। राजा निर्मल यह देख कर भयभीत हो गया। उसकी पत्नी ने देखा कि दुर्गा ब्रह्मा से अमरत्व का कागज प्राप्त कर चुकी है। वह छाती पीट-पीट कर रो रही है। इधर मजरी अपना सत मना रही है। सत मजरी की डोली के चारों ओर मँडरा रहा है। निर्मल ने फिर बाणों की वर्षा शुरू की। दुर्गा ने इन्द्रासन में जाकर मेघनाथ से आग्रह किया कि मूसलाधार पानी बरसाओ। वर्षा प्रारम्भ हो गयी और अग्नि बुझ गयी। निर्मल कहने लगा अब मेरा जीवन नहीं बचेगा। मैंने अपनी बिवाहिता की बात नहीं मानी। मामा (मोलागत) ने मेरी बात नहीं मानी उनके पाप से मेरी मृत्यु निकट आ गयी है। इधर लोरिक निर्मल के पास पहुँचकर कहने लगा। तुम्हारे चार बाणों को मैं देख चुका। अब तुम अपना पाँचवा बाण दिखाओ। छठी बार मैं तुम्हारा मस्तक काट लूँगा। (६५)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—लवकत = दिखाई पड़ता है। गउंजल रहलैं = एकत्र हुआ था। सपनवा = स्वप्न। ओसरी = अवसर। मन से धुई = वीरता, पौरुष। मूसरन धरिया = मूसलाधार। जेवन = जिस बात को। देखै बदे = देखने के लिए।

भावार्थ—तब लोरिक ने बड़े जोर से ललकारा। तुम्हारे चार बाण समाप्त हो गये। तुम्हारा पाँचवां बाण कैसा है ? निर्मल ने पाँचवां बाण प्रहार किया। उससे अग्नि की ऐसी वर्षा प्रारम्भ हुई कि दुर्गा घबरा उठीं। मेघनाथ ने फिर वर्षा की और आग बुझ गयी। लोरिक ने अपना खड्ग संभाला और ऐसा प्रहार किया कि निर्मल का सिर कट गया और स्वर्ग में मँडराने लगा। उसके मस्तक से जितना रुधिर गिर रहा था, देवता पीते जा रहे थे। दुर्गा ने उसके मस्तक पर पदाघात किया। बनसत्ती ने उसे लोक लिया। फिर दुर्गा ने उसका मस्तक हाथ में लेकर अगोरी के बाजार में फेंक दिया। उसकी विवाहिता को यह खबर मिली। वह छाती पीट-पीटकर रोने लगी। हाय, अधजल में मेरा डोंगा डूब गया। (६६)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—होला = हुआ। अकसवा = आकाश। खबरिया = खबर।

भावार्थ – जब निर्मल का मस्तक आँगन में गिर गया उसकी पत्नी ने उसे अपने आँचल में ले लिया। मोलागत कुर्सी से गिर पड़े। गोपी रोते-रोते अगोरी जिरउल पर पहुँची। चंदन की लकड़ी कटवायो, चिता बनवायो और स्नान किया। फिर स्वामी का शव गोद में लेकर चिता में बैठ गयी। चिता जल उठी। लोरिक आगे आकर खड़ा हो गया तथा दोनों हाथ जोड़कर वर माँगने लगा जैसे तुम्हारे स्वामी विजयपुर में उत्पन्न हुये थे वैसे ही गउरा गुजरात में मेरे पुत्र उत्पन्न हो। गोपी ने अपना सत सुमिरन किया। लोरिक को पहले तो डाँटा फिर वर दिया। उसने मञ्जरी को अभिशाप दिया जैसे मेरे ऊपर विपत्ति पड़ी है वैसे ही तुम्हारे ऊपर गउरा गुजरात में विपत्ति पड़ेगी। इधर जब मोलागत को यह सूचना मिली तो उन्होंने बिगुल बजवा दिया जिससे पलटन सजकर तैयार हो गयी। बारह सौ मोगलइत (मुगल), तेरह सौ तुर्क, सज गये। जोर से नगाड़े बजने लगे। सैनिक कहने लगे चलो मञ्जरी की डोली लूट लें। जिरउल पर लोगों का तांता लग गया। दुर्गा लोरिक के पास गयीं। उसने अपने ओढ़न की मुट्ठी दबायी। वहाँ टूट-टूटकर अंगार गिरने लगा। लाशों का ढेर लग गया। दुर्गा मंजरी की डोली के पास स्वयं खड़ी थीं। इधर सारी पलटन जिरउल पर मारी गयी। मोलागत अगोरी से भाग खड़े हुये। मञ्जरी को समझाकर कि लाशों को देखकर डरना नहीं, लोरिक स्वयं अगोरी में मोलागत को मार डालने तथा अगोरी फूँक देने के लिए गया। मोलागत के किले का फाटक बन्द था। लोरिक ने उसे ऐसे जोर से मारा कि वह टूट गया। अन्दर उसने मोलागत का सिर काट लिया तथा उसके शरीर में भूसा भरवा दिया। अगोरी के किले को दुर्गा ने फूँक दिया तथा संपूर्ण किला मिट्टी में मिल गया। लोरिक फिर जिरउल पर गया। मञ्जरी ने सत का फूल बनाया। वह अपने सत के साथ आरती

भावार्थ—ब्रह्माइन ने कहा यह कार्य मुझसे नहीं होगा। ब्रह्मा के द्वार पर जाइये। दुर्गा ब्रह्मा के पास पहुँची। वह गुदड़ी तान कर सो रहे थे। ब्रह्मा ने दुर्गा से इन्द्रासन में आने का कारण पूछा। दुर्गा ने कहा जल्दी निर्मल की अमरता का कागज दे दो ताकि मैं जिरउल पर जाऊँ। अन्यथा मैं तुम्हारी कोठी फूँक दूँगी। ब्रह्मा क्रुद्ध हुए। उन्होंने कहा—निर्मल अमर होकर उत्पन्न हुआ है। उसको मैंने पाँच बाण दिये हैं। ये बाण अटल हैं। वह इस बार ऐसा बाण मारेगा कि तुम घबरा उठोगी। ब्रह्मा ने कागज देने से इन्कार कर दिया तब दुर्गा क्रुद्ध हो उठीं और उनकी कोठरी पर शक्ति बाण चला दिया। ब्रह्मा ने मेघनाथ से वर्षा करने के लिए कहा। दुर्गा मेघनाथ के सेवकों के पास गयीं और कहा कि तुमने अगर जल की वर्षा की तो मैं तुम्हें मृत्यु-लोक में फेंक दूँगी। तुम्हारा पता ठिकाना नहीं लगेगा। मेघनाथ के सेवकों ने घी की वर्षा शुरू कर दी। फलस्वरूप अग्नि तीव्र हो उठी। ब्रह्मा घबरा गये। एक अमर के लिए सम्पूर्ण संसार भस्म हो जायगा। ब्रह्मा दुर्गा के पाँव पर गिर पड़े और निर्मल का कागज उन्हें देने का वचन दे दिया। दुर्गा हाथ में कागज लेकर चलीं। ब्रह्मा ने कहा जब निर्मल का मस्तक कटेगा न जाने कितने अमर देवता और तैयार हो जायेंगे। दुर्गा ने ब्रह्मा को बताया कि हमारे पास छप्पन कोटि के देवता हैं। निर्मल के मस्तक से जितना रक्त गिरेगा सभी देवता उसको पी जायेंगे। मैं मस्तक को अगोरी में फेंक दूँगी। वह मोलागत के आँगन में जाकर गिरेगा। (९४)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—ठावें = तुरन्त। कहलिया = कहा हुआ, कथन। दुआर = द्वार। गुदरिया = गुदड़ी। मिरित = मृत्यु। मिरित ससार = मृत्यु लोक। कोपल बाड़ँ = कुपित हुई, क्रुद्ध हुई। सकतिया = शक्ति बाण। बुताय = बुझ जाय। घीउवन घी का। चउमुख = चारों तरफ। तकिहै = देखेंगे।

भावार्थ—निर्मल का कागज लेकर दुर्गा लोरिक के पास जिरउल पर पहुँच गयीं। वहाँ जबर्दस्त धुँआ उड़ रहा था। दुर्गा ने पूर्व से पछुवा हवा चला दी तथा जिरउल पर प्रकाश हो गया। सामने वीर लोरिक दिखाई पड़ रहा है। राजा निर्मल यह देख कर भयभीत हो गया। उसकी पत्नी ने देखा कि दुर्गा ब्रह्मा से अमरत्व का कागज प्राप्त कर चुकी हैं। वह छाती पीट-पीट कर रो रही है। इधर मजरी अपना सत मना रही है। सत मजरी की डोली के चारों ओर मड़रा रहा है। निर्मल ने फिर बाणों की वर्षा शुरू की। दुर्गा ने इन्द्रासन में जाकर मेघनाथ से आग्रह किया कि मूसलाधार पानी बरसाओ। वर्षा प्रारम्भ हो गयी और अग्नि बुझ गयी। निर्मल कहने लगा अब मेरा जीवन नहीं बचेगा। मैंने अपनी विवाहिता की बात नहीं मानी। मामा (मोलागत) ने मेरी बात नहीं मानी उनके पाप से मेरी मृत्यु निकट आ गयी है। इधर लोरिक निर्मल के पास पहुँचकर कहने लगा। तुम्हारे चार बाणों को मैं देख चुका। अब तुम अपना पाँचवा बाण दिखाओ। छठी बार मैं तुम्हारा मस्तक काट लूँगा। (९५)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—लवकत = दिखाई पड़ता है। गउंजल रहलैं = एकत्र हुआ था। सपनवा = स्वप्न। ओसरी = अवसर। मन से धुई = वीरता, पौरुष। मूसरन धरिया = मूसलाधार। जेवन = जिस बात को। देखै बदे = देखने के लिए।

भावार्थ—तब लोरिक ने बड़े जोर से ललकारा। तुम्हारे चार बाण समाप्त हो गये। तुम्हारा पाँचवां बाण कैसा है? निर्मल ने पाँचवां बाण प्रहार किया। उससे अग्नि की ऐसी वर्षा प्रारम्भ हुई कि दुर्गा घबरा उठीं। मेघनाथ ने फिर वर्षा की और आग बुझ गयी। लोरिक ने अपना खड्ग संभाला और ऐसा प्रहार किया कि निर्मल का सिर कट गया और स्वर्ग में मँडराने लगा। उसके मस्तक से जितना रुधिर गिर रहा था, देवता पीते जा रहे थे। दुर्गा ने उसके मस्तक पर पदाघात किया। बनसत्ती ने उसे लोक लिया। फिर दुर्गा ने उसका मस्तक हाथ में लेकर अगोरी के बाजार में फेंक दिया। उसकी विवाहिता को यह खबर मिली। वह छाती पीट-पीटकर रोने लगी। हाय, अधजल में मेरा डोंगा डूब गया। (६६)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—होला = हुआ। अकसवा = आकाश। खबरिया = खबर।

भावार्थ—जब निर्मल का मस्तक आँगन में गिर गया उसकी पत्नी ने उसे अपने आँचल में ले लिया। मोलागत कुर्सी से गिर पड़े। गोपी रोते-रोते अगोरी जिरउल पर पहुँची। चंदन की लकड़ी कटवायी, चिता बनवायी और स्नान किया। फिर स्वामी का शव गोद में लेकर चिता में बैठ गयी। चिता जल उठी। लोरिक आगे आकर खड़ा हो गया तथा दोनों हाथ जोड़कर वर माँगने लगा जैसे तुम्हारे स्वामी विजयपुर में उत्पन्न हुये थे वैसे ही गउरा गुजरात में मेरे पुत्र उत्पन्न हो। गोपी ने अपना सत सुमिरन किया। लोरिक को पहले तो डाँटा फिर वर दिया। उसने मञ्जरी को अभिशाप दिया जैसे मेरे ऊपर विपत्ति पड़ी है वैसे ही तुम्हारे ऊपर गउरा गुजरात में विपत्ति पड़ेगी। इधर जब मोलागत को यह सूचना मिली तो उन्होंने बिगुल बजवा दिया जिससे पलटन सजकर तैयार हो गयी। बारह सौ मोगलइत (मुगल), तेरह सौ तुर्क, सज गये। जोर से नगाड़े बजने लगे। सैनिक कहने लगे चलो मञ्जरी की डोली लूट लें। जिरउल पर लोगों का तांता लग गया। दुर्गा लोरिक के पास गयीं। उसने अपने ओढ़न की मुट्ठी दबायी। वहाँ टूट-टूटकर अंगार गिरने लगा। लाशों का ढेर लग गया। दुर्गा मंजरी की डोली के पास स्वयं खड़ी थीं। इधर सारी पलटन जिरउल पर मारी गयी। मोलागत अगोरी से भाग खड़े हुये। मञ्जरी को समझाकर कि लाशों को देखकर डरना नहीं, लोरिक स्वयं अगोरी में मोलागत को मार डालने तथा अगोरी फूँक देने के लिए गया। मोलागत के किले का फाटक बन्द था। लोरिक ने उसे ऐसे जोर से मारा कि वह टूट गया। अन्दर उसने मोलागत का सिर काट लिया तथा उसके शरीर में भूसा भरवा दिया। अगोरी के किले को दुर्गा ने फूँक दिया तथा संपूर्ण किला मिट्टी में मिल गया। लोरिक फिर जिरउल पर गया। मञ्जरी ने सत का फूल बनाया। वह अपने सत के साथ आरती

करने लगी और कहने लगी स्वामी मेरा धर्म बच गया। चलो, अब गउरा चलें। (६७)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी— लसिया = लाश। कोरवा = गोद में। मारि के सतवा चितवा में मरले रे हउवै = सत का स्मरण कर चिता के पास उसका आवाहन कर रही है। बिगर जाई = बिगड़ जायगा। जुमुनवा = जुंबिश, स्पंदन। दयवा = दया। गंजल = गंजा हुआ है, एकत्र है। जउने दिन = जिस दिन। जेम्मन = जिसमें। बिपत = विपत्ति। बिगुल = एक प्रकार की तुरही। मोगलइना = मुगल। तुरुकि = तुर्क। कतार = पंक्ति। तंतवै = ताँता। चउमुख = चारों ओर से। खपड़वा = खर्पट, खपड़ा। मउर माला = मुन्डों की माला। खरि रे हंग = खलियान। परं = पराय का संक्षिप्तीकरण गायक ने किया है। बाड़ें ना पराय = भाग गये। मुरदा = मुर्दा, शव। रजवा = राजा। असबबवा = असबाब, सामान। महरे र = महराय, महराकर। खं = खांड, खड्ग। खलिया = खाल। अरतिया = आरती। सतवनक = सत का। फूलवा = फूल। धरमवो = धर्म।

भावार्थ— तब लोरिक को मंजरी ने समझाया। स्वामी मेरी बात मानो। मैंने जिरउल पर आंचल खोलकर सूर्य की मनौती माना है कि जब युद्ध में जीत होगी उनकी पूजा करूंगी। फिर दुर्गा की पूजा करूंगी तब डोली यहाँ से चलेगी। यह पूजा कैसे सम्पन्न होगी इसकी मुझे चिन्ता है। लोरिक ने उत्तर दिया, रानी! मैं अगोरी संदेश भेज रहा हूँ तथा गढ़ गउरा तथा गायों के अड़ार में भी पत्र लिख रहा हूँ। गढ़ गउरा से घी मंगवा लूंगा तथा बहंगी से घी झोंकवाऊँगा। बहंगी से समिधा तथा अर्घ्य में दूध भरवा दूंगा। उन्होंने राजा महर को अगोरी से बुलवाया। धावन पत्र लेकर बोहा गायों के अड़ार में भी गया। संवरू ने ध्यान से पत्र पढ़ा। घी और हविष्य लेकर आने का सन्देश था। मलसांवर उसे पढ़कर प्रसन्न हो गये। वह बुढ़िया माता खोइलनि के पास गये और बताया कि अगोरी में विजय हो चुकी है। बिना पूजा किये जिरउल से लोरिक नहीं चलेगा। बुढ़िया प्रसन्न हुई। घी, हविष्य, बारह जोड़ी सिंहा, चौदह जोड़ी करनाल तथा धौंसा लेकर तथा सारी बारात सजाकर संवरू फिर जिरउल चले। साथ में पंडित दुबरी बाबा भी थे। लोरिक संवरू के पैरों पर गिर पड़ा। मंजरी भी डोली से निकली और दुबरी बाबा के पाँव पड़ी और कहने लगी, मैंने सूर्य बाबा को मनौती मानी है, फिर माँ दुर्गा की भी मनौती माँगी है। कुंड तैयार किये गये और उसमें हविष्य डाला गया। दुर्गा और सूर्य का पूजन प्रारम्भ हुआ। दुबरी बाबा ने पहले हाथ में संकल्प थमाया फिर हवन प्रारम्भ हुआ। दुर्गा आसन लगाकर बैठ गयीं। संवरू तथा अन्य लोग माला जपने लगे। पूजा समाप्त हुई फिर ब्रह्मभोज हुआ। उसके बाद सभी लोगों ने गउरा प्रस्थान किया। आगे-आगे मंजरी की डोली चल रही थी। पीछे-पीछे अनूपी की। सभी बोहा आये। संवरू ने दुर्गा की पूजा की फिर डोली गउरा पहुँची। बुढ़िया माँ अत्यन्त प्रसन्न हुईं। सारा कुटुम्ब और परिवार एकत्र हुआ।

सारी सहेलियाँ एकत्र हुई। भजन होने लगा। डोली द्वार पर पहुँची। मञ्जरी आँगन में गयी। सतिया उससे मिलकर प्रसन्न हुई। उसने कहा मैं समझती थी कि मैंने ही सोहवल में भजन किया था, मञ्जरी ने भी अगोरी में उतना ही भजन किया है। लोरिक का खेलवाड़ यहाँ समाप्त हो रहा है और वह अब गउरा में एकछत्र राज्य कर रहा है।

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—मनवती = मनौती, मान्यता। सुरुज = सूर्य। सनेसवा = संदेश। बहंगी = भार ढोने का एक उपकरण, काँवर। सकला = शाकल्य, हविष्य। अरघा = अर्घ्य। धरमी = धर्मात्मा, संवरू की दूसरी उपाधि। बदिया = वादी, शत्रु। छाता फूलि के भइल गजराज = प्रसन्नता से छाती भर गयी। मगन = मग्न, प्रसन्न। घिउवा = घी। डबवन = डब्बा। इंतजामवा = इंतजाम, प्रबन्ध। गंडक = विघ्न, रुकावट। जै जै मंचावलें का र = जय-जयकार मनाया। पूजनिया = पूजा। एहरवें = यहाँ। हथवा में संकलप देलें थमाय = हाथ में संकल्प दिया। असननवां = स्नान। बाम्हन बीसुन = ब्राह्मण। गाँव में ब्रह्मभोज के लिए कभी-कभी लोग कहते हैं कि बामन-बीसुन को खिलाना है। बीसुन सम्भवत: विष्णु का परिवर्तित रूप है। नेवता = निमंत्रण। दावत = भोज। सुनरी = सुन्दरी। गरवा = गला। वजवा = बाजा, वाद्य। पूजनीया = पूजन। चउरी = चबूतरा। खुसिहाली = प्रसन्नता। कुटुमवा = कुटुम्ब। संझवो रे बिहान = सुबह-शाम। लोरिकी = गायक ने यहाँ महाकाव्य का नाम लारिकी दिया है। खेलवाड़ = खेल। बबुवा = बाबू। भूंजत बाड़ें = भोग रहे हैं। एकवटे = एक-छत्र।

लोरिक का विवाह समाप्त।

अध्याय ३

चनवा का उद्धार

भावार्थ—आगे की कथा सुनो। चनवा अपनी ससुराल से नैहर जा रही है। इधर गउवा का बँठवा जङ्गल में शिकार खेल रहा था तब सामने चनवा मिल गयी। बाँठा उसे देखकर मुग्ध हो गया और चनवा के सम्मुख आकर खड़ा हो गया। कहने लगा। रानी तू मेरी विवाहिता बन जा। तब चनवा ने कहा—भइया मैं तो गउरा की बहन बेटी हूँ। तुम्हारी आँख फूट गयी है। तुम किस प्रकार मुझे विवाहिता बना

रहे हो। बँठवा ने कहा मैं तुम्हें इस जङ्गल में नहीं छोड़ूँगा। चनवा ने तब उससे कहा—तुम बेल के वृक्ष के शिखर पर चढ़ जाओ तथा बेलपत्तियाँ ला दो तब मैं तुम्हारी विवाहिता हो जाऊँगी। बँठवा डाककर वृक्ष पर चढ़ गया। इधर चनवा ने अपने सतीत्व का स्मरण किया। उसका सत जग गया जिससे वृक्ष की बल्लरी बढ़ गयी और बँठवा उसमें बँध गया। चनवा जङ्गल में भाग खड़ी हो गयी और कुसुमापुर सहदेव महदेव के द्वार पर पहुँची। फिर उसने सत का स्मरण किया जिससे बँठवा वृक्ष की बल्लरी से छूट गया। वह कुसुमापुर पहुँचा और सहदेव महदेव के द्वार को छेक लिया और कहने लगा—यहाँ मेरी विवाहिता आयी है। यह सुनकर सहदेव महदेव भँखने लगे। उन्होंने कहा—तुम्हारी विवाहिता यहाँ नहीं आयी है। तुम गउरा गुजरात लौट जाओ। बँठवा द्वार से नहीं हटा तब चनवा की माँ सिल्हिया उठी और गउरा गुजरात लोरिक के पास आयी। उसने लोरिक से कहा—भइया, कुसुमापुर में मेरी इज्जत जा रही है। बंठवा ने मेरा द्वार रोक लिया है। आज मेरी इज्जत बचा लो नहीं तो गढ़ कुसुमापुर में मेरा धर्म चला जायगा। (९७)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—सासुर = ससुराल। नइहर = नेहर, लड़की के माता-पिता का घर। सिकार = शिकार। बियहुती = विवाहिता। फूटि गइल बीरना जो अँखिया रे तोहँ = ऐ भाई तुम्हारी आँखें फूट गयीं। एठियन = यहाँ। पुरइन = पत्ती। बेलवा = बेल। पेड़ियाँ से = पेड़ से। बँवरिया = बल्लरी। बान्हि लेला = बाँध लिया। दुअरिया = द्वार। छेकि लेहलस = छेंक लिया, रोक लिया। भँखे लागे = भँखने लगे। सिल्हिया = चनवा की माँ का नाम। इजतिया = इज्जत। धरमवा = धर्म।

भावार्थ—तब वीर लोरिक ने अपना बङ्गला छोड़ा और दौड़ते हुये बुढ़िया के साथ कुसुमापुर आये। सहदेव महदेव के द्वार पर बंठवा ने लोरिक को देखकर जै राम किया। लोरिक ने पूछा—ऐ बाँठा। तुम क्यों बैठो हो? बाँठा ने कहा—भाई बात बताने योग्य नहीं है। मेरी रानी यहाँ किले में आयी हुई है। तुम उसे वापस करा दो। यह सुनकर लोरिक ने उसे ऐसा घुटना मारा कि वह भहराकर गिर पड़ा। उसके बाद लोरिक उसको मारने के लिए दौड़ा। बाँठा भाग खड़ा हुआ। इधर चनवा को भय हुआ कि बाँठा ने जङ्गल में मुझे पत्नी बना डाला है। यह दोष मेरे ऊपर लगा है। मैं कोई यज्ञ करूँ कि मेरा धर्म बच जाय? पण्डित ने कहा—यज्ञ कराने से ही तुम्हारा पाप कटेगा। चनवा ने कुसुमापुर में यज्ञ ठाना। ब्राह्मणों को बुलाया—भोज कराया। फिर पण्डित से पूछा—अब कोई पाप तो नहीं रह गया है। पण्डित ने कहा—सबको बुलाया किन्तु जिस अहीर ने तुम्हारी जान बचायी उसको नहीं बुलाया। यह पाप अभी लगा हुआ है। तुम फिर यज्ञ करो। चनवा ने कुसुमापुर में पुनः यज्ञ किया। सबको निमन्त्रण भेजा। लोरिक भी कुसुमापुर आया। चनवा ने उसे स्वयं भोजन कराया।

चनवा को देखकर लोरिक मोहित हो गया। भोजन के उपरान्त चनवा ने लोरिक को पान दिया। पान खाने के बाद वह गउरा गुजरात वापस आ गया। प्रातः काल होते ही चनवा ने अपनी माँ से आज्ञा ली कि मैं गउरा बसावन कोइरी के कोड़ार में जाकर भँटा लूँगी। उसकी माँ सिल्हिया ने आज्ञा दे दी। बसावन कोइरी के कोड़ार में मंजरी भी पहुँची। चनवा ने उसे भावज कहा। मंजरी बोल उठी—तुम दिन में मुझे भावज कहती हो और रात में सौत हो जाती हो। इस कहा-सुनी में दोनों में झगड़ा शुरू हो गया। बसावन दोड़-दौड़कर उन्हें छुड़ाने लगे। उनके सारे-बैगन गर्द में मिल गये। वह भागकर लोरिक के द्वार पर गये और कह दिया कि मंजरी और चनवा खेत पर लड़ रही हैं। लोरिक अपना बङ्गला छोड़कर बसावन के साथ कोड़ार में आये। मंजरी ने लोरिक के खाँसने की आवाज सुनी और वह कोड़ार से भाग गयी। चनवा ने अहीर से कहना शुरू किया, ऐ स्वामी, हम हल्दी चले चलें। अन्यथा यहाँ बड़ा जुल्म मच गया है। कुछ दिन हल्दी में व्यतीत कर फिर हम लोग गउरा गुजरात वापस आ जायँगे। लोरिक ने कहा—इससे गउरा में बड़ी निन्दा होगी। भइया भी सुनेंगे। मेरे कुल में दाग लग जायगा। चनवा ने तब माया पसारी और कहने लगी—मैं जहर खाकर मर जाऊँगी। गउरा का अहीर घबरा उठा और फिर मोह और चिन्ता में पड़ गया। लोरिक और चनवा के जाने का कौल हो गया। चनवा ने कहा—तुम कहाँ पड़ाव डालोगे। तुम मुझे स्थान बताओ या मैं तुम्हें स्थान बताऊँ। चनवा ने पीपल के वृक्ष के नीचे रात में आने के लिए कहा—और सुझाव दिया कि जो पहले पहुँचेगा वह वृक्ष में चिन्ह बना देगा और लौट जायगा। चनवा शाम को ही जाकर वृक्ष पर बैठ गयी। इधर मंजरी चुन-चुनकर सेज बनाने लगी। भोजन करवाया तथा लोरिक को शैया पर सुला दिया। दोनों पैर मिलाकर सो गये। मंजरी पंखा डुलाती रही। भोर होते-होते उसे नींद आ गयी। लोरिक पैर छुड़ाकर पीपल के पेड़ के नीचे भागा तथा चाकू से उसमें निशान बना दिया और यह समझकर कि गोपी कुसुमापुर से नहीं आयी है, गउरा गुजरात लौटने लगा। इस पर चनवा ने ललकारा और पेड़ के ऊपर से ही कहने लगी—तुम ओछे हो। तुम्हारा कुटुम्ब और परिवार ओछा है। (९८)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—बंगला = निवास स्थान। जै राम, जै राम = जै राम कहकर नमस्कार करना। जोग = योग्य। मनजूर = मंजूर। खटका = आशंका। पतरा = पत्र, पंचांग। चन्ना = चन्दा। जज्ञ = यज्ञ। रोप ले = ठाना। जगिया = यज्ञ। नेवतइ = नेवता, निमन्त्रण। मोहित = मुग्ध। खिलिखिलि = अच्छी तरह से बनाया हुआ पान। बिड़वा = पान का बीड़ा। मावा = मां। मतरिया = मां। कोड़रिया = कोड़ार, गाँव के पास का खेत। सवत = सौत। गरदवा = गर्द, धूल। जुलुम = जुल्म। कुलवा = कुल। दगिया = दाग। अकिली = अक्ल। हरदिया = हल्दी। जहर = विष। पिपरे तर = पीपल के वृक्ष के नीचे। छेबुवा परि गइले बदनवा = समय तय हो गया।

लगवले = वृक्ष को थोड़ा काटा । छेव लगाय = पेड़ को किसी चाकू या अन्य चीज से काट कर । घटिया = अधम, नीच ।

भावार्थ तब लोरिक लौट कर पीपल के वृक्ष के नीचे गया । चन्दा नीचे उतर आयी और कहने लगी स्वामी तुम्हारे ऊपर वज्रपात हो जाय । लोरिक का सिर नीचे हो गया । उसने सोचा—यह जुल्म हो गया । मैं बड़ी भारी बात हार गया और मेरे कुल में दाग लग गया । वह गायों के अड़ार पर गया । चनवा से उसने कहा—जरा तुम इस ढेकुल के नीचे बैठो । मैं भइया से भेंट कर लूं । वह भी भसुर से मुलाकात करना चाहती थी । चनवा के पैर का घुंघरू झन-झन बज रहा था जिसकी आवाज से बोहे की सारी गायों के कान खड़े हो गये । मलसाँवर ने उन्हें देखा और नान्हू को बुला कर कहा—देखो कोई सिंह आया है, या बाघ या हुँड़ार आया है ? नान्हू पीपल पर चढ़ गये तथा चौकन्ना होकर देखा तो आगे लोरिक था तथा पीछे चन्दा । उसने मलसाँवर को बताया कि एक बाघ तथा एक बाघिनी तुमसे बोहा में मिलने आ रही है । लोरिक आकर मलसाँवर के पैर पर गिर पड़ा और कहने लगा । भइया मुझसे बड़ी गलती हो गयी है । क्षमा करना । मलसाँवर ने कहा—तुम्हारे लिए मैं यहाँ महादेव का मन्दिर बनवा देता हूँ । पक्का मकान खड़ा करवा देता हूँ । चनवा को लेकर बोहा में ही रहो । हल्दी मत जाओ । नहीं तो सारा परिवार और कुटुम्ब दुश्मन हो जायगा । जब मलसाँवर ने इतनी बात कही—लोरिक की आँखों से झर-झर आँसू गिरने लगे । भइया मैं तुम्हारी बात नहीं मानूँगा । मुझे हल्दी जाना है । मलसाँवर ने सोने के गिलास में दूध पीने के लिए दिया । चन्दा ने सोचा, लोरिक अधिक दूध पी जायेगा और हल्दी नहीं जा सकेगा । वह अपने पैर का कड़ा झनझनाने लगी । लोरिक ने दूध को कुल्ला कर दिया । सँवरू रो पड़े और कहने लगे—भइया मेरी जिन्दगी अब नहीं बचेगी । तुमने मुझे संकट में डाल दिया है । अब हम दोनों की भेंट नहीं होगी । (६९)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—ढेकुली = कुँए से पानी निकालने की लकड़ी और बाँस का एक यन्त्र । भसुर = पति का बड़ा भाई । पयरी = घुंघरू । पिपरे पर = पीपल के पेड़ पर । चन्ना = चन्दा । बहनोई = बहन का पति । माफी = क्षमा । महादेव = शिव का मन्दिर । दुसुमन = दुश्मन । बछरू = गाय का बछड़ा । छटकावें = छोड़ दिया । मांजि लें ले = धो लिया, रगड़ कर साफ कर लिया । बयना = गाय । कड़ा = हाथ या पैर का एक गहना । फेरवां में = चिन्ता में, फेर में ।

भावार्थ—फिर लोरिक और चन्दा आगे बढ़े । मलसाँवर ने सिवगढ़ को पत्र लिख दिया कि तुम्हारी स्त्री चन्दा को मेरा भाई लिये जा रहा है । तुम उसे छीन लो जङ्गल में शिवगढ़ आ पहुँचा । लोरिक से उसका युद्ध शुरू हो गया । दोनों लड़ते-लड़ते घबरा गये । अन्त में शिवगढ़ ने लोरिक को नीचे से दबा दिया । चन्दा जंगल में खाँसती हुई आगे आयी । इस प्रकार हम तुम्हारी बात नहीं मानेंगे । तुम दोनों खड़े

होकर लड़ो । इस बार जो पटक देगा मैं उसके साथ चली जाऊँगी । दोनों फिर लड़ने लगे । चन्दा ने इसी बीच लोरिक को संकेत किया कि शिवगड़ की फटी हुई बेवाई में जोर से चोट करो तो वह गिर जायगा । लोरिक ने उसकी बेवाई पर चोट की और वह गिर पड़ा । लोरिक और चन्दा फिर हल्दी चलने लगे । लोरिक आगे चल रहा था तथा चन्दा पीछे-पीछे जा रही थी । हल्दी पहुँच कर दोनों ने पक्के कुँए पर डेरा डाला । फिर चनवा दो मुहरें लेकर हल्दी बाजार में सामान लाने गयी । रास्ते में उसे जो भी देख रहा था, कह रहा था जिसकी स्त्री ऐसी सुन्दर है उसका आदमी कैसा होगा ? चनवा हल्दी के अखाड़े के पास से गुजरी । गुण्डों और शोहदों ने उस पर आवाजें कसीं । चनवा ने जवाब दिया—तुम लोग अपने को बड़ा पुरुष समझते हो । तुम्हारे जैसे पुरुषों को बहुत देखा है । यदि मेरे पति से तुम्हारी भेंट हो गयी तो वह तुम लोगों की जान ले लेगा । चन्दा जमुनी की दूकान पर शराब लेने गयी । वहाँ एक टके वाली मुहर उसने जमुनी के सामने फेंक दिया । जमुनी उसे लेकर अन्दर गयी और एक बोतल पानी में दो बूँद मद डालकर ले आयी । चनवा उसे लेकर कुंए की जगत पर पहुँची । लोरिक ने बोतल की काग खोली । सभी देवी देवताओं को मनाया फिर पीना शुरू किया तो नशा बिल्कुल नहीं था । लोरिक ने कहा—रानी, हल्दी में कब का बदला साध रही हो । मैं देवी और देवताओं के सामने झूठा पड़ गया । चन्दा ने कहा-कभी कुसुमापुर में आँखों से मैंने शराब नहीं देखी । हल्दी में तुम्हारा कहना माना । कलवारिन ने मुझे बोतल में काग लगा कर दिया । लोरिक क्रुद्ध हुआ और प्रातःकाल होते ही जमुनी के दरवाजे पर पहुँचा । जमुनी से पूछा तुमने मेरे साथ ऐसा धोखा क्यों किया ? उसने उत्तर दिया जिसकी स्त्री ऐसी है, उसका पुरुष कैसा होगा ? यह मैं जानना चाहती थी । अब मै तुम्हें महुवे का मद दूँगी । लोरिक ने उससे कहा हम लोग परदेशी हैं । हमारे लिए कोई बंगला खोज दो । जमुनी ने उसे अपने ही बंगले में रख लिया । वहाँ रहते-रहते उसको दस दिन व्यतीत हो गये । ग्यारहवें दिन उसने सोचना शुरू किया—मैं तो सुरसरि में स्नान करने वाला व्यक्ति हूँ । यहाँ मेरा स्नान तथा शिव की पूजा सब कुछ छूट गया है । लोरिक के मन में दुख हुआ । वह दूसरे दिन साहु की पत्नी जमुनी के पास गया और कहने लगा—मैं सुरसरि में स्नान करूँगा । यदि तुम सुरसरि का रास्ता नहीं बताओगी तो मैं गउरा गुजरात चला जाऊँगा । जमुनी ने रास्ता बता दिया और लोरिक सुरसरि के घाट पहुँचा । वहाँ उसने देखा कि बारह सौ साधु अपने शरीर पर कफन डालकर दिन-रात माला जप रहे हैं । लोरिक पास गया तो उन्होंने अपना मुँह-पूर्व से पश्चिम कर लिया जैसे कोई नंगा-लुच्चा घाट पर आ रहा हो । तब तक लोरिक पास आ गया और हाथ जोड़ कर संतों के पीछे खड़ा हो गया । पर सन्तों ने पलक नहीं उठायी । लोरिक के मन में शंका हुई, शायद मैंने चन्दा का अपहरण किया है इसलिए इन लोगों ने मुँह फेर लिया है । एक गोपी ने लोरिक को बताया कि हम साधु नहीं हैं । हम बारह सौ गोपियाँ यहाँ माला

इसलिए फेर रही हैं कि हमारे बारह सौ पति नेउरापुर में कैद हैं। हम लोग एक अहीर लोरिक की प्रतीक्षा कर रहे हैं। अभी तक गउरा का अहीर नहीं पहुँचा है। हम लोग अपने पतियों से वियुक्त हैं। कुछ दिन और रास्ता देख रहे हैं अन्यथा हम अपनी जान दे देंगे। तब अहीर बोल उठा। मैं ही लोरिक हूँ। मैं तुम्हारे सामने खड़ा हूँ, जो भी विपत्ति तुम्हारे ऊपर हल्दी में आयी है मैं उसे काट दूँगा। (१००)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—मेहरिया = पत्नी, स्त्री। बजनियाँ = लड़ाई, कुश्ती। इसरवा = इशारा। बेवइया = बेवाई। इनरवा = इनार, कुँआ। मोहरवा = मुहर। नाजर = नजर। बरनिया के = वर्ण का, रंग का। बजरिये में = बाजार में। दरियै = पास में, वहीं। भेंटिया = भेंट। सोहदा = शोहदा, बदमाश। बोलिया बोलत हउवा = आवाजें कस रहे हो। समनियां = सामान। बजरिया = बाजार। मदिया = मद, शराब। टकहवा = एक टके का। मोहरिया = मुहर। हलि गइली = प्रवेश कर गयी। ठोप = बूँद। जगतिया = कुँए की जगत, फर्श। बयरिया = बैर, शत्रुता। दगइया = दगा, धोखा। मधिया = मद। महुवा = मधूक। तरवटा = नीचे रहने वाली, स्त्री। परदेसिया = परदेशी। इगरहवां = ग्यारहवां। नहवइया = नहाने वाला। गोड़वा = पैर। झाला = छाला। गांड़ी मूड़ी = नीचे से ऊपर तक। मुकुतियो = मुक्ति। करारवा = तट, किनारा। नहं = नहान। पुरुब = पूर्व। पच्छुम = पश्चिम। नंगा लुच्चा = बदमाश, गुण्डा। पलकियो = पलक। उठं = उठाकर। मज्जन = स्नान। दरसन = दर्शन। मलवा = माला। बनखान = कैद। बघेलवा = बघेला, वीर बाघ की भाँति। घं = घाट। बीपत = विपत्ति। काट देवी = काट दूँगा।

भावार्थ—सारी गोपियाँ लोरिक की ओर देखने लगीं। फिर उसमें से एक ने कहा—तुम्हीं गउरा के अहीर हो। हम बारह सौ गोपियाँ हल्दी से अपनी जान देने के लिए सुरसरि के तट पर चलीं। हमें रास्ते में एक दण्डी साधु मिले। उन्होंने यह बताया कि जब हम पूरे शरीर पर कफनी डालकर माला जपेंगे और जब बारह वर्ष पूरा हो जायगा तब गउरा का अहीर आयेगा, नहाने का उपक्रम करेगा और तुम्हारे पतियों को छुड़ा लेगा। तब से हम माला जप रहे हैं। दंडी स्वामी ने यह भी कहा था—अहीर की बाँयी ओर गुल्ली का घाव होगा तथा दाहिने उसका मस्तक चमक रहा होगा—उसका जंघा केले की भाँति होगा। उसका मुसुक कत्थे के रङ्ग का होगा। गर्दन पर एक सेर धूल होगी तथा उसके बाँये बगल में ओढ़न तथा दाहिने में बिजुली की खड़ग होगी। उसने नर्म की पगड़ी बाँधी होगी। तब लोरिक ने अपने सिर की पगड़ी उतार दी। उसके बाँयें बगल में गुल्ली दिखाई पड़ रही थी। उसका मस्तक चमक रहा था। उसने शरीर की निरखा उतारी तो उसकी जंघा केले के खम्भे की भाँति दिखाई पड़ रही थी। मुसुक कत्थे की भाँति, काली हाथी की भाँति, तथा पेट कमलिनी के पत्ते जैसा दिखाई पड़ रहा था। सारी गोपियाँ लोरिक को देखकर रोने लगीं। हमारे नारकीय जीवन के लिए तुम नेउरापुर में मारे जाओगे। तुम्हारी माँ

रोएगी। तुम्हारे जैसा पति मारा जायगा तो तुम्हारी पत्नी भी बिलखेगी। अतः तुम गउरा लौट जाओ। तब लोरिक ने कहा—तुम लोगों ने बारह वर्ष तक तप किया है। मैं तुम्हारे पतियों को अवश्य मुक्त कराऊँगा अन्यथा मुझे घोर-पाप लगेगा। कल प्रातः काल तुम्हारे पतियों को अवश्य छुड़वा दूँगा। (१०१)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—ताकै लगलीं=देखने लगीं। मइंस=भैंस। घरवा=घर। छोंड़ी=कुण्डा। देंक्का=दीमक। डंडी=दंडी स्वामी। बरिस=वर्ष। नहान=स्नान। गुल्ली=लकड़ी का छोटा टुकड़ा। केदरियन=केला। खयर=कत्था। सेर=सेर। धूर=धूल। पवन=पावन पवित्र,। पाग=पगड़ी। रूपकं=रूप। पगरी=पगड़ी। लउकै=दिखाई पड़ रहा है। बदने क=शरीर का। निरखी=चोंगा। एक विशेष प्रकार का लम्बा कुर्ता। गजन्नरन=हाथी के वर्ण का। पुरइनि=पुटकिनी, कमलिनी। मतरियौ=माँ। जियरा=जीवन। बिलं=बिल्ली, बिलार का संक्षिप्त रूप। पयंड़िया न ओहले बाडूँ=रास्ता देख रही हो, प्रतीक्षा कर रही हो। काल्ह=कल। बिहाने=प्रातः काल।

भावार्थ—तब गोपियां आपस में बात करने लगीं। चलो जरा हम हल्दी में इनका पौरुष देखें। सारी गोपियां हल्दी आयीं और अपने-अपने घर चली गयीं। वीर लोरिक जमुनी के द्वार पर गया। जमुनी ने उसे कुर्सी दी और उसे बताया कि नेउरा-पुर जाने का नाम न लो। वहां तुम्हारी जान चली जायगी। ये गोपियाँ साधु नहीं हैं। उनके पति नेउरापुर में कैद हैं। वे बारह वर्ष से माला जपते हुए खड़ी हैं। जमुनी के यहाँ से लोरिक चन्दा के यहाँ गये। हाथ-मुँह धोकर भोजन करने बैठे। चन्दा उनकी बहुत देर से प्रतीक्षा कर रही थी। चन्दा ने कहा खर्चा घट गया है, यहां काम कैसे चलेगा? न तूने किसी की नौकरी की, न तूने हल्दी में किसी का हल जोता। इतनी बात सुनते ही लोरिक ने थाली पटक दी और कहा तुम्हारी बुद्धि बिगड़ गयी है। मैंने तुम्हारी बात मान ली जिससे भाई छूट गये। गउरा में माँ छूट गयी। धोबी तथा अन्य साथी छूट गये। जिसके जन्म के समय सवा घड़ी सोने-चाँदी की वर्षा हुई थी वैसी पत्नी छूट गयी। दादा ने कभी हल नहीं चलवाया। न संवरू भइया ने कभी चरवाही करवाई। मैं किसकी नौकरी करूँ। मेरी जिन्दगी नष्ट हो गयी। अब हल्दी में नौकरी किये बगैर पानी नहीं पीऊँगा। (१०२)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—बतिआवैं=बात करें। रेबरले जायं=पीछा करने लगीं। टप दे=तुरन्त। सइयाँ=स्वामी। यहाँ जमुनी लोरिक को सइयाँ कह रही है। लोरिकी के अन्य पाठों में भी जमुनी और लोरिक के मधुर सम्बन्धों का उल्लेख है। असनान=स्थान। मुकुतिया=मुक्ति। माँ⋯⋯=मास। मोटे=बली। ठहरे पर=भोजन करने का स्थान। परानी=प्राणी। खरच=खर्चा। थरिया=थाली। आडर=और। गइयन में=गायों में। मतरिया=माँ। सोनवां=सोना,। चनिया=चाँदी। बेनिये=हाथ का पखा, बेनिया। हरबा=हल।

भावार्थ—लोरिक अपना बझुना छोड़कर जमुनी के दरवाजे पर पहुँचे और उससे कहा—मेरी एक नौकरी लगवा दो। जमुनी ने कहा—घर में सोना-चाँदी गँजा हुआ है। तुम बैठे हुए खाओ। दूसरे की नौकरी करने क्यों जाओगे। लोरिक ने कहा—मैं दूसरे का धन बैठकर नहीं खाऊँगा। उसने महिचन को पुकारा। महिचन उसकी नौकरी लगाने के लिए राजा महुअरि के यहाँ गये। लोरिक वहाँ कुर्सी पर दाहिनी ओर बैठ गया। महुरि ने आशंका प्रकट की और महिचन से कहा यह व्यक्ति नौकरी करने योग्य नहीं है। पर लोरिक को गाँव का चरवाह बना दिया गया। जब दोनों किले से बाहर आये, महिचन ने कहा—भइया तुम्हारी वजह से मेरी जिन्दगी चली जायगी। तुम राजा के पास कुर्सी पर क्यों बैठ गये। महुअरि ने डुग्गी पिटवा दी। सब लोग अपने जानवर दक्षिण सगड़ पर पहुँचा दें। सबेरा हुआ। सारा गाँव गायों को लेकर मीटे पर पहुँचा। सभी लोगों ने लोरिक का कान पकड़ कर हिलाया और कहा—एक भी पशु भूल गया तो दंड लिया जायगा। दिन भर गाय चराने के बाद लोरिक मीटे पर आया। फिर जो भी गाय लेने आया लोरिक उसका कान उखाड़ने लगा। सारे गाँव का कान उखड़ गया। महुअरि के पास शिकायत पहुँची। पर गाँव के लोगों की गलती थी। पहले लोरिक का कान उन लोगों ने पकड़ा था। लोरिक वहाँ अफसोस कर रहा था कि स्त्री के चक्कर में आकर यह सब हो रहा है। पहले मेरा कान किसी मर्द ने नहीं पकड़ा। दूसरे दिन लोरिक ने महुअरि के बगीचे में गायें छोड़ दीं। फाटक पर बैठे हुए दो सिपाहियों में से एक पर आघात किया तथा दूसरा भाग खड़ा हुआ। गायें बगीचे का फल खाने लगी और तृप्त होकर उन्होंने लोरिक को आशीर्वाद दिया कि जैसे आज हमारा पेट भरा है वैसे ही हल्दी में हम तुम्हारा पेट भरेंगे। तुम नेउरापुर में भी विजय प्राप्त करोगे। (१०३)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—गोहरवले = पुकारा। डेवढ़िया = ड्योढ़ी। हाँक = पुकार। तोंहई = तुम्हीं। ताबेदारी = नौकरी। बाबिल = पिता। खइले बेगर = खाये बिना। बरियं = बरियार, जबर्दस्त। गोरू = ढोर। ओगरे = पूरा, सब। हरइहैं = गायब होगी। संझा = साँझ। डांड = दंड, जुर्माना। डहरवले = घुमाया। नदी बेवरा = एक नदी का नाम। कूसा = कुश। राब = एक प्रकार का फूस। पगुरी = जुगाली। बरायल = चुन लो। उपार = उखाड़। खेदले = खदेड़ने पर, पीछा करने पर। चरवहया = चरवाह। रजवा = राजा। कनवाँ = कान। बेजइयाँ = अपराध (बेजाई से है)। बाजं = बाजार, गायक ने संक्षिप्तीकरण किया है। झंखे लागल = अफसोस करने लगा। मतवा = राय। मेवाक रनिया = फल फूल। बगरैबं = बगवान का संक्षिप्त रूप, बगीचा। बगइचा = बगीचा। केहुनिया = केहुनी। मेवइया = मेवा फल। पपीता = एक फल। असुधा = पूर्ण तुस। असीसत = आशीर्वाद दे रही हैं।

भावार्थ—तब लोरिक ने सोचा—गायों को बगीचे में चर खिलाऊँगा। सारी गायों को लेकर उसने खेतों में छोड़ दिया। सारा हल्दी गाँव छाती पीटने लगा। कैसे

बाल-बच्चे जीयेंगे। कौड़ी कैसे दी जायगी ? कान उखाड़ लिये जाने के कारण कोई पास जा नहीं रहा था। जाकर सबने राजा महुअरि से शिकायत की। राजा महुअरि ने दो सिपाहियों को भेजा कि वे लोरिक को पकड़ लाये और उसे कैद में डाल दें। महुअरि को लोरिक ने डाँटा। आओ लड़ो, बादी दो (चुनौती दो) मैं तुम्हारे मुँह में तलवार घुसेड़ दूँगा। अन्यथा हल्दी में तुम्हारा मस्तक काट लूँगा। राजा महुअरि कुर्सी से गिर पड़ा। नौकर-चाकर भाग गये। मुंशी तथा दीवान ने उसे बैठाया और महुअरि को सलाह दिया कि उसको नेउरापुर भेज दिया जाय। वहाँ लड़कर वह मर जायगा और तुम्हारी जान बच जायगी। सिपाहियों ने कहा—इसे काटखाने वाला घोड़ा मंगर सौंप दो। दो सिपाहियों ने लोरिक को घोड़ा दिखाया जिसका नाम मंगर था। उसके मुँह पर तवा लगा हुआ था। हल्दी में डुग्गी पिटवा दी गयी। सब लोग अपने घर की टट्टी बन्द कर दें। काटखाने वाला (कटहवा) घोड़ा छूट रहा है। सब लोग अपने घर का ताला बन्द कर दें अन्यथा वह सबकी जान ले लेगा। वीर लोरिक ने घोड़े के मुँह का तवा उठा लिया और जब उसकी चोटी पकड़कर उसे बाहर लाया, घोड़ा उसे काटने लगा। लोरिक ने उसे केहुनी से ऐसा मारा कि वह वहीं खड़ा हो गया। उसने लोरिक से पूछा तुम कौन हो ? लोरिक ने घोड़े से पूछा तुम कौन हो ? उसने कहा मैं घोड़ा मंगर हूँ। लोरिक ने अपना परिचय दिया और कहा मैं चन्दा का उद्धार कर हल्दी आया हूँ। घोड़े ने अपने बारे में बताया—मेरा जन्म नेउरापुर में हुआ है। लिलिया घोड़ी के पेट से मैं उत्पन्न हुआ हूँ। नेउरापुर के राजा को पण्डित ने पचाङ्ग खोलकर बताया है कि मैं जो जाऊँगा तो राजा की जान ले लूँगा। (१०४)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—खर = घास फूस। डाँड़े पर = डंडार पर, खेतों की सीमा पर। ओगरा = सम्पूर्ण। लरिका परानी = बाल बच्चे। कइसे कउड़ी दियाई = कैसे कर दिया जायगा। उपरले के नाते = उखड़ जाने की वजह से। गट्टा = कलाई। घिसराय = घसीटकर। पोखरा पर दूध दीह चुकवाय = तालाब पर दूध डलवा दो। नाहीं बादी दा खेते मुँहे पेल चलाई तरवार = नहीं तो तुम चुनौती दो, मैं जाकर तलवार चलाऊँ। बरतिया = व्रत, संकल्प। दरब = द्रव्य। इनारा = कुँवा। झउवन = टोकरी भर। चउमुख = चारों ओर। बजँ = बाजार। कटहवा = काट खाने वाला। कंटक जाई मेटाय = कंटक मिट जायगा। टाटी बेंड़वा द्या = टाटी दे दो, ताला बन्द करवा दो। बहूरे = बाहर। पांते लाते = पैर से। मरले हूँचा = घूसा मारा। केउनी = केहुनी। अकड़ गइलें = खड़ा हो गया, रुक गया। ओढ़ार = अपहरण।

भावार्थ—घोड़े ने लोरिक को बताया कि जब हरेवा को यह बात मालूम हुई तब उन्होंने म्यान से तलवार खींच ली और थाना नेउरापुर के बाजार में मुझे मारने

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—मियनियाँ = म्यान । खिरकिया पर = खिड़की पर । जियरवा = जिंदगी । बन = बंद । दरियाव = दरिया, नदी । बूड़ि के = डूबकर । बकसवा = बाक्स, सन्दूक । सोरन = स्वर्ण, सोना । लगमियाँ = लगाम । पीठिया = पीठ । पाखड़ = पाखर । घुघुरवा = घुंघरू । सइतिया = शकुन, मुहूर्त । मिरितवा = मृत्युलोक । कमाई चूकि रे गइलीं = मैंने उचित पुण्य नहीं कमाया । कटहवा = काट खाने वाला । सुखवन = अन्न जो सुखाने के लिए रखा गया हो । डेराय-डेराय = डर-डर कर । गड़बड़ा = गड्ढा । लग्गा = बड़ी लाठी । पोटरिया फाटि गइली = अन्न के बिना पेट फट गया अर्थात् अन्न के बिना तड़प गया । कवल = कमल, मुँह । हुउवै कुम्हिलाय = कुम्हला गया । चोलवा = चोला, शरीर । झूरै = सूखे में । बदरवा = बादल । घहराय = गिर रहा है । अबजिया = आवाज । परवजवा = बीड़वान बाड़ीं उडवले = हमने बीड़ा उठाया है, चुनौती दी है । तुरहिया = तुरही । ढोलियो = ढोल । गजरा = माला । बिजनवां = व्यंजन, विशेष प्रकार के भोजन । ढूरति = ढुलक रहा है । दिअवा = दीपक । धउंसा = धौंसा । मीतवा = मित्र । सरमियो = मर्म । बेवरवा = बेवरा नदी । कंडन = कंडा, बाण (बहुवचन) । पालेंल नोइटवन = प्रेम से पाला पोसा । दीदं = दीदार, दर्शन ।

चनवा का विवाह समाप्त ।

अध्याय ४

नेउरापुर की लड़ाई

भावार्थ—बेवरा नदी पर लोरिक खड़ा है । नदी का पाट दो कोस का है । लोरिक ने घोड़े से पूछा—कैसे पार उतरा जाय ? घोड़े ने सुझाव दिया नाव और मांझी को बुलवा लो । इस पार हल्दी है तथा उस पार नेउरापुर है । बारह कोस का जङ्गल है । जालपा देवी हरेवा की पूज्य देवी हैं । घोड़े ने कहा अगर हम उड़कर चलेंगे और नदी में गिर जायंगे तो दोनों की मृत्यु हो जायगी । परन्तु शीघ्र ही घोड़ा उड़ गया और नदी के पार पलाश के बन (बन छिउली) में उतर गया । लोरिक का ओढ़न गिर गया था जिसे घोड़े ने अपनी पिटारी में रख लिया था । उसने निकालकर ओढ़न लोरिक को दिया । राजा हरेवा की पूज्य देवी जालपा को आहट मिली । वह सारी डाइन और कंटाइन लेकर दौड़ने लगीं । तब घोड़ा जङ्गल में रोने लगा और कहने लगा—जालपा देवी लोरिक को खाने आ रही हैं । लोरिक ने बनसत्ती तथा दुर्गा का स्मरण किया । वे बोहा से आ गयीं । दुर्गा ने समझाया, जाकर जालपा देवी के पैर

पकड़ लो। वह तुम्हें बारह कोस के जङ्गल में घसीटेगी पर तुम उन्हें नहीं छोड़ना। लोरिक ने ऐसा ही किया। जालपा देवी विकल हो गयीं। उन्होंने लोरिक से वरदान माँगने के लिए कहा। लोरिक ने वरदान माँगा—हरेवा का साथ छोड़ दो। मेरा साथ पकड़ लो। जालपा देवी ने लोरिक को सहायता के लिए आश्वासन दिया। इधर हरेवा अपनी पत्नी के साथ सो रहे थे। पत्नी ने बुरा स्वप्न देखा। जालपा देवी ने जाकर हरेवा को बताया कि शत्रु आ पहुँचा है। हरेवा ने प्रातःकाल रंगू बारी को बुलाया और कहा बारह कोस जङ्गल में शत्रु टिका हुआ है। जाकर पता लगाओ। रंगू पता लगाने लगा। लोरिक से भेंट हुई—पूछा तुम कौन हो? लोरिक ने अपना परिचय बताया और कहा मैं चन्दा को उढ़ार कर हल्दी आया था। हल्दी की बारह सौ गोपियों के पतियों को हरेवा ने कैद किया है। मैं उन्हें छुड़ाने आया हूँ। रंगू को लोरिक पहचान गया था। गुल्ली डंडा खेलने में बारह वर्ष पहले उसे चोट लगी थी और वह गउरा से नेउरा-पुर भाग आया था। लोरिक ने रंगू से पूछा—तुम मुझे युक्ति बताओ। हम दोनों साथ ही फिर गउरा वापस चलेंगे। (१०६)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—नाव बेड़ा = नौका। मांझी = मल्लाह। बूड़ि के = डूबकर। गयल मेंडराय = चक्कर लगाने लगा। टूवें = इधर-उधर ढूंढकर देख रहे हैं। बियाइल = जन्म दिया। तारू = तालू। ठीठोराई = घसीटेगा। नीमक = नमक। सेजिया = शैया। अजगुत = अयुक्त, खराब। सोझे = सीधे। नगरिया = नगर। लमहुरे से = दूर से।

भावार्थ—वीर लोरिक ने रंगू बारी से नेउरापुर के बारे में विस्तार से बताने के लिए कहा। रंगू बारी ने कहा—मैं हरेवा की नौकरी करता हूँ। उसका मंत्री हूँ। बारह वर्ष से उसका नमक खा रहा हूँ। तुम्हीं बताओ मैं तुम्हें कैसे युक्ति बताऊँ। मुझे अपराध लगेगा। लोरिक ने समझाया—बारह सौ गोपियों के पति यहाँ कैद हैं। यहाँ इतना पाप हुआ है। अन्त में रंगू बारी ने एक बात छोड़कर अन्य सभी सूचनाएँ दे दीं। उसने बताया कि हरेवा पहले बरों का छत्ता छोड़ेगा। यदि उससे तुम्हारी जान बच गयी तो ब्रह्मा का महाजाल जङ्गल में फेंकवा देगा। फिर नेउरापुर किले में कैद करवा-कर बनखान में डालेगा। लोरिक ने बचने का उपाय पूछा तो रंगू बारी ने कहा—मैंने हरेवा का नमक खाया है। मैं उसका भेद नहीं बताऊँगा। लोरिक ने रंगू से कहा कि हम लोग एक गढ़ के रहने वाले हैं। एक ही साथ वहाँ वापस चलेंगे। तब रंगू बारी ने उपाय बताया कि ओढ़न की मुट्ठी दबाओ। चारों ओर आग फैल जायगी तथा बरों का झुन्ड जंगल में जल जायगा। उसके बाद जब वह सांकर कुत्तियों को छोड़े तो घोड़े पर चढ़कर उड़ जाना और तीन-तीन जोजन तक मंडराना। जब वह महाजाल फेंके तब मैं दातुल-दातुल चिल्लाऊँगा। फिर तुम तलवार लेकर उसे दो टुकड़े कर देना। घोड़ा निकलकर भाग जायगा। यह कहकर रंगू नेउरापुर भाग गया। जाकर उसने हरेवा को बताया कि तुम्हारा बच पाना कठिन है। गढ़ गउरा का अहीर आया है।

जान नहीं बचेगी। मैं दूसरे राज्य में भाग जाऊँगा। राजा हरेवा ने बर्रों को छोड़ा। लोरिक के ओढ़न की आग से वे सारे जल गये। फिर हरेवा ने कुत्तों को छोड़ा। लोरिक तब घोड़े पर चढ़ गया। घोड़ा तीन-तीन योजन मंडराने लगा। (१०७)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—मंतिरी = मंत्री। वरिस = वर्ष। बन्हुवा = कैदी। बरई = बर्रे। बीन्हि लीहैं = काट लेंगी, डंक मारेंगी। खिचवाय के = खींचकर। पहिलेइं = पहले ही। रहवइया = रहने वाला। सांकर कुतिया = कुतिया जो जंजीर में बंधी हुई है। खांड़ी = खड्ग। कपरवा = कपार, सिर। मंझार = मध्य में। डांकि के = कूदकर।

भावार्थ—घोड़ा जाकर मध्य आकाश में मंडराने लगा। दो कुत्तों ने घोड़े को जोर से पकड़ लिया। घोड़े के शरीर में विष भिनने लगा तो वह ढीला पड़ने लगा। लोरिक ने उनका सिर अपनी तलवार से काट डाला। पर घोड़ा महराकर गिर पड़ा। लोरिक जङ्गल में रोने लगा। हाय, हमारी बाँह कट गयी। उसने बनसत्ती और दुर्गा को पुकारा किन्तु वे बोहा में विराजमान थीं जहाँ संवरू से युद्ध हो रहा था। लोरिक का रुदन सुनकर वे आ गयीं। चतुरता से दुर्गा ने कहा—दोनों ओर लड़ाई छिड़ी हुई है मैं दोनों की रक्षा करूँ या नेउरापुर में एक को ही बचाऊँ। लोरिक ने कहा एक ही की रक्षा करो। शत्रु की रक्षा क्यों करती हो? लोरिक को यह मालूम नहीं था कि दुर्गा का इशारा संवरू के युद्ध की ओर है। उसने समझा कि दुर्गा मेरी और हरेवा दोनों की रक्षा करना चाहती है। दुर्गा ने संवरू का साथ छोड़ दिया। वह मारे गये तथा सारी गायें पीवरी अपहृत कर ली गयीं। दुर्गा नेउरापुर में आकर टिक गयीं। उन्होंने घोड़े का विष खींच लिया। घोड़ा उठ खड़ा हुआ। लोरिक की विपत्ति कट गयी। (१०८)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—सरग = स्वर्ग, आकाश। काछे में = पीछे से। भीनल = भिनने लगा। बहुरे लगे = ढीला पड़ने लगा। मउर = सिर। मतरिया = महतारी, माँ। सांसत = संकट, विपत्ति। चोलवो = चोला। अवजिया = आवाज। चरनिया = चरण। दलिया = दाल। आरे कहाँ···जोगे धलीं = दुर्गा यहाँ कहना चाहती है कि मैं तुम्हें ही जीताऊँ या तुम्हें और मलसांवर दोनों को जीताऊँ। लोरिक ने समझा कि दुर्गा कह रही हैं कि मैं दोनों को जीताऊँ यानी तुम्हारे शत्रु हरेवा की मदद करूँ या केवल तुम्हारी। लोरिक ने इसका उत्तर दिया केवल एक को। अतः दुर्गा ने सँवरू का साथ छोड़ दिया क्योंकि जब लोरिक इधर लड़ाई कर रहा था उसी समय सँवरू बोहा में शत्रुओं से लड़ रहे थे। जोगे रे धलीं = रक्षा करूँ, बचा लूँ। दगियो = धोखा देने वाला। लोहवो = लोहा, युद्ध। बेल्हि के = अपहरण करके, हटाकर। पिपरियो = पीपरी। बीखिया = विष।

भावार्थ—दुर्गा बोहा में गायों के अगार से हटकर नेउरापुर आ गयीं। मल-सांवर की गायें हर ली गयीं। मंजरी पर विपत्ति पड़ गयी। उसका नौलखा हार टूट

लिया गया । यहाँ नेउरापुर में हरेवा ने महाजाल फैलवाया । लोरिक उसमें फँस गया । घोड़ा लोरिक को लेकर जाल समेत उड़ने लगा पर जाल को पहुँ खींचने लगे । जाल का मुँह बन्द हो गया । रंगुवा ने कहा—अब गउरा अहीर फँस गया । रंगू ने दातुल-दातुल गोहराया । लोरिक ने बिजली की खाँड से जाल के दो टुकड़े कर दिये । घोड़ा निकलकर भागा और तीन योजन तक मंडराने लगा फिर नेउरापुर में आकर चू गया । हरेवा को रंगू ने समझाया कि अब तुम्हारी मृत्यु निकट आ गयी है । हरेवा ने अपनी पलटन समझायी । उसमें बारह सौ मुंगलैन, तेरह सौ तुर्क और पठान तथा सोलह सौ रघुवंशी थे जिनकी कमर में तलवार झूल रहा था । हरेवा ने मारू बाजा बजाया । बर्छी, भाला, तेग, तलवार, सजाकर सभी कचहरी में आ गये । घोड़े, ऊँट, हाथी, साँड़ सब तैयार हुये । रंगू बारी अपने हाथी पर बैठकर मँडसा बजाने लगा । तब मंगर घोड़ा ने लोरिक से कहा तुम जल्दी मेरी पीठ पर बैठ जाओ । घोड़ा लोरिक को लेकर आकाश में उड़ने लगा । बर्छियाँ, चलने लगीं । तलवारें सनसनाने लगीं । इधर घोड़ा लोगों की खोपड़ियाँ तोड़ने लगा । लोरिक ने अपनी बिजली की तलवार घुमायी जिससे शत्रुओं के मुंडों की ढेर लग गयी तथा लाशों का खलियान तैयार हो गया । हरेवा की सारी पलटन मारी गयी । रंगू ने राजा हरेवा की कचहरी में जाकर निवेदन किया । कल प्रातःकाल तुम्हारी मृत्यु आने वाली है । तुम्हारे सिर पर काल आ गया है । (१०६)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—बेन्हल = अपहृत । असनवँ = आसन । महाजाल = एक प्रकार का बड़ा जाल । दातुल-दातुल = इसका अभिप्राय स्पष्ट नहीं है । निज को = निश्चय ही । छेंकिलेला = घेर लिया । औगरियो = अवसर । गउरी = मस्तक, मुंड । खरि रे रं = खलियान । खलि रे रं = यहाँ गायक ने खरिहान का संक्षिप्तीकरण किया है । गिध गवलँ बेदवो रे पुरं = गिद्ध वेद पुरान गा रहे हैं अर्थात् प्रसन्नता प्रकट कर रहे हैं ।

भावार्थ—रंगू बारी ने हरेवा से कहा—अब कुशल नहीं है । हरेवा के उपाय पूछने पर उसने सुझाया कि नेउरापुर डुग्गी पीटवा दो कि सभी लड़के तथा लड़कियाँ सूप और चलनी लेकर जङ्गल में भाग जायें । डुग्गी पीट गयी, सभी अपने बाल-बच्चों के साथ जङ्गल में भाग गये । रंगू बारी फाटक बन्द करवा कर छिप गये । राजा हरेवा भी तीन फाटकों के बीच में जाकर छिप गया । दूसरे दिन जब लोरिक नेउरापुर पहुँचा तो सारा गाँव सूना पड़ा था । राजा हरेवा के फाटक पर पहुँचा और लोरिक ने ऐसा ऐड़ा मारा कि फाटक छिन्न-भिन्न हो गया । सामने रंगू बारी निकलकर आया । उसने लोरिक को बता दिया कि हरेवा कहाँ छिपा है ? लोरिक हरेवा के पास पहुँचा । दरवाजा तोड़कर हरेवा की कलाई पकड़ी तथा उसकी गर्दन काट ली फिर बारह सौ कैदियों के पास पहुँचकर उन्हें छुड़ाया । कैदियों ने नेउरापुर का सारा धन लूट लिया तथा दुर्गा ने नेउरापुर को फूँक दिया । जमुना ने ध्यान से देखा । नेउरापुर में धुँआ उड़ रहा था । वह दौड़कर चन्दा के बुर्ज में गयी और कहा कि जिस स्वामी के साथ

तुम यहाँ आयी थी उसको हरेवा ने मरवा दिया है और उसकी छाती पर रखकर उसे जलवा दिया है। इसलिए वहाँ धुँवा उठ रहा है। चन्दा ने कहा मेरे पति का मर्म तुम नहीं जानती। उन्होंने राजा बमरी के सात अमर बेटों को मारा है और सतिया की डोली उठवायी। उन्होंने बारह-सौ कैदियों को छुड़ाने के लिए कहा था—नेउरापुर में सभी छूट जायंगे। (११०)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—कुसल बेल्हा = कुशल बेला। लउकी = दिखाई पड़ेगा। लुकलैं = छिप गये। सुन्न = सूना। बदमजात = आदमी। भनके = शोर कर रही है। लूकल = छिपा हुआ। केवाड़ी = दरवाजा। गट्टा = कलाई। बन्हुवा = कैदी। दमिया = दम, प्राण। बड़ेरिया के बाँस = बंडेरी का बाँस, मकान के ऊपरी भाग का बाँस। उधिराय गइलैं = उड़ गया। बुरुजे से = बुर्ज से। ओसरी ताकैं = ध्यान से देख रही है। लड़िकवन्हो = बालिका। चइला = सूखी लकड़ी के फाड़े गये टुकड़े।

भावार्थ—रंगूबारी अपने सारे कैदियों को लेकर सारे धन के साथ बेनरा नदी के पार उतरने लगे। इधर नेउरापुर को मिट्टी में मिलाकर लोरिक ने हल्दी के लिए घोड़ा कूदाया। जब हल्दी के पास लोरिक पहुँचा तो सारे गाँव में हलचल मच गयी और सर्वत्र प्रसन्नता की लहर दौड़ गयी कि सारे कैदी छूट कर आ गये हैं। गोपियाँ गाँव की सरहद पर गयीं और उन्होंने लोरिक की आरती उतारी। लोरिक चन्दा के पास गये। चन्दा ने मोटागद्दा बिछाया। लोरिक का हाथ पैर धोया पानी पिलाया, फिर पान खिलाया और पंखा झलने लगी। चन्दा ने पूछा किसके सत ने तुम्हें शक्ति दी। बुढ़िया माई, धरमी संवरू या मंजरी के सत ने तुम्हें विजेता बनाया है या तुमने अपने भरोसे विजय प्राप्त की है अथवा बायें बनसत्ती तथा दाहिने दुर्गा ने सहायता पहुँचायी है। लोरिक ने कहा—किसी के सत ने सहायता नहीं दी है और न बनसत्ती और दुर्गा ने ही सहायता की। हमने अपनी जांघ के बल पर तथा अपनी भुजाओं की शक्ति पर नेउरापुर लूटा है। बनसत्ती ने यह बात सुनी और दुर्गा को जाकर बताया। उसके इस अहङ्कार से दुर्गा को दुख पहुँचा। वह उसका साथ छोड़कर सिरसापुर जाने लगीं। बनसत्ती से कहा—तुम गायों के अड़ार में जाओ। मैं लोरिक को सिरसापुर में कोढ़ करवाऊंगी और आठवें दिन उसका बलिदान चढ़वाऊंगी। (१११)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—बन्हुवा = कैदी। गठरी मोटरी = गट्ठर। माटी = मिट्टी। मचल कूक = कोलाहल मच गया। डंका गुसिहानी के मयल = खुशियाली का डका पीट गया। सरहद = सीमा। हलक झुरायल = कण्ठ सूख गया। बीड़ा = पान का बीड़ा। कोखिया = कोख, कुक्ष। जंघेलवा = जंघा की शक्ति। बउसार = पौरुष। आल्हा सुनावै = वीरता का राग अलाप रहे हैं। एठियन = यहाँ। करेजवा = कलेजा। करनी = एक राजा का नाम। नवाय देब = झलवा दूँगी। बलदान = बलिदान।

भावार्थ—दुर्गा हल्दी से उड़कर सिरसापुर पहुँच गयीं और वहाँ राजा करनी को खोद कर जगाया। अपना परिचय देने के बाद कहा कि तुम्हारे पाहुन हरवा। को

लिया गया। यहाँ नेउरापुर में हरेवा ने महाजाल फैलवाया। लोरिक उसमें फँस गया। घोड़ा लोरिक को लेकर जाल समेत उड़ने लगा पर जाल की पट्टी खींचने लगे। जाल का मुँह बन्द हो गया। रंगुवा ने कहा—अब गउरा अहीर फँस गया। रंगू ने दातुल-दातुल गोहराया। लोरिक ने बिजली की खांड से जाल के दो टुकड़े कर दिये। घोड़ा निकलकर भागा और तीन योजन तक मंडराने लगा फिर नेउरापुर में आकर रुक गया। हरेवा को रंगू ने समझाया कि अब तुम्हारी मृत्यु निकट आ गयी है। हरेवा ने अपनी पलटन समझायी। उसमें बारह सौ मुंगलैन, तेरह सौ तुर्क और पठान तथा सोलह सौ रघुवंशी थे जिनकी कमर में तलवार झूल रहा था। हरेवा ने मारू बाजा बजाया। बर्छी, भाला, तेग, तलवार, सजाकर सभी कचहरी में आ गये। घोड़े, ऊँट, हाथी, साँड़ सब तैयार हुये। रंगू बारी अपने हाथी पर बैठकर पैंजसा बजाने लगा। तब मंगर घोड़ा ने लोरिक से कहा तुम जल्दी मेरी पीठ पर बैठ जाओ। घोड़ा लोरिक को लेकर आकाश में उड़ने लगा। बर्छियां, चलने लगीं। तलवारें सनसनाने लगीं। इधर घोड़ा लोगों की खोपड़ियाँ तोड़ने लगा। लोरिक ने अपनी बिजली की तलवार घुमायी जिससे शत्रुओं के मुंडों की ढेर लग गयी तथा लाशों का खलिया तैयार हो गया। हरेवा की सारी पलटन मारी गयी। रंगू ने राजा हरेवा की कचहरी में जाकर निवेदन किया। कल प्रातःकाल तुम्हारी मृत्यु आने वाली है। तुम्हारे सिर पर काल आ गया है। (१०६)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—वेन्हल = अपहृत। असनवें = आसन। महाजाल = एक प्रकार का बड़ा जाल। दातुल-दातुल = इसका अभिप्राय स्पष्ट नहीं है। निज को = निश्चय ही। छेंकिलेला = घेर लिया। ओगरियो = अजगर। गउरी = मस्तक, मुंड। खरि रे रं = खलियान। खलि रे रं = यहां गायक ने खरिहान का संक्षिप्तीकरण किया है। गिध गवलैं वेदवो रे पुरं = गिद्ध वेद पुरान गा रहे हैं अर्थात् प्रसन्नता प्रकट कर रहे हैं।

भावार्थ—रंगू बारी ने हरेवा से कहा—अब कुशल नहीं है। हरेवा के उपाय पूछने पर उसने सुझाया कि नेउरापुर डुग्गी पीटवा दो कि सभी लड़के तथा लड़कियाँ सूप और चलनी लेकर जङ्गल में भाग जायें। डुग्गी पीट गयी, सभी अपने बाल-बच्चों के साथ जङ्गल में भाग गये। रंगू बारी फाटक बन्द करवा कर छिप गये। राजा हरेवा भी तीन फाटकों के बीच में जाकर छिप गया। दूसरे दिन जब लोरिक नेउरापुर पहुँचा तो सारा गाँव सूना पड़ा था। घोड़ा हरेवा के फाटक पर पहुँचा और लोरिक ने ऐसा ऐड़ा मारा कि फाटक छिन्न-भिन्न हो गया। सामने रंगू बारी निकलकर आया। उसने लोरिक को बता दिया कि हरेवा कहां छिपा है? लोरिक हरेवा के पास पहुँचा। दरवाजा तोड़कर हरेवा की कलाई पकड़ी तथा उसकी गर्दन काट ली फिर बारह सौ कैदियों के पास पहुँचकर उन्हें छुड़ाया। कैदियों ने नेउरापुर का सारा धन लूट लिया तथा दुर्गा ने नेउरापुर को फूँक दिया। जमुना ने ध्यान से देखा। नेउरापुर में धुँआ उड़ रहा था। वह दौड़कर चन्दा के बुर्ज में गया और कहा कि जिस स्वामी के साथ

तुम यहाँ आयी थी उसको हरेवा ने मरवा दिया है और उसकी छाती पर रखकर उसे
जलवा दिया है। इसलिए वहाँ धुँआ उठ रहा है। चन्दा ने कहा मेरे पति का मर्म तुम
नहीं जानती। उन्होंने राजा बमरी के सात अमर बेटों को मारा है और सतिया को
डोली उठवायी। उन्होंने बारह-सौ कैदियों को छुड़ाने के लिए कहा था—नेउरापुर में
सभी छूट जायंगे। (११०)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—कुसल बेल्हा = कुशल बेला। लउकी = दिखाई पड़ेगा।
लुकलें = छिप गये। सुन्न = सूना। अदमजात = आदमी। भनके = शोर कर रही है।
लूकल = छिपा हुआ। केवाड़ी = दरवाजा। गट्टा = कलाई। बन्हुवा = कैदी। दमिया
= दम, प्राण। बड़ेरिया के बाँस = बंड़ेरी का बाँस, मकान के ऊपरी भाग का बाँस।
उधिराय गइलें = उड़ गया। बुरुजे से = बुर्ज से। ओसरी ताकें = ध्यान से देख रही है।
लड़िकवन्ही = बालिका। चइला = सूखी लकड़ी के फाड़े गये टुकड़े।

भावार्थ—रंगूवारी अपने सारे कैदियों को लेकर सारे धन के साथ बेबरा नदी
के पार उतरने लगे। इधर नेउरापुर को मिट्टी में मिलाकर लोरिक ने हल्दी के लिए
घोड़ा कूदाया। जब हल्दी के पास लोरिक पहुँचा तो सारे गाँव में हलचल मच गयी
और सर्वत्र प्रसन्नता की लहर दौड़ गयी कि सारे कैदी छूट कर आ गये हैं। गोपियाँ
गाँव की सरहद पर गयीं और उन्होंने लोरिक की आरती उतारी। लोरिक चन्दा के पास
गये। चन्दा ने मोटागद्दा बिछाया। लोरिक का हाथ पैर धोया पानी पिलाया, फिर पान
खिलाया और पंखा झलने लगी। चन्दा ने पूछा किसके सत ने तुम्हें शक्ति दी। बुढ़िया
माई, धरमी संवरू या मंजरी के सत ने तुम्हें विजेता बनाया है या तुमने अपने भरोसे
विजय प्राप्त की है अथवा बायें बनसत्ती तथा दाहिने दुर्गा ने सहायता पहुँचाया है।
लोरिक ने कहा—किसी के सत ने सहायता नहीं दी है और न बनसत्ती और दुर्गा ने
ही सहायता की। हमने अपनी जांघ के बल पर तथा अपनी भुजाओं की शक्ति पर
नेउरापुर लूटा है। बनसत्ती ने यह बात सुनी और दुर्गा को जाकर बताया। उसके इस
अहङ्कार से दुर्गा को दुख पहुँचा। वह उसका साथ छोड़कर सिरसापुर जाने लगी।
बनसत्ती से कहा—तुम गायों के अड़ार में जाओ। मैं लोरिक को सिरसापुर में कैद
करवाऊंगी और आठवें दिन उसका बलिदान चढ़वाऊँगी। (१११)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—बन्हुवा = कैदी। गठरी मोटरी = गट्ठर। माटी =
मिट्टी। मचल कूक = कोलाहल मच गया। डंका गुमिहाली के मयल = खुशियाली का
डका पीट गया। सरहद = सीमा। हलक झुरायल = कण्ठ सूख गया। बीड़ा = पान का
बीड़ा। कांखिया = कोख, कुक्ष। जंघेलवा = जंघा की शक्ति। बउसार = पौरुष। आल्हा
सुनावै = वीरता का राग अलाप रहे हैं। एठियन = यहाँ। करेजवा = कलेजा। करनी =
एक राजा का नाम। नवाय देव = झलवा दूँगी। बलदान = बलिदान।

भावार्थ—दुर्गा हल्दी से उड़कर सिरसापुर पहुँच गयीं और वहाँ राजा करनी
को खोद कर जगाया। अपना परिचय देने के बाद कहा कि तुम्हारे पाहुन हरवा को

लोरिक ने मार डाला है तथा सारा धन लूट लिया है । मुझे पूजा देने के लिए कहा था वह भी नहीं दिया । मुझे क्रोध है । मैं लोरिक का संग छोड़ता हूँ और तुम्हारा संग पकड़ती हूँ । लोरिक का हल्दी से पकड़ लाओ और कैद में डाल दो । सात दिन तक बनखान में रखो एवं आठवें दिन मगर का बलिदान चढ़ा दो । राजा करनी घबरा गया और कहने लगा—तू ने लोरिक की इतनी पूजा ली है अगर तू उसकी न हो सकी तो मेरी कैसे होगी । जिस दिन वह गायों में पूजा दे देगा । तुम फिर उसके साथ हो जाओगी और मेरा मस्तक कटवा दोगी । दुर्गा दो सिपाहियों को लेकर हल्दी लोरिक को पकड़ने चली गयीं । उन्होंने मुर्ग का वेश बनाया । कूँ कूँ की आवाज लगायी । लोरिक ने समझा सुबह हो गयी । हाथ में लोटा तथा बगल में धोती दबा कर नहाने चला । जब वह कटि भर पानी में स्नान कर रहा था दुर्गा ने उसकी आँख में मोतिया बिन्दु की बीमारी डाल दी । वह अन्धा हो गया और कुछ भी दिखाई नहीं पड़ता था । दोनों सिपाहियों ने उसका हाथ पकड़ लिया और सिरसापुर में दुर्गा के कहने से लोरिक को बनखान में डाल दिया गया । दुर्गा क्रोध में लोरिक के पास पहुँच गयीं और उसको दबा कर मुसक चढ़ा दिया लोर गड्ढे में ढकेल दिया । राजा करनी सिरसापुर में अत्यन्त प्रसन्न हो उठा । इस प्रकार लोरिक को सात दिन व्यतीत हो गये और वह रो पड़ा । हाय, इस किले में मेरा जीवन नष्ट हो गया । बनसत्ती ने यह बात सुनी और तब गायों के अड़ार से सिरसापुर आयो । दुर्गा को फिर समझाया कि तुमने लोरिक की पूजा खायी है । उसने अपनी जांघ चीर कर तुम्हें रक्त पिलाया है । तू ने वचन दिया है जहाँ लोरिक का पसीना गिरेगा वहाँ तुम रुधिर गिराओगी । इतना वरदान देने के बाद फिर सिरसापुर में तू क्यों उसकी जान मरवा रही हो ? (११२)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—सनेस = संदेश । टटके = ताजा, अभी-अभी । जियरे = हृदय । गयल टिर्राय = क्रुद्ध हो उठा । धन = प्रिय । भेख = वेश । धइके = पकड़ कर, बना कर । खराऊँ = खड़ाऊँ । ना के = डाल कर । कुल्ला फराकत = नित्य-क्रिया, शौचादि । मयदान = मैदान, शौचादि । करिहाँव = कटि तक । हलोरा = हिलकोरा, डूबकी । मोतिया बिन = एक बीमारी जिससे आँख की रोशनी चली जाती है । उवारे पार = इधर-उधर, आर-पार । टूवें = छू रहे हैं । मुरमुर = मू मू कर । हेरायल = खो गया है । उदै = उदय । बिगरि गयल = बिगड़ गया । उपरल = उभर गया, प्रकट हो गया । कलपनवाँ = तड़प, रोना-कलपना । परल कलपना = उसकी तड़प मुझे लग गयी है । गटवा = गटा, कलाई । ओलिहयाले = प्रवेश करता है । भुनुस = क्रोध । पजरवा = पास । गड़बड़ा = गड्ढा । नीबियें को डारी = नीम की डाली पर । मगन = प्रसन्न, मग्न । झलुववा = झूला । उखमुब = उत्पात । अकसारी = अकेला । कनवा से = कान से । कोपितना = कुपित । अधं = अबाध, अधा कर ।

भावार्थ—दुर्गा ने बनसत्ती से कहा जो तुम कहो वही करूँ । बनसत्ती ने कहा—शीघ्र लोरिक को छुड़ाओ । दुर्गा हल्दी गयीं और चनवा उनके पैर पर गिर

पड़ी। माता तुम्हारा पता नहीं चलता है और न स्वामी का ही पता चलता है। दस दिन व्यतीत हो गये हैं। तब दुर्गा ने उत्तर दिया—तुमने नैहर में आग लगायी, ससुराल में आग लगायी। तुम दोनों घर फूँक कर बुर्ज पर बैठी हो तथा एकछत्र राज्य कर रही हो। तुम्हारे स्वामी किले में कैद हैं ? वह बनखान में मर जायगा। तुम रांड़ हो जाओगी। तुम्हें तेली नहीं मिला। तमोली, भड़भुजा या कलवार नहीं मिला। तुमने अहीर को चुना और हल्दी आ गयी। हँस कर चनवा ने कहा —हल्दी में तेली को रख लूँगी, भड़भुजा के साथ चली जाऊँगी। स्वामी की बँधी हुई पगड़ी डूबा दूँगी तथा तुम्हारी शक्ति भी डूबा दूँगी। यही तो हमारा काम है। यह सुनकर दुर्गा घबरा उठीं चनवा घोड़े पर सवार होकर सिरसापुर चलने को तैयार हुई। पर घोड़े ने कहा—मेरी पीठ पुरुषों के लिए है अगर तुम मेरी पीठ पर चढ़ोगी तो बड़ा अधर्म हो जायगा। (११३)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—लुकिया = लूक, आग। एकवटे = एकछत्र, अकेला। रांड़ = विधवा। बान्हल पगरी = बँधी हुई पगड़ी। बोरि देब = डूबा दूँगी, सैंया की प्रतिष्ठा नष्ट कर दूँगी। तबेले में = घुड़साल में। मेहरारू = स्त्री। करनवा = कारण से। कादर = कायर।

भावार्थ - मंगर घोड़े पर चढ़ कर तथा लगाम पकड़ कर चनवा हल्दी से चलने लगी। उसे जिसने भी देखा उसे हैरानी हुई। चनवा गले में निरखी एवं पैर में दोहरी पहन कर तथा तमांचा धारण कर तैयार थी। उसने जूते पहन लिये थे तथा ओड़न और बिजली का खडग ग्रहण कर घोड़े पर सवार थी। वह सिरसापुर पहुँची। घोड़े की ठनकार लोरिक के कानों तक पहुँच गयी। बावन सूबे जो राजा करनी के फाटक पर एकत्र हुए थे, ध्यान से देख रहे थे। लोरिक के घोड़े की ही भाँति घोड़ा दिखाई पड़ रहा था। सब सोचने लगे अब सिरसापुर में हमारी मृत्यु निकट आ गयी है। (११४)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—उलटा पछाड़ा खाय = सब लोग परेशानी में अभचूभ हो रहे थे। बरवलू = चुना। तेली करब तमोली भूजा कै लेबे कलवार = तेली, तमोली और भड़भूजा को अपना लूँगी। रंचक = जरा भी, थोड़ा भी। गम = दुख। कादर = कायर। भूरे बादल खहराय = सूखे बादल गड़गड़ाने लगे। ठनकल = ठनकने लगा। नवले हउवे = डाल दिया है। मनुसवा = मनुष्य, व्यक्ति।

भावार्थ—बावन सूबे घबरा कर चनवा के पास गये और पूछा—तुम्हारा वतन कहाँ है ? तुम्हारे माता पिता कौन हैं ? तुम्हें कहाँ जाना है ? चनवा ने बताया—कुसुमापुर वतन है। महदेव पिता हैं तथा सिल्हिया मेरी माँ है। मेरा नाम सहदेव है। मेरी एक बहन है, उसका नाम चनवा है। गउरा का अहीर लोरिक उसे अपहृत कर हल्दी आया था। राजा करनी ने कुसुमापुर में यह पत्र भेजा है कि जिसने मेरी बहन का अपहरण किया है, वह कैद है। मैं उसे देखने आया हूँ। सारे सूबे भयभीत हो गये। हम लोगों का शत्रु आ पहुँचा है। एक सूबा चनवा को तम्बू में ले गया तथा

कुर्सी देकर उसे बिठाया। घोड़ा मंगर को बंधवा दिया गया। प्रातःकाल लोरिक बन-खान से निकाला गया। नाऊ बुलवा कर उसकी हजामत बनवायी गयी तथा हार पहना कर उसे फाटक पर लाया गया। चनवा उसे देख कर आंसू गिराने लगी। जो मेरे पति फूल की भांति हल्दी में खिले हुए थे वे फूल ही की भांति मुर्झा गये हैं। तब बावन सूबों ने पूछा—आज तुम इस फाटक पर क्यों रो रहे हो। हमें बड़ी शंका हो रही है। (११५)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—सुगवा = तोता। कोइलर = कोयल। ओतन = वतन। बुन = बूंद, वीर्य। ओहार = अपहरण। बार = बाल। फूलवन की नइयाँ = फूलों की भांति। बाड़ें कुम्हिलाय = कुम्हला गये हैं।

भावार्थ—चनवा ने कहा ऐ जवानों, इसने मेरी बहन का उद्धार किया है। मेरा हृदय खोल रहा है। मैं इसको मारे बगैर नहीं छोड़ूँगा। इधर राजा करनी ने सिरसापुर में दुर्गा की पूजा के लिए चबूतरा बनवाया। कुंआ खुदवाया। अर्घा बनवाया तथा उसमें बहंगी से घी डाला। लोरिक की कलाई पकड़कर राजा करनी अपने हाथ में तलवार लेकर उसे चबूतरे के चारों ओर घुमाने लगा। चार फेरे घुमाने के बाद राजा करनी ने लोरिक से कहा जो मांगना हो मांग लो। जिस देवता को पुकारना हो पुकार लो हम तुम्हारा बलिदान करेंगे। लोरिक ने रो-रोकर पुकारा—मेरी माँ का सत कहाँ चला गया? धरमी माई का सत कहाँ गया। मेरी विवाहिता का सत कहाँ चला गया? आज सिरसापुर में मेरी जान जा रही है। माँ बनसत्ती कहाँ गयीं जो बायें रहती थीं। माँ दुर्गा कहाँ गयीं जो दाहिने रहती थीं। पुकार सुनकर दुर्गा प्रसन्न हुईं। चनवा घोड़े से उतर गयी। राजा करनी के हाथ की तलवार खींच ली। फिर लोरिक की कलाई—पकड़कर उसे अपने पास लायी। करनी से कहा—लाओ, मैं बलिदान चढ़ाता हूँ। उसने लोरिक को पांच बार घुमाया। इस बीच दुर्गा ने सारी पलटन को अंधाकर दिया। चन्दा ने अपने सारे अस्त्र-शस्त्र लोरिक को दे दिये। फिर चन्दा मंगर घोड़े के पास गयी कि जल्दी मुझे हल्दी ले चलो। मंगर ने कहा—तुमने पुरुष का रूप धारण कर लिया था। इस बार तुम स्त्री दिखाई पड़ रही हो। मैं तुम्हें अपनी पीठ पर नहीं बैठाऊँगा। चनवा ने समझाया कि यदि ऐसा नहीं करोगे तो किले में मेरी इज्जत लुट जायगी। हल्दी में मेरे मुँह में कालिख पुत जायगी। (११६)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—मेवाफरन के बगवान = फलों के बगीचे में। पदन में = पद में। चउरिया = चबूतरा। देलें रे खनवाय = खुदवा दिया। अरघा = अर्घा। बहंगी = कांवर। तरवरिया = तलवार। आंगे = किनारे। फेरा = चक्कर। तउवा = तवा। लोहवा = लोहा, युद्ध। गोसयां = गोस्वामी, मालिक। पोति जाइ करिखवा = कालिख पुत जायगी, इज्जत नष्ट हो जायगी।

भावार्थ—चनवा घोड़े पर एक ओर पैर रखकर बैठ गयी। घोड़ा लोगों की खोपड़ियाँ तोड़ते हुये उड़ गया। लोरिक ने ओड़न की मुट्ठी दबायी जिससे चारों ओर

प्रकाश फैल गया । सर्वत्र आग के अंगारे बरसने लगे । मुन्डों की माला तैयार होने लगी तथा लाशों का खलियान तैयार हो गया । वनसत्ती लोरिक के बायें तथा दुर्गा उसके दाहिने सहायता कर रही थीं । जब लोरिक राजा करनी को मारने दौड़ा, दुर्गा सामने आ गयीं और लोरिक से कहने लगीं —करनी का कोई दोष नहीं है । तुमने हल्दी में बड़ा पाप किया है । चनवा के सामने शेखी मारी और कहा बायें वनसत्ती तथा दाहिने दुर्गा क्या करेंगी ? मैंने अपनी शक्ति से नेउरापुर जीता है । इस कारण मुझे क्रोध हुआ । लोरिक ने अपनी गलती स्वीकार की । फिर वह घोड़े पर चढ़ गया और हल्दी पहुँचा । चन्दा ने गद्दा बिछाया । पैर धोया और पूछा इस बार सिरसापुर से कैसे आये ? लोरिक ने बताया कि माता का सत, भउजा का सत, तथा भइया का सत सहायक हुआ । बायें वनसत्ती और दाहिने दुर्गा सहायता कर रही थीं । शत्रु को मैंने इस प्रकार जीता । पांचू भगत कह रहे हैं कि (दुर्गा की) बात नहीं मानोगे तो, ऐ लोरिक, तुम्हारी जान नहीं बचेगी । (११८)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी— गोल = पलटन । दोस = दोष । सोखिया हंकल = डिंग मारी, शेखी मारी । कोपि गयल = क्रुद्ध हुआ । मोटका = मोटा । गदवा = गद्दा । बगलिया में = बगल में । पांचू भगत = गायक ने अपना नाम स्मरण किया है ।

भावार्थ—यहाँ गउरा में मंजरी रो रही है । ससुर मलसांवर बोहा में मारे गये तथा सारी गायें अपहृत कर लो गयीं, सारा धन लूट लिया गया । उसके पति हल्दी में जाकर टिके हुये हैं । संवरू ने बोहे में तालाब खुदवाया था और चुन-चुनकर उसमें सात घाट बँधवाये थे । पूर्णिमा का दिन आया तो बारह सौ गोपियाँ वहाँ स्नान के लिये चलीं । मंजरी ने ऐसी फटी साड़ी पहन रखी है जिसमें सात पैबंद हैं । उसी तरह की साड़ी उसकी कांख में है । वह घाट पर आ गयी, स्नान किया और पीताम्बर अपने शरीर पर धारण किया और रोते-रोते गायों के अड़ार पर गयी । वह अपने भाग्य को कोसते हुये तट पर जा रही थी कि जग्गू बनजारा दिखाई पड़ा । उसके कानों में मंजरी का करुण क्रंदन पड़ा । वह अपने बैलों को छोड़कर घाट पर आ गया । मंजरी की करुण दशा देखकर वह छाती पीटने लगा । बहन तुम्हारे जन्म के समय सवाघरी सोना चांदी बरसा था सो तुम्हारे ऊपर कैसी विपत्ति आ गयी है ? यदि अन्न और धन की कमी हो गयी हो तो मैं गाड़ी पर लदवाकर भेज दूँ । किस कारण यह चिथड़ा पहन रही हो । मंजरी पैर पर गिर पड़ी और अपनी सारी दुखद गाथा सुनायी । मेरे ससुर बोहा में मारे गये । स्वामी जाकर हल्दी में टिक गये । सारा कुटुम्ब और परिवार शत्रु हो गया है । मेरा नौलखा हार तथा घर का घी, गुड़, अन्न सब लुट चुका है । मेरे नान्हू भइया जो अगोरी से आये थे, पीपरी में भाड़ झोंक रहे हैं । ऐ भइया, गउरा में कोई नहीं है जो मेरी विपत्ति काट सके । ऐसा कोई व्यक्ति नहीं है जिससे मैं सन्देश भेजूँ । जग्गू ने कहा —जितना कहो मैं धन गजवां दूं । कल प्रातःकाल हल्दी में तुम्हारा संदेश पहुँच जायगा । (११९)

की दूकान लीपपोत रही है। इस पर भी तुम यहाँ टिके हुये हो। मञ्जरी की इज्जत गउरा में लुटी जा रही है। तुम्हारे धन लुट जाने तथा भाई के मर जाने की चिन्ता मुझे कम है पर तुम्हारा धर्म लुट रहा है, इसकी चिन्ता अवश्य है। तुम यहाँ राजा बनकर बैठे हुये हो। लोरिक यह सुनकर रो पड़ा और उसने जग्गू का गला पकड़ लिया तुमने ऐसी विपत्ति सुनाई है। मैं गले में घड़ा बाँधकर कुएँ में डूब जाता हूँ। (१२१)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—पाहुन = दामाद, बहनोई, अतिथि। समानता न होते हुए भी पाहुन कहने का रिवाज पूर्वी उत्तर प्रदेश के गाँवों में है। ए वखत = इस वक्त। इस समय। सरवा = साला। बोरवा = बोरा। सोझे = सीधे। कोठिले = कोठरी, कमरा। लुकरेवावें = छिपा दिया। लमहरे = दूर। बज्जर = वज्र। मंडुवा = मंडप में। पेउना = पैबंद। गम = दुख। गरवा = गला। गगरी = घड़ा। गोलिया = गोली। गरे में = गले में।

अध्याय ५

लोरिक की गउरा वापसी

भावार्थ—जग्गू से बातचीत के बाद लोरिक ने गउरा की तैयारी की। जग्गू ने कह दिया जल्दी आओ। तुम्हारी पत्नी ने तीन-तीन पति कर रखे हैं। तुम्हारी पगड़ी डूब गयी और तुम्हारा पौरुष डूब गया। यह सुनकर लोरिक घबराया हुआ चनवा के पास गया। उसको डाँटते हुए कहा—तुमने नैहर और ससुराल दोनों जगह आग लगा दी। तुमने मांगी को सन्देश भी नहीं कहने दिया। उसने चनवा को आज्ञा दी, हल्दी से अन्न, धन, तम्बाकू, कनात, हाथी घोड़ा, पलटन, सिपाही लेकर गउरा आओ। तब तक मैं अकेले जा रहा हूँ। लोरिक ने मंगर घोड़े की पीठ पर जीन और पाखर लाद कर, उसके मुँह में सोने की लगाम लगाकर तथा उसके पैर में घुंघरू और गर्दन में साठ मोहरें डाल कर उस पर बैठ गया। घोड़ा आकाश में मंडराने लगा। इधर चनवा मागती हुई जपुनी के द्वार पर पहुँची। (१२२)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी मतार = मर्तार, पति। पगरी = पगड़ी। चुकरवा मरले हउवे = किसी ने अपमान किया है। आँखे हउवे दे (रवाय) = किसी ने तुम्हें आँख दिखाई है। करजहरू = कर्ज देने वाला। तगदवा = तकाजा। लुकिया = लूक, आग। छनवां में = क्षण में। सनमुखवा = सम्मुख। सोरिया = जड़।

मञ्जरी तुम्हारा भाग्य खुल गया है। इधर लोरिक गायों के अड़ार में पूजा की तैयारी करने लगे। उसके लिए सगड़ से पानी लाने गये ताकि चउरी को लीप-पोतकर साफ करें। जब वह पानी के लिये मलसांवर के सगड़ पर गये तो वहाँ झीमल मल्लाह मछली मार रहा था। झीमल से लोरिक ने पूछा यह पोखरा किसने खुदवाया है। तथा इसका घाट किसने बंधवाया है। किसकी जांघ की शक्ति से मछली मार रहे हो। मल्लाह ने उत्तर दिया। महादेव ने पोखरा खुदवाया। सहदेव ने घाट बँधवाया। सिल्हिया की शक्ति के जोर पर मैं यहाँ मछली मार रहा हूँ। तब लोरिक ने उसकी कलाई पकड़ ली और केहुनी से ऐसा मारा कि वह भहराकर गिर पड़ा। तब वह कहने लगा मलसांवर ने पोखरा खुदवाया। सतिया ने घाट बंधवाया तथा लोरिक के बलबूते पर मैं मछली मार रहा हूँ। लोरिक फूल लेने के लिए मालिन के पास गये। मालिन ने उन्हें नहीं पहचाना। वह मलसांवर के मरने के बाद अंधी हो गयी थी। उसने लोरिक को बताया कि मल-सांवर मारे गये। गायें पीपरी चली गयीं। एक उनका भाई था वह दुष्ट हल्दी चला गया। लोरिक ने अपना परिचय दिया, तब वह रो-रोकर कहने लगी—तुम्हारा जन्म व्यर्थ गया। तुम व्यर्थ यहाँ मुँह दिखा रहे हो। संवरू मारे गये। तुम्हारी सारी गायें पीपरी में हर ली गयी हैं। तुम्हारे साले पीपरी में भाड़ झोंक रहे हैं। तुम्हारी माँ के पैर में रस्सी बाँध दी गयी थी तथा लड़के उनको घसीट रहे थे। अगर तुम सारी गायों को लौटा लो तो समझ लूँ कि संवरू गायों के अड़ार पर जीवित हैं। यदि ऐसा न कर सको तो दही के घड़े की भाँति कुएँ में जाकर गिर पड़ो। (१४४)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—काल्ह = कल। असगुन = अपशकुन। सरप = सर्प। खिड़रिच = एक पक्षी, खंजन। पाग = पगड़ी। चिक्कन = चिकना। हींड़ि हींड़ि = पानी को हिड़कर, हलकार कर। बरियई = जोर से। माछ = मछली। खनउलस = खुदवाया। पोखरा = तालाब। डेवढ़िया = डेवढ़ी। लवड़ा कपूत = एक गाली है। यह गाली अभी भी पूर्वी उत्तर प्रदेश में दी जाता है। ना जनी = न जाने। कादों = या। सनमुखवा = सामने। नाहक = व्यर्थ। भरसाय = भाड़। खोरियै के खोरियै = गली-गली। गगरी = घड़ा।

भावार्थ—लोरिक ने कहा—माता मुझे फूल दे दो कि मैं गायों के अड़ार में पूजा करूँ। बुढ़िया ने कहा मलसांवर के मरने के बाद से—चंपा, बेला, गुलाब, तथा अन्य सभी फूल सूख गये। देवहा के किनारे जो कनेर के फूल हैं उन्हें लाओ और पूजा कर लो। लोरिक जाकर फूल ले आये तथा चार हार बना कर उनमें से एक पूजा के लिए रख लिया तथा शेष तीन बुढ़िया को देकर उसे गउरा भेजा। उसने कहा एक हार मेरे साथी अजई को देना। दूसरा मेरे घर में देना तथा तीसरा कुसुमापुर देना जहाँ मेरी नयी ससुराल है। लोरिक ने यह भी समझा दिया कि मेरे बारे में कहीं चर्चा न करना और जो भी विदाई मिले उसे लेकर मेरे पास आना। मालिन ने सिर पर टोपा रखा तथा कनउज बाजार चली। धोबी के द्वार पर पहुँची तो विजवा ने कहा-

कि आज तो बड़ा अच्छा हार लायी हो। एक अच्छा हार बनाने वाला गायों के अढ़ार में मर गया। दूसरा हल्दी के बाजार में मर गया। बुढ़िया मालिन ने कहा—मैंने बहन के बेटे को गोद में लिया है। उसका गौना करवाना है। मेरी पतोहू ने इसे बनाया है। उसके लिए कुछ भेंट दो। धोबी के यहां विदायी में कोदो मिला। बुढ़िया ने एक हार ले जाकर लोरिक की बुढ़िया मां के गले में डाला। मंजरी इसी बीच बाहर आ गयी। गले में हार देखकर वह रो पड़ी। उसने अपने हाथ के सोने के जोसन को बुढ़िया के टोपे में रख दिया और कहा—मुझसे कुछ विदाई देते नहीं बन रहा है। तुम बड़े घर की विदायी की गउरा में निंदा मत कराना। (१२५)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी चंपा = चंपा का फूल। बेइल = बेला। देवहा = एक नदी का नाम। पूर्वी उत्तर प्रदेश में बही सरयू को घाघरा या देवहा कहते हैं। कनइल = कनेर। मलिनियां = मालिन। नाँव चरचा = नाम-चर्चा। हाली-हाली = जल्दी-जल्दी। नीकनी काम = सामान्यतः अच्छा। गछरइया = गूँथने वाला। मूवें लें = मर गये। पतोहिया = पतोहू, पुत्र वधू। कोदो = बाजरे की जाति का एक अनाज, यह अनाज बहुत घटिया समझा जाता है। गहकिया = ग्राहक। हरवा = हार। मतवा = मां। गछलस = गूंथा। गोदइ = गोद में। गांछत = गूंथ रही है। विदइया = विदाई। अरगनी—कपड़े रखने की खूंटी, या रस्सी। पीतामंर = पीताम्बर। जोसनवा = बांह में पहना जाने वाला एक गहना। अइया = दादी।

भावार्थ—मंजरी ने जो विदायी दी थी उसको अपने टोपे में रखकर बुढ़िया कुसुमापुर गयी। वहां सहदेव महदेव के द्वार पर जाकर उसने चनवा की मां को हार पहनाया। चनवा की माँ सिल्हिया ने कहा, उसको सेर भर सवां विदायी में दो। विदायी लेकर बुढ़िया ने बोहा का रास्ता लिया। रास्ते में वह सिल्हिया को गाली देती जा रही थी। लोरिक ने बुढ़िया से पूछा—क्या-क्या विदायी मिली है? बुढ़िया ने बताया तुम्हारे दोस्त अजयी ने सवा सेर कोदो दिया है। तुम्हारी बियाहिता ने एक पीताम्बर तथा सोने का जोसन दिया है। सब गउरा में नामी है पर—तुम्हारी स्थिति बिगड़ जाने पर भी तुम्हारे घर की मर्यादा है। चनवा की मां सिल्हिया ने सवा सेर सांवा दिया है। बुढ़िया ने गउरा की प्रशंसा की। फिर लोरिक ने एक उपाय रचा। उसने एक पत्र लिखकर गउरा भेजा कि बोहा में एक-एक कहतरी दही के लिए दुगुना दाम दिया जायगा। बुढ़िया पत्र लेकर गयी और उसने घर-घर में यह खबर प्रचारित कर दी। बुढ़िया को लोरिक ने यह समझा दिया था कि वह उसका नाम किसी को न बतावे। लोरिक के द्वार पर जाकर उसकी बूढ़ी मां को भी उसने जाकर खबर सुनायी। मंजरी ने दही लेकर जाने की इच्छा प्रकट की। बुढ़िया मां इस पर बहुत नाराज हुई। उसने कहा—ऐ मांजरि, गउरा में हमारे घर पर बुरे दिन आ गये हैं—कुटुम्ब तथा परिवार सभी दुश्मन हो गये हैं। कोई शत्रु बोहा में टिका होगा तो वह तुम्हारा धर्म लूट लेगा, पर मंजरी जाने को तैयार हो गयी। उसने दही बनायी तथा

प्रातःकाल सोरह सौ गोपियों के साथ दही लेकर बोहा चली। बेवरा नदी पर गोपियों ने भीमल को बुलाया। भीमल ने कहा अगर तुममें से एक भाड़े की ऐवज में रह जाय तब मैं सबको गायों के अड़ार में उतार दूँगा। गोपियों ने आपस में परामर्श कर मंजरी को उसे सौंप देने का निश्चय किया। भीमल ने नाव किनारे लगा दी। गोपियाँ आज मंजरी से बड़े प्रेम से बोल रही हैं। मंजरी को इस पर प्रसन्नता भी हुई। मंजरी चार गोपियों की आड़ में छिप गयी कि गउरा में हमारे बुरे दिन आ गये हैं, कहीं भीमल मेरी कलाई न पकड़ ले। भीमल दो-तीन बार इधर-उधर जाकर गोपियों को चुनने लगा पर कोई उसके हृदय में नहीं बैठ रही थी। तीसरी बार—उसको मंजरी पसन्द आयी। वह चार गोपियों के पीछे खड़ी थी। जब उसने मंजरी का हाथ देखा तब दौड़कर उसको पकड़ने चला। मंजरी अपनी टोकरी के साथ पीछे हटने लगी। भीमली उसका पीछा करने लगा। तब मंजरी ने धरती पर टोकरी रख दी और भीमली की गर्दन पर अपनी बाहों से दे मारा। भीमली धरती पर महराकर गिर पड़ा। फिर उस पर ऐसा पदाघात किया कि उसकी बगल की हड्डी टूट गयी। वह फिर टोकरी लेकर किनारे पर खड़ी हो गयी। आंचल खोलकर वह अपने सत का स्मरण करने लगी। अगर मेरे शरीर में सत शेष रह गया हो तो इस देवहा नदी का पानी सूख जाय। उसने खींच कर अपने सत को मारा और देवहा का पानी सूख गया। सारी गोपियाँ सूखी हुई नदी पार कर गयी। पीछे से मंजरी भी चली। तब भीमली ने मंजरी के पास जाकर दोनों हाथ जोड़कर प्रार्थना की। देवहा में पानी कर दो, नहीं तो बोहे में मेरे बाल-बच्चे मर जायेंगे। (१२६)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—कपरवे पर = सिर पर। पयंड़ा = रास्ता। डगरिया = डगर, मार्ग। मचिया = बैठने का मोढ़ा। गछवइया = गूँथने वाला। हुकुमई = हुक्म। टोप = बड़ी टोपी। गारी = गाली। जोसनवा = बाहों में पहना जाने वाला एक सोना या चांदी का गहना। गोद घली ला बइठाय = उसको गोद में बैठा लिया है। हरवा = हार, माला। बड़के = बड़ा। सउवां = सवां, एक प्रकार का अन्न। सावां कोदो एक ही जाति के अन्न हैं। नडकी = नयी। नीक = अच्छा। पतियाय = विश्वास कर। कहंतरी = दही जमाने का मिट्टी का वर्तन। अथरी = कहंतरी। पूरू बहा = पूर्व का। सनेह = संदेश। चरचा = चर्चा। बिहने = प्रातःकाल। बिगरल = बिगड़ गया। अइया = दादी। भीमल = मल्लाह का नाम। बेवरा नदी = इसके पूर्व इस नदी को देवहा कहा गया है। सुति-सुति = सो सोकर। डोंगा = नाव। हुंकारी ना भरी = स्वीकृति नहीं दे रहा था। सउंजवा = सलाह। खलिहर = खाली। सैनवां = संकेत। लेबा बराय = चुनकर ले लो। करारे में = किनारे। लुकायल = छिपी हुई है। परायल = भागते हुए। लुलुवया = हाथ का अंगूठा। कपार = सिर। कररवा = किनारा। सरिरिया = शरीर। झूरयै = सूखा। दसो नहयां जोरि = दोनों हाथ जोड़कर।

भावार्थ—तब मंजरी ने भीमल से कहा—तुमने अच्छा काम नहीं किया।

तुमने बोहे में मेरी कलाई पकड़ी। जब मेरे स्वामी हल्दी से लौटकर आयेंगे तो मैं तुम्हारी जान मरवा दूँगी। जब मंजरी ने इतनी बात कही—भीमल ने हाथ जोड़ लिया। रोते हुए कहा—दिवहा में पानी कर दो, नहीं तो मेरे बाल-बच्चे मर जायंगे। मंजरी ने अपने सत का सुमिरन किया। फिर दिवहा का पानी जैसे था वैसा ही हो गया। वह अपनी टोकरी लेकर बोहा गयी। बारह सौ गोपियाँ बोहा में दही बेच रही हैं। मंजरी भी धेले पैसे की दही बेचने चली। इधर चनवा चनराजीत को तेल लगा रही थी। उसने सेविका से कहा मंजरी की कलाई पकड़ कर लाओ। सेविका ने जाकर उसकी कलाई पकड़ ली और सभी वहाँ से भाग खड़ी हुईं। सबने जाकर खोइलनि से कहा कि हमने तो बाहर से दही दिया पर मंजरी वहाँ पकड़ ली गयी है। अब तुम्हारा धर्म नहीं बचा है। इधर मंजरी तम्बू में खड़ी है जहाँ लोरिक का ओढ़न और उसका खड्ग टंगा हुआ है। चनवा बड़ा सा घूँघट निकालकर चनराजीत को तेल लगा रही है। मंजरी ने उससे पूछा कि यह किसका ओढ़न और खड्ग है ? जल्दी बताओ मुझे चिन्ता हो रही है। चनवा ने कहा—यहीं कहीं गढ़ गउरा है। वहाँ से चनवा का अपहरण करके एक पुरुष भाग गया था। मेरे पति ने उसे मार डाला और उसका ओढ़न तथा खड्ग छीन लिया। इसी बीच चनराजीत रो पड़ा। चनवा का घूँघट अकस्मात खुल गया। मंजरी की उस पर दृष्टि पड़ गयी। उसने चनवा का केश पकड़ लिया और उसको केहुनी से मारना शुरू किया। चनराजीत दौड़ते हुए लोरिक के पास गया। लोरिक ने कहा जाकर उसे समझा दो वह तुम्हारी बात मान जायगी। चनराजीत वहाँ आया और दोनों हाथ जोड़कर उसने कहा—माँ, तुम मेरी बात मानो। हल्दी की कमाई में तुम्हारे सामने आया हूँ जितनी विपत्ति गउरा में आयी है मैं सब काट दूँगा। जितना धन लूटा गया है उसका दुगुना करवा दूँगा। जितनी गायें हरी गयी हैं उसकी दुगुनी गायें करवा दूँगा। ऐ माँ गउरा में तुम्हारा विवाह लिखा था तथा कुसुमापुर में उद्धार लिखा था। इसी प्रकार नेउरापुर में युद्ध लिखा था। पिता जी ने बारह सौ गोपियों को मुक्त करवा दिया है। (१२७)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—कलइया = कलाई। पातर = पतला। दिन पातर = पतला दिन, खराब दिन। कसूर = कुसूर, अपराध। दउरी = टोकरी। मींजत हउयें = मालिश कर रही है। गट्टा = कलाई। बिरा = बालिश्त। केकर = किसका। कतों = कहीं =। ओढ़निया = ओढ़न, ढाल। सती होय बदे = सती होने के लिए। दउरत = दौड़ते हुए। कमइया = कमाई। बिपत = विपत्ति। लोहवा = लोहा, युद्ध।

भावार्थ—मंजरी चनवा को छोड़कर दूर हट गयी और चनराजीत की बात सुनने लगी। वह बुद्धि में प्रखर थी। इधर चनवा ने मंजरी की टोकरी में सोना, चांदी, रखकर सांवा कोदों से उसे ढंक दिया। जब मंजरी टोकरी लेकर दरवाजे पर पहुँची तो बुढ़िया खोइलनि बहुत क्रुद्ध हुई। जब उसने देखा कि मंजरी के दूध के बर्तन में सोना चांदी है तो वह चिंतित हो उठी। और सभी गोपियों को तो अधेला पैसा मिला,

मंजरी को सोना-चांदी क्यों मिला ? बुढ़िया ने ओखल से मूसल उठाकर मंजरी को मारना शुरू किया । तुमने गउरा में धर्म लुटा दिया । हमारी इज्जत चली गयी । फिर अनूपी ने भी उसे बट्ठये तथा मुँगदर से मारा । उसने कहा—मंजरी के सत की परीक्षा ली जाय । कढाहा मंगवाकर उसमें तेल भरवाया गया तथा उसके नीचे लकड़ी जला दी गयी । मंजरी ने अपने सत का स्मरण किया । जलता हुआ तेल ठंडा हो गया । इस पर भी अनूपी को विश्वास नहीं हुआ । उसने कहा—चलकर बोहा में मुझे गायों का अड़ार दिखाओ । मंजरी तथा अनूपी दोनों साथ-साथ चलीं । देवहा नदी के किनारे मंजरी ने अनूपी से कहा—सत का पुल बनाओ तब समझूँगी कि तुम्हारा धर्म बचा है । मंजरी ने अपना सत सुमिरन किया पुल तैयार हो गया । अनूपी को लेकर मंजरी पुल पार कर गयी । अनूपी ने डोमिन का रूप धारण किया, हाथ में झाड़ू धारण किया और देवहा के तट पर नाचने लगी । सबके सामने नाचती हुई वह चनवा के तम्बू के पास पहुँची । मंजरी पीछे रह गयी । अनूपी का नाच देखकर चनवा हँसने लगी । वह लोरिक के तम्बू में गयी तथा उससे डोमिन का नाच देखने के लिए कहा । लोरिक ने उससे कह दिया जाकर तुम स्वयं नाच देखो । चनवा लौटने लगी तो उसकी आँख अनूपी से मिल गयी । वह ऐसा नाच-नाच रही थी कि नीचे धरती मुग्ध थी तथा ऊपर ब्रह्मा का कैलाश मुग्ध हो रहा था । उसका नाच देखकर गउरा का अहीर भी मुग्ध हो उठा । (१२८)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—हँसियार = होशियार; चतुर । दउरी = टोकरी । दूह हंड = दूध की हांडी । उभिलै = उलट दिया । ओखरी = ऊखल । मूसर = मूसल । मुंगरवन = मूंगर । चइला = लकड़ी । करहा = कड़ाह । बढ़नी = झाड़ू । सोझे = सीधे । नचिया = नाच । उपरां = ऊपर । कयरे लं = कैलाश ।

भावार्थ—अनूपी की नजर लोरिक पर पड़ गयी । उसने ऐसा नाच दिखाया कि लोरिक अपने तम्बू से भाग खड़े हुए । चनवा अपने फाटक पर बैठकर हँस रही थी । अनूपी ने हाथ की टोकरी दरवाजे पर फेंक दी, फिर झाड़ू फेंक दिया और तम्बू में नाचने लगी । नाचते-नाचते अनूपी ने चनवा का झोंटा पकड़ लिया । मंजरी उसे लतियाने लगी । चनराजीत दौड़कर लोरिक के पास गया कि दो बुढ़िया औरतें मेरी मां को मार रही हैं । लोरिक ने चनराजीत से कहा कि वह जाकर उन्हें समझा दे । चनराजीत ने फिर जाकर मंजरी को समझाया कि मैं तुम्हारी विपत्ति हर लूंगा । अनूपी और मंजरी दोनों रोने लगीं । लोरिक भी तम्बू में रोने लगा । मंजरी ने लोरिक से कहा—तुमने व्यर्थ गौना कराया । स्वयं हल्दी चले गये और मुझे भारी विपत्ति दी । लोरिक तथा मंजरी दोनों भरपूर रोये । इस प्रकार मंजरी को बोहा में दो चार घंटे बीत गये । गुंडों और शोहदों ने बुढ़िया खोइलनि से कह दिया—तुम्हारी दोनों बहुओं को गुंडों ने हर लिया । बुढ़िया अजयो धोबी के द्वार पर गयी । वियजा द्वार पर मिली । बुढ़िया ने उससे कहा—बोहा में मेरी बहुएँ लुट गयी हैं, उन्हें छुड़ा दो । धोबी पहले तो

तैयार नहीं हुआ पर बिजवा के कहने पर कि तुम साड़ी पहनकर बैठो, मैं दोनों बहुओं का धर्म बचाने जाऊँगी, अजयी जाने को तैयार हो गया । गले में निरखी, सिर पर पगड़ी, तथा मुँगदर आदि सबसे सुसज्जित होकर वह सगड़ पर पहुँच गया । वहाँ तालाब में कूद गया और उसे पार करके घोड़ा संवरू के पास आया । घोड़े को ऐसा मुंगदर मारा कि वह भाग खड़ा हुआ । वह लोरिक के पास आकर कहने लगा—मेरे ऊपर ऐसी मार पड़ी है कि मेरे बगल की हड्डी टूट गयी है । (१२९)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—बढ़नी = झाड़ू । गगरिया = घड़ा । झोंटवा = झोंटा, बाल । लतवन = लात से । गिदरवा = बच्चा । गवनवा = गौना । ठउरी = जगह । सनेस = संदेश । अवनवा = आगमन । बिका गइलैं = बिक गये । दवर के = दौड़कर । नाहकि = बेकार । पुरुबहा = पूर्व का । बहरवा = बाहर । पंजरिया = बगल का ।

भावार्थ—अजयी धोबी सीढ़ी पर बैठ गया और इसी प्रकार रात व्यतीत हो गयी । प्रातःकाल लोरिक के सिपाही भीटे पर गये । तब अजयी ने जोर से खांसा । उसकी आवाज सुनकर सिपाही भाग खड़े हुये । लोरिक स्वयं सगड़ पर आये । भेंट होने पर दोनों सिसकियाँ भरकर रोने लगे । फिर धोबी ने बताया कि एक तरफ से पीपरी गाँव ने चढ़ाई कर दी । दूसरी तरफ से कुसुमापुर चढ़ आया । बोहे में सारी पलटने उतर आयीं । सात-सात दिन तक तुम्हारे भइया कोड़े चलाते रहे, सात दिन तक दुहानी चलाते रहे और सात दिन तक उपने से मार करते रहे । वह बार-बार हल्दी की ओर एकटक देख रहे थे कि कब मेरी पीठ का भाई लौट आयेगा । अन्त में गुरुवचन के बाणों से घायल होकर गायों के अड़ार में गिर पड़े । गुरमा डाइन ने संवरू का सिर काट लिया और उनका सिर पीपरी ले गयी । नान्हू आजकल पीपरी में भाड़ झोंक रहे हैं । भइया तुम पीपरी पर चढ़ाई करके अपनी गायें लौटा लो तब हम समझेंगे कि संवरू भइया गायों के अड़ार में जीवित है । (१३०)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—खोंसे लगलें = खांसने लगे । भगवा = लंगोटी । छापें = किनारे के जल पर पानी छूने जाने लगे । कनिया बाला = कन बाला । सुसुक-सुसुक = सिसकियाँ भरकर । बयनवां = वर्णन, बयान । रूखवा [illegible] परास = रूख और पलाश, वृक्ष तथा पत्तों । नइकी = नयी । कंडन = कंडा का, बाण । दुहनियै = दुहानी । गोंइठवन = उपला, गोंइठा । बनवां = बाण । भेड़रिया = गोलाई, वृत्त । भेड़रिया देइ हो देलीं = वृत्त बना दिया । दुधवन = दूध । लास = लाश ।

भावार्थ—धोबी अजयी ने कहा—गढ़ गउरा चलो । लोरिक ने धोबी से कहा कि मैं कल प्रातः आऊँगा । अजई गउरा वापस आ गये तथा लोरिक की माँ को बताया कि तुम्हारा बेटा बोहा में आ गया है । तुम्हारा धर्म नहीं लुटा है । लोरिक अपने घोड़े पर गउरा पहुँचे और माँ के चरणों पर गिर पड़े । जय-जयकार के बाद बुढ़िया माँ ने कहा—लोरिक तुम्हारा जन्म व्यर्थ हुआ । तुम्हें अपने गले में घड़ा बाँधकर कुएं में डूब जाना चाहिये । तुम जाकर हल्दी टिक गये और गउरा की सुधि बिसरा दी । तुम्हारे

भाई मर गये और गउरा में तुम्हारी नाव डूब गयी है। घोड़ा फिर धोबी के द्वार पर पहुँचा। बिजवा घर से बाहर आयी और उसने लोरिक को बैठने के लिए कुर्सी दी। फिर लोरिक और अजई पीपरी पहुँचे। नान्हू की खोज खबर ली। नान्हू बनछिउली में आकर लोरिक के चरणों पर गिर पड़ा लोरिक उसे लेकर गउरा आये। फिर बारह जोड़ी सिहा, चौदह जोड़ी करताल तथा चौदह जोड़ी धंउसा बजने लगे। डोलियाँ तैयार हो गयीं। गउरा में बोहे से डोलियाँ चलने लगीं। सबसे पहले मञ्जरी की डोली थी, फिर अनूपी की। उसके पीछे चनवा की डोली जा रही थी। घोड़ा मंगर भी नाचते हुये जा रहा था। गउरा में उसका नाच देखकर लोग मुग्ध हो रहे थे। वहाँ की गोपियाँ खिड़कियों से झाँकने लगीं। कितनों ने तवों पर रोटियाँ छोड़ दीं। बहुतों ने आटा गूँथना रोक दिया। जब अहीर का मुँह देखा तब सभी डर गयीं। उनके चेहरे सशंकित हो उठे। लगता था गउरा में सबकी मृत्यु निकट आ गयी है। मञ्जरी की डोली फाटक पर आ पहुँची। तीनों गोपियाँ गउरा में अपने-अपने किले में प्रविष्ट हुईं। मञ्जरी तथा चनवा ने एकछत्र राज्य करना शुरू किया। पांचू भगत कह रहे हैं कि मञ्जरी की विपत्ति कटी और अब वह गउरा में राज भोग रही है। (१३०)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—कालिह = कल। फेर में = चिंता में। मलवा = मल्ल, योद्धा। बनछिउली = पलाश वन। सिकिटी = कंकर-पत्थर। डंड़िया = डोली। खिरकिया = खिड़की। कठउती = काठ का वर्तन जिसमें आटा गूँथा जाता है, काष्ठ-पात्र। पिसान = आटा। हलि गयीं = प्रवेश कर गयीं। एकवटे में = एकछत्र। भूँजत बाड़ी = भोग कर रही हैं।

भावार्थ—गउरा में मञ्जरी राज्य भोगने लगी। तब एक दिन लोरिक अजयी धोबी के पास गया और उससे पीपरी जाकर सुबचन को बुलाने के लिए कहा। सुबचन आ गये। लोरिक उनके पाँव पर गिर गये और उनसे उपाय पूछा कि पीपरी से गायें कैसे छूटेंगी। सुबचन ने सुझाव दिया कि नान्हू को जोगी बनाकर पीपरी भेजो। वह गलियों में चारों ओर भजन गायेगा। फिर उस तेली के द्वार पर जायगा जहाँ सांड़ कोल्हू में जोता जाता है। आधी रात में वह कठघरे से गायों को खोल देगा और उन्हें लेकर गउरा आ जायगा। गउरा में जितनी मुसीबतें आयी थीं मैं उन्हें काट दूँगा। (१३२)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—बीरना = भाई। बीपत = विपत्ति। जोगी = योगी। सारंगी = एक बाजा जो योगी बजाते हैं। कठघरा = काठ का घर, कठघरे में पशु कैद किये जाते थे। संड़वा = सांड़।

भावार्थ—सुबचन यह कहकर पीपरी लौट गये। लोरिक ने दोनों हाथ जोड़कर दुर्गा से पूछा—पीपरी की लड़ाई कैसे होगी? मैं पीपरी कैसे जाऊँ? लोरिक को दुर्गा ने आश्वासन दिया कि जैसा तुम कहोगे वैसा मैं करूँगी। लोरिक की प्रार्थना पर नान्हू के लिए दुर्गा ने योगी का वेश तैयार कर दिया। माया की सारंगी, माया का कमंडल,

तैयार नहीं हुआ पर विजवा के कहने पर कि तुम साड़ी पहनकर बैठो, मैं दोनों बहुओं का धर्म बचाने जाऊँगी, अजयी जाने को तैयार हो गया। गले में निरखी, सिर पर पगड़ी, तथा मुंगदर आदि सबसे सुसज्जित होकर वह सगड़ पर पहुँच गया। वहाँ तालाब में कूद गया और उसे पार करके घोड़ा मंगर के पास आया। घोड़े को ऐसा मुंगदर मारा कि वह भाग खड़ा हुआ। वह लोरिक के पास आकर कहने लगा—मेरे ऊपर ऐसी मार पड़ी है कि मेरे बगल की हड्डी टूट गयी है। (१२९)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—बढ़नी = झाड़ू। गगरिया = घड़ा। झोंटवा = झोंटा, बाल। ललवन = लात से। गिदरवा = बच्चा। गवनवा = गौना। ठउरी = जगह। सनेस = संदेश। अवनवा = आगमन। बिका गइलैं = बिक गये। धवर के = दौड़कर। नाहकि = बेकार। पुरुबहा = पूर्व का। बहरवा = बाहर। पंजरिया = बगल का।

भावार्थ—अजयी धोबी सीढ़ी पर बैठ गया और इसी प्रकार रात व्यतीत हो गयी। प्रातःकाल लोरिक के सिपाही भीटे पर गये। तब अजयी ने जोर से खाँसा। उसकी आवाज सुनकर सिपाही भाग खड़े हुये। लोरिक स्वयं सगड़ पर आये। भेंट होने पर दोनों सिसकियाँ भरकर रोने लगे। फिर धोबी ने बताया कैसे एक तरफ से पीपरी गाँव ने चढ़ाई कर दी। दूसरी तरफ से कुसुमापुर चढ़ आया। बोहे में सारी पलटनें उतर आयीं। सात-सात दिन तक तुम्हारे भइया कटे चलाते रहे, सात दिन तक दुधानी चलाते रहे और सात दिन तक उपने से मार करते रहे। वह बार-बार हल्दी की ओर एकटक देख रहे थे कि कब मेरी पीठ का भाई लौट आयेगा। अन्त में गुबरूचन के बाणों से घायल होकर गायों के अहार में गिर पड़े। सुरमा डाइन ने संवरू का सिर काट लिया और उनका सिर पीपरी ले गयी। नान्हू आजकल पीपरी में भाड़ झोंक रहे हैं। भइया तुम पीपरी पर चढ़ाई करके अपनी गायें लौटा लो तब हम समझेंगे कि संवरू भइया गायों के अहार में जीवित हैं। (१३०)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—खाँसैं लगलैं = खाँसने लगे। भगवा = लंगोटी। छ्वापें = किनारे के जल पर पानी छूने जाने लगे। कनिया बान्ना = कल बान्ना। सुसुक-सुसुक = सिसकियाँ भरकर। बयनवां = वर्णन, बयान। रूखवा र पत (परास) = रूख और पलाश, वृक्ष तथा पत्तों। नइकी = नयी। कंडन = कांडा का, बाण। दुहनियाँ = दुहानी। गोंइठवन = उपला, गोंइठा। बनवां = बाण। भेड़रिया = गोलाई, वृत्त। भेड़रिया दइ हो देलीं = वृत्त बना दिया। धुअवन = धुआं। लास = लाश।

भावार्थ—धोबी अजयी ने कहा—चलो गउरा चलो। लोरिक ने धोबी से कहा कि मैं कल प्रातः आऊँगा। अजई गउरा वापस आ गये तथा लोरिक की माँ को बताया कि तुम्हारा बेटा बोहा में आ गया है। तुम्हारा धर्म नहीं लुटा है। लोरिक अपने घोड़े पर गउरा पहुँचे और माँ के चरणों पर गिर पड़े। जय-जयकार के बाद बुढ़िया माँ ने कहा—लोरिक तुम्हारा जन्म व्यर्थ हुआ। तुम्हें अपने गले में घड़ा बाँधकर कुएं में डूब जाना चाहिये। तुम जाकर हल्दी टिक गये और गउरा की सुधि बिसरा दी। तुम्हार

माई मर गये और गउरा में तुम्हारी नाव डूब गयी है। पाड़ा फिर बाबा के द्वार पर पहुँचा। बिजवा घर से बाहर आयी और उसने लोरिक को बैठने के लिए कुर्सी दी। फिर लोरिक और अजई पीपरी पहुँचे। नान्हू की खोज खबर की। नान्हू बालिहसंग भी आकर लोरिक के चरणों पर गिर पड़ा। लोरिक उसे लेकर गउरा आये। फिर बारह जोड़ी सिहा, चौदह जोड़ी करताल तथा चौदह जोड़ी पंगुरा बजने लगे। डोलियाँ तैयार हो गयीं। गउरा में बोहे से डोलियाँ चलने लगीं। सबसे पहले मंजरी की डोली थी, फिर अनूपी की। उसके पीछे चनवा की डोली जा रही थी। पाड़ा मगन होकर नाचता हुआ जा रहा था। गउरा में उसका नाच देखकर लोग मुग्ध हो रहे थे। वहाँ की नारियाँ खिड़कियों से झाँकने लगीं। कितनों ने तवों पर रोटियाँ छोड़ दीं। बहुतों ने आटा गूँधना रोक दिया। जब अहीर का मुँह देखा तब सभी डर गयीं। उनके चेहरे आलोकित हो उठे। लगता था गउरा में सबकी मृत्यु निकट आ गयी है। मंजरी की डोली फाटक पर आ पहुँची। तीनों गोपियाँ गउरा में अपने-अपने किले में प्रविष्ट हुईं। मंजरी तथा चनवा ने एकछत्र राज्य करना शुरू किया। पांडू भगत कह रहे हैं कि मंजरी की विपत्ति कटी और अब वह गउरा में राज भोग रही है। (१३०)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—कालिह = कल। फेर में = फिर में। मलवा = मल्ल, योद्धा। वनाछउली = पलाश वन। सिकिटी = कंकर-पत्थर। डोलिया = डोली। खिरकिया = खिड़की। कठउती = काठ का बर्तन जिसमें आटा गूँथा जाता है, काष्ठ-पात्र। पिसान = आटा। हलि गयीं = प्रवेश कर गयीं। एकताई में = एकछत्र। भूँजत बाड़ी = भोग कर रही हैं।

भावार्थ—गउरा में मंजरी राज्य भोगने लगीं। तब एक दिन लोरिक अजबी धोबी के पास गया और उससे पीपरी जाकर सुबचन को बुलाने के लिए कहा। सुबचन आ गये। लोरिक उनके पाँव पर गिर गये और उनसे उपाय पूछा कि पीपरी से गाय कैसे छूटेंगी। सुबचन ने सुझाव दिया कि नान्हू को योगी बनाकर पीपरी भेजो। वह गलियों में चारों ओर भजन गायेगा। फिर उस तेली के द्वार पर जायगा जहाँ साँड़ कोल्हू में जोता जाता है। आधी रात में वह कठघरे से गायों को खोल देगा और उन्हें लेकर गउरा आ जायगा। गउरा में जितनी मुसीबतें आयी थीं मैं उन्हें काट दूँगा। (१३२)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—बीरना = भाई। बीपत = विपत्ति। जोगी = योगी। सारंगी = एक बाजा जो योगी बजाते हैं। कठघरा = काठ का घर, कठघरे में पशु कैद किये जाते थे। संड़वा = साँड़।

भावार्थ—सुबचन यह कहकर पीपरी लौट गये। लोरिक ने दोनों हाथ जोड़कर दुर्गा से पूछा—पीपरी की लड़ाई कैसे होगी? मैं पीपरी कैसे जाऊँ? लोरिक को दुर्गा ने आश्वासन दिया कि जैसा तुम कहोगे वैसा मैं करूँगी। लोरिक की प्रार्थना पर नान्हू के लिए दुर्गा ने योगी का वेश तैयार कर दिया। माया की सारंगी, माया का कमंडल,

तैयार नहीं हुआ पर बिजवा के कहने पर कि तुम साड़ी पहनकर बैठो, मैं दोनों बहुओं का धर्म बचाने जाऊँगी, अजयी जाने को तैयार हो गया। गले में निरखो, सिर पर पगड़ी, तथा मुँगदर आदि सबसे सुसज्जित होकर वह सगड़ पर पहुँच गया। वहाँ तालाब में कूद गया और उसे पार करके घोड़ा मंगर के [illegible] आया। घोड़े को ऐसा मुंगदर मारा कि वह भाग खड़ा हुआ। वह लोरिक के पास आकर कहने लगा—मेरे ऊपर ऐसी मार पड़ी है कि मेरे बगल की हड्डी टूट गयी है। (१२९)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—बढ़नी = झाड़ू। गगरिया = घड़ा। झोंटवा = झोंटा, बाल। लतवन = लात से। गिदरवा = बच्चा। गवनवा = गौना। ठउरी = जगह। सनेस = संदेश। अवनवा = आगमन। बिका गइलें = बिक गये। दवर के = दौड़कर। नाहकि = बेकार। पुरुबहा = पूर्व का। बहरवा = बाहर। पंजरिया = बगल का।

भावार्थ—अजयी धोबी सीढ़ी पर बैठ गया और इसी प्रकार रात व्यतीत हो गयी। प्रातःकाल लोरिक के सिपाही भीटे पर गये। तब अजयी ने जोर से खाँसा। उसकी आवाज सुनकर सिपाही भाग खड़े हुये। लोरिक स्वयं सगड़ पर आये। भेंट होने पर दोनों सिसकियाँ भरकर रोने लगे। फिर धोबी ने बताया कैसे एक तरफ से पीपरी गाँव ने चढ़ाई कर दी। दूसरी तरफ से कुसुमापुर चढ़ आया। बोहे में सारी पलटनें उतर आयीं। सात-सात दिन तक तुम्हारे भइया कोड़े चलाते रहे, सात दिन तक दुहानी चलाते रहे और सात दिन तक उपने से मार करते रहे। वह बार-बार हल्दी की ओर एकटक देख रहे थे कि कब मेरी पीठ का भाई लौट आयेगा। अन्त में सुबच्चन के बाणों से घायल होकर गायों के अड़ार में गिर पड़े। गुरसा डाइन ने संवरू का सिर काट लिया और उनका सिर पीपरी ले गयी। नाम्हू आजकल पीपरी में भाड़ झोंक रहे हैं। भइया तुम पीपरी पर चढ़ाई करके अपनी गायें लौटा लो तब हम समझेंगे कि संवरू भइया गायों के अड़ार में जीवित हैं। (१३०)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—खोखै लगलैं = खाँसने लगे। भगवा = लंगोटी। छापें = किनारे के जल पर पानी छूने जाने लगे। कनिया वाला = कल वाला। सुगुक-सुगुक = सिसकियाँ भरकर। बयनवां = वर्णन, बयान। रूखवों र पर [illegible] (पराम) = रूख और पलाश, वृक्ष तथा पत्तों। नइकी = नयी। कंडन = कांडा का, बाण। दूहनियाँ = दुहानी। गोंइठवन = उपला, गोंइठा। बनवां = बाण। भेड़रिया = गोलाई, वृत्त। भेड़रिया देइ हो देलीं = वृत्त बना दिया। दूभवन = दूब। लास = लाश।

भावार्थ—धोबी अजयी ने कहा—गढ़ गउरा चलो। लोरिक ने धोबी से कहा कि मैं कल प्रातः आऊँगा। अजई गउरा वापस आ गये तथा लोरिक की माँ को बताया कि तुम्हारा बेटा बोहा में आ गया है। तुम्हारा धर्म नहीं लुटा है। लोरिक अपने घोड़े पर गउरा पहुँचे और माँ के चरणों पर गिर पड़े। जय-जयकार के बाद बुढ़िया माँ ने कहा—लोरिक तुम्हारा जन्म व्यर्थ हुआ। तुम्हें अपने गले में घड़ा बाँधकर कुए में डूब जाना चाहिये। तुम जाकर हल्दी टिक गये और गउरा की सुधि बिसरा दी। तुम्हार

भाई मर गये और गउरा में तुम्हारी नाव डूब गयी है। घोड़ा फिर धोबी के द्वार पर पहुँचा। बिजवा घर से बाहर आयी और उसने लोरिक को बैठने के लिए कुर्सी दी। फिर लोरिक और अजई पीपरी पहुँचे। नान्हू की खोज खबर ली। नान्हू बनछिउली में आकर लोरिक के चरणों पर गिर पड़ा लोरिक उसे लेकर गउरा आये। फिर बारह जोड़ी सिहा, चौदह जोड़ी करताल तथा चौदह जोड़ी धंउसा बजने लगे। डोलियाँ तैयार हो गयीं। गउरा में बोहे से डोलियाँ चलने लगीं। सबसे पहले मञ्जरी की डोली थी, फिर अनूपी की। उसके पीछे चनवा की डोली जा रही थी। घोड़ा मंगर भी नाचते हुये जा रहा था। गउरा में उसका नाच देखकर लोग मुग्ध हो रहे थे। वहाँ की गोपियाँ खिड़कियों से झाँकने लगीं। कितनों ने तवों पर रोटियाँ छोड़ दीं। बहुतों ने आटा गूँथना रोक दिया। जब अहीर का मुँह देखा तब सभी डर गयीं। उनके चेहरे सशंकित हो उठे। लगता था गउरा में सबकी मृत्यु निकट आ गयी है। मञ्जरी की डोली फाटक पर आ पहुँची। तीनों गोपियाँ गउरा में अपने-अपने किले में प्रविष्ट हुईं। मञ्जरी तथा चनवा ने एकछत्र राज्य करना शुरू किया। पांचू भगत कह रहे हैं कि मञ्जरी की विपत्ति कटी और अब वह गउरा में राज भोग रही है। (१३०)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—कािल्ह = कल। फेर में = चिता में। मलवा = मल्ल, योद्धा। बनछिउली = पलाश वन। सिकिटी = कंकर-पत्थर। डंड़िया = डोली। खिरकिया = खिड़की। कठउती = काठ का वर्तन जिसमें आटा गूँथा जाता है, काष्ठ-पात्र। पिसान = आटा। हलि गयीं = प्रवेश कर गयीं। एकवटे में = एकछत्र। भूँजत बाड़ी = भोग कर रही हैं।

भावार्थ—गउरा में मञ्जरी राज्य भोगने लगी। तब एक दिन लोरिक अजयी धोबी के पास गया और उससे पीपरी जाकर सुबचन को बुलाने के लिए कहा। सुबचन आ गये। लोरिक उनके पांव पर गिर गये और उनसे उपाय पूछा कि पीपरी से गायें कैसे छूटेंगी। सुबचन ने सुझाव दिया कि नान्हू को जोगी बनाकर पीपरी भेजो। वह गलियों में चारों ओर भजन गायेगा। फिर उस तेली के द्वार पर जायगा जहाँ सांड़ कोल्हू में जोता जाता है। आधी रात में वह कठघरे से गायों को खोल देगा और उन्हें लेकर गउरा आ जायगा। गउरा में जितनी मुसीबतें आयी थीं मैं उन्हें काट दूँगा। (१३२)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—बीरना = भाई। बीपत = विपत्ति। जोगी = योगी। सारंगी = एक बाजा जो योगी बजाते हैं। कठघरा = काठ का घर, कठघरे में पशु कैद किये जाते थे। संड़वा = सांड़।

भावार्थ—सुबचन यह कहकर पीपरी लौट गये। लोरिक ने दोनों हाथ जोड़कर दुर्गा से पूछा—पीपरी की लड़ाई कैसे होगी? मैं पीपरी कैसे जाऊँ? लोरिक को दुर्गा ने आश्वासन दिया कि जैसा तुम कहोगे वैसा मैं करूँगी। लोरिक की प्रार्थना पर नान्हू के लिए दुर्गा ने योगी का वेश तैयार कर दिया। माया की सारंगी, माया का कमंडल,

माया की झोली, माया का गेरुआ वस्त्र नान्हू ने धारण किया। दुर्गा ने उसके मस्तक पर विभूति तथा तिलक लगा दिया। नान्हू अपनी सारंगी पर छत्तीस राग बजाने लगा। उसने ऐसा भजन गाना शुरू किया कि पक्षी तक मोहित हो उठे। नान्हू ऐसे योगी बन गये जैसे दूज का चन्द्र। (१३३)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—पनवां = बाना, वेश। मभूतिया = विभूति। पितरी = पीतल। दुइजिया = दूज, द्वितीया। र········ = राग। चरिया चुरुमन = सुन्दर पक्षी। उबल = उगा है।

भावार्थ—नान्हू योगी वेश धारण कर पीपरी गया और गली-गली में भजन गाने लगा। उसके भजन से पीपरी के लोग मुग्ध हो गये। गाते-गाते वह उस द्वार पर पहुँचा जहाँ कलंगी सांड़ कोल्हू में जोता जा रहा था। वहाँ नान्हू ने चबूतरे पर डेरा डाला फिर आधी रात तक भजन गाता रहा। सारा गाँव उसे सुन रहा था। फिर सभी लोग सोने चले गये। नान्हू तब बैलों के क..धरे के पास पहुँचा और गायों को खोल दिया। वे भागने लगीं। इधर बनछिउनी में देवसी बैठा हुआ था। उसके कानों में आवाज आयी। उसने अपना अग्नि बाण लेकर नान्हू को खदेड़ा। नान्हू गायों को छोड़कर देवहा पार कर गउरा पहुँच गया। जाकर लो..क के पैरों पर गिर पड़ा। तुम जाकर गायों को पीपरी से लाओ। देवसिया ने देवहा के उस पार उन्हें रास्ते में रोक रखा है। (१३४)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—कोनवां = कोने में। कलंगिया = कलंगी, जटाधारी। नथिया = नथ। खुरी से = पैर के खुर से। सोरवा = शोर। फोंफरवा = फांफर, रिक्त स्थान। अंजोरिया = चाँदनी, उजेली रात। पराइल = भागती हुई। कनवां में = कान में। लखेदलेबं = खदेड़ लिया है।

भावार्थ—यह बात सुनकर लोरिक घोड़ा सजाकर उस पर बैठ गया। सात पर्त का तवा, पगड़ी, ओढ़न, खड्ग, सबसे लैस होकर लोरिक चला। जाने के पहले बनसत्ती तथा दुर्गा, एवं अन्य सभी देवताओं का सुमिरन किया। फिर नान्हू को बुलाकर पूछा—किस घाट से उतरे थे, उसका भेद बताओ। आज आधी रात में गढ़ पीपरी में चढ़ाई करूँगा। कल ढोल-बजाकर गायों को गढ़ पीपरी में लूट लूँगा। (१३५)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—टा दे = जल्दी से। तबेला = घुड़साल। सिकड़ी = जंजीर। ओजरार = प्रकाश। नलवन = नाल में।

भावार्थ—आधी रात में घोड़ा आकाश में मंडराने लगा। रात उजेली थी। चाँदनी खिली हुई थी। घोड़ा गढ़ पीपरी में जाकर उतर गया और शीघ्र ही कोल मांकर के आंगन में पहुँच गया। उसने गड्ढा खुदवा दिया था उस पर टाटी रखवा दी थी तथा बालू फेंकवा दिया था। रात को घोड़ा पहुँचा तो जाकर गड्ढे में गिर कर फंस गया। तब वीर लोरिक ने बनसत्ती तथा दुर्गा का स्मरण किया। इधर कोल मांकर—अपने किले में सोया था। उसकी पत्नी ने स्वप्न देखा कि सारे देवता किले में दौड़ रहे

हैं तथा कोई शत्रु खड़ा है। कोल माकर ने अपनी पत्नी को डांटा कि जूठे मुँह सो जाने से ऐसा हो रहा है। इधर दुर्गा ने लोरिक को प्रोत्साहित किया कि वह कोल माकर का सिर काट ले। अहीर ने खड़ग-प्रहार किया तथा कोल माकर का सिर जमीन पर आकर गिर गया। डाइन सुरसा ने उसके मुँह में अमृत डाला फिर वह जीवित हो उठा। लोरिक ने उस पर फिर प्रहार किया। तथा दुर्गा ने उसका कटा हुआ सिर अपने हाथ में ले लिया। लोरिक ने सुरसा डाइन के दोनों हाथ काट लिए। आँगन में दुर्गा ने उसका मस्तक फेंककर संपूर्ण पीपरी में आग लगा दी। कोल माकर के किले की बंड़ेरी का बाँस आग लगने से चरचरा उठा। (१३६)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—अंजोरिया = चाँदनी रात, ज्योत्सना। टहाटह = चटख। ऊवल = उग गया। गोंड़ड़ा = पास। अंड़सि गइलै = धँस गया। घरिया में घरिया = घार। लुलुहवा = हाथ। बंड़ेरी = ईमारत का ऊपरी हिस्सा।

भावार्थ—गढ़ पीपरी फूंककर लोरिक गउरा चला। घोड़ा भागते-भागते वन-छिउली में पहुँचा जहाँ देवसिया छिपा हुआ था। देवसिया ने लोरिक को ऐसा बाण मारा कि उसके दोनों पैर सट गये। घोड़ा वीर लोरिक को लेकर गउरा आ गया। मंजरी उसे देखकर रोने लगी। हाय, स्वामी की मृत्यु निकट आ गयी ? (१३७)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—बड़ेरिया = ईमारत का ऊपरी हिस्सा। जेम्मन = जिसमें। हाली-हाली = जल्दी-जल्दी। सूरती उड़ावत जाय = तम्बाकू उड़ा रहा था। खोपड़वा = खोपड़ा, सिर।

भावार्थ—इधर लोरिक को बाण लगा था और मञ्जरी रो रही थी तब वहाँ भोरिक आ गया। माँ ने उसे बताया कि तुम्हारे पिता को बाण लगा है। उनके दोनों पैर सट गये हैं—वे बच नहीं पायेंगे। चनराइत और देवाइच भी वहाँ आ गये। देवाइच अभी केवल बारह वर्ष का था। उसने मञ्जरी से कहा—देवसी का मन बढ़ गया है—या तो मैं उसको मार डालूँगा या अपनी जिन्दगी दे दूँगा। मञ्जरी ने छाती पीटते हुये कहा—अभी तुम बारह वर्ष के बच्चे हो। देवसी तुम्हारी जान नहीं छोड़ेगा। देवाइच ने भी मञ्जरी से कहा तुम यहाँ बैठो। मैं पीपरी जा रहा हूँ। पिता जी की सटी हुई जांघें मुझसे नहीं देखी जा रही हैं। तीनों बच्चों ने तैयारी शुरू की। देवाइच ने वीर सांवर का टूटा हुआ बाण लिया। भोरिक ने ओड़न और खड्ग लिया। सभी समर करने के लिए सन्नद्ध होकर पीपरी चले। जब नदी पर पहुँचे तो वहाँ नौका नहीं थी। तीनों तैर कर नदी पार करने लगे पर बीच नदी में ही तीनों डूबने लगे। दुर्गा ने चिल्ह पक्षी का रूप धारण कर उन्हें निकालकर पलाशवन (वनछिउली) के पास कर दिया। देवसी ने उन्हें देखा और कारण पूछा कि तुम क्यों इस जंगल में घूम रहे हो। तब चनवा के लड़के चनराजीत ने कहा कि हम लोग उस देवसी से मिलने आये हैं जिसने मेरे दादा को अग्नि बाण मारा है। देवसी का सिर कब काटेंगे ? देवसी ने उनसे कहा—तुम तीनों में से एक मञ्जरी के गर्भ से उत्पन्न हो, एक चनवा के गर्भ से उत्पन्न हो और

एक मलसांवर के पुत्र हो। तब सब लोग क्यों पीपरी में जान दे रहे हो। तीनों बच्चे क्रुद्ध हो रहे हैं। हम लोग तुम्हारा मस्तक काटे बिना यह वनछिउली नहीं छोड़ेंगे। (१३८)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—मेवाकरने = फलों का बगीचा। करनवा = कारण से। बढ़ि गयल मनवा = तुम्हारा हौसला बढ़ गया है। गहिरवा = गहरा। अकिलिया = बउरायल = पागल हो गये। गियाँ = ज्ञान। किरियवा बोलत बाड़ीं = हम शपथ ले रहे हैं। गतिया = गति। बीगर गइली = बिगड़ गयी है। सनतोख = संतोष। टुम्हवा बनवां = टूटा हुआ बाण। सारा जामों = समस्त घड़ी, आठों याम। पँवर के हो = तैर कर। गिदरवा = बच्चे। ठहरत हउवा = टहल रहे हो।

भावार्थ—तीनों लड़कों ने कहा—हम पीछे पैर हटाकर कायर नहीं कहे जायंगे। देवसी आँखों में आँसू भरकर समझाने लगा। तुम लोग मारे जाओगे और तुम्हारा कुल परिवार रोयेगा। लड़कों ने फिर चुनौती दी। देवसी ने बाण मारे। मलसांवर के लड़के ने अपने टूटे बाण से उसके बाण को दूसरी ओर घुमा दिया। देवसी ने पाँच बाण मारे। बच्चे ने सबको निरस्त कर दिया। फिर मलसांवर के लड़के ने अपना बाण चलाया। देवसी पीपल के पेड़ के नीचे छिपकर खड़े थे। पीपल को भेदकर बाण देवसी को लगा और वह वहीं सूख गया। तीनों बच्चे गउरा आये तथा लोरिक को पीठ पर लादकर फिर वनछिउली ले गये। वहाँ देवसी सूखा पड़ा था। उसके प्राण निकल चुके थे। फिर भी उसकी आँखें टुकुर-टुकुर देख रही थीं। भोरिक ने अपनी तलवार लोरिक को दी। उसने देवसी के सिर को काट डाला। फिर लोरिक को लेकर बच्चे गउरा आ गये। लोरिक ने मञ्जरी को बुलाया और कहा मुझे गाँव गउरा में छुट्टी दे दो। अब मैं बेवरा नदी के तट पर भजन करूँगा। (१३९)

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—गोदर = बच्चा। कादर = कायर। रुवाई = रुलाई। राढ़ी = जिद्दी, हठी। ढरकाय = निरस्त, निष्प्रभाव। झुर्र = झुराय, सूख गया। परं = प्राण। पंयड़े रानै = तैरा रहे हैं। बेवरवा किनार = बेवरा का तट। बेवरा तथा देवहा शायद एक ही नदी के लिए गायक ने प्रयुक्त किया है।

भावार्थ—लोरिक ने मञ्जरी, तीनों बच्चों तथा समस्त कुटुम्ब और परिवार को बुलाया। उसने मञ्जरी से कहा—तुम अन्न, धन सब कुछ ले लो। बोहा की गायों को भी ले लो। मेरा भरोसा मत करो। मंजरी रोने लगी। हाय, गउरा में मेरा दिन कैसे कटेगा? तुम बीच धार में मेरी नाव डुबा रहे हो। लोरिक ने उसे समझाया—मेरे तीन बेटे गउरा में उत्पन्न हुये हैं। इन्होंने मेरे सामने पीपरी में युद्ध किया है। वे कुल का पालन करेंगे। तुम तीनों लड़कों को लेकर गउरा एकछत्र राज्य करो। सारा धन गउरा में त्यागकर उन्होंने बेवरा नदी के तट पर कुश की झोपड़ी बनवायी। लड़कों ने कुश की टाटी बँधवायी। कुश का बिछौना बनवाया। लोरिक को पीठ पर लादकर बेवरा नदी के तट पर ले गये। लोरिक वहाँ दिन भर भजन करने लगे। भजन करते हुये नदी

के तट पर छ महीने व्यतीत हो गये। फिर उन्होंने गउरा से बच्चों को बुलवाया और कहा कि बगीचे से लकड़ी कटवाओ और चिता बनवा दो। अब मैं चिता में भस्म हो जाऊँगा। मेरी मुक्ति हो जायगी। बच्चों ने चिता बनवायी। उस पर चन्दन की लकड़ी रखी। उसमें अग्नि प्रज्वलित कर लोरिक बेवरा के तट पर भस्मीभूत हो गये। तीनों बच्चे गउरा वापस आये। उन्होंने पीपरी से सारी गायें वापस करायीं। नान्हू उनकी चरवाही करने लगे। मंगर घोड़ा अस्तबल में बाँध दिया गया। (१४०)

[यहाँ लोरिकी समाप्त हो रही है। गंगा की दूकान पर मंडली बैठी हुई है। दिन रात भजन हो रहा है। मेरा जन्म परानापुर में हुआ है। मेरा नाम पाँचू भगत रखा गया है। पाँचू भगत रात दिन भजन कर रहे हैं तथा माला जप रहे हैं।]

शब्दार्थ तथा टिप्पणी—कुटुम पलिवार = कुटुम्ब तथा परिवार। मारि के धमकवा = धमाका मारकर, छाती पीटकर। दं = दम, शक्ति। समियां = स्वामी। डोंगवो = नाव। लोहा गहलस = युद्ध ठाना। ललनवा = लाल, सुपुत्र। गिदरवा = बच्चे। मूजबू = राज्य करोगी। कुसै के = कुश का। मड़ई = झोपड़ी। सदरी = बिछौना। चितवा = चिता। मुकितियो = मुक्ति। चन्नन = चंदन। देहले हउवै झोंकवाय = झोंकवा दिया। किन = किनारे। एकवटे = एकछत्र। मूँजति बाड़े = राज्य कर रही है। बतिया रुकि गइलें = सारी कथा खत्म हो गयी, बातें रुक गयीं। तबेलवा = अस्तबल। एठियन = यहाँ। खेलरे वं = खिलवाड़। गोलिया = मंडली। गंगा की दूकानी—बनारस जिले में परानापुर के पास लोरिकी की रिकार्डिंग मैंने गंगा प्रसाद की मिठाई की दूकान में की थी। उन्होंने मेरे लिए बिजली की व्यवस्था उदारता पूर्वक कर दी। गायक ने गंगा प्रसाद की दूकान का यहाँ उल्लेख किया है जो परानापुर के पास ही चौबेपुर में है।

समाप्त

मूल पाठ की नामानुक्रमणिका

मूल पाठ की नामानुक्रमणिका

संक्षिप्त पुस्तक-सूची

उपाध्याय, कृष्णदेव

भोजपुरी ग्राम गीत (दो भागों में) : हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग, संवत २०००

उपाध्याय, कृष्णदेव

भोजपुरी लोक साहित्य का अध्ययन : हिन्दी प्रचारक पुस्तकालय, वाराणसी, १९६०

गुप्त, माता प्रसाद

चांदायन : प्रामाणिक प्रकाशन, आगरा, १९६८

तिवारी, उदय नारायण

भोजपुरी भाषा और साहित्य : बिहार राष्ट्रभाषा परिषद्, पटना, १९५८

तिवारी, नित्यानंद

मध्ययुगीन रोमांचक प्रेमाख्यान : नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली, १९७०

त्रिपाठी, रामनरेश

ग्राम साहित्य (भाग १) : हिन्दी मन्दिर, इलाहाबाद, १९५१

त्रिपाठी, रामनरेश

कविता कौमुदी (भाग ५) : हिन्दी मन्दिर, इलाहाबाद, १९२९

परमार, श्याम

भारतीय लोक साहित्य : राजकमल प्रकाशन, दिल्ली, १९५४

पाण्डेय, श्याम मनोहर

मध्ययुगीन प्रेमाख्यान : मित्र प्रकाशन, इलाहाबाद, १९६१

पाण्डेय, श्याम मनोहर

सूफी काव्य विमर्श : विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा, १९६८

सत्यार्थी, देवेन्द्र

हिन्दी साहित्य पर लोक साहित्य का प्रभाव : राजकमल प्रकाशन, दिल्ली, १९५३

सत्येन्द्र

जाहर पीर : गुरु गुग्गा, हिन्द विद्यापीठ, आगरा, १९५६

सत्येन्द्र

व्रज लोक साहित्य का अध्ययन : साहित्य रत्न भण्डार, आगरा, १९५०

सत्येन्द्र

लोक साहित्य विज्ञान : शिवलाल अग्रवाल एण्ड कम्पनी, आगरा, १९७१

सिन्हा, सत्यव्रत

भोजपुरी लोक-गाथा : हिन्दुस्तानी एकेडमी, इलाहाबाद, १९५८

श्रीकृष्णदास

लोक गीतों की सामाजिक व्याख्या : साहित्य भवन प्राइवेट लिमिटेड, इलाहाबाद, संवत् २०१३

A SELECTED BIBLIOGRAPHY

Abraham S. D. Roger and Foss George :
Anglo American folksong style : New Jersey, Prentice-Hall inc, 1966.

Adam Parry (ed) :
The making of Homeric verse : The collected papers of Milman Parry Oxford, Clarendon Press, 1971.

Barber, Richard :
The knight and chivalry : London, Sphere books ltd. 1974.

Biebuyck, Daniel and Matteene Kahombo :
The mwindo epic : From the Banyanga, Congo republic, Berkley, University of California Press, 1971.

Bowra, C. M :
Heroic Poetry : London, Macmillan and company Ltd. 1964.

Chadwick, H. M :
The heroic age : Cambridge, Cambridge University Press, 1975.

Chadwick, H. M; Chadwick Norak :
The growth of literature : (3 volumes). Cambridge, Cambridge University Press, 1968.

Child, Francis James :
The English and scottish popular ballads (5 volumes) : New York, Dover publications, 1965.

Dan Ben Amos and Kenneth S. Goldstein :
Folklore : Performance and Communication, the Hague, Mouton, 1975.

Deg, Linda :
Folk tale and society : Story telling in a hungarian peasant community, Bloomington, Indiana University Press, 1969.

Dorson, Richard M :
African folklore : Newyork, Anchor books 1972.

Dorson, Richard M :
Folklore : Selected essays, Bloomington, Indiana University Press, 1972.

Dundes, Alan :
The study of folklore : Englewood, cliffs, N. J. Prentic Hall, inc. 1965.

Edmonson, Munro S :
Lore : An introduction to the science of folklore and literature, Newyork, Holt Rinehart and Winston, Inc, 1971.

Emeneau M. B :
Toda Songs : Oxford, Claredon Press, 1971.

Finnegan, Ruth :
Oral literature in Africa : Oxford, the Claredon Press. 1970.

Finnegan, Ruth :
Oral Poetry : Its nature, significance and social context, Cambridge, Cambridge University Press, 1977.

Ghosal, Satyendranath :
Beginning of secular romances in Bengali literatnre : Santiniketan, 1959.

Hayes, E. Nelson and Hayes tanya (ed) :
Claude Le'vi-strauss : The anthropologist as hero, Cambridge, Massachusetts, 1970

Henige, David P :
The chronology of oral tradition : Oxford, Clarendon Press, 1974.

Jacobs, Melville :
The content and style of an oral literature : Newyork, Viking fund publications in anthropology, 1959.

Jakobson, Roman :
Selected writings : Vol. IV. The Hague, Mouton and Co. 1966.

Jan Vansina :
Oral Tradition : Middlesex England, Penguin Books, 1973.

Kailaspathy, K :
Tamil Heroic Poetry : Oxford, The Claredon Press, 1968.

Ker W. P :
Epic and Romance : Essays on Medieval literature, New York, Dover Publications, 1957.

Kunene, D. P :
Heroic Poetry Of Basotho, Oxford, Clarendon Press, 1971.

Levi Strauss, Claude :
From Honey to Ashes : Translated from the French by John and Doreen weightman. London ; Jonathancape Ltd., 1973.

Levi Strauss, Claude :
The raw and the Cooked : Translated from the French by John and Doreen Weightman, London, Jonathan Cape Ltd.. 1969.

Levi Strauss Claude :
The Savage Mind : London; Weidenfield and Nicolson, 1974.

Levi Strauss, Claude :
Structural Anthropology : Translated from the French by Claire Jacobson and Brook grundfest Schoepf, England, Penguin Books, 1972.

Lomax Alan :
Folksong Style and Culture.
Washington, American Association for the Advanced Science, 1968.

Lord, Albert :
The Singers of Tales : New York, Atheneum Edition, 1965.

Maranda Elli Kongas and Maranda Pierre.
Structural Models in Folklore and Transformational Essays : The Hague, Mounton, 1971.

Niane :
Sundiata : An epic of old Mali, Translated by G. D. Picket, London; Longmans Green and Co. Ltd., 1969.

Pandey, Shyam Manohar :
Abduction of Sita in the Ramayana of Tulasidasa : Orientalia Lovaniensia Periodica, Leuven; Belgium, 1977, Vol. 8.

Pandey, Shyam Manohar :
Maulana Daud and his Contributions to the Hindi Sufi Literature : Annali Istituto Universitario Orientale, Napoli, ITALY 1978 (3S-1).

Paredes, Americo and Bauman Richard (Ed.) :
Towards new perspectives in folklore : Austin, the University of Texas Press, 1972.

Parry. M. and Lord A. (Ed.) :
Serbo Croatian Heroic Songs : Vol. I, Massachusetts. Harvard University Press, 1954.

Propp V :

Morphology of the folktale : Austin, University of Texas, 1971.

Sen, Sukumar (Ed.) :

Vipradas. *Manasa Vjiaya* : Calcutta; the Asiatic Society, 1953.

Sidhanta N. K :

The Heroic age of India : London; Kegan Paul, Trench Trubner and Co. Ltd., 1929.

Sokolov, Y. M :

Russian Folklore : Detroit, Folklore Associates, 1971.

Thompson Stith :

The Folktale : Berkley; University of California Press, 1977.

Thompson Stith :

Motif Index of Folkliterature : 6 Volumes, Bloomington; Indiana University Press, 1966.

Thompson Stith and Roberts, warren, E. :

Types of Indic Oral Tales : Helsinki, 1960.

Watts, Ann Chalmers :

The lyre and harp : A Comparative Reconsideration of Oral Tradition in Homer and old English Epic Poetry, New haven; Yale University Press, 1969.

Wimberly, Lowry Charles :

Folklore in the English and Scottish Ballads : New York. Dover Publications, 1965.